RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 51
लखनऊ, बुधवार, 8 दिसंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



अनफिट हार्दिक विजय हजारे ट्रॉफी में नहीं खेलेंगे
स्पोर्ट्स-10

# लाल टोपी वाले यूपी के लिए खतरे की घंटीः मोदी

- पूर्वी उत्तर प्रदेश को खाद कारखाना, एम्स सहित 10 हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात
- प्रधानमंत्री ने सपा का नाम लिए बिना बोला बड़ा हमला

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर



गोरखपुर में मंगलवार को खाद कारखाने का लोकार्पण करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। साथ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य वरिष्ठ नेतागण

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने समाजवादी पार्टी का नाम लिए बिना उस पर बड़ा हमला बोला। उन्होने कहा कि लाल टोपी वाले यूपी के लिए रेड अलर्ट यानी जनता के लिए खतरे की घंटी हैं। लाल टोपी वालों को तो बस लालबत्ती से मतलब है, इनका जनता के दुख दर्द से कोई लेना देना नहीं। लोहिया और जयप्रकाश के आदर्शों को तो ये लोग न जाने कब छोड़ चुके हैं। इन्हें सत्ता चाहिए, घोटाला करने के लिए, अपनी तिजोरियों को भरने के लिए, जमीनों पर कब्जा करने के लिए, माफिया को लूट की खुली छूट देने के लिए, आतंकवादियों पर मेहरबानी करने और उन्हें जेलों से रिहा करने के लिए। मोदी मंगलवार को गोरखपुर में खाद कारखाना, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और इंडियन काउंसिल ऑफमेडिकल रिसर्च की क्षेत्रीय इकाई रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों को 10 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली इन तीन बड़ी विकास परियोजना की सौगात देने के बाद उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास की दृष्टि से आज के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में पूर्व की सरकारों की बेरुखी और उनका दोहरा रवैया भी याद आ रहा है। गोरखपुर का बंद पड़ा खाद कारखाना इस समूचे क्षेत्र के किसानों व रोजगार के लिए कितना जरूरी था लेकिन पूर्व की सरकारों को इसमें दिलचस्पी नहीं थी। एम्स की मांग भी यहां वर्षों से थी। 2017 के पहले की सरकार जमीन देने में ही आनाकानी करने में जुटी थी। मोदी ने कहा कि एम्स को लेकर बात जब आर पार की आ गई तब जमीन आवंटित की गई। आज का यह कार्यक्रम उन लोगों को करारा जवाब दे रहा है जिन्हें टाइमिंग पर सवाल उठाने का शौक है। मोदी ने कहा कि गोरखपुर में खाद कारखाना और एम्स की शुरुआत एकसाथ अनेक संदेश दे रहा है। यह डबल इंजन की सरकार में डबल तेजी से काम का प्रमाण है। इस बात का भी संदेश है कि जब नेक नीयत से काम होते हैं तो आपदाएं भी अवरोध नहीं बनतीं हैं। गरीबों, शोषितों, वंचितों की सेवा करने वाली सरकार परिश्रम करती है तो परिणाम भी दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि आज का यह आयोजन इस बात का भी सबूत है कि नया भारत ठान लेता है तो कुछ भी असंभव नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 के पहले देश में फर्टिलाइजर सेक्टर की स्थिति बेहद खराब थी। उस समय कई बड़े खाद कारखाने वर्षों से बंद पड़े थे। खाद का आयात बढ़ता जा रहा था। खेती के लिए उपलब्ध यूरिया का इस्तेमाल चोरी से और कामों में हो रहा था। देशभर में यूरिया की किल्लत सुर्खियों में होती थी। खाद पाने के लिए किसानों को लाठी गोली खानी पड़ती थी। देश को इसी स्थिति से निकलने के लिए हमने तीन सूत्रों पर एक साथ काम शुरू किया। पहला नीम कोटिंग करके यूरिया का गलत इस्तेमाल रोका गया। दूसरा करोड़ों किसानों को सॉयल हेल्थ कार्ड दिए गए ताकि उन्हें पता चल सके कि उनकी खेती के हिसाब से किस प्रकार की खाद की जरूरत है। तीसरा यूरिया का उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी है कि स्वास्थ्य सेवा सस्ती हो और सर्व सुलभ हो। उन्होंने कहा कि मैंने लोगों को इलाज के लिए चक्कर लगातेए उधारी लेते और जमीन गिरवी रखते ( शेष पेज 9 )

## असंभव को संभव बनाया भाजपा सरकार नेः योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंगलवार को गोरखपुर में 10,000 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं के लोकार्पण को पूर्वांचल के विकास के लिए मील का पत्थर करार देते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने कभी असंभव समझे गए कार्य को संभव कर दिखाया है। योगी ने प्रधानमंत्री द्वारा गोरखपुर एम्स, उर्वरक कारखाने और आईसीएमआर के क्षेत्रीय केंद्र का लोकार्पण किए जाने के अवसर पर अपने संबोधन में कहाकि आज का यह कार्यक्रम पूर्वी उत्तर प्रदेश के उस सपने को साकार करने जैसा है, जो विपक्ष के लिए असंभव हो गया था। उन्होंने उर्वरक कारखाने का जिक्र करते हुए कहा, तीन दशकों तक जिसके लिए पांच सरकारों ने हामी भरने के बाद अंततः जिसे असंभव बनाया था उसे संभव बनाने का कार्य आज साकार रूप में न सिर्फ पूर्वी उत्तर प्रदेश बल्कि पूरा देश देख रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर का उर्वरक कारखाना 10 जून 1990 को बंद हुआ था। उसके बाद से 24 वर्षों तक किसी ने भी उसकी सुध नहीं ली। वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोरखपुर आकर इस कारखाने का ( शेष पेज 9 )

## दुनियाभर में योगी के कार्यों को सराहा जा रहाः प्रधानमंत्री

**गोरखपुर।** प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर तारीफ की। मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से गोरखपुर बस्ती मंडल के सात जिलों में इंसेफलाइटिस की बीमारी 90 प्रतिशत से भी कम हो गई है। जो बीमार हो भी गए तो उनमें से अधिकाधिक लोगों का जीवन बच रहा है। अब तो योगी जी के कामों की चर्चा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही है। पीएम ने कहा कि एम्स और आरएमआरसी से इंसेफेलाइटिस से मुक्ति अभियान को मजबूती मिलेगी। साथ ही अनेक संक्रामक बीमारियों से बचाव में भी मदद होगी। पीएम ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश के कुछ वीआईपी जिलों में ही बिजली मिलती थी। आज योगी जी ने हर जिले को वीआईपी बना दिया है। हर गांव को बराबर और भरपूर बिजली मिल रही है। कानून व्यवस्था की बेहतरी को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज माफिया जेल में है तो निवेशक दिल खोल कर यूपी में निवेश कर रहे हैं। जबकि पहले अपराधियों को संरक्षण दिया जाता था। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार पर यूपी की ( शेष पेज 9 )

## सरकार के प्रस्ताव पर आज बैठक करेगा संयुक्त किसान मोर्चा



नई दिल्ली में मंगलवार को पत्रकारों को संबोधित करते किसान नेता

**भाषा।** नई दिल्ली

**संयुक्त** किसान मोर्चा (एसकेएम) ने मंगलवार को कहा कि उसने आंदोलन को समाप्त करने का अनुरोध करने वाले सरकार के प्रस्ताव का जवाब दिया है, जिसमें कुछ बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा गया है। संगठन ने कहा कि उसने किसानों पर दर्ज फर्जी मामले वापस लेने के लिए आंदोलन समाप्त करने की सरकार की पूर्व शर्त पर भी स्पष्टीकरण मांगा है।

किसान नेताओं ने कहा कि वे इस मुद्दे पर बुधवार अपराह्न दो बजे एक और बैठक करेंगे। बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा कि सरकार ने एक प्रस्ताव भेजा, उस पर चर्चा हुई और संयुक्त किसान मोर्चा के सभी सदस्यों के सामने पेश किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रस्ताव में कहा गया है कि वह न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग पर एक समिति का गठन करेगी और इस समिति में एसकेएम के बाहर के किसान संगठन, सरकारी अधिकारी और राज्यों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। राजेवाल ने कहा, हमें इस पर आपत्ति थी। हमें एमएसपी पर ऐसी समितियां नहीं चाहिए जो शुरू से ही हमारी मांग के विरोध में हैं। हमने सरकार से इस पर स्पष्टीकरण देने को कहा है। उन्होंने कहा, हम सरकार की उस शर्त के भी खिलाफ हैं, जिसमें कहा गया कि किसानों पर दर्ज फर्जी मामलों को वापस लेने के लिए किसान आंदोलन समाप्त करना ( शेष पेज 9 )

## मणिपुर में म्यांमा सीमा के पास से 500 करोड़ का मादक पदार्थ बरामद

**भाषा।** इंफाल, नई दिल्ली

**मणिपुर** में भारत-म्यांमा सीमा पर मोरेह शहर में पांच सौ करोड़ रुपए मूल्य का मादक पदार्थ बरामद किया गया। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि राज्य के इतिहास में पकड़ी गई मादक पदार्थ की यह सबसे बड़ी खेप में से एक है। तेनूगोपाल जिले के पुलिस अधीक्षक विक्रमजीत ने संवाददाताओं से कहा कि राज्य पुलिस और 43 असम राइफल्स के संयुक्त अभियान में, सोमवार दोपहर को एक गोदाम पर छापेमारी की गई। उन्होंने कहा कि छापेमारी में साबुन के 3,716 डिब्बों में 54 किग्रा. ब्राउन शुगर (हेरोइन का एक प्रकार) और 152 पैकेट में 154 किग्रा. क्रिस्टल मेथएम्फेटमाईन बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि कुछ समय से गोदाम पर निगरानी रखी जा रही थी जिसके बाद छापा मारा गया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में म्यांमा के एक नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि एक मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है। मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह ने इस उपलब्धि के लिए सुरक्षाबलों की सराहना की।

## सपा-रालोद गठबंधन की औपचारिक घोषणा

- दोनों दलों की संयुक्त रैली में अखिलेश ने कहा, उप्र में हो गयी है बदलाव की शुरुआत

**भाषा।** मेरठ



मेरठ में सपा-रालोद की संयुक्त रैली में अखिलेश यादव और जयंत चौधरी

**उत्तर** प्रदेश के मेरठ जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर दबथुआ गांव में मंगलवार को हुई रैली में राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) अध्यक्ष जयंत चौधरी और समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आगामी विधानसभा चुनावों के लिए दोनों दलों के बीच गठबंधन की औपचारिक घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बदलाव की शुरुआत आज हो गई है। अखिलेश यादव ने रैली में जमा भीड़ की ओर इशारा करते हुए कहा, इस समय का उत्साह बता रहा है कि वर्ष 2022 में बदलाव होगा।

उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, इस बार पश्चिम (उत्तर प्रदेश) में भाजपा का सूरज नहीं उगेगा। यहां के किसानों और युवाओं ने मिलकर भाजपा को भगाने का फैसला लिया कर लिया है। सपा प्रमुख ने कहा, उनका गठबंधन चाहता है कि किसानों को उनका हक मिले और एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर ठोस फैसला हो। लेकिन भाजपा किसानों के हक में फैसला नहीं करना चाहती है। अखिलेश यादव ने दावा किया कि गठबंधन, किसानों को उनका हक दिलाएगा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, भाजपा के मंत्री और समर्थकों ने किसानों को गाड़ी से कुचल दिया है। मान छीना है, भाजपा को जाना होगा। सपा प्रमुख ने कहा, भाजपा सरकार ने हवाई जहाज बेच दिए, एयरपोर्ट बेच दिए, रेलवे स्टेशन बेच दिए।

हवाई चप्पल वाले को हवाई जहाज में बैठाने का क्या हुआ। आज मोटरसाइकिल चलाना भी मुश्किल हो गया है। लेकिन भाईचारे को मजबूत करने लिए रालोद-सपा के कार्यकर्ता खड़े हैं। अखिलेश यादव ने कहा, भाजपा के पास मुद्दे नहीं हैं। वे बस हमारे बीच खाई पैदा करते हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, जो पैदा करें खाई, वही भाजपाई। उन्होंने इसके साथ ही लोगों से चौधरी चरण सिंह और चौधरी ( शेष पेज 9 )

## काशी विश्वनाथ गलियारे का उद्घाटन 13 दिसंबर को

- इस अवसर पर भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और देश भर के तीन हजार से अधिक धर्माचार्य उपस्थित रहेंगे

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी 13 दिसंबर को काशी विश्वनाथ धाम यानी काशी विश्वनाथ गलियारा का उद्घाटन करेंगे और इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और देश भर के 3000 से अधिक धर्माचार्य, संत तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। पार्टी ने कहा कि इस समारोह का 51 हजार से अधिक स्थानों पर लाइव प्रसारण किया जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी को भारतीय संस्कृति का नायक करार देते हुए भाजपा महासचिव तरुण चुग ने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि करीब 250 सालों के बाद काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण और सौंदईकरण का काम किया गया है। भाजपा की ओर से इस प्रकार के आयोजन को आगामी विधानसभा चुनावों से जोड़कर देखा जा रहा है। उत्तर प्रदेश में अगले साल की शुरुआत में विधानसभा के चुनाव होने हैं। अयोध्या में जारी राम मंदिर निर्माण कार्य के बीच काशी विश्वनाथ मंदिर का नया स्वरूप विकास के अलावा भाजपा के हिन्दुत्व के एजेंडे के मुताबिक है। वाराणसी प्रधानमंत्री का संसदीय क्षेत्र है। भाजपा ने काशी विश्वनाथ धाम के उद्घाटन समारोह का नाम दिव्य काशी, भव्य काशी रखा है। चुग ने कहा कि वाराणसी में भाजपा 13 और 14 दिसंबर को अपने मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन भी करेगी जिसमें सरकारों की कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा होगी और इससे जनता को अधिक से अधिक लाभ मिले उस पर मंथन होगा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी 13 दिसंबर को काशी विश्वनाथ धाम के पुनर्निमाण कार्यों का ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,633 | ↑ 886 | |
| निफ्टी | 17,176 | ↑ 264 | |
| सोना | 47,039 | ↑ 58 | /10g |
| चांदी | 60,362 | ↑ 175 | /kg |

## क्विक न्यूज

### जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल का सफल परीक्षण

**बालेश्वर।** डीआरडीओ ने ओडिशा तट से कम दूरी की मारक क्षमता वाली, जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल का मंगलवार को सफल परीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि मिसाइल का परीक्षण चांदीपुर स्थित परीक्षण केन्द्र से दोपहर 3:08 बजे किया गया। इसे भारतीय नौसेना के विभिन्न पोतों पर तैनात किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सभी हथियार प्रणाली के समेकित कामकाज का सत्यापन करने के लक्ष्य से मिसाइल प्रणाली का परीक्षण किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय नौसेना सहित मिसाइल प्रणाली परियोजना से जुड़े सभी लोगों, संगठनों, प्रतिष्ठानों को बधाई दी। उन्होने बताया कि यह प्रणाली हवाई खतरों के खिलाफ भारतीय नौसेना की क्षमता को और मजबूत बनाएगी।

## उपभोक्ता आयोगों में जनवरी तक रिक्तियां भरें राज्य

- सुप्रीम कोर्ट ने विशेष याचिका के चलते सिर्फ महाराष्ट्र को छूट प्रदान की

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने महाराष्ट्र को छोड़ कर सभी राज्यों को जिला और राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोगों में जनवरी 2022 तक सभी रिक्तियां भरने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति एस. के. कौल और न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश की पीठ ने यह जिक्र किया कि काफी संख्या में राज्य नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी करने के करीब हैं।

तमिलनाडु के बारे में शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को कुछ न्यायाधीशों की नियुक्ति करनी होगी और राज्य सरकार इस उद्देश्य के लिए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश से संपर्क करेगी तथा हमें उम्मीद है कि तत्काल आधार पर नामांकन किए जाएंगे। मामले में न्यायमित्र नियुक्त किए गए अधिवक्ता आदित्य नारायण ने आयोग में सदस्यों की नियुक्ति के बारे में एक व्यापक स्थिति रिपोर्ट दाखिल की। पीठ ने कहा, न्यायमित्र ने दो महीने का समय सुझाया है, जो जनवरी 2022 तक है। यह राज्यों द्वारा पूरी तरह से अनुपालन किए जाने के लिए पर्याप्त होना चाहिए।

इसमें ऐसे राज्य शामिल हैं जिन्होंने आंशिक रूप से अनुपालन किया है लेकिन वहां रिक्तियां नहीं भरी गई है, हालांकि महाराष्ट्र अपवाद है, जिसे भारत संघ और राज्य की विशेष अनुमति याचिका पर फैसले का इंतजार करना होगा। न्यायालय ने अदालतों के बुनियादी ढांचे के विकास के मुद्दे पर कहा कि उपयोग प्रमाणपत्र श्रेणी के तहत लंबित कोष बहुत अच्छी स्थिति बयां नहीं करता है।

न्यायालय ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि अधिकार प्राप्त समिति, नोडल अधिकारी, राज्य और केद्र शासित प्रदेश, ए सभी यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार हैं कि आवंटित कोष उपयुक्त रूप से उपयोग किए जाएं और निर्धारित समय के अंदर उपयुक्त उपयोग प्रमाणपत्र के साथ यह सुनिश्चित किया जाए कि कोष उपयोग के बगैर नहीं रह जाए तथा योजना के तहत उसका उपयोग हो। पीठ ने कहा, हम केंद्र सरकार और राज्य सरकारों तथा केंद्र शासित प्रदेशों से एक हफ्ते के अंदर इस उद्देश्य के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने की अपील करते हैं। न्यायालय ने इस मामले में सहायता के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायण और अधिवक्ता आदित्य नारायण को न्यायमित्र नियुक्त किया है।

## नीलमणि फूकन व दामोदर मौउजो को ज्ञानपीठ पुरस्कार

**नई दिल्ली।** असमिया साहित्यकार नीलमणि फूकन को वर्ष 2021 के लिए और कोंकणी के साहित्यकार दामोदर मौउजो को वर्ष 2022 के लिए प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। भारतीय ज्ञानपीठ ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में बताया, ज्ञानपीठ पुरस्कार चयन समिति ने वर्ष 2021 व 2022 के लिए क्रमशः 56वें और 57वें ज्ञानपीठ पुरस्कार की घोषणा कर दी है। विज्ञप्ति के मुताबिक, प्रसिद्ध कथाकार व ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रतिभा राय की अध्यक्षता में हुई चयन समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया है। उसमें बताया गया है कि 1933 में जन्में फूकन का असमिया साहित्य में विशेष स्थान है और उन्होंने कविता की 13 पुस्तकें लिखी हैं। फूकन को पद्मश्री, साहित्य अकादमी, असम वैली अवॉर्ड व साहित्य अकादमी फैलोशिप से सम्मानित किया ( शेष पेज 9 )

## बाजार में 2,000 के नोटों की संख्या घटी

- यह संख्या मार्च 2018 में 336.3 करोड़ थी जो अब 223.3 करोड़ ही रह गयी

**भाषा।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**इस** साल नवंबर में बाजार प्रचलन वाले 2,000 रुपए के नोटों की संख्या घटकर 223.3 करोड़ नोट या कुल नोटों (एनआईसी) का 1.75 प्रतिशत रह गई, जबकि यह संख्या मार्च 2018 में 336.3 करोड़ थी। वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि विशेष मूल्यवर्ग के बैंक नोटों की छपाई का निर्णय सरकार द्वारा रिजर्व बैंक के परामर्श से जनता की लेनदेन संबंधी मांग को सुविधाजनक बनाने के लिए वांछित मूल्यवर्ग के नोटों की उपलब्धता को बनाए रखने के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा, 31 मार्च, 2018 को 2,000 रुपए मूल्यवर्ग के 336.3 करोड़ नोट (एमपीसी) परिचालन में थे जो मात्रा और मूल्य के मामले में एनआईसी का क्रमशः 3.27 प्रतिशत और 37.26 प्रतिशत है। इसके मुकाबले 26 नवंबर, 2021 को 2,233 एमपीसी प्रचालन में थे, जो मात्रा और मूल्य के संदर्भ में एनआईसी का क्रमशः 1.75 प्रतिशत और 15.11 प्रतिशत है। चौधरी ने आगे कहा कि वर्ष 2018-19 से नोट के लिए करेंसी प्रिंटिंग प्रेस के पास कोई नया मांगपत्र नहीं रखा गया है। उन्होंने कहा, नोटबंदी के बाद जारी किए गए 2,000 रुपए के नोट के प्रचलन में कमी इसलिए है क्योंकि वर्ष 2018-19 से इन नोटों की छपाई के लिए कोई नया मांगपत्र नहीं रखा गया है। इसके अलावा, नोट भी खराब हो जाते हैं क्योंकि वे गंदे, कटे-फटे हो जाते हैं।

# सपा सरकार में बर्बादी के कगार पर आ गए थे परंपरागत उद्योग

**● आज प्रदेश के निर्यात में 80 प्रतिशत योगदान परंपरागत उत्पादों का है**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के एमएसएमई मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि पहले की सरकारों ने प्रदेश के परंपरागत उद्योगों की अनदेखी कर प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया था। स्थिति यह बन गयी की जिन सीटों से समाजवादी पार्टी के मुखिया और उनके परिवार के लोग सांसद और विधायक चुने जाते थे और सत्ता पर काबिज होते थे वहां के भी परंपरागत उद्योग बर्बादी की कगार पर आ गये थे। कन्नौज का विश्व प्रसिद्ध इत्र इसका एक बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि 2017 में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद परमपरागत उद्योगों को दोबारा जीवित करने का काम शुरू हुआ और आज स्थिति यह है कि प्रदेश के निर्यात में 80 प्रतिशत योगदान परंपरागत उत्पादों का है।

फर्क साफ है कार्यक्रम के तहत बीजेपी मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनती है तब इस बात पर विचार किया जाता है कि ग्राम स्वराज की परिकल्पना में ग्रामीण अर्थव्यवस्था कैसी हो और समकालीन आर्थिक मॉडल कैसा होना चाहिए। इस पर भाजपा सरकार ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम किया और एक नीति बनाई। जब हमने ग्राम स्वराज और आर्थिक मॉडल का संगम किया तब उसमें से योगी आर्थिक मॉडल निकलकर सामने आया। इसी योगी मॉडल का नतीजा है कि जब हम सत्ता में आये थे तब उस समय बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत थी जो आज 2021 में घटकर 5 फीसदी रह गयी है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए छोटे-छोटे कुटीर उद्योगों पर ध्यान देना शुरू किया। हमने एक जनपद एक उत्पाद योजना शुरू की और आज हमें बताते हुए खुशी हो रही है कि इस ओडीओपी योजना की चर्चा सिर्फ देश में ही नही पूरे विश्व में हो रही है। 2017 में जो निर्यात 88 हजार 967 करोड़ रुपये था वो 2019-20 में बढ़कर 1 लाख 20 हजार 367 करोड़ का हो गया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि ओडीओपी के तहत हमने परंपरागत उद्योगों से जुड़े कारीगरों को न सिर्फ प्रशिक्षण दिलवाया बल्कि उनके उत्पादों की पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग करने के साथ ही उनको बाजार भी उपलब्ध कराया। आज हमारे ओडीओपी उत्पादों की पूरे विश्व में जबरदस्त मांग है। हमारे निर्यात में 80 प्रतिशत योगदान ओडीओपी उत्पादों का है।

# भारतीय जनता पार्टी आज से करेगी सामाजिक संवाद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बीजेपी** सभी छह क्षेत्रों में अनुसूचित वर्ग के युवा उद्यमियों, व्यापारियों, नौकरशाहों, लेखकों, सेवानिवृत्त अधिकारियों, सामाजिक संगठनों आदि प्रबुद्ध लोगों से सामाजिक संवाद करेगी। इसके लिए सभी क्षेत्रों में संवाद कार्यक्रम होंगे। बुधवार को लखनऊ में प्रदेश कार्यालय पर अवध क्षेत्र का सामाजिक संवाद कार्यक्रम होगा। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व केंद्रीय शहरी एवं आवासन राज्य मंत्री कौशल किशोर प्रतिभागिता करेंगे। प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा ने बताया कि 9 दिसंबर को कानपुर व आगरा में यह संवाद कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। आगरा में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व कानपुर में विधि एवं न्याय मंत्री ब्रजेश पाठक सहभागिता करेंगे। 10 दिसंबर को गोरखपुर में उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, 11 दिसंबर को वाराणसी में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय और 12 दिसंबर को मेरठ में सांसद राजेन्द्र अग्रवाल कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। भाजपा की प्रदेश मंत्री अमित वाल्मीकि ने बताया कि सामाजिक संवाद राष्ट्रवादी युवाओं और पेशेवरों की समाज के विभिन्न वर्गों विशेष रूप से अनुसूचित वर्ग को जोड़ने की मुहिम है। इसमें केंद्र व राज्य सरकार की गरीब एवं जनकल्याणकारी नीतियों उनके सफल क्रियान्वयन तथा उसके परिणाम स्वरूप हुए बदलाव पर सकारात्मक बदलावों पर चर्चा की जाएगी। हमने सभी छह क्षेत्रों में इसके लिए कार्यक्रम की रूप रेखा बनाई हुई है। जहां समाज इन वर्गों के प्रमुख लोगों के बीच हम अपनी बात रखेंगे और उन्हें पार्टी की नीतियों से जोड़ेंगे।

# अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई व जनता की समस्याओं का तुरंत निस्तारण हो

**● डीजीपी व अपर मुख्य सचिव गृह ने सूबे के चारों पुलिस कमिश्नरेट के कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा में दिए निर्देश**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सूबे** के चारों पुलिस कमिश्नरेट के कार्यों की उच्च स्तरीय समीक्षा की गई। डीजीपी मुकुल गोयल और अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के संबंध में दिशा निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, कानपुर एवं वाराणसी के पुलिस कमिश्नर के अलावा अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन, अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध, अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय 112, अपर पुलिस महानिदेशक कार्मिक, अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, अपर पुलिस महानिदेशक यातायात, सचिव गृह, पुलिस उप महानिरीक्षक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन सहित अन्य अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

समीक्षा बैठक में डीजीपी और अपर मुख्य सचिव गृह की ओर से जो निर्देश जारी किए गए उनमें प्रमुख रूप से सुगम यातायात व्यवस्था प्रबन्धन में नई तकनीकों का प्रयोग किया जाए तथा व्यस्त समय में अनुभवी पुलिस कर्मियों की डयूटी लगायी जाए। इसके लिए स्थानीय पुलिस का भी सहयोग लिया जाए । महिला सशक्तिकरण के तहत महिला बीट, महिला डेस्क, वीमेन पावर लाइन 1090 आदि के कार्यो की समीक्षा कर ली जाए तथा बीट प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करते हुए महिला सम्बन्धित अपराधों का यथाशीघ्र विधिक निस्तारण कराया जाए।

गम्भीर अपराधों की समीक्षा कर ली जाए तथा अनवर्क आऊट केस, हत्या, लूट, डकैती आदि का अतिशीघ्र अनावरण कराया जाए। लम्बित गम्भीर अपराधों की विवेचनाओं का और अधिक त्वरित गति से निस्तारण कराया जाए तथा आरोप पत्र न्यायालय में समय से प्रेषित कराया जाए।

## मान्यता प्राप्त पत्रकारों व उनके आश्रितों को निजी अस्पतालों में भी मिलेगी चिकित्सा सुविधा

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने राज्य स्तर तथा जनपद स्तर पर मान्यता प्राप्त पत्रकारों के कार्यों की विशिष्टता को ध्यान में रखकर उन्हें एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को सरकारी चिकित्सालयों के अलावा नजदीकी प्राइवेट चिकित्सालयों में भी चिकित्सा सुविधा प्रदान किए जाने का निर्णय लिया है। इस सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्देश जारी कर दिया गया है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पत्रकारों को सामाजिक एवं स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से उन्हें चिकित्सा सुविधा का लाभ प्रदान किया जाएगा। इस चिकित्सा सुविधा हेतु राज्य.जिला स्तर के सभी मान्यता प्राप्त पत्रकार लाभार्थी होंगे। इस श्रेणी के समस्त पत्रकार एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों का डाटा तैयार कराए जाने का कार्य निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि मान्यता प्राप्त पत्रकारों का पूर्ण विवरण प्रतिवर्ष चिकित्सा सुविधा हेतु नामित नोडल अधिकारी द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को उपलब्ध कराया जाएगा ताकि सभी पात्र लाभार्थियों एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत सम्मिलित करते हुए चिकित्सा उपचार कराया जा सके।

## मोदी-योगी की नीतियों से प्रभावित विभिन्न दलों के नेता भाजपा में शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बीजेपी** प्रदेश मुख्यालय में मंगलवार को मोदी-योगी की राष्ट्रवादी नीतियों और विकास के बहुमुखी आयाम और सबका साथ सबका विकास तथा सबका विश्वास की नीति से प्रभावित होकर विभिन्न दलों के नेताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व ज्वाइनिंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ लक्ष्मीकांत बाजपेयी व प्रदेश उपाध्यक्ष ज्वाइनिंग कमेटी के सदस्य दयाशंकर सिंह ने विभिन्न दलों से आये नेताओं का पटका पहनाकर भाजपा परिवार में शामिल कराया। प्रमुख रूप से बदायूँ जिले से पांच बार के विधायक राम सेवक पटेल, बरेली से पूर्व उपाध्यक्ष अनु जाति एवं जनजाति विकास परिषद मनोहर सिंह जाटव, बस्ती से दो बार निर्दलीय विधायक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, दो बार ब्लॉक प्रमुख राना कृष्ण किंकर सिंह, बांदा से राजकुमार राज, पूर्व चेयरमैन नगर पालिका परिषद, पूर्व जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद, डॉ अनुज चौधरी मुरादाबाद, प्रदेश सचिव आम आदमी पार्टी व अमरोहा से हाजी महमूद हसन, राष्ट्रीय अध्यक्ष मंसूरी समाज व बड़ी संख्या में आये समर्थकों ने 7505403403 पर मिस्ड कॉल कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने अन्य दलों से भाजपा में शामिल हुये नेताओं का पार्टी में स्वागत करते हुये कहा कि सभी से अपेक्षा है कि आप सभी अपने-अपने जनपदों में संगठन के साथ मिलकर भाजपा को धरातल में और अधिक मजबूत करने में अपना योगदान देंगे।

## राज्य महिला आयोग का जिलों में जागरूकता शिविर आज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा मिशन शक्ति फेज 3 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने तथा महिला उत्पीड़न की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से बुधवार को जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान महिला जनसुनवाई की जायेगी। आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम महिला आयोग मुख्यालय पर महिला जनसुनवाई करेंगी। उपाध्यक्ष सुषमा सिंह आगरा तथा उपाध्यक्ष अंजु चौधरी द्वारा फिरोजाबाद में जनसुनवाई करेंगी।

## जनवरी के दूसरे हफ्ते में विस चुनाव की अधिसूचना जारी होने के संकेत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सत्ता** की चाहत में राजनेताओं के ग्राउंड जीरों पर छिडी जंग के बीच विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जनवरी माह के दूसरे हफ्ते में 13 से 15 तारीख के बीच जारी होने के संकेत सरकार के तैयारियों से मिले हैं। सीएम योगी ने अपने अफसरों के उन सभी योजनाओं को 31 दिसम्बर से पहले पूरा करने के निर्देश दिये है जो विधानसभा चुनाव की डुगडुगी बजने से पहले सरकार कराना चाहती है। चुनावी ऐजेंडा में शामिल कार्यो की अंतिम समयसीमा निर्धारित करने के साथ सरकार ने अतिरिक्त दस दिनों का समय सुरक्षित रखा है। सीएम ने अपने कुछ खास अफसरों को इशारा किया है कि किन्ही भी कारणों से विलंब की दशा में दस जनवरी से पहले सारे कामकाज निपटा लिये जायें। सीएम योगी के निर्देश और सरकार की सरकारी मशीनरी की कवायद को देखते हुये दस जनवरी के बाद विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने की उम्मीद जतायी जा रही है। विदित हो कि विधानसभा चुनाव से पहले योगी सरकार ताबड़तोड़ तरीके से बड़ी योजनाओं का लोकार्पण तथा शिलान्यास कराने में जुटी है। गोरखपुर खाद कारखाना, एम्स, डिफेन्स कारीडोर के अलीगढ तथा झांसी नोड, कई चिकित्सा विश्वविद्यालय, पूर्वांचल एक्सप्रेस.वे सहित अनेक योजनाओं का लोकार्पण तथा शिलान्यास किया जा चुका है जबकि डिफेन्स कारीडोरर के तीसरे नोड, काशी विश्वनाथ मंदिर के कारीडोर, न्यू अयोध्या सिटी, बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस.वे, गंगा एक्सप्रेस.वे समेत कई योजनाओं का लोकार्पण तथा शिलानयास का काम अभी होना है। इसके अलावा राज्य की जनता को सीधे फायदा देने वाली योजनाओं को सरकार ने अपने चुनावी एजेन्डा में रखा है। छात्रवृत्ति, स्कूली बच्चों को ड्रेस वितरण जैसी योजनाओं का काम हो चुका है स्मार्ट फोन, कोरोना से मरने वालों के परिवारों को की धनराशि देने सहित तमाम योजनाओं का काम होना है।

## मतदाता फार्मों का गुणवत्तापूर्ण, त्रुटिरहित निस्तारण समय से कर लिया जाए

**● मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वोटर लिस्ट को लेकर जिलाधिकारियों के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने 1 जनवरी 2022 के आधार पर होने वाले विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण.2022 से सम्बंधित विभिन्न बिन्दुओं तथा विधान सभा सामान्य निर्वाचन.2022 की तैयारियों के सम्बंध में आज प्रदेश के सभी जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर आवश्यक निर्देश दिये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विधान सभा चुनाव के लिए मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान प्राप्त सभी मतदाता फार्मों का बीएलओ ससमय आवंटित कराएं तथा समयबद्ध रूप से ही इनका विधिवत, त्रुटिरहित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण भी करा लिया जाय। उन्होंने निर्देशित किया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का 20 दिसम्बर से पहले फील्ड वेरिफिकेशन कराकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करा लिया जाय। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों में मतदान प्रतिशत को बढ़ाये जाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर ली जाय और योजना अनुरूप स्वीप क्रियाकलापों के माध्यमों से मतदान प्रतिशत को बढ़ाये जाने सम्बंधी कार्यक्रमों के संचालन किये जाने पर भी बल दिया जाय।

## भाजपा राज में किसान-मजदूर बदहाली के शिकार: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में किसानों को क्या-क्या नहीं सहना पड़ा। कृषि कानूनों से उन्हें तमाम परेशानियां उठानी पड़ीं। किसान मजदूर बदहाली के शिकार हैं। खाद नहीं मिल पा रही है। गन्ना किसानों का हजारों करोड़ रूपये बकाया है। किसानों की एक जुटता ने संदेश दिया है कि वे भाजपा के लिए अपने दरवाजे बंद कर देंगे। किसानों को एमएसपी के लिए ठोस फैसला हो। उन्होंने कहा कि किसानों को उनके हक दिलाए जाएंगे। भाजपा किसानों का अपमान करती रही है। भाजपा के मंत्री और समर्थकों ने किसानों को गाड़ी से कुचल दिया है। दवा, इलाज, खाद के लिए लोगों को लाइन में लगना पड़ा है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने महंगाई बढ़ाई है। डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस के दाम बहुत बढ़ गए हैं। भाजपा ने लोगों को बहुत दु:ख और परेशानी दी है। नौकरी मांगने पर नौजवानों पर लाठियां बरसाती है। प्रदेश की जनता अब भाजपा को वापस सत्ता में नहीं आने देगी। भाजपा सरकार सरकारी संस्थानों को बेचकर लोगों का हक और अधिकार छीन रही है। हवाई जहाज बेच दिए, एयरपोर्ट बेच दिए, रेल स्टेशन बेच दिए। आज मोटर साइकिल चलाना भी भारी हो गया है। पलायन की बात करने वाले खुद पलायन करके आए हैं।

# प्रियंका ने किया चुनावी रणनीति पर मंथन

**● कांग्रेस महासचिव आज जारी करेंगी महिला घोषणा पत्र**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कांग्रेस** महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा 8 दिसंबर को प्रदेश कांग्रेस का महिला घोषणापत्र जारी करेंगी। बुधवार को पार्टी मुख्यालय पर वह कॉन्फ्रेंस करेंगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रियंका महिला घोषणा पत्र जारी करेंगी। प्रियंका ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन आज आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों से संबंधित इलेक्शन स्ट्रेटजी कमेटी एवं चार्जशीट कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर मंथन किया। कांग्रेस के अभियानों को घर घर पहुंचाने के साथ चुनाव जीतने की रणनीति पर व्यापक विचार विमर्श किया गया। कमेटी के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश के चुनाव से सम्बन्धित विभिन्न विषयों एवं जनता से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय व्यक्त करते हुए सुझाव दिए। 32 सालों से उत्तर प्रदेश में सत्ता संभालने वाली भाजपा सपा एवं बसपा की सरकारों द्वारा जनता को धोखा दिये जाने एवं जन मुद्दों तथा सरकार की खामियों पर चार्जशीट तैयार करने पर चार्जशीट कमेटी के साथ रणनीति तैयार की गयी। दोनों बैठक में उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिवगण धीरज गुर्जर, रोहित चौधरी, प्रदीप नरवाल, बाजीराव खाड़े एवं तौकीर आलम उपस्थित रहे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डा. उमा शंकर पाण्डेय ने बताया कि सर्वप्रथम प्रियंका गांधी वाड्रा ने चुनावी रणनीति और क्रियान्वयन से सम्बंधित स्ट्रेटजी कमेटी के साथ व्यापक मंथन किया गया। विधानसभा चुनाव 2022 की सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़ने की रणनीति, कार्यक्रम एवं उनके समयबद्ध क्रियान्वयन से सम्बंधित सभी महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा कर तय किए गए कार्यक्रमों के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए पार्टी के मुख्य संगठन एवं सभी विभागों, फ्रन्टल्स, तथा प्रकोष्ठों की भूमिका एवं लक्ष्य निर्धारित किए।


पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

राशिद हसन एवं राशिद अंसारी दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं। इनके पहचान संबंधी दस्तावेजों पर इनका नाम राशिद हसन अंकित है अतः भविष्य में इन्हें राशिद हसन के नाम से ही जाना जाए। निवासी – 136, कसाईबाड़ा लखनऊ

**सूचना**

मैने अपने पुत्र रंजीत व बहू प्रतिमा देवी से उनके दुराचरणो के कारण अपने परिवार व चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है, सरोजनी देवी पत्नी भगवान दीन निवासी 6 – ए ज्योरा नवाबगंज कानपुर नगर

**सूचना**

हमने अपने पुत्र जसबीर सिंह व पुत्रवधू सोनाली सिंह से सारे सम्बन्ध समाप्त कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है वे अपने कार्यों व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे, अमरजीत सिंह पत्नी मनजीत सिंह मनजीत सिंह पुत्र स्व0 मालिक सिंह निवासी 78/281 लाटूश रोड कानपुर

**आवश्यकता है**

**आवश्यकता है**

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महेन्द्र पी.जी. कालेज, हलधरपुर –मऊ सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्राचार्य पद पर एक एवं स्नातक स्तर पर कला संकाय पाठ्यक्रम में संस्कृत एवं समाजशास्त्र विषय में एक–एक तथा स्नातकोत्तर स्तर पर गृह विज्ञान विषय में तीन तथा समाजशास्त्र विषय में दो प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0 पर नियमावली के अनुसार देय होगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना दो फोटो लगा आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति के साथ 21 दिन के अंदर महाविद्यालय के पते पर आवेदन कर सकते हैं।

प्रबंधक
मोबाइल नम्बर–8869038681



**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0यां0) नलकूप विंग, उ0 प्र0 जल निगम, 2/137, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**

पत्रांक : 1304/6901/विविध–3/(21)/137 दिनांक : 03.12.2021

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उ0प्र0 जल निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा नगर पालिका परिषद, जायस जनपद–अमेठी सीमान्तर्गत स्थित मलिक मोहम्मद जायसी शोध संस्थान परिसर में 1 नग नलकूप के निर्माण कार्य हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 09.12.2021 से 16.12.2021 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, वि0/यॉ0 नलकूप विंग, उत्तर प्रदेश जल निगम 2/137, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं वि0/यॉ0, नलकूप विंग–द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1000.00+18% जी.एस.टी. (1000.00+180.00 = 1180.00) है। निविदा के कार्यो का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट WWW.UPJN.ORG से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**निविदा सूचना**

निविदा विक्रय की तिथि – 09.12.2021 से 16.12.2021 अपराह्न 3:00 बजे तक
निविदा डालने कि तिथि – 17.12.2021 अपराह्न 3:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि – 18.12.2021 पूर्वाह्न 11:00 बजे



उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमीशन कारपोरेशन लिमिटेड ई–निविदा संख्या–93–100– ई0टी0सी0 (प्र0)ए0/2021–2022 प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों/निर्माताओं से निम्नलिखित कार्यो हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। ई–निविदायें उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइड www.etender.up.nic.in पर स्वीकार की जायेंगी। (1) अल्पकालिक ई–निविदा संख्या–93–ई0टी0सी0प्र0 ए0/2021–2022:– 132 के0वी0 उपकेन्द्र कौडिहार में 132 के0वी0 आईसोलेटर बाक्स के क्षतिग्रस्त टर्मिनल कनेक्टर, कान्टेक्टर आदि की आपूर्ति एवं बदलने के कार्य हेतु, (2) अल्पकालिक ई–निविदा संख्या–94–ई0टी0सी0प्र0ए0/2021–2022:– 132 के0वी0 उपकेन्द्र हुसैनगंज, फतेहपुर पर दो माह के लिए अनुरक्षण एवं परिचालन के कार्य हेतु, (3) अल्पकालिक ई–निविदा संख्या–95 – ई0टी0सी0प्र0ए0/2021–2022 :–विद्युत रचना इकाई, नैनी, प्रयागराज में जिंक क्लोराइड की आपूर्ति हेतु, (4) अल्पकालिक ई–निविदा संख्या–96–ई0टी0सी0 प्र0ए0/2021–2022 :– विद्युत रचना इकाई, नैनी, प्रयागराज में सबस्टेशन स्ट्रक्चर्स एवं टावर पार्ट्स पर नम्बर पन्चिंग के कार्य हेतु, (5) ई–निविदा संख्या–97–ई0टी0सी0प्र0ए0/2021–2022 :–220 के0वी0 उपकेन्द्र झूँसी में मल्सीफायर सपोर्ट पाईप, फायर हट, 220 के0वी0 सी0टी0 जक्शन बाक्स इत्यादि की अर्थिंग के कार्य हेतु, (6) ई–निविदा संख्या–98– ई0टी0सी0 प्र0ए0/2021–2022 :– 132 के0वी0 उपकेन्द्र हण्डिया पर पुराने एवं क्षतिग्रस्त पी0टी0 एवं एल0ए0 को बदलने के कार्य हेतु, (7) ई–निविदा संख्या–99–ई0टी0सी0प्र0ए0/ 2020–2022 :– 132 के0वी0 उपकेन्द्र कौडिहार, प्रयागराज पर वार्षिक अनुरक्षण एवं परिच. ालन के कार्य हेतु, (8) ई–निविदा संख्या–100–ई0टी0सी0प्र0ए0/2021–2022 :– विद्युत प्रेषण खण्ड–प्रतापगढ़ के अन्तर्गत 220 एवं 132 के0वी0 लाइनों के अनुरक्षण के कार्य हेतु, ई–निविदा सं0 93 से 95 तक दिनांक 23–12–2021 एवं ई–निविदा सं0 97 से 100 दिनांक 07–01–2022 को 13.00 बजे खोली जायेगी निविदा जमा करने की तिथि तक विवरण के लिए/डाउनलोड के लिए/किसी प्रकार के सुधार/ संशोधन/परिवर्तन के लिए कृपया उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in से प्राप्त करें। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत प्रेषण मण्डल–प्रथम, 57–जार्ज टाउन, प्रयागराज। पत्रांक 3461 दिनांक 6.12.21 राष्ट्रहित में बिजली बचाएं।



**रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली**

**आवश्यक सूचना**

रायबरेली विकास प्राधिकरण की फिरोज गाँधी योजना संख्या–5, इन्दिरा नगर में भवन संख्या–एम0आई0जी0–15 के मूल आवंटी श्री उमेश चन्द्र जैन पुत्र नेमचन्द्र जैन निवासी–भवन संख्या–एम0आई0जी0–15, फिरोज गाँधी योजना संख्या–5, इन्दिरा नगर रायबरेली वर्तमान निवासी–219 शेखाना जायस बहादुरपुर तहसीलः – तिलोई जिला–अमेठी के पक्ष में आवंटित है, जिसे श्री दीपचन्द्र जैन पुत्र नेमचन्द्र जैन निवासी–एम0आई0जी0–15 फिरोज गाँधी योजना संख्या–5 इन्दिरा नगर रायबरेली द्वारा दिनांक 09.11.2021 को क्रय कर लिये जाने के फलस्वरूप अपने पक्ष में नामान्तरित किये जाने हेतु आवेदन किया है, विस्तृत विवरण निम्नप्रकार है :–

| क्रमांक | प्राधिकरण के मूल आवंटी का नाम व पता | जिस व्यक्ति के पक्ष में नामान्तरित किया जाना है, का नाम व पता |
|---|---|---|
| 1 | श्री उमेश चन्द्र जैन पुत्र नेमचन्द्र जैन निवासी–भवन संख्या–एम0 आई0जी0–15 फिरोज गाँधी योजना संख्या–5 इन्दिरा नगर रायबरेली। वर्तमान निवासी–219 शेखाना जायस बहादुरपुर तहसील– तिलोई जिला–अमेठी | श्री दीपचन्द्र जैन पुत्र नेमचन्द्र जैन निवासी–एम0 आई0जी0–15 फिरोज गाँधी योजना संख्या–5 इन्दिरा नगर रायबरेली। |

उपरोक्त सूचना इस आशय –से प्रकाशित की जा रही है कि उपरोक्त वर्णित भवन के नामान्तरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित रूप में अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर दें। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर यह समझा जायेगा कि आपको किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है, और तद्नुसार नामान्तरण की कार्यवाही पूर्ण कर दी जायेगी।

सचिव
रायबरेली विकास प्राधिकरण
रायबरेली।



**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बेहन्दर-हरदोई**

पत्रांक 1233/लेखाकार/पंचम रा0वि0/15वां वि0/2021–22 दिनांक 01.12.2021

**ठेकेदार पंजियन नोटिस**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत बेहन्दर के अन्तर्गत पंचम राज्यवित्त एवं 15वां वित्त योजना के अन्तर्गत स्वीकृति कार्ययोजना से कराये जाने वाले कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति एवं सम्पूर्ण कार्य कराये जाने हेतु लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं में निर्माण कार्य एवं सामग्री आपूर्ति का कार्य कर रही फर्म एवं ठेकेदारों का पंजियन किया जाना है। इच्छुक सामग्री आपूर्ति कर्ता फर्म एवं ठेकेदार अपना पंजियन कराने हेतु फार्म विकास खण्ड कार्यालय बेहन्दर से दिनांक 10.12.2021 से 13.12.2021 तक पंजियन हेतु आवेदन प्राप्त कर सकते है। निम्न समस्त अभिलेखों के साथ इच्छुक फर्म एवं ठेकेदार आवेदन पत्र के साथ दिनांक 13.12.2021 को अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्य दिवस में आवेदन प्रत्येक दशा में जमा कर दे, परीक्षण के उपरान्त सही पाये गये आवेदन पत्रों को स्वीकृत कर पंजियन प्रमाण पत्र दिनांक 13.12.2021 को सायं 04 बजे उपलब्ध करा दिया जायेगा।

01–जी0एस0टी0 नम्बर 02–पैन नम्बर, 03–आधार नम्बर, 04–हैसियत प्रमाण पत्र, 05–चरित्र प्रमाण पत्र 06–लो0नि0वि0/ग्रा0आ0वि0 /अन्य सरकारी संस्थाओं में पंजीकृत का वैध पंजियन प्रमाण पत्र 07–आवेदन के साथ एक फोटो एवं मु0 25,000.00 रू0 किसी राष्ट्रीय कृत बैंक /पोस्ट ऑफिस की एन0एस0सी0 एफ0डी0 जो खण्ड विकास अधिकारी बेहन्दर के नाम बंधक बनाकर संलग्न करना होगा। 08–शासन स्तर से अन्य आदेश निर्देश प्राप्त होते है। उसे पंजियन के आवेदन के साथ बाद में उपलब्ध कराना होगा ।

09–पंजियन आवेदन पत्र संशर्त स्वीकार नहीं होगा।

10–पजियन आवेदन पत्र स्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा, तथा ठेकेदार/सामग्री आपूर्तिकर्ता फर्म कार्य करने से मुक्त होना चाहती है तो उसे अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप से अवगत कराना होगा।

11–यदि शासन के आदेशों एवं निर्देशों के अनुरूप कार्य नहीं पाया जाता है तो उस ठेकेदार/फर्म को बिना नोटिस दिये पंजियन निरस्त कर दिया जायेगा।

12–कार्य की गुणवत्ता ठीक न पाये जाने पर जो शासन की हानी होती है शासनादेश संख्या 999/ई0–3–9–99–ए0स0/96 दिनांक 15.05.1999 निहित निर्देशों के अनुसार हानि की वसूली सम्बन्धित ठेकेदार /फर्म की चल एवं अचल सम्पति से की जायेगी।

खण्ड विकास अधिकारी
बेहन्दर–हरदोई


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# ओमीक्रॉन को लेकर प्री-एक्टिव मोड पर काम कर रही सरकार

**● यूपी में टीकाकरण का आंकड़ा 17 करोड़ के पार**



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** के नए वैरिएंट को लेकर योगी सरकार प्री-एक्टिव मोड पर काम कर रही है। इस नए वैरिएंट से लोगों को सुरक्षित रखने के लिए प्रदेश की सीमाओं पर सतर्कता बरती जा रही है तो दूसरी ओर टीकाकरण और टेस्टिंग की रफ्तार को तेजी से बढ़ाया जा रहा है। ओमीक्रान को लेकर सरकार विशेष सर्तकता बरत रही है। यूपी के डॉक्टरों के अनुसार इस नए वैरिएंट के खिलाफ टेस्टिंग और टीकाकरण मजबूत हथियार साबित होगा। ऐसे में प्रदेश के सभी पात्र लोगों का टीकाकरण और आने वाले सभी यात्रियों संग लोगों की जांच पर सरकार जोर दे रही है। जिसका ही नतीजा है कि यूपी दूसरे प्रदेशों की अपेक्षा टेस्टिंग और टीकाकरण में पहले पायदान पर काबिज है। बीते 24 घंटों में हुई 1,39,491 टेस्टिंग में 9 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई। प्रदेश में एक्टिव कोविड केस की संख्या 132 है। कोरोना संक्रमण के नए वैरिएंट को ध्यान में रखते हुए सरकार लोगों को जल्द से जल्द टीका कवच उपलब्ध कराने की रणनीति पर काम कर रही है। सरकार यूपी में टीकाकरण की रफ्तार को बढ़ाने पर जोर दे रही है। प्रदेश सरकार के प्रयासों के सफल परिणाम मंगलवार को देखने को मिला। अब तक 17 करोड़ से अधिक टीकाकरण कर उत्तर प्रदेश ने देश में सर्वाधिक टीके लगाने का कीर्तिमान स्थापित किया है। यूपी में 17 करोड़ चार लाख से अधिक लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। इसमें पहली डोज 11 करोड़ 56 लाख से अधिक और दूसरी डोज 05 करोड़ 48 लाख दी जा चुकी है।

कोरोना टीकाकरण अभियान में उत्तर प्रदेश दूसरे प्रदेशों से कहीं आगे है। प्रदेश ने सर्वाधिक टेस्ट और टीकाकरण कर दूसरे प्रदेशों के समक्ष एक नजीर पेश की है। 24 करोड़ की आबादी वाले यूपी में सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार एक सधी रणनीति के तहत तेजी से टीकाकरण किया जा रहा है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक प्रभावी रणनीति के अनुसार टीकाकरण किया जा रहा है। कम समय में तेजी से टीकारकण करने वाले यूपी में अब तक 78.05 प्रतिशत पात्र लोगों ने पहली और 36.63 प्रतिशत पात्र लोगों ने दूसरी डोज का टीका कवर प्राप्ति कर लिया है।

प्रदेश में बीते 24 घंटों में 12 लोगों ने कोरोना संक्रमण को मात दी है। 24 घंटों में यूपी के 38 जिलों में कोरोना के एक भी सक्रिय केस की पुष्टि नहीं हुई वहीं 69 जिलों में एक भी संक्रमण का नया मामला नहीं मिला। बता दें कि प्रदेश का रिकवरी रेट 98.7 प्रतिशत है।

## लंदन से लखनऊ पहुंचा युवक निकला कोरोना पॉजिटिव

**● इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल में कराया गया भर्ती**

**● जीनोम सीक्वेंसिंग कराने के लिए किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी भेजा गया सैंपल**

**सरोजनीनगर।** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मंगलवार की सुबह एक अन्तर्राष्ट्रीय एयरलाइंस से पहुंचे युवक आरटीपीसीआर जांच में कोरोना पॉजिटिव मिला। यहां खबर फैलते हुए एयरपोर्ट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ ही उसके साथ विमान में आए अन्य यात्रियों में हडकम्प मच गया। एयरपोर्ट अधिकारियों की सूचना पर एयरपोर्ट पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने युवक को इलाज के लिए बाराबिरवा स्थित लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया। युवक की जीनोम सीक्वेंसिंग कराने के लिए सैंपल किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी भेजा गया है। यात्री के साथ जहाज से आए सभी 160 यात्रियों की रैपिड पीसीआर जांच कराई गई है। फिलहाल सभी यात्रियों की रिपोर्ट नेगेटिव आने के बावजूद भी सभी यात्रियों को होम आइसोलेट रहने के निर्देश दिए गए है। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक मंगलवार को चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे दुबई से आए यात्रियों की आरटी पीसीआर जांच की गई। उक्त विमान से यहां पहुंचे एक यात्री की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आने की खबर फैलते हुए एयरपोर्ट परिसर में विमान में काम करने वालो में हड़कम्प मच गया। इसी सूचना मिलते ही एयरपोर्ट प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्वास्थ्य विभाग को घटना की जानकारी दी। आनन-फानन मौके पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने युवक इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया। लोक बंधु हॉस्पिटल के चिकित्सा अधीक्षक अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि यात्री के अंदर कोरोना के लक्षण नही दिखाई दे रहे। लेकिन आरटी पीसीआर जांच की रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर उसे यहां भर्ती कर लिया गया है। युवक की जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए सैंपल लखनऊ मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। सैंपल आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि यात्री किस वेरिएंट से संक्रमित है।



राजभवन में मंगलवार को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, उप्र के निदेशक ब्रिगेडियर रवि ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात कर उन्हें झण्डा लगाया। राज्यपाल ने इस अवसर पर सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास उप्र की स्मारिका का विमोचन तथा सैनिकों के कल्याण हेतु अंशदान भी किया।

# वकीलों के खिलाफ कितने आपराधिक मुकदमे विचाराधीन हैं: उच्च न्यायालय

**● हाईकोर्ट ने जिला जज से मांगा जवाब**

**विधि संवाददाता।** लखनऊ।

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने राजधानी के वकीलों के खिलाफ लंबित आपराधिक मुकदमों की जानकारी मांगी है। पीठ ने जिला जज से पूछा है कि वकीलों के खिलाफ कितने आपराधिक मुकदमे विचाराधीन हैं। उन मुकदमों के स्टेटस की जानकारी मुहैया कराएं। पीठ ने इसके साथ ही लखनऊ के पुलिस कमिश्नर को भी वकीलों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमों की जानकारी देने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 13 दिसंबर को होगी। जस्टिस राकेश श्रीवास्तव एवं जस्टिस शमीम अहमद की पीठ ने यह आदेश वकील पीयूष श्रीवास्तव की ओर से दाखिल एक याचिका पर दिया है। पीयूष व उनके साथी वकीलों पर निचली अदालत में एक मुकदमे की पैरवी करने पर कुछ वकीलों द्वारा ही हमला किया गया था। पीठ ने इस मामले की सुनवाई के दौरान इस बात का भी संज्ञान लिया कि वर्ष 2017 में लखनऊ की तत्कालीन सीजेएम संध्या श्रीवास्तव के साथ भी कुछ वकीलों ने अभद्रता की थी। पीठ ने कहा कि यह बहुत खेदजनक स्थिति है कि वर्ष 2017 में ही इस मामले में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है लेकिन अब तक आरोप तय नहीं हो सका है। पीठ ने जिला जज को यह भी बताने को कहा है कि क्या इस मामले में तत्कालीन सीजेएम ने अदालत की अवमानना का कोई संदर्भ भेजा था। पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान मौजूद डीसीपी पश्चिमीए सोमेन वर्मा ने एक पूरक शपथ पत्र दाखिल किया। बताया कि याचिकाकर्ता के मामले में शामिल वकीलों ने एलडीए द्वारा निर्मित एक कम्युनिटी सेंटर को भी गिरा दिया था। चार अक्टूबर 2021 को उनके खिलाफएफआईआर भी दर्ज की गई। लेकिन आज तक कोई गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है। एक महिला द्वारा एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज कराए गए एफआईआर में भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। यह भी बताया कि कि कुछ वकीलों ने कुशीनगर से आए पुलिसकर्मियों के साथ भी अभद्रता की थी। पीठ ने इन सभी मामलों में हुई कार्यवाही का ब्यौरा तलब करते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि कुछ वकीलों का संगठित समूह धन वसूली, मनी लॉण्ड्रिंग व ब्लैकमेलिंग आदि असामाजिक गतिविधियों में लिप्त है।

## कोरोना वायरस से बचाव के लिए एयरपोर्ट प्रशासन ने की व्यापक तैयारी

**सरोजनीनगर।** चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई एयरपोर्ट प्रशासन द्वारा यहां आने वाले यात्रियों के लिए नए मानदंडों के प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे और प्रक्रियाओं में निरंतर सुधार कर रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के नए दिशानिर्देशों को लागू करने के लिए सभी आवश्यक उपाय किये गये है। एयरपोर्ट प्रशासन द्वारा 50 यात्रियों को समायोजित करने के लिए पर्याप्त प्रतीक्षा स्थान के साथ ही चार-चार पंजीकरण एवं नमूना बूथ बनाए गये है और 95 रैपिड पीसीआर मशीनें भी लगाई गई है। एयरपोर्ट प्रवक्ता के मुताबिक यात्री अपनी सुविधा एवं इच्छा के अनुसार रैपिड पीसीआर और सामान्य आरटीपीसीआर में से कोई भी जांच करा सकते है। यात्री अपनी रैपिड जांच रिपोर्ट 30 मिनट एवं आरटीपीसीआर पांच-छह घंटे में प्राप्त कर सकते है।

## अश्लील वीडियो भेज कर रिटायर अधिकारी से वसूले 22 लाख, मुकदमा दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** में अश्लील वीडियो बनाकर एक रिटायर अधिकारी से 22 लाख वसूल करने वाले गिरोह के खिलाफ गोमतीनगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सेक्सटार्शन करने वाले गिरोह ने इस बार रिटायर अधिकारी को निशाना बनाते हुए 22 लाख रुपये वसूल लिए। आरोपियों ने वृद्ध को पहले अन्जान नम्बरों से मैसेज भेजे। फिर एक महिला की आपत्तिजनक वीडियो वृद्ध के नम्बर पर भेजी गई। इसके बाद रिटायर अधिकारी को अन्जान नम्बर से कॉल आने लगे। फोन करने वालों ने एक महिला का आपत्तिजनक वीडियो वृद्ध के मोबाइल नम्बर से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मौजूद होने की बात कहते हुए मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। वृद्ध को झांसे में फंसाने के बाद उनसे करीब 22 लाख रुपये ऐंठ लिए गए। वहीं गोमतीनगर निवासी वृद्ध के मुताबिक 30 अगस्त को उनका मोबाइल पर एक कॉल आई थी। इसके बाद उनका फोन हैक कर लिया गया था। पीड़ित के मुताबिक जालसाजों ने वृद्ध के मोबाइल नम्बर पर एक आपत्तिजन वीडियो भेजी थी। जिसे उन्होंने गलती से खोल दिया था। गंदी वीडियो होने के कारण वृद्ध ने तत्काल उसे बंद कर दिया था। लेकिन वीडियो खोलने के चंद मिनट बाद ही उनके पास अन्जान नम्बर से फोन आ गया। कॉल करने वाले ने संजय सिंह के तौर पर परिचय देते हुए यूट्यूब कर्मी होने का दावा किया था। आरोपी ने वृद्ध से कहा कि आपके मोबाइल पर महिला का आपत्तिजनक वीडियो है। जिसे आपने देखने के साथ ही सोशल मीडिया पर अपलोड किया है।

## क्विक न्यूज

### स्टार आटो कैब्स के डायरेक्टरों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ।** एडीजे पीएम त्रिपाठी ने लाखों की धोखाधड़ी के एक मामले में वांछित स्टार आटो कैब्स के डायरेक्टर रीना अटल व मृणाल अटल की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। एडीजे पीएम त्रिपाठी ने प्रथम दृष्टया मुल्जिमों के अपराध को गंभीर करार दिया है। छह मार्च 2011 को इस मामले की एफआईआर आदित्य नारायण ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील दुष्यंत मिश्र व अरुण पांडेय के मुताबिक आदित्य ने इस कम्पनी में 18 लाख रुपया इन्वेस्ट किया था। जिसके एवज में कम्पनी ने उसे एडवांस चेक के माध्यम से पेमेंट करने का एग्रीमेंट किया था। लेकिन जब चेक जमा कियाए तो पता चला कि कम्पनी के खाते में कोई पैसा नहीं है। कम्पनी के आफिस पहुंचाए तो मालुम हुआ कि मुल्जिम फरार हैं।

### डेंगू के चार नए मरीज मिले

**लखनऊ।** राजधानी में मंगलवार को डेंगू के चार नए मरीज पाए गए हैं। यह मरीज अलीगंज, इन्दिरानगर, एनके रोड, सिल्वर जुबली में पाये गये हैं। आज कुल 2264 घरों तथा विभिन्न मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया।जनपद में डेंगू रोग के प्रभावी नियन्त्रण हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी लखनऊ के निर्देशानुसार नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीम द्वारा राजाजीपुरम, सआदतगंज, त्रिवेणीनगर, फैजुल्लागंज, राजीव गॉधी प्रथम, मैथलीशरण गुप्त, मालवीयनगर, चित्रगुप्त वार्ड के आस पास के क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान क्षेत्रीय जनता को क्या करें, क्या न करें सम्बन्धी स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी।

### रोबोट के जरिए बायोप्सी करने वाला देश का तीसरा संस्थान बना पीजीआई

**लखनऊ।** रोबोट के जरिये बायोप्सी करने वाला देश का तीसरा संस्थान पीजीआई बन गया है। पहले यह सुविधा चंडीगढ़ पीजीआइ और एम्स दिल्ली में ही उपलब्ध थी। पीजीआई विशेषज्ञों का कहना है कि इस तकनीक से बायोप्सी करने का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह लगभग दर्द रहित है। इसमें मात्र एक इंजेक्शन की तरह नाममात्र की चुभन महसूस होती है। प्रोस्टेट कैंसर पकड़ने की दर में बढ़ोतरी के लिए पीजीआइ ने पेट स्कैन गाइडेड बायोप्सी स्थापित किया है। इस तकनीक से सीधे ट्यूमर से बायोप्सी लेना संभव होगा। अभी तक अल्ट्रासाउंड गाइडेड बायोप्सी में ट्यूमर के सही स्थित का पता न लगने के लिए प्रोस्टेट के कई जगह से बायोप्सी लेनी पड़ती थी। जिससे कई बार कैंसर का पता नहीं लग पाता था। इस तकनीक को स्थापित करने वाले यूरोलॉजिस्ट एवं किडनी ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ प्रो संजय सुरेखा और न्यूक्लियर मेडिसिन के डा आफताब नजर के मुताबिक पेट गाइडेड बायोप्सी में पहले प्रोस्टेट में कैंसर की सही स्थिति का पता लगाते है फिर रोबोट से शरीर के ऊपरी सतह से कितने अंदर कहां पर स्थित है पूरी पोजिशनिंग करने के बाद ट्यूमर से बायोप्सी रोबोट के जरिए ली जाती है। इससे कैंसर को पकडना काफी आसान हो गया है। इस नयी विधि से अब तक करीब 15 केस में सफल बायोप्सी की जा चुकी है।

### क्रिसमस व नये साल पर धारा 144 के उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई

**लखनऊ।** आगामी 25 दिसंबर 2021 को क्रिसमस डे और 31 दिसंबर यानी नए साल वर्ष 2022 के आगाज़ पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर राजधानी लखनऊ में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। इस दौरान शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाकों में भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात रहेंगे। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून.व्यवस्था पीयूष मोर्डिया के मुताबिक आगामी 25 दिसंबर और नए साल पर होने वाले कार्यक्रमों के मौके पर सुरक्षा के मद्देनजर कड़े इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान किसी ने धारा 144 का उलंघन किया तो उसके खिलाफकड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यही नहीं इस दौरान एक किलोमीटर के दायरे तक ट्रैक्टर-ट्रॉली, बैलगाड़ी, भैंसा गाड़ी, तांगा गाड़ी के अलावा ज्वलनशील पदार्थ, सिलेंडर, घातक पदार्थ व हथियार लेकर आने के लिए पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा बिन अनुमति के किसी तरह का कोई भी आयोजन नहीं करेगा और पांच से अधिक लोग जुलूस निकालने पर भी रोक रहेगी।

### नाम बदलकर युवती का शोषण करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ ।** राजधानी की गाजीपुर पुलिस ने एक ऐसे नवाजिश बिन शमश नाम के शातिर को गिरफ्तार किया है जिसने अपना नाम बदलकर एक दलित युवती से प्यार का नाटक किया और उसे शादी का झांसा देकर उसके ढाई लाख रुपए हड़प लिए। पुलिस उपायुक्त अपराध प्राची सिंह ने बताया कि बसखारी अंबेडकर नगर के रहने वाले नवाजिश बिन शामश ने अलीगंज क्षेत्र की रहने वाली दलित युवती को अपना नाम विशाल सिंह ठाकुर बताकर उसे अपने प्रेम जाल में फंसाया था और उसे शादी का झांसा देकर न सिर्फउसका यौन शोषण किया बल्कि उसके ढाई लाख रुपए भी हड़प लिए। पीड़ित युवती के द्वारा अलीगंज थाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया था जिसकी विवेचना एसीपी गाजीपुर के द्वारा की जा रही थी । पीड़ित की तहरीर पर अलीगंज थाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया था।

## एमसीए, बीसीए और बीटेक की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं एक जनवरी से

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से मंगलवार को एमसीएए बीसीएए बीटेक और विषम सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। परीक्षाए एक जनवरी से शुरू होंगी। इस परीक्षा में विश्वविद्यालय और सम्बद्ध महाविद्यालयों के तकरीबन 18 हजार छात्र-छात्राएं शामिल होंगे।परीक्षा नियंत्रक प्रो एएम सक्सेना ने बताया कि बीटेक तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं एक जनवरी से 13 जनवरी तक एक पाली, बीटेक पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा तीन से 13 जनवरी एवं बीटेक सातवें सेमेस्टर की परीक्षाएं तीन जनवरी से 12 जनवरी तक सुबह 9 से 12 बजे की पाली में होंगी। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि एमसीए तीसरे और पांचवे सेमेस्टर की परीक्षाएं 1 जनवरी से 12 जनवरी तक दो पालियों में होंगी। पहली पाली सुबह 9 से 12 एवं दूसरी पाली दोपहर दो से पांच बजे तक होगी। इसके साथ ही बीसीए तीसरे एवं पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा एक जनवरी से शुरू होकर 12 जनवरी तक चलेंगी। परीक्षाएं दो पालियों में होंगी। वहीं एमसीए, बीटेक और बीसीए सेमेस्टर परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपडेट कर दिया गया है। परीक्षाओं के लिए लखनऊ में नोडल परीक्षा केन्द्र दो से तीन दिनों में बनाए जाएंगे। वहीं रायबरेलीए सीतापुरए हरदोई और लखीमपुर के लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हुए महाविद्यालयों की परीक्षा दिसम्बर 2021 के लिए प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों की सूची जारी कर दी गई है। विश्वविद्यालय ने रायबरेली, सीतापुरए हरदोई और लखीमपुर में सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रस्तावित नोडल केन्द्र बना दिए हैं।

## जानलेवा हमले के आरोप में फरार चल रहा दस हजार का इनामी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**चिनहट** पुलिस ने बीते 10 अक्टूबर 2021 गोरखपुर जिले सेवई गांव निवासी सत्यम सिंह के मित्र नितिश सिंह के ऊपर जानलेवा हमला करने का आरोपी जनपद देवरिया व हाल पता चिनहट के दयाल रेजीडेंसी निवासी दिव्यांशु सिंह को कमता चौराहे के पास से मंगलवार को धर दबोचा। वारदात के बाद से दिव्यांशु वांछित था। उसकी गिरफ्तारी पर दस हजार का इनाम घोषित था। पुलिस को पकड़े गए इनामी बदमाश के पास से एक मोबाइल व एक हजार रुपए की नकदी मिली है। इंस्पेक्टर चिनहट घनश्याम मणि त्रिपाठी के मुताबिक बीते 10 अक्टूबर 2021 को गोरखपुर जिले सेवई गांव निवासी सत्यम सिंह ने लिखित तहरीर देकर बताया कि दिव्यांशु सिंह अपने साथियों दीपू सिंह, लवली सिंह, जेपी सिंह व अन्य लोगों ने सत्यम के मित्र नितिश सिंह को जान से मारने की नीयत से हमला कर लहुलुहान कर दिया था, जिससे वह कई दिनों तक अस्पताल में भर्ती थे।

### महिला से 67 लाख रुपये की जालसाजी

**लखनऊ।** राजधानी के कृष्णानगर इलाके में कानपुर स्थित आयल फर्म संचालकों ने एक महिला व्यापारी से सामान बेचने के नाम पर 67 लाख रूपये की जालसाजी की है। पीड़िता ने डीसीपी मध्य से मिल कर शिकायत की थी। जिसके बाद कृष्णानगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है।केसरीखेड़ा निवासी कृतिका चौधरी की फर्म खाद्य तेल का व्यापार करती है। कृतिका के मुताबिक कानपुर फजलगंज में मां अम्बे ट्रेडर्स है, जिसका संचालन रेखा गुप्ता करती हैं। उनके साथ ही पनकी औद्योगिक एरिया में गणेश इंडियन ऑयल मिल है। जिसके प्रोपराइटर आनन्द गुप्ता हैं। कृतिका के अनुसार उनका इन दोनों ही फर्मों के साथ व्यापार होता था। नवंबर में कृतिका ने फर्मों को 67 लाख रुपये के तेल का आर्डर दिया था।

## साफ-सफाई व गंदे पानी की शिकायतों का महापौर ने किया निस्तारण



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मंगलवार** को लोकमंगल दिवस का आयोजन हजरतगंज और ऐशबाग में किया गया जिसमें महापौर संयुक्ता भाटिया ने जनता की समस्याओं की सुनवाई कर उनके निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। महात्मा गाँधी मार्ग के सरस्वती मंदिर निवासी सुमन मिश्रा ने महापौर को बताया कि मंदिर के आस पास सफाई नही होती है जिसपर महापौर जोनल अधिकारी को सफाई कराने के लिए निर्देशित किया। रस्तोगी टोला निवासी राजीव ने महापौर को बताया कि उनके मोहल्ले में एक अवैध मूत्रालय बना हुआ है जिससे स्थानीय निवासियों को समस्या हो रही है। जिस पर महापौर ने जोनल अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। यहियागंज के कायस्थ गली के स्थानीय निवासियों ने महापौर को बताया कि समरसेबिल से गंदा पानी आ रहा है जिसपर महापौर ने नगर अभियंता को समस्या निस्तारण के लिए निर्देशित किया। रामू शंकर निवासी बेगमगंज ने महापौर संयुक्ता भाटिया को बताया कि उनके इलाके में नाला पर लगे ढक्कन टूट गए है, जिससे जानवर और इंसान नालो में गिर रहे है, जिसपर महापौर संयुक्ता भाटिया ने नगर अभियंता को तत्काल समस्या निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान कुल 49 शिकायतें पंजीकृत की गई ।

## एकेटीयू ने शुरू की संस्थानों को एनआईआरएफ रैंकिंग दिलाने की कवायद

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्रविधिक विश्वविद्यालय में मंगलवार को विवि के कुलपति प्रो विनीत कंसल ने पत्र जारी कर सम्बद्ध संस्थानों को नेशनल इंस्टिट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में प्रतिभाग करने के लिए निर्देश जारी किये गए हैं। प्रो कंसल द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में ज्यादा से ज्यादा सम्बद्ध संस्थानों को एनआईआरएफ रैंकिंग के लिए प्रतिवेदन करने का आग्रह किया गया है। बता दें कि विगत वर्ष विश्वविद्यालय के छह सम्बद्ध संस्थानों को एनआईआरएफ रैंकिंग में स्थान प्राप्त हुआ था। राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय के सम्बद्ध संस्थानों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए यह एक बेहतर प्रयास माना जा सकता है। वहीं विवि के कुलपति प्रो विनीत कंसल की तरफसे सम्बद्ध संस्थानों को रक्त दान शिविरों के आयोजन की अपील की गई है।

**एकेटीयू**

# काउंसिलिंग से कम सीधे दाखिले से भरीं ज्यादा सीटें

**● काउंसिलिंग के माध्यम से 19057 विद्यार्थियों ने जबकि सीधे प्रवेश प्रक्रिया से 70559 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डॉ. एपीजे** अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय इस बार दाखिले में सबसे ज्यादा सीटें भर कर भले ही अपनी पीठ थपथपा रहा है। पर हकीकत यह है कि यह सीटें विवि की काउंसलिंग के जरिये नहीं बल्कि कालेजो ने खुद सीधे दाखिले से भरी हैं। जबकि काउंसिलिंग के जरिये महज 19057 सीटें ही भर पाई हैं।


वर्तमान में विश्वविद्यालय से प्रदेश के 763 इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेज सम्बद्ध हैं। इन कॉलेजों के स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में लगभग 1 लाख 9 हजार सीटें हैं। इनमें दाखिले के लिए विश्वविद्यालय खुद प्रवेश परीक्षा कराता रहा है पर वर्तमान शैक्षिक सत्र में दाखिले के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने प्रवेश परीक्षा कराई। इसके बाद गत वर्षो की भांति दो तरह से दाखिले की प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई है। पहले काउंसलिंग के जरिए और फिर सीधे प्रवेश प्रक्रिया से दाखिले लिए गए। विश्वविद्यालय के अनुसार इस बार सात राउंड की काउंसलिंग में 19057 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है। वहीं सीधे प्रवेश प्रक्रिया (स्पॉट कांउसिलिंग) से 70559 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया। इस तरह करीब 89616 विद्यार्थियों को दाखिला मिला है। इससे साफहै कि विद्यार्थियों का काउंसलिंग पर विश्वास नहीं रहा है। उन्हें सीधे प्रवेश की प्रक्रिया अधिक पसंद आ रही है।

### काउंसिलिंग से कुछ ही कालेजों में ही भरती है सीटें

काउंसलिंग के जरिये सरकारी व कुछ नामचीन कालेजों को छोड़ दें तो बाकी सभी कॉलेजों में सीटें सीधे दाखिले के जरिये ही भर पाती हैं। कालेजों की तरफसे सीटें भरे जाने के पीछे सूत्रों का कहना है कि कॉलेज सिर्फस्कालरशिप के नाम पर सीटें भरते हैं। कालेज छात्रों को दाखिला तो अपने स्तर से ले लेते हैं पर जब स्कालरशिप आती है तो कालेज छात्र से जमा करा लेते हैं।

### छात्रों का रुझान सकारात्मक

विवि का दावा है कि सम्बद्ध संस्थानों के प्रति छात्रों का रुझान सकारात्मक रहा है। यहीं वजह है कि इस बार दाखिले का प्रतिशत बढ़ा है। दाखिले की अंतिम तिथि तक लगभग 89616 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है। कुल सीटों की तुलना में इस बार प्रवेश प्रतिशत 82.21 प्रतिशत रहा है। इसकी मुख्य वजह यह है कि गत वर्षों में विश्वविद्यालय द्वारा केंद्रीयकृत प्लेसमेंट और इनोवेशन जैसी सुविधाएं विद्यार्थियों को मुहैया करवाई गयी है। इससे भी विश्वविद्यालय के प्रति विद्यार्थियों का रुझान सकारात्मक हुआ है।



**छेड़छाड़ में तीन साल की सजाः** लखनऊ। पॉक्सो के विशेष जज राम बिलास प्रसाद ने एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने के आपराधिक मामले में मुल्जिम सुखराम को तीन साल की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। मामले की एफआईआर पीड़िता के पिता ने थाना मलिहाबाद में दर्ज कराई थी।

**Indian Institute of Sugarcane Research, Rae Bareli Road,**
**Post - Dilkusha, Lucknow - 226 002, India**

No 13-86/2021-Admn.I Dated : 04.12.2021

**Walk-in-Interview**

Walk-in-Interview for the following contractual position under time bound project as per details given below :-

| Sl.No. | Name of the Position | No. of Vaccancy | Date & Time of Interview |
|---|---|---|---|
| 1 | Research Associate III | 01 | 21.12.2021 11:00 AM |
| 2 | Senior Project Associate | 02 | 21.12.2021 02:00 PM |
| 3 | Scientific Assistant | 01 | 22.12.2021 11:00 AM |
| 4 | Young Professional - I | 01 | 23.12.2021 11:00 AM |
| 5 | Young Professional - I | 01 | 23.12.2021 02:00 PM |
| 6 | Young Professional - I | 01 | 24.12.2021 11:00 AM |
| 7 | Young Professional - I | 01 | 24.12.2021 02:00 PM |

For further details as qualifications, age and other terms and conditions etc., please refer tothe Institute's Website ***https://iisr.icar.gov.in.***
For any change/updation will be published on website only.

**(R.K Yadav)**
**Assistant Administrative Officer**
**& I/c Adm.I**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**सार्वजनिक अधिसूचना**

रेलवे लाइनों और परिसरो के सभी उपयोगकर्ताओ को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि पूर्वोत्तर रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर शिरोपरि कर्षण तारो को खण्ड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद में 25000 वोल्ट 50 हर्टज एसी पर चार्ज किया जायेगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरि कर्षण लाइन को समय विद्युतमय माना जाएगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस षिरोपरि लाइन की सामीप्यता में दाखिला होने या काम करने नहीं जाएगा। **क्रमः**–01,**खण्डः**–आजमगढ़ (Excl.) – शाहगंज (Excl.), **तारीखः**– 20.12.2021

**मुख्य विद्युत इन्जीनियर/निर्माण**
**मुजाधि/विद्युत–70** **गोरखपुर**

**यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.–09794845955 पर SMS करें**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

# सही व समय से करें आयकर का भुगतानः आशीष वर्मा

## ● चार माह में 7000 करोड़ वसूलेगा विभाग



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आयकर** विभाग चार माह में 7000 करोड़ रुपये की राजस्व वसूली करेगा। प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त पूर्वी आशीष वर्मा ने कहा कि करदाता समय से और सही आयकर का भुगतान कर दें। जो करदाता कर की चोरी करेंगे वे फंसेंगे।

प्रत्यक्ष कर भवन में पत्रकारों से बात करते हुए आशीष वर्मा ने कहा कि कारोबारियों की ओर से भरे जाने वाले एडवांस टैक्स की तय तारीख 15 दिसंबर आने वाली है। कारोबारी तत्काल एडवांस टैक्स का भुगतान कर दें। पूर्वी परिक्षेत्र में यूपी के 45 एवं उत्तराखंड के 6 जिले कुमाऊं मंडल आते हैं। चालू वित्तीय वर्ष में इन जिलों से 14 हजार करोड़ रुपये का राजस्व वसूलने का लक्ष्य था जिसमें से अब तक 7000 करोड़ की वसूली हो चुकी है। शेष लक्ष्य वित्तीय वर्ष के बचे महीनों में पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब तक हुई वसूली पिछले साल के मुकाबले 49 फीसदी ज्यादा है। एक साल में 1.63 लाख आयकर दाता बढ़े हैं। परिक्षेत्र में कुल 21 लाख करदाता हैं। उन्होंने कहा कि मुंबई एवं बेंगलुरु के मुकाबले यूपी में आयकर का ग्राफ कम है। बिजनेस कम होने के साथ ही यूपी में कारोबारी आयकर की चोरी करते हैं। मगर अब आयकर की चोरी करने वाले बच नहीं पाएंगे। जांच इकाई आयकर न भरने वालों का जानकारी हासिल कर रही है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बिसवाँ, जनपद – सीतापुर

संख्या – 233/ए/न0पा0परि0बि0/2021–22 दिनांक : 07.12.2021

**–:: ई–निविदा आंशिक संशोधित सूचना ::–**

अधोहस्ताक्षरी कार्यालय पत्र संख्या 220/ए/न0पा0परि0बि0/2021–22 दिनांक 27.11.2021 द्वारा जो ई–निविदा का प्रकाशन हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय सहारा एवं पायनियर में दिनांक 28.11.2021 को कराई गई थी तथा जिसकी नियम व शर्ते वेबसाइट पर अपलोड की गई हैं के बिन्दु संख्या 10 हेतु प्राप्त सक्षम स्तर से दिशानिर्देश के अनुपालन में उक्त शर्त से ई–निविदा में भाग लेने हेतु छूट दी जा रही है। ई–निविदा की शेष नियम व शर्ते यथावत रहेंगी।

| | | |
|---|---|---|
| **कर अधीक्षक** | **अधिशासी अधिकारी** | **अध्यक्ष** |
| **नगर पालिका परिषद** | **नगर पालिका परिषद** | **नगर पालिका परिषद** |
| **बिसवाँ–सीतापुर** | **बिसवाँ–सीतापुर** | **बिसवाँ–सीतापुर** |

**23 कोरोना पीड़ित परिवारों को मिलेगा मुआवजाः** मोहनलालगंज। कोरोना काल में अपनों को खो चुके मोहनलालगंज तहसील के तकरीबन दो दर्जन परिवारों को मुआवजा देने की तैयारी है। तहसील प्रशासन ने कागजी खानापूरी कर वारिसों की लिस्ट जिला प्रशासन को भेज दी है। मोहनलालगंज तहसील में कोरोना संक्रमण की चपेट में आकर दम तोड़ चुके कुल 23 लोगों के परिवार को पचास हजार का मुआवजा देने के लिए पात्र पाया गया है।

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बेहन्दर–हरदोई

पत्रांक : 1246/लेखा0/रा०वित्त0–15वां०वि0/क्षेत्र पंचा0/टेण्डर–आमं0/2021–22 दिनांकः 02.12.2021

**अल्पकालीन टेण्डर/कुटेशन आमंत्रण**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, कि पंचम राज्यवित्त/15वाँ वित्त योजनान्तर्गत क्षेत्र पंचायत बेहन्दर में वर्ष 2021–22 में प्रस्तावित/चयनित कार्यो को कराया जाना है। सम्पूर्ण कार्य कराने हेतु विकास खण्ड बेहन्दर में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार निविदायें बन्द लिफाफे निविदा आंमत्रित की जाती हैं। निविदायें विकास खण्ड कार्यालय बेहन्दर मे दिनाकः 15.12.2021 से दिनाक : 16.12.2021 को 12:00 बजे तक कार्य दिवस में निविदा प्रपत्र क्रय किये जा सकते हैं। दिनांक 16.12..2021 को 01:00 बजे अपरान्ह से ठेकेदार/फर्म अथवा उनके नामित प्रतिनिधियों के द्वारा विकास खण्ड में रखी निविदा पेटिका में निविदा डाली जायेगी। दिनांक 16.12.2021 को अपरान्ह 03:00 बजे से कार्यालय में गठित त्रिसदस्यीय समिति के द्वारा टेण्डर/निविदायें अधोहस्ताक्षरी के सम्मुख खोली जायेगी, तथा दिनांक 16.12.2021 को त्रिसदस्यीय समिति के द्वारा तुलनात्मक विवरण तैयार कर कार्य कराने हेतु पृथक से आदेशित किया जायेगा, कार्य का नाम एवं प्राक्कलन का विवरण निम्नवत् है –

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | कार्य का विवरण | स्वीकृत प्रकलन के अनुसार लागत GST सहित | जमानत धनराशि | टेण्डर बिक्री धन0 | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | बकुई खडण्जा से राजकुमार के घर तक नन्दाखेड़ा खडण्जा एवं मिट्टी कार्य। | 15वां वित्त आयोग | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 683525.00 | 34500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 02 | विकास, खण्ड बेन्हदर के अन्तर्गत थाना कासिमपुर में भवन एवं शौचालय मरम्मत कार्य। | 15वां वित्त आयोग | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 892746.00 | 45000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 03 | असही आजमपुर रोड से बेहन्दर कला तक मिट्टी एवं खण्डंजा मरम्मत कार्य। | 15वां वित्त आयोग | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 306455.00 | 15500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 04 | पशु चिकित्सालय बेहन्दर में पुरानी बिल्डिंग मरम्मत एवं रंगाई–पुताई कार्य | 15वां वित्त आयोग | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 471557.00 | 24000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 05 | भिठारा खडण्जा से छत्ताखेड़ा तक मिट्टी एवं खण्डजा कार्य। | 15वां वित्त आयोग | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 732336.00 | 36500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 06 | सैदुपर से कछौना बार्डर तक मिट्टी एवं खण्डजा कार्य। | 15वां वित्त आयोग | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 892315.00 | 44500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 07 | बहलोलपुर में कामता से घर से विजय गौतम तक नाली निर्माण कार्य। | 15वां वित्त आयोग | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 602628.00 | 30500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 08 | विकास खण्ड बेहन्दर भवन में मरम्मत एवं रंगाई पुताई कार्य। | 15वां वित्त आयोग | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 550074.00 | 27600.00 | 500.00 | 3 माह |
| 09 | विहारीपुर डामररोड से चौराहे से सोहन के खेत तक खण्डंजा एवं मिट्टी कार्य। | पंचम राज्यवित्त | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 888394.00 | 44500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 10 | बेचेलाल के खेत से नन्दाखेड़ा तक खण्डजा मरम्मत कार्य। | पंचम राज्यवित्त | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 888106.00 | 44500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 11 | रज्जाकखेड़ा से गोविन्दखेड़ा तक खण्डजा मरम्मत कार्य। | पंचम राज्यवित्त | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 489676.00 | 24500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 12 | करीमनगर स्कूल से लालता के खेत तक खण्डजा मरम्मत कार्य। | पंचम राज्यवित्त | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 886280.00 | 44500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 13 | रूकमगल के खेत से सारदा नगर तक खण्डजा एवं मिट्टी कार्य। | पंचम राज्यवित्त | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 689677.00 | 34500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 14 | छत्रपाल पुत्र बच्चू के घर से रूकमंगल पुत्र ठाकुरी के खेत तक खण्डजा एवं मिट्टी कार्य । | पंचम राज्यवित्त | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 805094.00 | 40500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 15 | रामआसरे के खेत से राधेश्याम के खेत तक खण्डजा एवं मिट्टी कार्य। | 15वां वित्त आयोग | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 811330.00 | 40500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 16 | दमगढ़ा ब्रम्हाबाबा से राकेश के खेत तक खडण्जा एवं मिट्टी कार्य। | 15वां वित्त आयोग | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 887517.00 | 44500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 17 | असही आजमपुर रोड से ब्लाक परिसर के किनारे –किनारे वाउड्रीवाल खण्डजा मरम्मत कार्य। | पंचम राज्यवित्त | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 306086.00 | 15500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 18 | कोडरी तिराहे से गौशाला तक खण्डजा मिट्टी कार्य। | पंचम राज्यवित्त | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 551535.00 | 27500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 19 | कैलाश के घर से तिराहे तक खण्डजा एवं मिट्टी कार्य। | पंचम राज्यवित्त | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 884103.00 | 44300.00 | 500.00 | 3 माह |
| 20 | कासिमपुर असही मार्ग से बकुई तक खण्डजा मरम्मत कार्य । | पंचम राज्यवित्त | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 360058.00 | 18100.00 | 500.00 | 3 माह |
| 21 | गोगावा डामर से रामू के खेत तक खण्डजा मरम्मत कार्य। | पंचम राज्यवित्त | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 670933.00 | 33600.00 | 500.00 | 3 माह |

नोट : – कुटेशन/निविदा आमंत्रण से सम्बन्धित शर्तें/प्रतिबंध निम्नवत् है।

1– उपरोक्त टेण्डर आंमत्रण में केवल जी0एस0टी0 पंजीकृत फर्मो के टेण्डर स्वीकार किये जायेंगे, तथा पी0डब्लू0डी0 द्वारा अनुमन्य/स्वीकृति प्राक्कलित दर से अधिक दर से किसी भी दशा में स्वीकार नहीं होगा।

2– उपरोक्त कुटेशन/निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

3– जमानत धनराशि 5 प्रतिशत धनराशि बचत पत्र/एफ0डी0/बैक ड्राफ्ट/नगद ख0वि0अ0 बेहन्दर के पक्ष मे जमा करना होगा तथा 5 प्रतिशत जमानत धनराशि निविदा/कोटेशन स्वीकृत होने के उपरान्त जमा करना होगा। इस धन0 को निर्धारित समय सीमा के उपरान्त वापस कर दिया जायेगा।

4– फर्म के मूल अभिलेखों से मिलान करने में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

5– जी0एस0टी0 का भुगतान सम्बन्धित फर्म द्वारा किया जायेगा। टेण्डर स्वीकृत के उपरान्त कार्यादेश जारी होने के उपरान्त ही ठेकेदार के द्वारा कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

6– प्रत्येक निविदा दाता निविदा देने के पहले अनिवार्य रूप से कार्य स्थल का निरीक्षण कर लें निविदा प्राप्त होने के बाद साइट से सम्बन्धित कोई भी बाधा का उल्लेख मान्य नहीं होगा।

7– निविदा स्वीकृत के उपरान्त 03 दिन के अन्दर अनुबंध तैयार करवा लेना होगा अन्यथा घनराशि जब्त करते हुए निविदा निरस्त कर दी जायेगी

8– समस्त कार्य एम0ओ0आर0टी0ए0एच0 लोक निर्माण विभाग की विस्तृत विशिष्टियों के अनुरूप कार्य कराये।

9– किसी भी विवाद की स्थिति मे न्याय क्षेत्र हरदोई ही होगा। निविदादाता विस्तृत जानकारी प्रपत्र के साथ बिल आफ क्वांटिटी से की जा सकती है, एवं अन्य जानकारी कार्यालय कार्यदिवस में विकास खण्ड के लेखाकार या अवर अभियन्ता से प्राप्त कर सकते हैं।

| | |
|---|---|
| **प्रमुख** | **खण्ड विकास अधिकारी** |
| **क्षेत्र पंचायत बेहन्दर** | **बेहन्दर–हरदोई।** |

# काकोरी शहीद दिवस पर तीन दिन होंगे विशेष कार्यक्रम



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**काकोरी** शहीद दिवस की 94वी वर्षगांठ पर होने वाले कार्यक्रमों की जिलाधिकारी द्वारा एक बैठक की। काकोरी शहीद दिवस पर 17, 18, 19 दिसंबर तीन दिन आयोजित विशेष कार्यक्रम किये जाने के निर्देश दिए। कवि सम्मेलन, मुशायरा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बैंड वादन, अभिलेख प्रदर्शनी, चित्रकारी, राष्ट्रीय गीत गायन कार्य्रकम के मुख्य आकर्षण होंगे।

शहीद स्मारक में स्थापित पांचो शहीदों की मूर्तियों पर राज्यपाल द्वारा माल्यापर्ण किया जाएगा। सभी तैयारियां 10 दिसंबर तक पूरी करने के मातहतो को निर्देश दिये। मंगलवार को आगामी 19 दिसं बर को काकोरी शहीद दिवस की 94वी वर्षगांठ पर शहीद स्मारक बाज नगर, हरदोई रोड पर शहीद दिवस के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक ज़िलाधिकारी अभिषेक प्रकाश की अध्यक्षता में की गई। बैठक में उपस्थित स्वतंत्रता सेनानी आश्रित एवं सदस्य, शहीद स्मृति समिति, उदय खत्री ने बताया कि हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के महान क्रांतिकारी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में जिले के काकोरी कस्बे में भारतवर्ष के क्र ांतिकारियों ने 9 अगस्त 1925 को 8 डाउन लखनऊ सहारनपुर पैसेंजर ट्रेन में रखें अंग्रेजों के खजाने को लूटा था। बाद में ट्रेन के खजाने को लूटने वाले क्रांतिकारियों को अंग्रेज सरकार ने फांसी दे दी थी।

## पीएम आवास योजना के आवंटियों के लिए लगा ऋण शिविर

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री आवास योजना के आवंटियों की सुविधा के लिए मंगलवार को एलडीए भवन में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बैंक ऑफ इण्डिया के अधिकारियों द्वारा आवंटियों को गृह ऋण से सम्बन्धित समुचित जानकारी दी गई। इस मौके पर कई आवंटियों ने समस्त औपचारिकताएं पूरी करते हुए गृह ऋण के लिए आवेदन भी किया। यह शिविर 8 एवं 9 दिसम्बर को भी जारी रहेगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शारदानगर और बसंतकुंज योजना में लगभग 4500 मकान आवंटित किये हैं। इन भवनों की कीमत 6.50 लाख रूपये है जिसमें सरकार द्वारा प्रत्येक लाभार्थी को 2.50 लाख का अनुदान दिया जा रहा है। वहीं लाभार्थियों को अपनी तरफ से लगभग 4 लाख जमा करने हैं। कई लाभार्थियों द्वारा असमर्थता जताते हुए प्राधिकरण के उपाध्यक्ष से मुलाकात करके समस्या का समाधान कराने की अपील की गई थी।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की एक साइड 31 दिसंबर तक खोलने के दिए निर्देश

**लखनऊ।** मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी ने मंगलवार को प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक में एक्सप्रेस वे परियोजनाओं और डिफेंस कॉरिडोर परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का एक साइड यातायात के लिए 31 दिसंबर तक खोला जाना है। इसलिए बचे हुए कामों को तेजी से पूरा किया जाए। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे की एक साइड भी जून-2022 तक यातायात के लिए खोलने के निर्देश दिए। बुंदेलखंड एक्सप्रेस.वे की दोनों साइड 30 अप्रैल तक यातायात के लिए खोलने की बात कही गई। मुख्य सचिव ने डिफेंस कॉरिडोर के लखनऊ नोड में लैंड बैंक बढ़ाने के निर्देश दिए। गंगा एक्सप्रेस-वे के प्रस्तावित शिलान्यास के लिए सभी जरूरी तैयारियां समय से पूरा करने पर जोर दिया। परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण करते हुए यूपीडा के सीईओ अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस.वे की एक साइड 31 दिसंबर और दोनों साइड 30 अप्रैल तक यातायात के लिए खोल दी जाएंगी। गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

# बेसहारा व गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाएगा कपड़ा बैंक



## ● शिवाय सेवा समिति के स्वयं सेवक मांग रहे पुराने कपड़ों का दान

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**कड़ाके** की ठण्ड में बेसहारा और गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए शिवाय सेवा समिति के बैनर तले युवाओं की टोली ने मोहनलालगंज में कपड़ा बैंक खोला है। युवा समाजसेवियों की यह टोली शिविर लगाकर लोगों से पुराने गर्म कपड़े जमा कर रही है। यही नहीं सोशल मीडिया के जरिए भी समिति लोगों से गैर उपयोग लायक कपड़े दान देने की अपील कर रही है। इस मुहिम के जरिए इकट्ठा हुए कपड़ों को समिति जनवरी माह में जगह.जगह शिविर लगाकर जरुरतमंद लोगों में वितरित करेगी। मोहनलालगंज के मऊ गांव में प्रख्यात शिक्षाविद आशीष चतुर्वेदी की अगुवाई में दर्जनों युवा समाजसेवियों की टोली मानव कल्याण के कार्यों में बढ़.चढ़कर हिस्सा लेती है। राष्ट्रसेवा की विभिन्न गतिविधियों में भागीदारी निभा रही शिवाय सेवा समिति के युवा समाजसेवियों ने ठण्ड में ठिठुरते बेसहारा मानसिक मंदित और गरीबों को राहत दिलाने के लिए गर्म कपड़े वितरित करने की तैयारी कर कपड़ा बैंक बनाया है। जिसके लिए समिति ने गांव में शिविर लगाने के साथ ही पुराने गर्म कपड़े दान करने के लिए सोशल मीडिया पर मोबाइल नंबर भी जारी किए हैं।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं॰ 59/2021**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है।

**क्र.सं. 1. कार्य का विवरण :** सी.से.इंजी./पीवे/इज्जतनगर एवं भोजीपुरा के अनुभाग में आउटसोर्सिंग के द्वारा ट्रैक मेन्टेनेंस का कार्य। स्वीकृत कार्य के अंतर्गत समइं/लाइन/इज्जतनगर के अनुभाग मे ट्रैक मेन्टेनर के रिक्त पदो के विरूद्ध एक वर्ष हेतु ट्रैक अनुरक्षण का कार्य कराया जाना। अनुमानित लागत रूपयो में : रू. 91,15,910.79, बयाना राशि रूपयो में : रू. 0.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य : 0.00, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।

**क्र.सं 2. कार्य का विवरणः** सी.से.इंजी./पीवे/बदायूँ के अनुभाग में आउटसोर्सिंग के द्वारा ट्रैक मैन्टेनेंस का कार्य। स्वीकृत कार्य के अंतर्गत समइं/लाइन/इज्जतनगर के अनुभाग मे ट्रैक मेन्टेनर के रिक्त पदो के विरूद्ध एक वर्ष हेतु ट्रैक अनुरक्षण का कार्य कराया जाना। अनुमानित लागत रूपयो में : रू. 52,22,842.60, बयाना राशि रूपयो में : रू. 0.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य : 0.00, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।

1. ई-निविदा दिनांक 30.12.2021 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०), इज्जतनगर**
**मुजाधि/डब्लू - 294**

**यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल न. 09794845955 पर SMS करें।**

**गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।**

# राजस्व सेवाओं के अधिकारियों ने मिशन कायाकल्प के कार्यों को देखा




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आईआईएम** लखनऊ में मिड कैरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम कर रहे इंडियन रेवेन्यू सर्विस के लगभग 40 अधिकारियों ने गांधीग्राम वृंदावन योजना लखनऊ में मिशन कायाकल्प के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों को देखा। पिछले वर्ष एसपी बाराबंकी रहते हुए डॉक्टर अरविन्द चतुर्वेदी ने चैनपुरवा गांव में सामाजिक परिवर्तन द्वारा कायाकल्प करने की पहल की थी। ये गांव पिछले तीन दशकों से अवैध शराब बनाने, बेचने और इस्तेमाल करने के लिए कुख्यात रहा है। विशाल भगहर झील से घिरा हुआ यह गांव बाजार, स्कूल, अस्पताल आदि सुविधाओं से वंचित है। जिला प्रशासन के सहयोग से यह पहल चैनपुरवा गांव के निवासियों को प्रेरित करते हुए उन्हें रोजगार के नए अवसर, ट्रेनिंग और समुचित लोन दिलवाने के लिए कृत संकल्प है। जिलाधिकारी बाराबंकी डॉ, आदर्श सिंह ने गाँव में वर्किंग शेड बनवा कर इस पहल को मजबूत किया है। सीडीओ बाराबंकी एकता सिंह के सहयोग से केंद्र और राज्य सरकार की लगभग 15 लाभकारी योजनाओं से गांव को संतृप्त करने का कार्य भी संबंधित सरकारी विभागों से समन्वय बना कर किया जा रहा है।

## यूपीनेडा 14 दिसम्बर तक मनाएगा ऊर्जा संरक्षण सप्ताह

**लखनऊ।** उप्र नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण यूपीनेडा 7 से 14 दिसम्बर तक ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मना रहा है। ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के प्रथम दिन 7 दिसम्बर को यूपीनेडा मुख्यालय पर आर्किटेक्ट्स, इन्जीनियर्स, रेरा के अधिकारियों के लिए ईसीबीसी आर्किटेक्ट्स एवं बिल्डर्स की भूमिका विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। निदेशक यूपीनेडा भवानी सिंह खंगारौत ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश द्वारा एनर्जी कन्जर्वेशन बिल्डिग कोड के नोटिफिकेशन के उपरान्त प्रदेश के बिल्डिंग बायलॉज में अंगीकार करते हुए आवास विकास एवं प्राधिकरणों द्वारा क्रियान्वयन किया जा रहा है। यूपीनेडा के ईसीबीसी सेल द्वारा विभिन्न संस्थानों को तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर सचिव यूपीनेडा ने अपने संबोधन में ईसीबीसी की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सभी भवनों को ईसीबीसी प्राविधान के अनुसार बनाने से ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। ईसीबीसी इन्चार्ज राम कुमार ने यूपीईसीबीसी कोड के बारे में अवगत कराया। यूपीनेडा के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी एवं एसडीए इन्चार्ज अशोक कुमार श्रीवास्तव ने सबका धन्यवाद किया।

## भैसों को बेचने के मामले में पुलिस बना रही सुलह का दबाव

**निगोहां।** निगोहां पुलिस द्वारा बरामद 24 भैंस बेचने के मामले को लेकर एक समाजसेवी ने पुलिस महानिरीक्षक से उच्चस्तरीय जांच कर दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की मांग की है। वही इस मामले में पुलिस व्यापारी से सुलह करने का लगातार दबाव भी बना रही है। गौरतलब हो कि बीती 15 नवम्बर को रायबरेली डिघिया बजार से 11 लाख रुपए में 24 भैंस खरीदकर ट्रक से ला रहे एक व्यापरी को निगोहां पुलिस ने पकड़ा था और चार लोगों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर ट्रक को सीज कर दिया गया था । वहीं व्यापारी हारून जब कोर्ट के माध्यम से अपनी भैंस रिलीज कराने पहुंचा तो वहां पुलिस द्वारा उसकी 24 भैंसों को एक लाख 19 हजार में बिक्री किए जाने का बेंचनामा कागज मिला जिसके बाद हारून ने अपनी भैंस पाने के लिए कोर्ट से गुहार लगाई इस पर कोर्ट ने निगोहां पुलिस को तलब कर कड़ी फटाकर लगाई थी।

## स्मैक के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ।** चिनहट पुलिस ने मादक पदार्थ के अवैध कारोबार का राजफाश कर एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। इसके पास से 110 ग्राम स्मैक व 250 रूपए की नकदी बरामद हुई है। भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर अवैध स्मैक बेचने वाले गिरोह का खुलासा कर इंस्पेक्टर चिनहट घनश्याम मणि त्रिपाठी की टीम ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर गिरोह के एक तस्कर को दबोचने में कामयाबी हासिल की। इंस्पेक्टर के मुताबिक पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम चिनहट क्षेत्र के डिगडिगा गोयला गांव निवासी चंद्रसेन उर्फसीवी बताया।

## नगर पंचायत से हटेंगे कचरे के ढ़ेर, मोहनलालगंज में बनेगा डम्पिंग ग्राउण्ड

**मोहनलालगंज।** नगर पंचायत के लोगों को जल्द ही बस्ती के बीच जमा कचरे के ढ़ेरों से छुटकारा मिल सकेगा। मोहनलालगंज को कचरा मुक्त करने के लिए सरकार ने आबादी से दूर डम्पिंग ग्राउण्ड बनाने के लिए धनराशि जारी कर दी है। प्रशासन ने इसके लिए आबादी से दूर गौरा में जमीन देने की भी पेशकश कर दी है। मोहनलालगंज नगर पंचायत की तकरीबन पचास हजार की आबादी को आने वाले कुछ माह में कचरे के ढ़ेरों की समस्या से निजात मिल जाएगी। नगर पंचायत की कचरा गाड़ियां बस्ती के बीच जमा कचरे को डम्पिंग ग्राउण्ड ले जाएंगी। नगर विकास विभाग ने इसके लिए नगर पंचायत में आबादी से दूर तकरीबन 32 लाख की लागत से डम्पिंग ग्राउण्ड निर्माण कराने की मंजूरी दे दी है। एसडीएम शुभी सिंह की पहल पर गौरा पंचायत की सीमा में उपयुक्त भूमि भी तलाश ली गई है। सब कुछ तय योजना के मुताबिक होता रहा तो शीघ्र ही डम्पिंग ग्राउण्ड का निर्माण भी शुरु हो जाएगा।

## सदिग्ध हालात में लहूलुहान पड़ा मिला ट्रक क्लीनर

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर में मंगलवार को एक ट्रक क्लीनर सुनील ओझा (40) ने मानसिक तनाव में आकर ब्लेड से अपना गला रेत लिया। उसे लहूलुहान हालत में सड़क किनारे पड़ा देख लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन उसे लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज जारी है।


## झाड़ियों में पड़ा मिला युवक का सड़ा-गला शव

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार को संदिग्ध अवस्था में कई दिन पुराना अज्ञात युवक का सड़ा गला शव पड़ा मिला। मृतक के दोनों पैर रस्सी से बंधे थे। जिससे हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। जबकि पुलिस ने हत्या की बात से साफ इंकार किया है। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास लोगों को बुलाकर उसकी शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। करीब 28 वर्षीय मृतक युवक हरे रंग की टीशर्ट और नीले कलर की जींस पैंट पहने था।

## रेलवे पटरी के किनारे पड़ा मिला बुजुर्ग का शव

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर में मंगलवार को एक बुजुर्ग का शव संदिग्ध अवस्था में रेलवे पटरी पर पड़ा मिला। सूचना पाकर पहुंची रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सरोजनीनगर के गहरू स्थित गंगादीन खेड़ा निवासी भगवानदीन यादव (62) सोमवार शाम अपने घर से बिना बताए ही निकल गया था। काफी देर बाद भी वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। लेकिन भगवान दीन का कहीं कोई अता पता नहीं चल सका। बताते हैं कि मंगलवार सुबह सरोजनीनगर में लखनऊ-कानपुर रेलखंड स्थित पिपरसण्ड रेलवे स्टेशन के पास रेलवे पटरी पर एक बुजुर्ग का शव क्षत विक्षत पड़ा मिला। शव पड़े होने की खबर मिलने के बाद भगवान दीन के परिजनों को भी जानकारी हुई तो उन्होंने वहां पहुंच कर शिनाख्त की। जहाँ वह शव भगवान दीन का निकला।

## सीएमएस छात्र व्योम आहूजा ने बढ़ाया राजधानी का मान



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) के कक्षा-8 के छात्र व्योम आहूजा ने मात्र 11 वर्ष 10 माह की उम्र में ही विलक्षण बौद्धिक प्रतिभा हेतु 29वीं बार इण्डिया बुक ऑफरिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराकर लखनऊ के गौरव में चार-चांद लगा दिये हैं। व्योम ने यह उपलब्धि सबसे तेज गति से अत्यन्त कम समय में ब्रेनविटा गेम हल करके हासिल की है। व्योम को इसी वर्ष गणतन्त्र दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2021' से पुरष्कृत कर सम्मानित किया है। उक्त जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है।

## राष्ट्रीय सेवायोजना शिविर में मतदान के लिए किया जागरूक

लखनऊ। अमीनाबाद स्थित महिला डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवायोजना यूनिट 3 एवं 4 के द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अपर नगर मजिस्ट्रेट गोविन्द मौर्या ने मतदाता जागरूकता पर छात्राओं को सम्बोधित किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि मतदान करना हर व्यस्क नागरिक का मूलभूत अधिकार है, परन्तु उससे पहले उस अधिकार को प्राप्त करने के लिए उस व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना चाहिए। इसके लिए निर्वाचन आयोग हर वर्ष मुहिम चलाती है, जिसमें 18 वर्ष के नये वोटरों को शामिल करने के साथ-साथ छूटे हुए नागरिकों का भी रजिस्ट्रेशन किया जाता है। डॉ कुदसिया बानों, डॉ ऋतु स्वामिनी ने कहा कि हर वोटर को अपनी पसंद का जन-प्रतिनिधि चुनने का पूरा-पूरा अधिकार है। इसके लिए मतदान जरूर करना चाहिए। ये हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है।

## इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल के विरोध में बिजलीकर्मी आज करेंगे विरोध सभाएं

**लखनऊ।** केन्द्र सरकार द्वारा संसद के शीतकालीन सत्र में बिजली के निजीकरण के लिए लाये जा रहे इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2021 के विरोध में प्रदेश के बिजली कर्मी देश के अन्य प्रांतों के बिजली कर्मियों के साथ दिल्ली में जंतर मंतर पर विशाल प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे। 8 दिसंबर को राजधानी लखनऊ सहित सभी जनपदों व परियोजनाओं पर विरोध सभायें की जायेंगी। संघर्ष समिति के वीपी सिंह, प्रभात सिंह, सुहेल आबिद, ने संयुक्त बयान में कहा कि केंद्र सरकार निजीकरण की दृष्टि से इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2021 को संसद के शीतकालीन सत्र में रखने जा रही है जिसका बिजली कर्मियों और बिजली उपभोक्ताओं पर व्यापक प्रतिगामी प्रभाव पड़ने वाला है। बिल पर बिजली कर्मचारियों और बिजली उपभोक्ताओं से कोई राय नहीं ली गई है केवल औद्योगिक घरानों से ही विचार विमर्श किया गया है।

# सरयू नहर परियोजना से साढ़े 14 लाख हेक्टेयर भूमि होगी सिंचितः डॉ. महेन्द्र सिंह

● 11 दिसंबर को प्रधानमंत्री करेंगे परियोजना का लोकार्पण

संवाददाता। गोंडा

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों के दृष्टिगत मंत्री, जल शक्ति विभाग डॉ. महेन्द्र सिंह ने सर्किट हाउस के सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होने कहा कि आजाद भारत की अब तक की सबसे बड़ी नहर परियोजना सरयू नहर परियोजना को प्रधानमंत्री द्वारा 11 दिसंबर को जनपद बलरामपुर के हसुआ डोल से राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा। बैठक में मंत्री श्री सिंह ने बताया कि यह नहर परियोजना क्रमशः 9 जिलों (बहराइच, गोण्डा, श्रावस्ती, बलरामपुर, बस्ती, सिद्धार्थ नगर, संतकबीर नगर, गोरखपुर व महाराजगंज) से होकर गुजरने वाली 318 किलोमीटर लंबाई की 9802 करोड़ की लागत से निर्मित आजाद भारत की अब तक की सबसे बड़ी परियोजना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आजाद भारत की सबसे बड़ी परियोजना का कार्य पूरा किया गया। सरयू नहर परियोजना के लिए घाघरा, राप्ती, बाणगंगा, सरयू व रोहिणी नदी, को आपस में जोड़ा गया है। उन्होंने लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को कार्यक्रम स्थल पर ले जाने लाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिया है। कहा कि प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए जनपद में विशेष स्वच्छता अभियान समस्त नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत में चलाया जाए। कार्यक्रम स्थल पर लाभर्थियों को ले जाने व वापस उनको घर तक छोड़ने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर अधिकारियो की नियुक्त किए जाने, मास्क व सैनीटाइजर की व्यवस्था करते हुए कोविड प्रोटोकाल का पालन सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि एंबुलेंस के संचालन में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न आए। बैठक में जिलाधिकारी मार्कंडेय शाही ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर जिले के लाभार्थियों को कार्यक्रम स्थल पर लाने एवं ले जाने के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है। नोडल अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया है कि लाभार्थियों को कार्यक्रम स्थल पर जाने और अपने घर वापस आने तक उन्हें कोई दिक्कत न होने पावे। गांवों में तैनात सचिव, रोजगार सेवक एवं लेखपालों को भी लाभार्थियों से सम्पर्क कर सूची भी तैयार कर ली गई है। इस अवसर पर सांसद कैसरगंज प्रतिनिधि संजीव सिंह, जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी शशांक त्रिपाठी, प्रभागीय वनाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अभियंता बाढ़ खण्ड सहित अन्य जनपद स्तरीय संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित दौरे के बावत अफसरों के साथ बैठक करते जल शक्ति विभाग के मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह

# प्राथमिक विद्यालय में छज्जा गिरने से मासूम की मौत

● जिलाधिकारी ने निर्माण कराने वाले के खिलाफएफआईआर दर्ज कराने का दिया निर्देश

संवाददाता। गाजीपुर

**जनपद** के बहरियाबाद थाना क्षेत्र के सलेमपुर बघाई गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के शौचालय के दरवाजे पर लगा छज्जा मंगलवार दोपहर में मध्याह्न भोजन के बाद गिर पड़ा। इसके मलबे में दबकर एक मासूम की मौत हो गई। सूचना मिलने पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे। बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्माण कराने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही अन्य निर्देश दिया। जानकारी के अनुसार रोज की तरह मंगलवार को भी सलेमपुर बघाई निवासी वीरेंद्र यादव का पुत्री अनीता यादव और पुत्र अजय यादव घर से स्कूल के लिए निकले। उनके पीछे.पीछे छोटा भाई आदित्य यादव ;5द्ध भी स्कूल के लिए चल दियाए जिसका दाखिला विद्यालय में नहीं हुआ था। लंच के बाद सभी छात्र मध्याह्न भोजन करने के बाद बाहर मैदान में फुटबाल खेलने लगे। इसी बीच आदित्य बाउंड्रीवाल के किनारे गिट्टी भरीं बोरी पर चढ़कर चहारदीवारी पर आ गया और चहारदीवारी से सटे शौचालय के दरवाजे के छज्जे पर चढ़कर लटके पेड़ की डाल को पकड़कर झूलने लगा। इसी बीच छज्जा भर भराकर गिर पड़ाए जिससे वह गम्भीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। जानकारी होने पर परिवार के लोग वहां पहुंचे और बच्चे को पीएचसी सादात गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कलेजे के टुकड़े की मौत पर मां किरता देवी दहाड़े मारकर चीखने चिल्लाने लगी। परिजन अंतिम संस्कार करने के लिए शव लेकर सैदपुर स्थित जौहरगंज घाट जा रहे थे। इसी बीच पुलिस ने उन्हें रोक लिया और शव को कब्जे में लेकर घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक को दी। सूचना पर जिलाधिकारी एमपी सिंह और पुलिस अधीक्षक रामबदन सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान जिलाधिकारी ने शौचालय का निर्माण कार्य कराने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज करानेए शौचालय के दक्षिण में बने कक्षा दो के कक्ष के सामने बरामदे के लटके छत को ध्वस्त करा फिर से निर्माण करानेए शौचालय के ऊपर पेड़ के लटके डाल को छांटने व चहारदीवारी के पास साफसफाई कराने का निर्देश मौके पर मौजूद बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिया।

## क्विक न्यूज

### मंत्र ऐप विभाग ने किया लांच, एक दिवसीय प्रशिक्षण

**मीरजापुर**। नये साल के पहले ही प्रदेश में जनपद में मंत्र ऐप को लांच किया गया है। इस सम्बन्ध में एक दिवसीय प्रशिक्षण मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय स्थित विवेकानन्द सभागार में सम्पन्न हुआ। इस आशय की जानकारी जिला कार्यक्रम प्रबन्धक अजय सिंह ने दी। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक अजय सिंह ने बताया कि यह जिले के लिए गौरव की बात है कि नये साल की शुरूआत के पहले ही पूरे प्रदेश में केवल जनपद में ही इस ऐप को लांच किया गया है। यह ऐप 27 दिसम्बर में जिले के सभी स्वास्थ्य कर्मियों के मोबाइल में काम करना शुरू कर देगाए जिला स्तर पर मौजूद सभी अधिकारियों का प्रशिक्षण आनलाइन कराया जा चुका है। इस सम्बन्ध में सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारियोंए प्रभारी चिकित्साधिकारियों समेत सभी स्वास्थ्य कर्मियों को पत्र के माध्यम से अवगत भी कराया दिया गया है। एएनएम के प्रशिक्षण के बाद अब ब्लाक स्तर के कर्मचारियों का भी इसी सप्ताह प्रशिक्षण करा दिया जायेगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डाक्टर नीलेश श्रीवास्तव का कहना है कि इस ऐप के माध्यम से गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण से लेकर प्रसव के बाद के टीकाकरण को आसानी से कराया जा सकेगा।

### 18 आंगनबाड़ी केन्द्र मिले, मकान किराये में हुई वृद्धि

**मीरजापुर**। नये साल में बाल विकास विभाग के लिए खुशी का सौगात लेकर आया है। जनपद में इस 2668 आंगनबाड़ी केन्द्र व 263 उपकेन्द्र संचालित हो रहे। उसके बावजूद कुछ आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चें और किशोर-किशोरियां नही पहुंच पा रही थी। क्योंकि उनके घर से केन्द्र 7 से 8 किलोमीटर की दूरी होती है। इस दूरी को कम करने के लिए जनपद को 18 आंगनबाड़ी केन्द्र को मंजूरी देने जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा अपने कार्यालय स्थित सभागार में विभागीय समीक्षा में बताया कि शासन स्तर से जनपद को 18 आंगनबाड़ी केन्द्रों की शीघ्र मंजूर मिलने जा रही है। जिससे गरीब तबके के लिए यह सबसे बड़ा व अच्छा असवर है कि वे अपने बच्चों को पढ़ाई के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भेज पायेगा। यह आंगनबाड़ी ग्रामीण और शहर के उस आबादी वाले क्षेत्रों में खुलेगा जहां की आबादी 10 हजार के ऊपर है जहां लाभार्थियों को केन्द्र तक पहुंचने में तमाम कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इससे विभाग द्वारा चलाये जा रहे तमाम कार्यक्रमों को शतप्रतिशत पूरा करने में आसानी हो जायेगी और हमारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अब आसानी से गृह भ्रमण कर पायेगी और टीकाकरण का भी कार्य पूरा किया जा सकेगा। जनपद स्तर पर अभी तक 2668 केन्द्रों को संचालित किया जा रहा है। जिसमें विभाग द्वारा 84000 बच्चों को ही कवर किया जा रहा है।

### सदस्यता अभियान चलाया काग्रेस कार्यकर्ता

**मीरजापुर**। गिरधर के चौराहे पर कांग्रेस पार्टी का सदस्यता अभियान किया गया जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मिन्हाज अहमद छोटे खान एवं जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री श्रीमती कंचन पांडे के नेतृत्व में सदस्यता अभियान किया गया छोटे खान ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं उत्तर प्रदेश की प्रभारी श्रीमती प्रियंका गांधी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू का लक्ष्य की उत्तर प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जाए कांग्रेस पार्टी का सदस्य बनने के लिए मोबाइल से 82 3000 5000 मिस कॉल मार कर कांग्रेस पार्टी का सदस्य बन सकते हैं श्री खान ने कहा कि कार्यक्रम 10 दिसंबर तक चलाया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री श्रीमती कंचन पांडे ने कहा कि डोर टू डोर कांग्रेस पार्टी का सदस्यता बनाया जाएगा तभी जाकर श्रीमती प्रियंका गांधी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू का लक्ष्य उत्तर प्रदेश में पूरा होगा कंचन पांडे ने कहा कि कार्यक्रम सभी ब्लॉक एवं न्याय पंचायत एवं सभी वार्डों में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा ज्यादा से ज्यादा लोगों को कांग्रेस पार्टी से जोड़ा जाएगा।

### एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन में मनाया गया डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 66वां परिनिर्वाण दिवस

**बीजपुर/सोनभद्र**। एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन में सोमवार की सायं स्टेशन के आवासीय परिसर स्थित संगम प्रेक्षागृह में अनुसूचित /अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ के सौजन्य से बोधिसत्व डॉ0 भीमराव अम्बेडकर का 66वां परिनिर्वाण दिवस विविध कार्यक्रमों के बीच मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित महाप्रबंधक ए के चट्टोपाध्याय ने अन्य सहतिथियो के साथ दीप प्रज्ज्वलन व बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के पश्चात उन्हें नमन करके किया। अगली कड़ी में प्रेक्षागृह में उपस्थित सभी ने बारी-बारी से बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के शुरुआती दौर में संघ के सदस्यों द्वारा बुद्ध वंदना बुद्धम शरणं गच्छामि के द्वारा बाबा साहब की प्रार्थना की गई। कार्यक्रम के दौरानएस श्रीकृष्ण, वरिष्ठ प्रबंधक रविंदर सिंह व राहुल कुमार ने डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके गुणों का बखान करना सूरज को दीपक दिखाने जैसा होगा। कार्यक्रमो की कड़ी में एम के शर्मा व उनके साथी गायक व गायिका कलाकारों द्वारा लक्ष्मी नारायण पन्ना द्वारा लिखित गीत' अहसान है मेरे बाबा का' को सुनाकर वातावरण का रूख बदल दिया।

### डिजीटल इंडिया में बैंक घर–घर जाकर दे रहा लोन : सूर्यमुनी

**सकलडीहा-चंदौली**। कस्बा के इंडियन ओवरसीज बैक में मंगलवार को एग्रीकल्चर व मुद्रा योजना के तहत कैम्प लगाकर ग्राहकों को ऋण वितरण किया गया। कैम्प मे दो दर्जन से अधिक लोगो को एक करोड़ 10 लाख का लोन दिया गया। इस दौरान बैक अधिकारियों ने विभिन्न प्रकार की बैकिंग सुविधा व ऋण योजना से सम्बंधित जानकारी ग्राहकों को दी। कैम्प में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने जो डिजिटल इंडिया बनाया है वो यही है।इसमें लोन लेने वालों को पहले की तरह बैंक में दौड़ाना नहीं पड़ता है।बैंक खुद चलकर ग्राहकों के घर. घर जाकर लोन देता है। किसी का सगा सम्बन्धी अगर मुम्बई या दिल्ली से पैसा भेज रहा है तो उसको वो आधार कार्ड के जरिये अपने गांव में ही निकाल सकता है। सरकार का ही प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति आसानी से किसी भी प्रकार का ऋण ले सकता है। लेकिन उसमें ऋण लेने वालो को भी ध्यान देना होगा कि ऋण का समय से भुगतान कर दे। अगर ऐसा किया जाता है तो पहले से कहीं अधिक आपको बैक ऋण देने का काम करेगा। वही क्षेत्रीय प्रबंधक पूर्णचंद्र सतपति ने अपनी बैकिंग सुविधाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम ग्राहकों को लोन देकर कोई दया या उपकार नही करते।हम भी अपना बिजनेस करते हैए लिहाजा ग्राहक को बैंक में बार.बार दौड़ने की जरूरत नहीं आप बैक व सरकार द्वारा चलाई गयी योजनाओं का पूरा लाभ ले क्योकि ये आपके लिए ही है। उन्होंने पीएम स्वनिधि योजनाएमुद्रा योजनाएकौशल विकास योजनाएरोजगार सृजन योजना सहित किसान क्रेडिट कार्ड व होम लोन के बावत जानकारी विस्तार पूर्वक लोगो को दिया।

### अहिबरन जयंती को लेकर बरनवाल समिति बनाई रणनीति

**मऊ**। श्री बरनवाल सेवा समिति के पदाधिकारियो की बैठक माता पोखरा स्थित कैम्प कार्यालय पर हुआ। बैठक की अध्यक्षता संरक्षक श्रीकिशुनजी बरनवाल ने किया। बैठक में आगामी 26 दिसम्बर को आयोजित होने वाले जनपद स्तरीय अहिबरन जयंती को लेकर रणनीति बनाया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री बरनवाल सेवा समिति के जिलाध्यक्ष गोपाल कृष्ण बरनवाल ने प्रदेश सरकार से मांग किया कि बरनवाल जाति सहित केन्द्र सरकार द्वारा जारी शासनादेश के क्रम में वैश्य उपवर्गों को जिलेवार आरक्षण का लाभ शासन स्तर से नहीं मिल पा रहा हैं। इसलिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग उण्प्रण् शासन तत्काल शासनादेश जारी करके इसे कानूनी अमली जामा पहनाए। इसके लिए शीघ्र ही ज्ञापन द्वारा मुख्यमंत्री एवं अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग को अपनी मांगों से अवगत कराया जाएगा। इस दौरान आगामी 26 दिसम्बर को आयोजित होनें वाले जनपदीय अहिबरन जयंती को जिले के समस्त स्वजातीय बन्धुओं को शामिल होनें का आह्वान किया गया।

### एनटीपीसी रिहंद ने चालीस किसानों को वितरित किया बीज

**बीजपुर/सोनभद्र**। एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के सी एस आर अनुभाग ने अपने नैगम सामाजिक दायित्व निर्वहन के तहत सोमवार को विस्थापितों द्वारा किसानों के हितार्थ बनाए गए संगठन 'नव ऊर्जा किसान मण्डल' के 40 किसानों को खेती के लिए बीज का वितरण किया। नव ऊर्जा किसान मण्डल विस्थापित किसानों का एक संगठन है। जो ग्रामीण किसानों के हित में कार्य करता है। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) वी जयनरायणन ने परम्परागतढंग से करते हुए कुल चालीस किसानों को बीज का वितरण करके उन्हें उत्तम तरीके से खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से मानव संसाधन विभाग के अपर महाप्रबंधकों में जाकिर खान व अनित कुमार, कार्यपालक( सी एस आर) मोक्षदा जोगी के साथ-साथ नव ऊर्जा किसान मण्डल के सदस्यगण उपस्थित थे।

### किशोर–किशोरियों की जिज्ञासाओं का समाधान कर रहा साथिया एप

**मीरजापुर**। किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक बदलावों के बीच किशोर.किशोरियों ;10.19 आयु वर्गद्ध के मन में तमाम तरह की जिज्ञासाओं और शंकाओं को लेकर अंतर्द्वंद चलता रहता है। उम्र के इस मोड़ पर संकोच और शर्म के चलते वह अपनी मुश्किलों को दूसरों से नहीं कह पाते हैंए ऐसे में कई बार वह गलत रास्तों पर भी चल पड़ते हैं। किशोर.किशोरियां अपनी इन्हीं मुश्किलों का घर बैठे समाधान पा सकें इसको लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम ;आरकेएसकेद्ध के तहत साथिया सलाह मोबाइल एप तैयार किया गया है। इसके उपयोगकर्ता बताते हैं कि यह एप किशोर.किशोरियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं।

### एक नया अभियान शुरू

**वाराणसी**। वैश्विक महामारी से आगे निकलकर ठंडी में विशेष देखभाल के लिए हिमालया वेलनेस कंपनी ने अपने खुश रहो खुशहाल रहो अभियान में सर्दियों के दौरान होंठों को पोषित रखने के महत्व को उजागर करने के लिए अपने लिप बाम के लिए एक नया टीवीसी जारी किया है फिल्म 20 साल की एक युवती को अलग-अलग परिस्थितियों में दिखाती है जहां वह ठंड के दिनों में अपने दोस्तों के साथ मस्ती करती हुई दिखाई देती है युवा लड़की अपने फटे होठों को ठीक करना चाहती है और उन्हें पोषण देना चाहती है वह परोसे जाने वाले भोजन में से शहद मक्खन या मलाई (क्रीम) का उपयोग करती है और उसकी सहेली उसे आश्चर्य से देखती है।

### बाबा साहब ने दिलाया सवैधानिक अधिकार

**सकलडीहा-चंदौली**। कस्बा में एससी.एसटी टीचर्स वेलफेयर के तत्वावधान में मंगलवार को डाण् भीम राव अंबेडकर का 65 वाँ परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस दौरान डाण् अम्बेडर के जीवनवृत्त पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत रसड़ा ने कहा की बाबा साहब ने विपरीत परिस्थितियों में भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर राष्ट्र के लोगों को सम्मान पूर्वक जीवन जीने का अधिकार दिलाया। उनके प्रयास को ये राष्ट्र कभी नहीं भूलेगा।

# जनता के साथ छल कर रही भाजपा सरकारः भूपेश बघेल

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**आज** देश मे छत्तीसगढ़ विकास मॉडल की चर्चा जोरों से हो रही है, क्योंकि आज जिस फर्जी गुजरात मॉडल को लेकर मोदी जी ने देश की जनता के साथ छल किया , उससे देश की जनता बेहद नाराज़ है । भाजपा की सरकारों ने न सिर्फ केंद्र में बल्कि राज्यों में भी जनता की भावनाओं के साथ छल किया । मैंने देखा है कि उत्तर प्रदेश में किसान, युवा, व्यापारी, प्रतियोगी परीक्षा देने वाले बच्चे, माताएं – बहनें हर कोई इनकी सरकार से त्रस्त और परेशान है । इनके पास प्रदेश के लोगों के विकास के लिए कोई रोडमैप नही है । उत्तर प्रदेश में किसान भाई खाद के लिए लाइन में लगे लगे अपने प्राण त्याग दे रहे हैं । कहीं कहीं किसान कर्ज की वजह से आत्महत्या को मजबूर हो रहे हैं । दलितों के साथ आये दिन अपराध हो रहे हैं । पुलिस थानों में हत्या और बलात्कार जैसी जघन्य घटनाएं हो रही हैं । जो बच्चे दिन रात एक कर मेहनत कर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करते हैं, जब वे परीक्षा देने जाते हैं तो पता चलता है कि पेपर लीक हो गया है । जितनी भी भर्तियां निकलीं वे सब भ्र्ष्टाचार की भेंट चढ़ गईं । आज उत्तर प्रदेश हत्या, लूट, बलात्कार, जैसे जघन्य अपराधों का अड्डा बन चुका है । इधर के कुछ महीनों में कई बार उत्तर प्रदेश आया । मैंने देखा कि आज उत्तर प्रदेश में खुले पैमाने पर लूट हो रही है । भाजपा के तथाकथित विकास का एक भी मॉडल मुझे नही दिखा, सिवाय झूठ से सराबोर होर्डिंग्स को छोड़कर । बनारस में बाबा काशी विश्वनाथजी के परिसर को कॉरिडोर के नाम पर बेतरतीब तरीके से ध्वस्त किया गया । आदि अनादि काल के प्राण प्रतिष्ठित मूर्तियों को तोड़कर फेंकने का अधार्मिक कुकृत्य भी इनके द्वारा किया गया । बाबा श्री काशी विश्वनाथ के परिसर का व्यवसायिकरण किया जा रहा है । माँ अन्नपूर्णा के मंदिर तक जाने के रास्ते को रोका जा रहा है । माँ अन्नपूर्णा के जिस तथाकथित सौ साल पुरानी मूर्ति को भाजपा के नेता ब्रिटेन से लाने की बात कर रहे हैं,वह वस्तुतः झूठी बात है । वास्तविक माँ अन्नपूर्णा की मूर्ति वहीं हैं जहां पहले थी। वस्तुतः कॉरिडोर के स्वरूप को बनाने के लिए यह सब गैर धार्मिक हथकंडा अपनाया जा रहा है, जो कि बेहद आपत्तिजनक है । मैंने बनारस में मैंने हर तरफ गन्दगी, बजबजाती गलियों को देखा है । छत्तीसगढ़ में जब से कांग्रेस की सरकार बनी है, वहां हर तरफ तरक्क़ी और खुशहाली का आलम है । हमने अपने चुनावी वचनपत्र में छत्तीसगढ़ की जनता से जो भी वायदे किये थे, हम उसे पूरा कर रहे हैं । हमने छत्तीसगढ़ के किसान भाइयों के लिए एमएसपी की दर देश के बाकी राज्यों की तुलना में ज्यादे रखा है, जिसका फ़ायदा वहां के किसान भाइयों को प्रत्यक्षतः मिल रहा है ।

### समाजवादी छात्र सभा के सदस्यों ने चलाया जन जागरुकता अभियान

संवाददाता। मऊ

समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव के निर्देशन में समाजवादी छात्र सभा के सदस्यों ने मंगलवार को सघन जन जागरुकता अभियान चलाया। इस दौरान समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट दिलीप कुमार पाण्डेय ने कहा कि सपा सरकार में ही युवाओं का उत्थान हो सकता है। जन जागरुकता अभियान की शुरुआत नगर क्षेत्र के गालिबपुर में छात्र सभा के जिला सचिव सूर्यमणि भारती द्वारा आयोजित चौपाल कार्यक्रम से किया गया। छात्र सभा जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार पाण्डेय ने युवाओं व नौजवानों को अधिकारों के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य रुप से छात्र सभा जिला महासचिव अखिलेश भारती, जिला उपाध्यक्ष कृष्णा यादव, अभय कुमारए अभिषेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पंप में करंट उतरने से एक युवक की मौत

संवाददाता। गाजीपुर

**जनपद** के बाराचवर गांव निवासी सर्वेस यादव उम्र लगभग 25वर्ष पुत्र अभयनारायण यादव मंगलवार के दिन मे अपने दरवाजे पर हैंडपम्प चलाकर भैंस को स्नान करा रहा था। हैण्डपम्प मे टूछू के रास्ते बिजली प्रवाहित हो गयी जिसके वजह से करेंट की जद मे आ जाने से उसकी मौत हो गयी। परिजनो ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ले गये जहा चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। जैसे ही चिकित्सको ने मृत घोषित परिजनो मे कोहराम मच गया।
परिजनो ने उसका दाह संस्कार गौसपुर के सुल्तानपुर घाट पर कर दिया। मुखाग्नि उसके पिता अभयनारायण यादव ने दिया।प्राप्त सुचना के अनुसार अभयनारायण यादव के दो पुत्र थे बृजेश यादव और सर्वेस यादवए बृजेश घर पर ही रहकर बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान चलाता है तथा सर्वेस विदेश के कटर मे किसी कम्पनी मे कार्य करता था। अभी दीपावली पर छुटटी लेकर घर आया था और घर आकर एक ट्रैक्टर भी खरीदा था खेती बारी करने के लिए।उसके नाम से परिवार वाले दस दिसम्बर को काशीदास बाबा की पूजा के लिए मनौवती भी किए थे।नाते रिश्तेदारों मे काशीदास बाबा के पूजा का निमंत्रण भी बट रहा था। पूजा की खुशिया पल भर मे गमगीन माहौल मे बदल गयी।पूजा कराकर सर्वेस इसी माह मे फिर विदेश जाने वाला था।उसकी शादी बैरान मे कचंन से हुई थी उसकी एक ढाई वर्ष की बेटी श्रेया भी है।

# हरियाणा के कलाकारों की बीन की मनोहारी धुन ने किया मंत्रमुग्ध

● राष्ट्रीय शिल्प मेला

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**उत्तर मध्य** क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र में चल रहे बारह दिवसीय राष्ट्रीय शिल्प मेले के सातवें दिन मंगलवार को शिल्पगत सामग्रियों की धूम मची रही। हरियाणा के कलाकारों द्वारा बीन की मनोहारी धुन ने दर्शकों को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विधायक का स्वागत केन्द्र निदेशक प्रो सुरेश शर्मा ने किया। प्रयागराज की गायिका प्रियंका सिंह चौहान ने गणेश वंदना घर में पधारो गजानन जी और राम जपो राम जपो बांवरे सुनाकर पूरे माहौल को भक्तिमय कर दिया। वियोग पक्ष के लोकगीतों की लड़ी में राने सुनुरा से मरिया पियार बिरना को लोगों ने खूब सराहा। जौनपुर के भोजपुरी गायक अवनीश तिवारी ने भोजपुरी गीत के द्वारा विवाह संस्कार में गाये जाने वाले गीत केतना बताई सुख ससुरे कगोरि रे व पिया तोहरे दरसवा निजोर लागी रे को दर्शकों की तालियां मिलीं। लोकनृत्यों की श्रृंखला में हिमांचल के कलाकारों ने नाटी नृत्यों की प्रस्तुति की। भगवान योगेश्वर के बाल रूप को समर्पित डांडिया रास की प्रस्तुति गुजरात से आये नितिन दवे और उनके साथियों ने दी। समृद्ध पंजाब की माटी की महक को जिंदुआ नृत्य के रूप में पंजाब के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। झारखण्ड के कलाकारों ने खसवा छऊ नृत्य की प्रस्तुति दी।

# नवीन मंडी पहुंच सपा नेता ने ईवीएम को जांचा

संवाददाता। चंदौली

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय सचिव मनोज कुमार सिंह डब्लू मंगलवार को ईवीएम मशीन की जांच के लिए नवीन मंडी पहुंचे। उन्होंने ईवीएम पर डेमो वोटिंग की और वोटिंग नंबर के साथ.साथ मशीन का नंबर नोट किया। साथ ही सात घंटे बाद आकर पुनः उनके नतीजे चेक करने की बात कही। वोटिंग के बाद कैम्प से बाहर आए मनोज सिंह डब्लू ने चंदौली के सभी राजनीतिक दलों के साथियों से आह्वान किया कि वे भी नवीन मंडी आएं और वोटिंग का ईवीएम की शुचिता को जांचें व परखे। उन्होंने कहा कि सैयदराजा विधानसभा में इस्तेमाल होने वाली एक.एक ईवीएम को चेक कर उसे परखा जाएगा। इसके लिए बकायदा तकनीकी विशेषज्ञों का सहयोग लिया जाएगा। क्योंकि ईवीएम एक इलेक्ट्रानिक उपकरण है जिसकी कार्य प्रणाली को समझ पाना हर किसी के बस की बात नहीं है। फिलहाल ईवीएम की जांच.परख के लिए डेमो वोटिंग की गयी हैए जिसे सात घंटे बाद पुनः आकर देखना है और नतीजों का मिलान करने है। चुनाव के समीप आते ही सैयदराजा विधानसभा के पोलिंग बूथों पर इस्तेमाल होने वाली एक.एक ईवीएम की जांच कर उसके सीरियल नंबर का रेंडमाइजेशन किया जाएगा। ताकि मतदान तिथि को इसकी पुष्टि व पड़ताल की जा सके कि जिन ईवीएम को क्रमबद्ध तरीके से जांचा गया था। जिला प्रशासन चुनाव में उन्हीं ईवीएम का इस्तेमाल कर रहा है।



### गोपाल जी श्रीवास्तव समेत 23 लोगों ने बार एसोसिएशन के चुनाव में दाखिल किया पर्चा

**गाजीपुर**। जनपद में सिविल बार एशोसिएशन के वार्षिक चुनाव में मंगवार को प्रथम दिन विभिन्न पदों के होने वाले चुनाव में कुल तीस पर्चे अधिवक्ताओं द्वारा खरीदे गए जिसमें तेईस अधिवक्ताओं ने पर्चा दाखिल किया। जिसमे अध्यक्ष पद के लिए धीरेंद्र नाथ सिंह, गोपाल जी श्रीवास्तव, राजकुमार जायसवाल , वरिष्ट उपाध्यक्ष नटनागर, बृजकिशोर सिंह यादवए रविन्द्र सिंह कुशवाहाए कनिष्ठ उपाध्यक्ष.1 शशि ज्योति, महासचिव के लिए राजकुमार राय,अशोक कुमार भारती,अजय कुमार तिवारी , रतन श्रीवास्तव, सहसचिव प्रशासन के लिए सजय सिंह कुशवाहा, सह सचिव पुस्तकालय अजय वीर खड़े हैं।

# पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़, चार डकैत गिरफ्तार, असलहे बरामद

संवाददाता। सीतापुर

**जब** पुलिस टीम को बदमाशों ने सामने देखा तो खुद को घिरने से बचाने के लिए फायर झोंक दिया। एक बारगी तो पुलिस टीम के होश उड़ गए, लेकिन अगले ही पल खुद का बचाव करते हुए मोर्चा संभाल लिया, और फिर पुलिस ने जवाबी फायरिंग शुरू कर दी। मुठभेड़ के दौरान गोलियों की तड़ तड़ाहट से इलाका थर्रा उठा। इस मुठभेड़ में पुलिस ने चार बदमाशों को न सिर्फ धर दबोचा बल्कि असलहा कारतूस, धारदार हथियार समेत पूर्व में डाली गई डकैती का माल भी बराबर किया। यह मुठभेड़ बिसवा कोतवाली इलाके में जलालपुर के करीब मजार के पास हुई। कोतवाली प्रभारी बिसवा राजीव सिंह के निर्देशन में उप निरीक्षक शशांक पाण्डेय, हेड कांस्टेबल विजय यादव, सुधर सिंह बृजेश यादव, आरक्षी अभिषेक सिंह व रत्नेश वर्मा ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया।



पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 8 दिसंबर, 2021



# दोहरी चुनौती

## डेल्टा के साथ ओमीक्रान

**भारत** में विचित्र स्थिति पैदा हो रही है। कोरोनावायरस के नए रूप ओमीक्रान ने पांच राज्यों में सिर उठाया है। इसके साथ ही कोविड-19 के संभवत: डेल्टा स्वरूप कें नए मामले आठ राज्यों से सामने आ रहे हैं। जहां वैज्ञानिक दो स्वरूपों के बीच अंतर का अध्ययन कर रहे हैं, वर्तमान समय में रोगियों पर उनका समान प्रभाव दिखता है। अब तक वे बिना लक्षणों वाले हैं या उनके मामूली लक्षण दिखे हैं तथा उनमें गंभीर चिकित्सकीय हस्तक्षेप की जरूरत नहीं आई है। देश में वैश्विक महामारी के नवीनतम उभार के चार आयामों पर गौर करना चाहिए। कर्नाटक में बिना किसी यात्रा इतिहास के एक व्यक्ति को ओमीक्रान संक्रमण हुआ। ओमीक्रान से लोग प्रभावित हो रहे हैं, भले ही उनके टीकाकरण की स्थिति चाहे जो हो। यह चिन्ताजनक बात है कि इससे किशोर भी प्रभावित हो रहे हैं, जैसा कि गुजरात में पाया गया है। भारत में दोनों स्वरूपों के क्लस्टर संक्रमण पाए गए हैं। ओमीक्रान क्लस्टर महाराष्ट्र और कर्नाटक में पाए गए हैं। गैर-ओमीक्रान कोविड-19 क्लस्टर तेलंगाना और महाराष्ट्र में पाए गए हैं। तेलंगाना में एक मेडिकल कालेज के 40 से अधिक छात्र कालेज में एक आयोजन के बाद संक्रमित पाए गए जिसमें वे मास्क नहीं लगाए थे। कर्नाटक के एक स्कूल और एक कालेज में अलग-अलग क्लस्टर पाए गए। इनमें फ्रेशर्स पार्टी के बाद 300 से अधिक छात्र व कर्मचारी शामिल थे। तेलंगाना सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक डा. जी. श्रीनिवास ने चेतावनी दी है कि जनवरी के मध्य तक कोविड के मामले बढ़ सकते हैं तथा उनकी संख्या फरवरी में शिखर पर पहुंच सकती है।



सरकार का चिकित्सकीय ढांचा पहले ही नई लहर का सामना करने के लिए तैयार हो, पर इसके साथ ही यह तथ्य भी है कि अब तक टीकाकृत या उससे वंचित रोगियों में ओमीक्रान संक्रमण गंभीर नहीं दिखा है। ऐसे में सरकार को दो मुद्दों का सामना है। पहला यह है कि वायरस के मनुष्यों में प्रसार को कैसे घटाया जाए। इसका एकमात्र विकल्प देश में व्यापक पैमाने पर स्क्रीनिंग करना है जिनमें खासकर हवाईअड्डे, रेलवे स्टेशन तथा अन्य सार्वजनिक परिवहन केन्द्र हैं। पाजिटिव पाए गए लोगों को अनिवार्य क्वारंटीन में भेजना समय की आवश्यकता है। केन्द्र को राज्यों के साथ समन्वय बना कर टेस्टिंग व टेर्ऐसिंग तेज करनी चाहिए। हवाईअड्डों व रेलवे स्टेशनों को बंद करना उस समय तक उचित नहीं होगा जब तक संक्रमण इतना गंभीर न हो जाए कि उससे जटिलतायें व मौतें सामने आने लगें। सरकार को बच्चों के टीकाकरण का निर्णय भी जल्दी लेना होगा। भारत में 12-17 आयुवर्ग के लगभग 14 करोड़ बच्चे हैं। अधिकांश पहले ही डेल्टा स्वरूप का सामना कर चुके हैं। ओमीक्रान अब गुजरात में इस वर्ग के बच्चों को संक्रमित करने लगा है। भारत की खास स्थिति है। एक ओर डेल्टा के स्थानीय प्रकोप उन क्षेत्रों में दिख रहे हैं जहां लोग अब तक संक्रमित नहीं हुए थे, वहीं दूसरी ओर ओमीक्रान के रूप में परिवर्तित वायरस भी आ गया है। हमें इस दुहरे हमले के प्रभावों का तत्काल आंकलन करना चाहिए। कोविड-19 टास्क फोर्स को दो मुद्दों से निपटना होगा। पहला, अब तक हमने बच्चों के टीकाकरण की प्रतीक्षा की है, ऐसे में क्या हमें बच्चों की नई वैक्सीन के लिए और प्रतीक्षा करनी चाहिए जो नए और भावी स्वरूपों से उनकी रक्षा कर सके? दूसरा, दक्षिण अफ्रीका के मामलों से स्पष्ट है कि ओमीक्रान पहले संक्रमित हो चुके लोगों को भी संक्रमित कर रहा है। ऐसे में सवाल है कि क्या ओमीक्रान में वैक्सीन से पैदा प्रतिरक्षा को धोखा देने की क्षमता है?

# एमएसपी व्यवस्था छोड़े भारत

सरकार को किसानों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण पर विचार करना चाहिए। इससे वर्तमान एमएसपी व्यवस्था में व्याप्त कमियां और दुरुपयोग समाप्त करने में मदद मिलेगी।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



कोरोनावायरस के नए स्वरूप ओमीक्रान के सिर उठाने को देखते हुए विश्व व्यापार संगठन-डब्लूटीओ की बारहवीं मंत्रिस्तरीय कान्फ्रेंस-एमसी की 30 नवंबर को होने वाली बैठक अनिश्चित काल के लिए टाल दी गई है। सरकार को इस मौके का लाभ उठा कर समान सोच वाले विकासशील देशों से विचार-विमर्श कर समन्वय के साथ साझा रणनीति तैयार करनी चाहिए। इसमें इन क्षेत्रों पर ध्यान देने की आवश्यकता है-1. खाद्य सुरक्षा के लिए सार्वजनिक स्टाकहोल्डिंग-पीएसएच का स्थाई समाधान, 2. विकासशील देशों के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था-एसएसएम, 3. मछली सब्सिडी में वर्तमान असमानतायें दूर करना, 4. कोविड-19 वैक्सीन तैयार करने के लिए पेटेंट हटाना तथा 5. डब्लूटीओ में सुधार। भारत खाद्य सुरक्षा के लिए सार्वजनिक स्टाकहोल्डिंग का व्यापक कार्यक्रम चलाता है। इसके अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई जैसी सरकारी एजेंसियां गेंहूं, चावल व मोटे अनाज जैसे कृषि उत्पाद न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर किसानों से खरीदती हैं तथा उनको अत्यधिक सस्ती 1, 2, 3 रुपये प्रति किलो की कीमत पर सस्ते राशन की दूकानों से वितरित करती हैं ताकि भारत के गरीबों और संकटग्रस्त तबकों की जरूरतें पूरी हो सकें। बिक्री मूल्य के अतिरिक्त एमएसपी के साथ ही हैंडलिंग, भंडारण व वितरण पर आने वाला खर्च केन्द्रीय बजट से सब्सिडी के रूप में दिया जाता है।

इसमें किसानों को एमएसपी के अतिरिक्त सब्सिडी शामिल है। इसे डब्लूटीओ की शब्दावली में अंतरराष्ट्रीय कीमत या एक्सटर्नल रिफरेंस प्राइस-ईआरपी कहते हैं। इसके अलावा खाद्य उपभोक्ता को ईआरपी के अतिरिक्त सब्सिडी दी जाती है। डब्लूटीओ को 'उत्पाद संबंधी' सब्सिडी के साथ ही कृषि निवेशों जैसे उर्वरक, बीज, सिंचाई, बिजली, आदि पर दी जाने वाली सब्सिडी से चिन्ता है जिनको 'गैर-उत्पाद संबंधी' सब्सिडी कहा जाता है।

डब्लूटीओ के अंतर्गत कृषि समझौते-एओए में उत्पाद व गैर-उत्पाद सब्सिडी या कुल सहायता-एएमएस को विकासशील देशों के कृषि उत्पाद मूल्य के 10 प्रतिशत तक सीमित किया गया है। यदि कोई देश एएमएस के 10 प्रतिशत से अधिक सब्सिडी देता है तो यह उल्लंघन होगा। एओए 1 जनवरी, 1995 से लागू है। भारत में 2005 तक एमएसपी ईआरपी से कम था। इसके बाद एमएसपी ईआरपी से अधिक हो गया तथा पिछले दशक में यह अंतर बढ़ा है। उदाहरण के लिए, मई 2018 में अमेरिका द्वारा डब्लूटीओ को दिए प्रतिवेदन के अनुसार 2013-14 में भारत का चावल पर एएमएस 77 प्रतिशत था। वर्तमान समय में भारत को 'शांति प्राविधान' के अंतर्गत संरक्षण मिला है जिसकी अनुमति 2013 में बाली की नवीं एमसी में दी गई थी। इसमें कहा गया था, 'यदि कोई विकासशील देश 10 प्रतिशत से अधिक एएमएस देता है तो किसी सदस्य को इसे 2017 तक चुनौती देने का अधिकार नहीं होगा, जब डब्लूटीओ इसके स्थाई समाधान पर गौर करेगा।'

दिसंबर 2014 में आयोजित जनरल कौंसिल-जीसी में इस अनुमति के बारे में कहा गया है, 'शांति प्राविधान उस समय तक लागू रहेगा जब तक कोई स्थाई समाधान न निकाला जाए।' लेकिन शांति प्राविधान कोई समाधान नहीं है क्योंकि इसके साथ अनेक शर्तें जुड़ी हैं। इनमें खाद्यान्न खरीद, स्टाकहोल्डिंग, वितरण और सब्सिडी का डेटा देना शामिल है। इनमें यह शर्त भी शामिल है कि सब्सिडी 'व्यापार विकृत' करने वाली न हों। इससे भारत की स्थिति संकटग्रस्त हो जाती है क्योंकि 2018-19 में शांति प्राविधान लागू करने के बाद कुछ देश 'सुरक्षा' और 'पारदर्शिता' प्राविधान लागू करने की मांग कर रहे हैं। इसलिए भारत एक 'स्थाई समाधान' खोज रहा है। उसने 'खाद्य सुरक्षा के लिए पीएसएच सहायता को पूर्ण अपवाद' मानने की पैरवी की है। लेकिन यह कोरी कल्पना है क्योंकि इससे सीमा की अवधारणा अर्थहीन हो जाएगी और इसका अर्थ एओए को पुन: तैयार करना होगा। एक व्यावहारिक विकल्प एओए के अंतर्गत एएमएस तय करने में कमियां दूर करना होगा। ईआरपी को 1986-88 की कीमत पर लिया जाता है, जबकि एमएसपी संबंधित वर्ष के लिए होती है। गरीब किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी अलग नहीं की जाती है। पीएसएच के लिए खरीदी मात्रा के बजाय पूरी मात्रा की गणना होती है। इन विकृतियों को दूर करने पर एमएसपी 10 प्रतिशत सीमा के भीतर आ जाएगा जिसकी अनुमति है। इस दृष्टिकोण से 2013-14 में चावल पर अमेरिकी प्रतिवेदन के अनुसार 77 प्रतिशत के बजाय एएमएस केवल 5.45 प्रतिशत था। लेकिन केवल इतने से एमएसपी तथा इसके बाद खरीद बढ़ाने में सहायता नहीं मिलेगी। सटीक गणना के बाद भी एएमएस वर्तमान सीमा के 10 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। 2018-19 में यह चावल पर 11 प्रतिशत से अधिक था।

यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एमएसपी को विधिक गारंटी देने की बात मान लेते हैं तो भारत को और बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में सरकार को सभी किसानों का सारा उत्पाद खरीदना पड़ेगा, जबकि वर्तमान समय में यह केवल 6 प्रतिशत है। इससे एएमएस असाधारण रूप से बढ़ेगा। यह 'खाद्य सुरक्षा के लिए पीएसएच कार्यक्रम' में भी नहीं आ सकता है क्योंकि यह खरीद गरीबों को भोजन देने के बजाय केवल किसानों का समर्थन करने के लिए होगी। भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण से भारत को अमेरिका व यूरोपीय संघ जैसे विकसित देशों की तरह किसानों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी पर विचार करना चाहिए। इससे डब्लूटीओ नियमों का पालन सुनिश्चित होने के साथ ही वर्तमान एमएसपी व्यवस्था में शामिल कमियां और विकृतियां दूर करने में भी सहायता मिलेगी। जहां तक एसएसएम का सवाल है, यह सदस्यों को बढ़ते आयात तथा उसके कारण गिरती कीमतों से निपटने में 'प्रतिबद्ध स्तरों' के बजाय अस्थाई रूप से टैरिफबढ़ाने की अनुमति देता है जो बाउंड रेट समझौते के अंतर्गत सदस्य देश द्वारा लागू की जा सकने वाली अधिकतम अनुमन्य ड्यूटी है। 2015 में नैरोबी की 10वीं एमसी में विकासशील देशों का एसएसएम अधिकार माना गया था जिसकी अनुमति हांगकांग मंत्रिस्तरीय घोषणा से मिली थी। लेकिन यह भारत द्वारा एओए के अनुच्छेद 5 में संशोधन की मांग के निकट नहीं है जिससे विकसित देशों को विशेष कृषि सुरक्षा-एसएसजी के अंतर्गत कुछ रियायतें मिलती हैं। 2018 में विकसित देशों ने मछली पकड़ने पर भारी सब्सिडी दी थी, जबकि यह भारत में केवल 227 मिलियन डालर थी। इससे विकसित देश दुनिया की अधिकांश मछलियां पकड़ते हैं, जबकि छोटे मछुआरों को आजीविका के लिए संघर्ष करना पड़ता है। भारत ने प्रस्ताव किया है कि विकसित देश अगले 25 साल में अपनी सब्सिडी समाप्त करें तथा विकासशील देशों को और मछलियां पकड़ने के लिए सब्सिडी की अनुमति दें। वह समझौते में विशेष एवं भिन्न व्यवहार-एसएंडडीटी की मांग करता है।

भारत ने दक्षिण अफ्रीका के साथ अक्टूबर, 2020 में एक प्रस्ताव कर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातस्थितियों से निपटने के लिए ट्रिप्स को अस्थाई रूप से स्थगित करने की मांग की थी। हालांकि, इसे अमेरिका समेत बहुसंख्य देशों का समर्थन मिला है, पर यूरोपीय संघ व ब्रिटेन इसका विरोध कर रहे हैं। अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने डब्लूटीओ की विवाद समाधान संस्था-डीएसबी में सदस्यों की नियुक्ति पर रोक लगा दी थी। यह संस्था डब्लूटीओ नियमों के उल्लंघन की स्थिति में विवादों का समाधान करती है।

वर्तमान समय में इस संस्था में निर्धारित सात सदस्यों के बजाय केवल एक सदस्य है। ऐसे में विवाद समाधान प्रक्रिया को गहरा धक्का लगा है। संक्षेप में कहा जाए तो भारत को एमएसपी का रास्ता छोड़ कर किसानों की सुरक्षा के लिए डीबीटी का रास्ता अपनाना चाहिए। एसएसम, मछली पकड़ने पर सब्सिडी तथा कोविड-19 के लिए ट्रिप्स को स्थगित रखने के मामले में इसे समान सोच वाले सभी विकासशील देशों से समर्थन प्राप्त करने के प्रयास करने चाहिए। प्रस्ताव मंजूर करवाने के लिए खासकर जी-33 का समर्थन उपयोगी होगा। जहां तक डब्लूटीओ में सुधार का सवाल है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को समझाना होगा कि वे अमेरिकन वीटो हटा दें।

# नागालैंड घटना पर आत्मनिरीक्षण की जरूरत

"इस तरह के शत्रुतापूर्ण एजेंडे देश की सुरक्षा को क्षति पहुंचाने वाले अवसर को जाने नहीं देंगे। आखिर उनका एकमात्र मकसद भारत पर आघात करना है।"

**जयदीप सैकिया**
(लेखक एक संघर्ष विश्लेषक हैं)



नागालैंड के मोन जिले के तिरु इलाके में 4 दिसंबर की घटना, जब सुरक्षा बलों द्वारा गलत पहचान के मामले में कुछ लोग मारे गए थे, शायद हाल के दिनों में अप्रिय घटनाओं में से एक है, और एक जिसे सुरक्षा बलों द्वारा वास्तव में खेद व्यक्त किया गया है। लेकिन तथ्य यह है कि यह एक अजीबोगरीब घटना थी और जिस तरह से कर्नल विप्लव त्रिपाठी और उनके निर्दोष परिवार की मणिपुर में हत्या की गई थी, यह पूर्व नियोजित नहीं था। उस अंत तक, इस प्रकरण का इलाज किया जाना चाहिए, एक ऐसी असंगति जिसके लिए वास्तव में एक ऐसी ताकत द्वारा पश्चाताप किया गया है जिसने न केवल उत्तर पूर्व की सुरक्षा में योगदान दिया है, बल्कि इसके सर्वांगीण कल्याण में भी योगदान दिया है।

यदि इस घटना को भारत-विरोधी ताकतों द्वारा अपहृत करने की अनुमति दी जाती, जो इस तरह के अवसर के लिए विस्तार को परिमार्जन करते रहे हैं, तो एक बड़ी गलती की जाएगी। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के राज्य सुरक्षा मंत्रालय और पाकिस्तान की इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस जैसी एजेंसियां ? ?या तो अलगाव में या एजेंडा की एकजुटता में भारतीय सुरक्षा बलों को आतंकवाद विरोधी अभियानों और उनके प्राथमिक सीमा प्रबंधन से दूर करने का प्रयास कर रही हैं। कर्तव्य। वास्तव में, ये एजेंसियां उत्तर-पूर्व के शांतिप्रिय लोगों को भारत विरोधी कार्रवाई के लिए उकसाने का कोई रास्ता नहीं छोड़तीं, जब विपथन उनके रास्ते में आते हैं जैसा कि वास्तव में सोम में हुआ था। इस तरह के शत्रुतापूर्ण एजेंडे – जैसा कि अतीत में बार-बार देखा गया है, असम, कश्मीर और मणिपुर और भारत में कहीं और – देश की सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने के अवसर को जाने नहीं देंगे। आखिरकार, उनका एकमात्र मकसद भारत को हजारों आघातों के साथ खून करना और 'सौ प्रैरी



फायर' स्थापित करना है, जो न केवल एक क्षेत्रीय शक्ति के रूप में भारत की बढ़ती शक्ति को विफल करने की कोशिश करेगा, बल्कि अपने सुरक्षा बलों पर अपमान का ढेर लगाएगा। देश की आबादी को विकास वक्र और ऊपर की ओर गतिशीलता से गुमराह करने के लिए जिसे राष्ट्र हासिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सोम घटना स्टॉक लेने के अभ्यास के लिए एक आदर्श अवसर प्रदान करती है। हालांकि यह विश्लेषण किया गया है कि प्रकरण निश्चित रूप से था – शेक्सपियर से एक कालातीत अभिव्यक्ति को स्पष्ट करने के लिए एक था – एक जिसे हमेशा पालन की तुलना में उल्लंघन में अधिक सम्मानित किया गया है, इस मामले का तथ्य यह है कि सुरक्षा बलों ने निश्चित और विश्वसनीय जानकारी है कि एक आतंकवादी संगठन, अर्थात् नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड (खापलांग-युंग आंग) गुट नागालैंड के मोन जिले में तिरु के आसपास के क्षेत्र में छल करने के उद्देश्य से क्षेत्र में था। इसलिए, देशद्रोहियों के नापाक मंसूबों का मुकाबला करने के लिए क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा एक ऑपरेशन की योजना बनाई गई थी। ल%एफ़ेयर मोन उन घटनाओं के कारण हुआ, जिसमें तैयारी और कर्तव्य की भावना दोनों शामिल हैं, जिसके साथ सुरक्षा बल 13 नवंबर की घटना को दोहराने की कोशिश कर रहे थे, जब कर्नल के परिवार के रूप में गैर-लड़ाकों को निर्मम आतंकियों द्वारा जानबूझकर निशाना बनाया गया था।

मोन घटना, अगर निष्पक्ष खेल का सहारा लिया जाना है, तो यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि 3 और 4 दिसंबर को मणिपुर के फेरज़ावल जिले में क्या हुआ था जब असम राइफल्स की वांग बटालियन अपना ऑपरेटिंग बेस खाली करने की प्रक्रिया में थी। परबुंग। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों सहित परबुंग के ग्रामीण बड़ी संख्या में असम राइफल्स से क्षेत्र से बाहर न जाने का अनुरोध करने के लिए सामने आए। बल छुट्टी पर विचार कर रहा था क्योंकि उस स्थान पर उग्रवाद कम हो गया था। यह अभूतपूर्व घटना न केवल असम राइफल्स इकाई की असाधारण परिचालन उपलब्धि और नागरिक कार्रवाई नीतियों के कारण थी, विशेष रूप से ष्टह्लङ्कढ्ढष्ठ-19 महामारी के दौरान हर प्रकार की सहायता के प्रावधान के माध्यम से आबादी की सहायता के कारण, बल्कि इसलिए भी कि एक भावना की भावना थी। 2006 के बाद से परबुंग और असम राइफल्स के निवासियों के बीच विकसित हुआ था, जब असम राइफल्स के एक अधिकारी, लेफ्टिनेंट कर्नल राजीव बख्शी ने क्षेत्र में कर्तव्य की पंक्ति में सर्वोच्च बलिदान दिया था। वास्तव में, एक स्मारक फुटबॉल मैच, लेफ्टिनेंट कर्नल बख्शी मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट, हर साल परबुंग में आयोजित किया जाता है, जिस तरह से असम राइफल्स के अधिकारियों और पुरुषों ने पूर्वोत्तर के लोगों के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। इसलिए, चीजों की उपयुक्तता में यह है कि जिस क्षेत्र के लिए असम राइफल्स ने अपने पूरे अस्तित्व को अलग रखा है, उसे वास्तव में पूर्वोत्तर के मित्र कहा जाता है।

## आप की बात

### आंतरिक सुरक्षा पर मंथन

**भारत** देश मे आंतरिक सुरक्षा के सामने वर्षो से आतंकवाद, अलगाववाद ,नक्सलवाद और अराजकता गम्भीर संकट पैदा कर रहे हैं। कश्मीर में आतंकवाद, उत्तरपूर्व में उग्रवाद और कई राज्यों में नक्सलवाद फैला हुआ है। इनके खिलाफ चलाये जा रहे अभियानों में कभी कभी निर्दोष लोगों की जाने चली जाती है। नागालैंड में हुई दुखद घटना नाकाम गुप्तचर तन्त्र के कारण हो गई। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना का राजनीतिक लाभ लेने की किसी भी दल को कोशिश नही करना चाहिये। जो गलती सुरक्षा बलों से हो गई है। उससे निपटने और पीड़ित परिवारों को सहानुभूति और आर्थिक मदद सरकार को करना चाहिए। गुप्तचर व्यवस्था को सुधारने ,आधुनिक हाई टेक टेक्नालॉजी का उपयोग ,ड्रोन का उपयोग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग होना चाहिये। इन अभियानों में हमारे देश के सुरक्षाबलों को अनेको बार हमलों का शिकार होना पड़े। इसे रोकने के लिये गुप्तचर व्यवस्था का जाल सारे देश मे फैलाना होगा। गुप्तचर व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिये इसे पुलिस विभाग से अलग करना होगा। भारतीय गुप्तचर और राज्य गुप्तचर सेवा बनाने कीओर केंद्र सरकार ध्यान दे।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### उग्रवादी कहां हैं?

**नागालैंड** में जो हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण है। चाहे सुरक्षाबल हों या किसी भी राज्य की पुलिस अपराधियों को पकड़ने में उनका काम मुख्य रूप से प्राप्त विश्वसनीय खुफिया जानकारी पर निर्भर करता है। उसके अनुसार वे आगे की योजना बनाते हैं। उग्रवादीयों के बारे में सुरक्षाबलों को मिली विश्वसनीय खुफिया जानकारी संदेह के घेरे में आ गई है। जवानों की फायरिंग में मजदूर मारे गए है तो उग्रवादी कहां हैं? क्या किसी के पास उन्हें बिना मारे सुरक्षित रूप से छुटकारा पाने की कोई पूर्व नियोजित योजना होगी? इसे देखना होगा। स्थानीय लोग और सुरक्षा बलों के बीच दरार पैदा करने की कोशिश को नकारा नहीं जा सकता। ताकि स्थानीय लोग आक्रामक हो जाएं और सुरक्षा बलों पर टूट पड़े। स्थानीय लोगों में सुरक्षा बलों को लेकर गुस्सा कैसे आएगा? और इसका लाभ उठाकर जवानों का मनोबल कैसे कम किया जा सकता है? इसके लिए कौनसी ताकतें (उग्रवादी) काम कर रही हैं? इस पर भी गहन शोध करने की जरूरत है। इसे केवल उपर से नहीं, बल्कि बहुत बारीकी से देखना होगा। यह ध्यान रखना होगा कि देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के मन में सुरक्षाबलों की छवि खराब न हो।

– **जयेश राणे**, मुंबई


### कानून वापसी से नुकसान

**हाल** ही में तीन कृषि सुधार कानूनों की वापसी से कृषि-बाजार सुधारों की संभावना लगभग समाप्त हो गई है। हाल ही में इनके पुनर्जीवित होने की भी कोई संभावना नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह पता लगाने के लिए एक समिति गठित की है कि 'एमएसपी को कैसे ज्यादा प्रभावी बनाया जा सकता है', जबकि यह केवल सतही कदम है। इस बीच किसानों के नेता और मांगें पेश कर रहे हैं तथा सरकार रक्षात्मक दृष्टिकोण अपना रही है। इस प्रकार देश एक खतरनाक क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है। एमएसपी की विधिक गारंटी राष्ट्रीय खजाने को दीवालिया कर सकती है। इससे भंडारण व परिवहन सुविधाओं पर भारी बोझ पड़ेगा, बरबादी कई गुना बढ़ेगी तथा भारत को खाद्य सब्सिडी के मामले पर डब्लूटीओ में शर्मिन्दा होना पड़ेगा क्योंकि किसानों को आसमान के तारे देने के लिए व्यापार विकृत हो जाएगा। किसानों को बिजली संशोधन कानून से अलग रखने से पहले से ही भारी घाटे का शिकार बिजली वितरण कंपनियों पर और अधिक बोझ पड़ेगा।

– **श्रीवत्स द्विवेदी**, वाराणसी

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**सरकार** नागालैंड की घटना पर तहेदिल से खेद जताते हुए प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है।

– **अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री

**फिलहाल,** अब तक, ऐसा तो नहीं लगता कि नए कोविड प्रतिरूप में बहुत गंभीरता है।

– **एंथनी फॉसी**
एनआईएआईडी निदेशक





**जब** भाजपा वोट मांगने आए तो यह याद रखें यूपी सरकार ने रोजगार मांगने वालों को लाठियों से पीटा था।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# भाजपा को 2024 में टक्कर देने के लिए विपक्षी गठबंधन पर काम करेंगे: राकांपा

● राकांपा कार्यसमिति की गई चर्चा

**भाषा।** नई दिल्ली



शिवसेना सांसद संजय राउत और राकांपा अध्यक्ष शरद पवार संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान निलंबित राज्यसभा सांसदों के साथ

**राष्ट्रवादी कांग्रेस** पार्टी (राकांपा) ने मंगलवार को कहा कि वह 2024 में भाजपा से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस समेत विभिन्न दलों का व्यापक गठबंधन बनाने का हरसंभव प्रयास करेगी, लेकिन इसने कांग्रेस के बारे में तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी के बयानों से खुद को दूर रखा। राकांपा कार्यसमिति की चर्चा के बारे में बात करते हुए पार्टी प्रवक्ता नवाब मलिक ने पत्रकारों से कहा कि देश के लोग केंद्र में भाजपा सरकार स उबै गए हैं और 2024 में बदलाव चाहते हैं। मलिक ने कहा हम भाजपा का विकल्प बनाने के लिए कांग्रेस सहित सभी गैर-भाजपा दलों को एकजुट करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। लोग 2024 में बदलाव चाहते हैं। यदि वैकल्पिक गठबंधन बनता है, तो 2024 में बदलाव होगा। उन्होंने हालांकि इस बारे में कुछ नहीं कहा कि इस तरह के गठबंधन का नेतृतव कौन करेगा। मलिक ने कहा कि राकांपा प्रमुख शरद पवार भाजपा का व्यापक विकल्प बनाने के लिए सभी विपक्षी दलों को एकजुट करने की जरूरत पर जोर दे रहे हैं। भाजपा के विकल्प पर राकांपा की टिप्पणी उस दिन आई जब शिवसेना नेता संजय राउत ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। इससे कुछ दिन पहले तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) को अस्तित्वहीन करार दिया था। उन्होंने गांधी पर भी निशाना साधा था और विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व किए जाने को लेकर कांग्रेस पर सवाल उठाया था। पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों पर, मलिक ने कहा कि राकांपा गोवा और उत्तराखंड में चुनाव पूर्व गठबंधन के लिए कांग्रेस के साथ बातचीत कर रही है, जबकि उत्तर प्रदेश में संभावित गठजोड़ के लिए समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के साथ बातचीत के रास्ते खुले हैं।

## दुर्लभ बीमारियों से ग्रस्त बच्चों को मरने नहीं दे सकते: उच्च न्यायालय

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि बच्चों के लिए दुर्लभ रोग कोष में अप्रयुक्त 193 करोड़ रुपए पड़े होने को लेकर केंद्र ने कोई पर्याप्त स्पष्टीकरण नहीं दिया है। अदालत ने इस बात पर जोर दिया है कि धन उपलब्ध होने के बावजूद वह ऐसी बीमारियों से बच्चों को मरने नहीं देगी। हाई कोर्ट ने पूरी बात का मजाक बनाने के लिए अधिकारियों की खिंचाई की और कहा कि यह अजीब है कि आवंटित धन उपलब्ध है लेकिन दुर्लभ बीमारियों से पीड़ति बच्चों पर खर्च नहीं किया जा रहा है। न्यायमूर्ति रेखा पल्ली ने कहा, प्रतिवादी संख्या एक (केन्द्र) की ओर से दायर हलफनामा पिछले तीन वर्षों में दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित बच्चों पर अव्ययित राशि का इस्तेमाल न करने का कोई कारण या पर्याप्त स्पष्टीकरण नहीं देता है। सरकार का हलफनामा इस बात का भी पर्याप्त स्पष्टीकरण नहीं देता है कि दवाओं और दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए शुरू किए गए।



वाराणसी में काशी विश्वनाथ के मंदिर परिसर में तेजी से चल रहा है रंग-रोगन का काम

## छत्तीसगढ़ : नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म, आरोपी शिक्षक गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले मे छात्रा के साथ बलात्कार के आरोप में पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। राजनांदगांव जिले के पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि जिले के डोंगरगांव थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय छात्रा से बलात्कार के मामले में पुलिस ने महेंद्र मेश्राम (35) को गिरफ्तार किया है। पुलिस को शिकायत मिली कि इस महीने की दो तारीख को मेश्राम छात्रा को परिजनों की सहमति बगैर शैक्षणिक भ्रमण के नाम पर कार से ले गया और सुनसान स्थान पर उसके साथ बलात्कार किया।

## दूसरी लहर का प्रभाव बीमा पर भी पड़ा

**मुंबई।** महामारी कोरोना की दूसरी लहर आने के बाद तेज़ी से बढ़ी मृत्यु दर के कारण ग्लोबल रीइंश्योरेंस कंपनी के आग्रह पर इश्योरेंस कंपनियां अपने टर्म प्लान पर प्रीमियम बढ़ाने जा रही हैं। जहां कुछ कंपनियां अगले महीने तक ऐसा करेंगी तो वहीं दूसरी ओर अन्य कंपनियां जनवरी के बाद प्रीमियम बढ़ा सकती हैं। वैश्विक रीइंश्योरेंस कंपनी म्यूनिख रे ने अपने इंश्योरेंस पार्टनर्स को सितंबर में इस बढ़ोतरी के बारे में बताया था जिसके बाद से ही बीमाकर्ता प्रीमियम में वृद्धि की राशि को लेकर रीइंश्योरेंस कंपनियों के साथ बातचीत में लगे हुए हैं। पहले भारत में टर्म प्लान की कीमतें दुनिया में सबसे कम थीं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में हुए बदलावों के दौरान इसे कई गुना अधिक बढ़ा दिया गया है।

## ऑटोरिक्शा–जीप की टक्कर में तीन की मौत, छः अन्य घायल

**आरा (बिहार)।** भोजपुर ज़िला मे जगदीशपुर थाना अंतर्गत कितापुर गांव के समीप मंगलवार को एक ऑटोरिक्शा और जीप मे टक्कर हो गई। इस हादसे मे ऑटोरिक्शा मे सवार तीन लोगो की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चालक समेत छः अन्य घायल हुए है। पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी ने बताया की उक्त ऑटोरिक्शा मे एक ही परिवार के लोग सवार थे, जो कि बभनीयावां गांव से भोजपुर जिला मुख्यालय आरा आ रहे थे। उन्होंने बताया कि मृतको की पहचान हीरा लाल भगत, उनके दामाद ललन भगत एवम पांच वर्षीय नाती पुरूषोत्तम के तौर पर की गई है। तिवारी ने बताया कि इस हादसे मे घायल हुए लोगो को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। इस बीच, हादसे से आक्रोशित ग्रामीणो ने मुआवजे की मांग को लेकर आरा-मोहनिया राष्ट्रीय राजमार्ग को घंटो जाम किए रखा और प्रशासन से आश्वासन मिलने के बाद प्रदर्शन समाप्त किया।

## उत्तर प्रदेश में सैमको करेगी विस्तार

**मुंबई।** सैमको उत्तर प्रदेश में अपने कारोबार के विस्तार के लिए पूरी तरह तैयार है। 200 डिस्ट्रिब्यूटर के साथ पार्टनरशिप के साथ-साथ कंपनी का लक्ष्य कैलेंडर वर्ष 2021 की समाप्ति तक कुल एमएफडी में 20 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करना है। सैमको समूह अपने ग्राहकों के लिए सही उत्पाद और समाधान पेश करने में विश्वास रखता है और इसी रणनीति के साथ सैमक म्यूचुअल फंड ने भारत में पहली बार स्ट्रेस टेस्टेड इंवेस्टिंग की शुरुआत की है। स्ट्रेस टेस्टेड इन्वेस्टमेंट उन व्यवसायों में निवेश की रणनीति है जो विभिन्न प्रकार के दबाव को सहन कर सकते हैं और अपना अस्तित्व बचाकर रख सकते हैं और साथ-ही-साथ लंबी अवधि में जोखिम,.समायोजित रिटर्न उत्पन्न कर सकते हैं। हर बिजनेस को हेक्साशील्ड ढांचे द्वारा परिभाषित छह कठोर परीक्षणों की एक श्रृंखला से गुजारा जाता है और केवल वे बिजनेस जो हेक्साशील्ड परीक्षण पास करते हैं, केवल उनमें निवेश किया जा सकता है।

# बंगाल भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष के समान व्यवहार कर रहे धनखड़ : टीएमसी

**भाषा।** कोलकाता



**तृणमूल** कांग्रेस ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ की आलोचना करते हुए कहा कि वह प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष की तरह व्यवहार कर रहे हैं। तृणमूल ने कहा कि धनखड़ को भारतीय जनता पार्टी के एक विधायक द्वारा दार्जिलिंग को राज्य से अलग करने की मांग पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। तृणमूल के प्रदेश महासचिव कुणाल घोष ने कहा कि धनखड़ भाजपा की मदद करने के वास्ते राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा की गई निकाय चुनाव की तैयारियों में खामी खोजने का प्रयास कर रहे हैं। घोष ने कहा, पश्चिम बंगाल चुनाव में करारी शिकस्त के बाद कोलकाता नगर निगम चुनाव में भाजपा को कुछ समझ में नहीं आ रहा है। इसलिए हमारे माननीय राज्यपाल नई दिल्ली में अपने आकाओं के लिए कुछ राजनीतिक लाभ कमाने के वास्ते प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष के जैसा व्यवहार कर रहे हैं। तृणमूल नेता ने कहा कि भाजपा की हार निश्चित है इसलिए वह बहाने खोज रही है और राज्यपाल उसकी सहायता करने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निकाय चुनाव की तैयारियों में कमियां खोजने की कोशिश कर रहे हैं। राज्यपाल को अपने पद की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए। धनखड़, निकाय चुनाव में केंद्रीय बलों की तैनाती पर जोर दे रहे हैं और भाजपा भी इसकी मांग करती रही है। वह निकाय चुनाव में इतनी रुचि ले रहे हैं लेकिन हम जानना चाहते हैं कि दार्जिलिंग को पश्चिम बंगाल से अलग करने की भाजपा विधायक की मांग पर उनकी क्या राय है।

## गलती से भी कोलकाता मत जाना: गोवा के मुख्यमंत्री सावंत ने लोगों से कहा

**भाषा।** पणजी

**पश्चिम बंगाल** में चुनाव बाद हुई हिंसा का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने मंगलवार को स्थानीय लोगों से अपील की, कि वे गलती से भी कोलकाता न जाएं। किसी का नाम लिए बिना सावंत ने, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तुलना देवी शांतदुर्गा से करने के लिए तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों और अन्य पर भी निशाना साधा। कांग्रेस के पूर्व विधायक रवि नाइक के भाजपा में शामिल होने के बाद गोवा के मुख्यमंत्री पोंडा में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और गोवा चुनाव के लिए भाजपा प्रभारी देवेंद्र फडणवीस और भाजपा की गोवा इकाई के अध्यक्ष सदानंद शेत तनावडे भी मौजूद थे। सावंत ने कहा, कोई दिल्ली से आता है (आम आदमी पार्टी), तृणमूल आती है और एमजीपी (गोवा में आगामी चुनाव के लिए) उसके साथ गठबंधन करती है। मुख्यमंत्री ने तृणमूल और आप दोनों दलों पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हमारे लोग दिल्ली नहीं जाते। और गलती से भी कोलकाता नहीं जाते। मैं आपको सच बता रहा हूं। वहां (कोलकाता) कभी मत जाना। आपको पता है वहां (बंगाल) चुनाव के बाद क्या हुआ था? क्या आप वैसी ही हिंसा गोवा में चाहते हैं? पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का नाम लिए बिना सावंत ने कहा कि कुछ नेता उन्हें देवी शांतदुर्गा से भी बड़ा बता रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### ओडिशा विस ने पाइका विद्रोह पर प्रस्ताव पारित किया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा विधानसभा ने वर्ष 1817 के पाइका विद्रोह को स्वतंत्रता के पहले संघर्ष के रूप में मान्यता देने की घोषणा किए जाने की मांग केंद्र के समक्ष उठाने के लिए राज्य सरकार को अधिकृत करते हुए मंगलवार को एक प्रस्ताव पारित किया। राज्य के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जे. पी. पाणिग्रही ने सदन में यह प्रस्ताव पेश किया, जिसे विपक्षी दल भाजपा और कांग्रेस के हंगामे के बीच ध्वनिमत से पारित किया गया। विपक्षी विधायक कालाहांडी की एक महिला शिक्षक की हत्या के मामले में मंत्री डी. एस. मिश्रा को हटाने और उनकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। विधायकों ने सदन में मामले के मुख्य आरोपी के साथ मंत्री की नजदीकी के आरोप लगाए।

### संगीत सुनने वाले कोविड पूर्व व्यवहार पर लौट रहे

**मुम्बई।** दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी म्युजिक और ऑडियो स्ट्रीमिंग सेवा, जियोसावन ने पूरे भारत से प्राप्त जनवरी और नवंबर 2021 के अपने प्लेटफॉर्म डेटा का विश्लेषण किया। जिसमें जियोसावन ने ऑडियंस की सबसे पसंदीदा प्लेलिस्ट, आर्टिस्ट और पॉडकास्ट का पता लगाने के लिए देश भर में नवीनतम रुझानों को दर्ज किया है। अर्थव्यवस्था के खुलने के साथ ही यूजर्स सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक सुनने के कोविड, पूर्व व्यवहार पर लौट आए हैं और प्लेटफॉर्म का अधिकांश उपयोग कर रहे हैं। एकत्र किए गए डेटा से पता चलता है कि जस्टिन बीबर और जुबिन नौटियाल जियोसावन पर सबसे अधिक स्ट्रीम किए गए नंबर- 1 कलाकार हैं। जबकि एलन वॉकर और डीजे स्नेक जैसे अंतरराष्ट्रीय कलाकारों तथा अरिजीत सिंह और अलका याज्ञनिक जैसे भारतीय कलाकारों ने क्रमशः अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं के सबसे लोकप्रिय कलाकारों के रूप में अपनी रैंक बनाए रखी। बीटीएस 2021 में सबसे ज्यादा स्ट्रीम किया जाने वाला के.पॉप बैंड रहा। भारतीय कलाकारों द्वारा बनाए गए नए संगीत के साथ जुड़ने और उसको फॉलो करने वाले प्रशंसकों के विविध समुदायों के कारण, विभिन्न शैलियों के स्वतंत्र कलाकारों द्वारा बनाए गए गीतों को भी बहुत पसंद किया गया। बी प्राक, पायल देव और स्टेबिन बेन जैसे स्वतंत्र भारतीय कलाकार इस साल प्लेटफॉर्म पर टॉप आर्टिस्ट बन कर उभरे हैं। गीतों में पीचेस२,श्स्टेश् और एट माई वर्स्ट अंग्रेजी भाषा में सबसे अधिक स्ट्रीम किए गए और अंतरराष्ट्रीय संगीत में पॉप पसंदीदा शैली बना रहा। लुट गए सबसे ज्यादा स्ट्रीम किया जाने वाला हिंदी गाना रहा ।

### मद्रास उच्च न्यायालय ने निजी कंपनियों के खिलाफ फेमा की कार्यवाही को बरकरार रखा

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने दो कंपनियो और उनके मालिको के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन कानून (फेमा) के प्रावधानों के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा शुरू की गई कार्यवाही को बरकरार रखा है। अदालत ने हाल में जीआई टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक रामू अन्नामलाई रामासामी, जीआई रिटेल प्राइवेट लिमिटेड के पलानीअप्पन रामासामी और अन्नामलाई की पत्नी आर उमयाल राधाई की तीन रिट याचिकाओं का निपटारा कर दिया। न्यायमूर्ति आर महादेवन ने कहा, यह स्थापित कानून है कि प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों द्वारा फेमा की धारा 37 के तहत जारी किए गए समन पर रिट के माध्यम से सवाल नही उठाया जा सकता है। जब फेमा कानून के तहत निषिद्ध किसी भी लेन-देन में याचिकाकर्ताओं की संलिप्तता के संबंध मे संदेह होता है तो प्रतिवादी अधिकारियो को उन्हे पूछताछ के लिए बुलाने का अधिकार है।

### मुल्लापेरियार के मुद्दे पर केरल के मुख्यमंत्री को विपक्ष व स्थानीय लोगों ने लिया आड़े हाथो

**तिरुवनंतपुर-माइदुक्की।** तमिलनाडु की ओर से मुल्लापेरियार बांध के फाटक रात में खोलने को लेकर केरल मे पिनराई विजयन सरकार को अपनी कथित निष्क्रियता को लेकर मंगलवार को यूडीएफ के नेतृत्व वाले विपक्ष और पेरियार नदी के पास रहने वाले लोगों की आलोचना का सामना करना पड़ा। राज्य विधानसभा मे विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि केरल के मुख्यमंत्री को इस मुद्दे पर अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए और जवाब देना चाहिए कि उनकी सरकार निष्क्रिय क्यो है और देर रात मे बांध से पानी छोड़ने के तमिलनाडु के कार्यो का विरोध नही कर रही है। उन्होंने कहा, उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर एक निगरानी समिति मौजूद है।

### राज्य आयोग के आदेश से ज्यादा राशि जमा करने का निर्देश दे सकता है एनसीडीआरसी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के पास ए शक्ति है कि वह, राज्य आयोग द्वारा राशि जमा करने के आदेश की पूरी राशि या 50 प्रतिशत से अधिक राशि जमा करने का आदेश पारित कर सकता है। अदालत ने राज्य आयोग के एक आदेश पर रोक लगाते हुए उक्त टिप्पणी की। शीर्ष अदालत ने राज्य आयोग द्वारा पारित आदेश के खिलाफ स्थगन आवेदन और पूरी राशि या 50 प्रतिशत से अधिक राशि जमा करने का आदेश पारित करने पर विचार करते हुए कहा कि एनसीडीआरसी ने कुछ कारण बताए और एक उपुयक्त आदेश पारित किया।

## राजस्थान : बच्ची के साथ दुष्कर्म के दोषी को 20 साल के सश्रम करावास की सजा

**जयपुर।** राजस्थान के अजमेर शहर की पोक्सो अदालत ने छह साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को दोषी करार देते हुए मंगलवार को 20 साल के सश्रम कारावास व एक लाख के अर्थदंड की सजा सुनाई। अजमेर के पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि पोक्सो अदालत के न्यायाधीश ने आरोपी मोहित उर्फ मोनू उर्फ मनीष कुमावत को 20 साल के सश्रम कारावास व एक लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। सेंगाथिर ने यहां एक बयान में बताया कि 30 जुलाई 2020 को मामला दर्ज किया गया था। आरोपी मोहित पर आरोप था कि वह घर में खेल रही छह वर्षीय बालिका को छत पर ले गया और दुष्कर्म किया।

# माकन को चुनाव संबंधी कांग्रेस की समिति का अध्यक्ष बनाए जाने पर अमरिंदर ने उठाए सवाल

**भाषा।** चंडीगढ़



**पंजाब के** पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने राज्य विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस द्वारा अजय माकन को एक अहम समिति का अध्यक्ष बनाए जाने पर मंगलवार को सवाल उठाया। सिंह ने आरोप लगाया कि माकन के एक रिश्तेदार 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों में शामिल थे। सिंह ने माकन को एक विफल राजनेता बताया और कहा कि उनके प्रभारी रहते पार्टी दिल्ली में लगातार दो विधानसभा चुनाव हार गई थी। माकन कांग्रेस के महासचिव हैं और उन्हें पंजाब चुनाव के लिए उम्मीदवारों का चयन करने वाली समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा, माकन ललित माकन के भतीजे हैं जो दिल्ली में 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों के मुख्य दोषियों में से एक थे। कांग्रेस ने माकन से बदतर व्यक्ति को इस काम के लिए नियुक्त नहीं कर सकती थी। अमरिंदर सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार जहां एक अन्य दोषी सज्जन कुमार पर मामला चला रही है वहीं कांग्रेस माकन को पुरस्कृत कर रही है, और वह भी पंजाब में, ऐसा कर के पार्टी पंजाबियों के घाव पर नमक छिड़क रही है।

## नगालैंड सरकार ने शांति का आह्वान किया, हिमंत कल कोहिमा में रहेंगे

**भाषा।** कोहिमा

**नगालैंड** सरकार ने मंगलवार को कहा कि मोन जिले में स्थिति नियंत्रण में है। इसने नगा समूहों से जटिल राजनीतिक मुद्दे के स्थाई समाधान की दिशा में काम करने और शांति सुनिश्चित करने का आह्वान किया। मंत्री नीबा क्रोनू ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नगा राजनीतिक मुद्दे पर सरकार की कोर कमेटी के सदस्य गोलीबारी की घटना में आम लोगों के मारे जाने के बाद अपनाए जाने वाले रुख को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के साथ कोहिमा में नौ दिसंबर को बैठक करेंगे, जो पूर्वोत्तर लोकतांत्रिक गठबंधन (एनईडीए) के संयोजक भी हैं। हम सभी को एक साथ (नगा राजनीतिक मुद्दे के) समाधान के लिए एक बार और सभी के लिए काम करना चाहिए, क्योंकि हम इसे अब और जारी नहीं रख सकते हैं। हम सभी गंभीरता से समाधान के लिए काम करें ताकि हम सभी शांति से रहें। योजना और समन्वय, भूमि राजस्व और संसदीय मामलों के मंत्री क्रोनू ने कहा,भारत सरकार बहुत गंभीर है और इसलिए समाधान लाने के वास्ते कड़ी मेहनत करने का समय आ गया है। जनजातीय मामलों के मंत्री तेमजेन इम्ना अलोंग ने कहा कि राज्य में नेफ्यू रियो के नेतृत्व वाली सरकार बहुत मजबूतै और स्थिर है।

## अदालत ने भाजपा से चरणों में स्थानीय निकाय चुनाव कराने पर हलफनामा दायर करने को कहा

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने स्थानीय निकाय चुनाव कई चरणों में कराने के पश्चिम बंगाल राज्य निर्वाचन आयोग की योजना पर प्रदेश भाजपा और एक अन्य आवेदक से हलफनामा दायर कर बुधवार तक अपने विचार रखने को कहा। मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति आर. भारद्वाज की खंडपीठ ने सोमवार को निर्वाचन आयोग और पश्चिम बंगाल सरकार से कहा कि वे याचिकाकर्ताओं के हलफनामे के जवाब में शुक्रवार तक हलफनामा दायर करें। मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को होनी है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि ईवीएम की कमी के कारण सभी नगर पालिकाओं का चुनाव पूरा होने के बाद वोटों की गिनती नहीं हो सकती है और प्रत्एक चरण का मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना आवश्यक होगा। भाजपा के वकील ने मंगलवार को कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग एक दिन में स्थानीय निकाय चुनाव कराने या सबकी मतगणना एक ही दिन में कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग से ईवीएम उधार ले सकता है।

## गहलोत ने रैली को लेकर सलाहकारों के साथ चर्चा की

**भाषा।** जयपुर



**राजस्थान के** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 12 दिसंबर को जयपुर में प्रस्तावित महंगाई हटाओ रैली की तैयारियों को लेकर मंगलवार को अपने नवनियुक्त सलाहकारों से चर्चा की। मुख्यमंत्री निवास पर हुई इस अनौपचारिक बैठक में कांग्रेस के महासचिव व राजस्थान प्रभारी अजय माकन और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी मौजूद थे। बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार जितेंद्र सिंह, बाबूलाल नागर, राजकुमार शर्मा, रामकेश मीणा और दानिश अबरार भी शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि 12 दिसंबर को होने वाली रैली की तैयारियों को लेकर गहलोत ने यहां प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में अजय माकन, डोटासरा व अन्य पदाधिकारियों के साथ चर्चा की और पार्टी नेताओं को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में माकन ने कहा कि कार्यकर्ता सुनिश्चित करें कि रैली में भाग लेने के लिए आने वाले लोगों का पूर्ण कोविड टीकाकरण हुआ हो, या फिर 72 घंटे के भीतर हुई उनकी आरटी-पीसीआर जांच की रिपोर्ट नेगेटिव आई हो। पार्टी ने रैली से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं को देखने के लिए मंत्रियों की अध्यक्षता में 11 समितियों का गठन किया है।

# सीडीएस रावत ने बिम्सटेक देशों के बीच सूचना साझा करने की व्यवस्था की पैरवी की

**भाषा।** नई दिल्ली



रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, सीडीएस जनरल बिपिन रावत और सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे नई दिल्ली में डीआरडीओ भवन में आपदा प्रबंधन पर अभ्यास में भाग लेते हुए बिम्सटेक के प्रतिनिधियों के साथ।

**प्रमुख रक्षा** अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत ने मंगलवार को सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर रक्षा सहयोग के लिए बिम्सटेक देशों के बीच सूचना साझा करने का तंत्र स्थापित करने का सुझाव दिया। बिम्सटेक आपदा राहत अभ्यास से पहले आयोजित एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में सीडीएस ने महामारी, प्राकृतिक आपदाओं और जैविक युद्ध जैसी भविष्य की संभावित चुनौतियों की तैयारी में संगठन के सदस्य देशों द्वारा एकजुट दृष्टिकोण के लिए भी जोर दिया। बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) संगठन में भारत, बांग्लादेश, म्यांमा, श्रीलंका, थाईलैंड, नेपाल और भूटान शामिल हैं। भारत क्षेत्रीय सहयोग के लिए बिम्सटेक को एक जीवंत मंच बनाने को ठोस प्रयास कर रहा है क्योंकि दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) के तहत पहल कई कारणों से आगे नहीं बढ़ रही है। कोरोना वायरस के नए ओमीक्रोन स्वरूप का जिक्र करते हुए जनरल रावत ने कहा कि देशों को महामारी पर काबू पाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, क्या यह भी नए प्रकार का युद्ध बन रहा है और यदि यह भविष्य का युद्ध है और जैविक युद्ध किसी तरह आकार लेना शुरू कर रहा है, तो एक बार फिर मुझे लगता है कि बिम्सटेक देशों को एक साथ कार्य करने और हमारे राष्ट्र इस तरह की बीमारी और वायरस से प्रभावित न हों, यह सुनिश्चित करने के लिए हमारे प्रयासों को मजबूत करने की आवश्यकता है। जनरल रावत ने सदस्य देशों की सुरक्षा और न्यायिक एजेंसियों के बीच रक्षा सहयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए समान कानूनी ढांचे को तैयार करने और सूचना साझा करने का तंत्र स्थापित करने के महत्व पर प्रकाश डाला।



त्रिची जिले में मंगलवार को भारी बारिश के बाद अरियार नदी के उफान के कारण बाढ़ में डूबे त्रिची-डिंडीगुल राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरते वाहन

# रवि नाइक ने दिया कांग्रेस से इस्तीफा, सदन में पार्टी सदस्यों की संख्या घटकर तीन हुई

**भाषा।** पणजी

**गोवा चुनाव** से पहले कांग्रेस को एक और झटका देते हुए, पार्टी विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री रवि नाइक ने मंगलवार को राज्य विधानसभा से अपना इस्तीफा दे दिया। इससे पहले, गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री लुइजन्हिो फलेरियो ने सितंबर में कांग्रेस विधायक के तौर पर इस्तीफा दे दिया था और बाद में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे। नाइक के इस्तीफे के साथ, 40 सदस्ईय राज्य विधानसभा में कांग्रेस का संख्याबल घटकर तीन हो गया है।

नाइक के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश चोडानकर ने कहा कि पार्टी ने बहुत पहले ही उनसे नाता तोड़ लिया था और आगामी राज्य चुनाव के लिए उन्हें पार्टी का प्रत्याशी बनाने पर विचार भी नहीं किया गया था। गोवा में पोंडा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले नाइक ने विधानसभा अध्यक्ष राजेश पाटनेकर को अपना इस्तीफा सौंपा। उनके साथ उनके दो बेटे भी थे, जो पिछले साल सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हुए थे। नाइक ने अपना इस्तीफा सौंपने के बाद यहां संवाददाताओं से कहा, मैंने इस्तीफा दे दिया। मैं आपको बता दूंगा कि आगे क्या योजना है।

सूत्रों के मुताबिक, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गोवा चुनाव प्रभारी देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में दिन में नाइक के भाजपा में शामिल होने की उम्मीद है। रवि नाइक के छोटे बेटे रॉय नाइक ने कहा कि उन्होंने अपने पिता से भाजपा में शामिल होने का अनुरोध किया है। राज्य के 2017 के विधानसभा चुनावों में, कांग्रेस 17 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। हालांकि, 13 सीटें जीतने वाली भाजपा ने तटीय राज्य में सरकार बनाने के लिए कुछ क्षेत्रीय दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों के साथ गठबंधन किया। तब से, कांग्रेस के कई विधायक पार्टी छोड़ कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। इस बीच, चोडानकर ने दावा किया कि नाइक के पार्टी छोड़ने से कांग्रेस को कोई नुकसान नहीं होगा क्योंकि वह पार्टी में सिर्फ कहने के लिए मौजूद थे।

कांग्रेस नेता ने संवाददाताओं से कहा, उनका एक पैर पहले से ही भाजपा में था। उन्होंने पहले अपने बेटों को भाजपा में भेजा था। चोडानकर ने कहा कि कांग्रेस ने पोंडा विधानसभा क्षेत्र में नया नेतृत्व बनाना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, हमने नाइक को पार्टी के किसी भी कार्यक्रम में शामिल नहीं किया था। हमने बहुत पहले नाइक को खारिज कर दिया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्होंने पहले ही भविष्यवाणी कर दी थी कि चुनाव से चार-पांच महीने पहले नाइक पार्टी छोड़ देंगे। 2017 के राज्य विधानसभा चुनावों के बाद से, कई कांग्रेस विधायकों ने पार्टी छोड़ दी और भाजपा में शामिल हो गए।

वालपोई विधायक विश्वजीत राणे ने सबसे पहले कांग्रेस से इस्तीफा दिया था। बाद में वह भाजपा में शामिल हो गए और इस सीट से उपचुनाव जीत लिया। राणे वर्तमान में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री हैं। राणे के बाहर निकलने के तुरंत बाद, कांग्रेस के दो और विधायक सुभाष शिरोडकर शिरोडा सीट का प्रतिनिधित्व किया। दयानंद सोपटे (मंदरेम) ने भाजपा में शामिल होने के लिए पार्टी छोड़ दी।

## आयकर विभाग ने तमिलनाडु के समूहों पर छापे के बाद करोड़ों रुपए की कर चोरी पकड़ी

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने हाल ही में आभूषण, कपड़ा और घरेलू उपकरणों की बिक्री से संबंधित तमिलनाडु स्थित दो समूहों पर छापेमारी के बाद करोड़ों रुपए की कर चोरी का पता लगाया है। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। यह छापेमारी एक दिसंबर को अज्ञात समूहों के चेन्नई, कोयंबटूर, मदुरै और तिरुनेलवेल्ली स्थित शोरुम पर की गई। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक बयान में कहा कि विभाग ने इस अभियान के दौरान 10 करोड़ रुपए नकद और छह करोड़ रुपए मूल्य के गहने जब्त किए हैं। उन्होंने दोनों समूहों पर कर अपवंचना के आरोप बताए हैं। उसने कहा कि पहले समूह के मामले में, जब्त किए गए दस्तावेजों से पता चलता है कि समूह अपने बहीखातों में हेरफेर करके बिक्री को व्यवस्थित रूप से दबाने में सक्रिय रूप से शामिल था।



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा सांसद जेपी नड्डा भाजपा संसदीय पार्टी बैठक में बातचीत करते हुए

# देशमुख की संपत्ति कुर्क करने के संबंध में उच्च न्यायालय ने उसका पक्ष नहीं सुनाः ईडी

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को बंबई उच्च न्यायालय में कहा कि उसे अनिल देशमुख की संपत्ति अस्थाई रूप से कुर्क करने पर अंतिम निर्णय लेने से रोकने का आदेश देने से पहले उच्च न्यायालय ने उसका पक्ष नहीं सुना। प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले महीने राकांपा नेता देशमुख को करोड़ों रुपए के धनशोधन के मामले में गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

उच्च न्यायालय ने सोमवार को पूर्व मंत्री की पत्नी आरती देशमुख की याचिका पर सुनवाई करते हुए प्राधिकार को अगले निर्देश तक संपत्ति जब्ती के मामले में अंतिम आदेश पारित करने से रोक दिया था। याचिका में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अस्थाई कुर्की को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति जी एस पटेल की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने हालांकि प्राधिकार को सुनवाई पूरी करने की अनुमति दी और याचिका सुनवाई के लिए 22 जनवरी को सूचीबद्ध की है।

प्रवर्तन निदेशालय की ओर से मंगलवार को अतिरिक्त सॉलिसिटर अनिल सिंह ने पीठ को बताया कि अदालत इस तरह का आदेश पारित करने से पहले जांच एजेंसी की दलीलों को सुनने में विफल रही। अदालत ने कहा कि वह 10 दिसंबर को प्रवर्तन निदेशालय की इस दलील पर सुनवाई करेगी। याचिका में आरती देशमुख ने दावा किया था कि पीएमएलए के तहत निर्णायक प्राधिकरण की संरचना अनुचित थी। प्राधिकार में एक अध्यक्ष और दो सदस्य होने चाहिए थे।

## सुप्रिया सुले ने केंद्र से ओबीसी को आरक्षण देने के लिए कानून लाने को कहा

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की सांसद सुप्रिया सुले ने मंगलवार को मांग की कि केंद्र अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को राजनीतिक आरक्षण देने के लिए एक कानून लेकर आए और महाराष्ट्र में मराठा और धनगर समुदायों के लिए आरक्षण के मुद्दे का समाधान निकाले। महाराष्ट्र से लोकसभा सदस्य सुले ने यह मांग तब की है जब एक दिन पहले उच्चतम न्यायालय ने राज्य में उन सीटों पर स्थानीय निकाय चुनावों पर अगले आदेश तक रोक लगा दी जहां ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत तक आरक्षण है। सुले ने ट्वीट किया, माननीय उच्चतम न्यायालय ने ओबीसी राजनीतिक आरक्षण पर रोक लगा दी है। संसद का शीतकालीन सत्र चलने पर हम मांग करते हैं कि केंद्र सरकार एक कानून लेकर आए ताकि ओबीसी के साथ ही मराठा और धनगर समुदायों के लिए लंबित राजनीतिक आरक्षण के मुद्दे का समाधान निकाला जा सकें।

# नागरिकों की पहचान नहीं की, शवों को छिपाने का किया प्रयासः नगालैंड गोलीबारी रिपोर्ट

**कोहिमा।** नगालैंड के मोन जिले में शनिवार को एक पिकअप ट्रक पर गोलीबारी करने से पहले सेना ने उसमें सवार लोगों की पहचान करने की कोई कोशिश नहीं की थी। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) टी जॉन लोंगकुमेर और आयुक्त रोविलातुओ मोर की संयुक्त रिपोर्ट में यह बात कही गई है। दोनों शीर्ष अधिकारियों ने चश्मदीदों के हवाले से कहा कि ग्रामीणों ने पाया कि सेना के विशेष बल छह लोगों के शव अपने आधार शिविर में ले जाने के इरादे से लपेटकर, एक पिकअप वैन में डालकर छिपाने की कोशिश कर रहे थे।

राज्य सरकार को रविवार को सौंपी गई रिपोर्ट में कहा गया, चार दिसंबर को शाम चार बजकर 10 मिनट के आसपास, आठ ग्रामीण तिरु स्थित कोयले की एक खान से पिकअप ट्रक में घर लौट रहे थे, उन पर आचनक ही सुरक्षा बलों (कथित तौर पर, असम में स्थित 21 वीं पैरा स्पेशल फोर्स) ने घात लगाकर हमला किया और उनकी हत्या की। वस्तुत: उनकी पहचान करने की कोई कोशिश नहीं की गई थी। सभी ग्रामीण निहत्थे थे और कोयले की खान में काम करते थे। उनमें से छह की मौत मौके पर ही हो गई थी और दो गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

अधिकारियों ने रिपोर्ट में बताया कि गोलियां की आवाज सुन कर ग्रामीण मौक पर पहुंचे। घटनास्थाल पर पहुंचने पर, उन्होंने एक पिकअप ट्रक देखा और विशेष बल के कर्मी छह शवों को लपेटकर उन्हें ट्रक (टाटा मोबाइल) में चढ़ा रहे थे, वे जाहिरा तौर पर शवों को उनके आधार शिविर ले जाने के इरादे से ऐसा कर रहे थे। रिपोर्ट में कहा गया कि शवों को तिरपाल में लिपटा देख गांववालों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़प हो गई। गुस्साए लोगों ने सुरक्षा बलों के तीन वाहनों में आग लगा दी। उन्होंने कहा, हंगामे में, सुरक्षा बलों ने फिर गांववालों पर गोलियां चलाईं, जिससे सात और ग्रामीण मारे गए। चश्मदीदों ने पुष्टि की है कि विशेष बलों के जवानों ने घटनास्थल से असम की ओर भागते हुए अंधाधुंध गोलियां चलाईं और यहां तक कि रास्ते में कोयला खदान की झोपड़ियों पर भी उन्होंने गोलीबारी की।

अमित शाह ने सोमवार को संसद में इस घटना को गलत पहचान का मामला बताया था। भारत सरकार नगालैंड की घटना पर अत्यंत खेद प्रकट करती है मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है। नगालैंड में शनिवार को हुई गोलीबारी में 14 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। सेना के जवानों ने शनिवार शाम को एक पिकअप वैन में घर लौट रहे कोयला खदान कर्मियों को कथित तौर पर प्रतिबंधित संगठन एनएससीएन के के युंग आंग गुट से संबंधित उग्रवादी समझ लिया था।

## क्विक न्यूज

### हेमा मालिनी ने पशु क्रूरता विरोधी कानून में संशोधन की मांग लोकसभा में उठाई

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने पशुओं के खिलाफ क्रूरता को रोकने के लिए सख्त कानूनी प्रावधान की मांग करते हुए मंगलवार को लोकसभा में कहा कि पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 मे जरूरी संशोधन किए जाएं। उन्होने सदन मे शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाया। उत्तर प्रदेश के मथुरा से लोकसभा सदस्य हेमा मालिनी ने पशुओं के खिलाफ क्रूरता के कुछ चर्चित हालिया मामलो का उल्लेख किया। उन्होने कहा कि पशुओं के खिलाफ क्रूरता के कई मामले सामने आए है। 1960 का पशु क्रूरता विरोधी कानून बहुत पुराना है। इसमे ज्यादा संशोधन नही हुआ। उनके मुताबिक, सरकार को बहुत सारे सुझाव मिले कि पशुओं के खिलाफ क्रूरता के मामले में मौजूदा जुर्माने को बढ़ाया जाए तथा जरूरी संशोधन किया जाए। शून्यकाल में ही भाजपा के संजय सेठ ने कहा कि भारत को इंडिया नही कहा जाना चाहिए क्योंकि यह देश की गौरवशाली संस्कृति का अपमान है। उन्होंने कहा, जब इस देश का नाम आदिकाल से भारत रहा तो फिर इंडिया क्यों कहा जाए। अंग्रेजों ने सिंधु को हिंदू कहा। इस तरह से भारत का नाम हिंदुस्तान पड़ गया।

### पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुनील अरोड़ा आईडीईए के सलाहकार बोर्ड में शामिल हुए

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुनील अरोड़ा इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्टोरल एसिस्टेंस (आईडीईए) के सलाहकार बोर्ड में शामिल हो गए हैं। यह एक अंतर-सरकारी संगठन है, जो स्टॉकहोम में स्थित है। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को एक बयान मे बताया कि अरोड़ा को आईडीईए के सलाहकार बोर्ड मे शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। उसमे कहा गया है, अरोड़ा अंतरराष्ट्रीय संस्थान के कामकाज मे योगदान देने के लिए समृद्ध नेतृत्व अनुभव, ज्ञान व कौशल लेकर आएं है। 15 सदस्य सलाहकार बोर्ड संस्थान की सहायता करता है। सलाहकार अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिष्ठित शख्सियतें या विशेषज्ञ होते है। अंतरराष्ट्रीय संस्थान का लक्ष्य दुनिया भर मे स्थाई लोकतंत्र का समर्थन करना है। इसमे फिलहाल 34 सदस्य देश है, जिनमे सभी महाद्वीपो के बड़े और छोटे, पुराने और नए लोकतंत्र शामिल है। भारत इसके संस्थापक सदस्यो मे से एक है।

### सरकार नोटरी अधिनियम में संशोधन करेगी

**नई दिल्ली।** सरकार ने नोटरी अधिनियम को संशोधित करने का प्रस्ताव रखा है, ताकि अधिक से अधिक युवा वकीलो को इस क्षेत्र मे प्रवेश मिल सके और किसी व्यक्ति को एक निश्चित अवधि तक ही इस कार्य मे रहने दिया जाए। विधि मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान मे कहा कि प्रस्तावित संशोधन विधेयक मे सम्बद्ध सरकार द्वारा पेशागत कदाचार के मामलो मे नोटरी प्रैक्टिस प्रमाण पत्र को निलंबित करने की शक्ति का विस्तार करने का भी प्रयास किया गया है। प्रस्तावित संशोधन विधेयक नोटरी द्वारा किए जा रहे संबंधित कार्यो के डिजिटीकरण से संबंधित भी है। फिलहाल नोटरी के तौर पर शुरुआती नियुक्ति के बाद प्रैक्टिस के प्रमाणपत्र के नवीनीकरण के लिए कोई सीमा निर्धारित नही की गई है। मंत्रालय ने कहा, (प्रस्तावित संशोधन विधेयक मे) नोटरी की सेवा की अधिकतम अवधि 15 वर्ष निर्धारित करने का प्रस्ताव है, जिसमे पांच साल के शुरुआती कार्यकाल के बाद पांच-पांच साल के ही दो नवीकरण विस्तार शामिल होंगे। मंत्रालय ने कहा है कि मसौदा विधेयक की प्रति विधाई-पूर्व परामर्श के लिए मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड की जा चुकी है। जिस पर 15 दिसम्बर तक टिप्पणी या अपने विचार प्रस्तुत किए जा सकते है।

### वैज्ञानिकों ने किसानों को आय बढ़ाने के बताए तरीके

**लखनऊ।** इंडिया इंटरनेशनल सांइस फेस्टीवल-2021 के तहत सीएसआईआर सीमैप में लैब टू लैंड आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों की आय में वैज्ञानिक सहायता से बढ़ोतरी करना है। इस कार्यक्रम में सीमैप तथा एनबीआरआई के वैज्ञानिक, विभा के प्रतिनिधि तथा लखनऊ एवं बाराबंकी के किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम के स्वागत भाषण में सीमैप के निदेशक डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी ने सभी किसानो का अभिनंदन किया। उन्होंने उपस्थित किसानों को बताया कि औषधीय एवं सुगंध पौधों की खेती से आय में कई गुना बढ़ोतरी की जा सकती है। इस कार्यक्रम में इंजीनियर श्रेयांस मंडलोई ने इंडिया इंटरनेशनल सांइस फेस्टीवल 2021 के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहाकि विज्ञान भारती आम जनमानस को विज्ञान से जोड़ रही है। विज्ञान भारती अवध प्रांत के अध्यक्ष प्रो. सरोज कुमार बारिक ने अपने संबोधन में किसानो की आय को दोगुनी किए जाने के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने वैज्ञानिकों द्वारा किये जा रहे प्रयासों को भी बताया। एनबीआरआई के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एसके तिवारी ने फूलों की खेती से किसानों की आय में बढ़ोतरी के बारे में बताया। इसी कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिरवल पाल द्वारा किया गया।




नई दिल्ली में कांग्रेस केरल के सांसदों ने शीतकालीन सत्र के दौरान संसद भवन के बाहर मुल्लापेरियार बांध मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए

# सीटों पर किसे समर्थन देना है इस पर स्थानीय नेता फैसला लेंगेः कुमारस्वामी

**बेंगलूरू।** आगामी विधान परिषद चुनावों के लिए सत्तारूढ़ भाजपा के साथ संभावित गठबंधन की चर्चा के बीच जनता दल (सेक्यूलर) नेता कुमारस्वामी ने मंगलवार को कहा कि स्थानीय नेताओं को यह फैसला लेने का अधिकार दिया गया है कि वे 2023 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए उन सीटों पर किसे समर्थन दें, जहां पार्टी चुनाव नहीं लड़ रही है।

किसी भी गठबंधन की संभावना को खारिज करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि जद(एस) विधान परिषद की उन सभी छह सीटों पर चुनाव जीतेगी, जिन पर वह लड़ रही है। 25 सीटों के लिए 20 स्थानीय प्राधिकरण निर्वाचन क्षेत्रों से कर्नाटक विधान परिषद का यह द्विवार्षिक चुनाव मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल खत्म होने के कारण हो रहा है। चुनाव 10 दिसंबर को होगा। कुमारस्वामी ने कहा, मैंने अपने स्थानीय नेताओं के साथ दो-तीन चरणों में चर्चा की है और उन सीटों के संबंध में उनकी राय ली है जहां हमने अपने उम्मीदवार नहीं उतारे हैं ड्ढमैंने हमारे सभी स्थानीय जिला नेताओं को 2023 विधानसभा चुनावों में पार्टी के आयामों को ध्यान में रखते हुए इन सीटों पर अन्य पार्टी के उम्मीदवारों का समर्थन करने के संबंध में निर्णय लेने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि अभी या भविष्य में किसी भी गठबंधन का सवाल नहीं है और जद(एस) 123 सीटें जीतने के लक्ष्य के साथ 2023 विधानसभा चुनावों के दौरान सभी 224 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। किसी भी गठबंधन या किसी भी आंतरिक या बाहरी समझ का कोई सवाल या गुंजाइश नहीं है...हमारा लक्ष्य 2023 चुनाव है। परिषद चुनावों के दौरान जो भी फैसले लिए जाने हैं, वे विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी को मजबूत करने की मंशा से लिए जाने हैं, हमने अपने स्थानीय नेताओं पर फैसला छोड़ दिया है।

## टीएमसी नेता का सरकारी दफ्तर मे हाथ मे बंदूक के साथ पोज देने की कथित तस्वीर वायरल

**इंग्लिश बाज़ार (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एक सरकारी कार्यालय में टीएमसी की एक नेता की बंदूक के साथ पोज देने की एक कथित तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, जिससे मंगलवार को राजनीतिक विवाद पैदा हो गया। ओल्ड मालदा पंचायत समिति की अध्यक्ष मृणालिनी मंडल मैती कथित फोटो में एक आधिकारिक कुर्सी पर बैठी हैं और उनके एक हाथ में बंदूक है। मैती टीएमसी महिला इकाई की जिला इकाई की अध्यक्ष भी हैं। टीएमसी पर निशाना साधते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष गोबिंद चंद्र मंडल ने आरोप लगाया, अगर उनकी तलाशी ली जाए तो पुलिस को बम और राइफल भी मिलेगी। यह टीएमसी की संस्कृति है। पुलिस नौकरी जाने के डर से कुछ नहीं कर रही है। टीएमसी ने कहा कि पुलिस मामले को देखेगी। टीएमसी के राज्य महासचिव कृष्णेंदु नारायण चौधरी ने कहा, आधिकारिक कुर्सी पर बैठकर कोई पिस्तौल से नहीं खेल सकता।

# पंजाब के सीएम के निर्वाचन क्षेत्र में चल रहा रेत खनन, जांच की जाएः केजरीवाल

**चंडीगढ़।** आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के निर्वाचन क्षेत्र में अवैध रेत खनन हो रहा है और राज्य में 20,000 करोड़ रुपए की रेत की चोरी हो रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने चन्नी के गृह क्षेत्र में कथित अवैध रेत खनन की स्वतंत्र जांच और प्राथमिकी दर्ज करने की भी मांग की।

पंजाब में अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले केजरीवाल एक दिवसीय दौरे पर अमृतसर में हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने अमृतसर हवाई अड्डा के बाहर कहा, यदि मुख्यमंत्री के अपने निर्वाचन क्षेत्र में अवैध खनन चल रहा है तो यह सोचना मुश्किल है कि उन्हें (चन्नी को) इसकी जानकारी नहीं है।

केजरीवाल का आरोप उनकी पार्टी के नेता राघव चड्ढा द्वारा चमकौर साहिब के जिंदापुर गांव का औचक दौरा करने के कुछ दिनों बाद आया है। चड्ढा ने आरोप लगाया था कि चन्नी के गृह क्षेत्र में अवैध रेत खनन गतिविधि चल रही है। चन्नी ने रविवार को चड्ढा के दावों का खंडन किया था।

केजरीवाल ने जानना चाहा कि चन्नी के निर्वाचन क्षेत्र में कथित अवैध रेत खनन को संरक्षण कौन दे रहा है। उन्होंने कहा, "पंजाब के लोग जानना चाहते हैं कि क्या चन्नी मालिक हैं या उनके निर्वाचन क्षेत्र में अवैध रेत खनन में उनकी भागीदारी है या वह इसे संरक्षण दे रहे हैं। उन्होंने अमृतसर में संवाददाताओं से कहा, सच क्या है और यह सामने आना चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने कुछ दिन पहले कहा था कि कई विधायक और मंत्री हैं जो या तो अवैध रेत खनन को संरक्षण देते हैं या इसमें शामिल हैं। आप नेता ने यह भी आरोप लगाया कि पंजाब में बड़े पैमाने पर अवैध खनन हो रहा है।

# नेकां ने जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर प्रस्ताव पारित किया

**भाषा।** जम्मू

**नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां)** ने पार्टी अध्यक्ष फारुक अब्दुल्ला की अध्यक्षता में यहां मंगलवार को हुई बैठक में जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा, संविधान के अनुच्छेद 370 और 35-ए को बहाल करने की मांग समेत कुल सात प्रस्ताव पारित किए। बैठक में, दरबार स्थानांतरण प्रथा बहाल करने, पर्यटन उद्योग के लिए विशेष पैकेज, युवाओं के लिए रोजगार, जम्मू-कश्मीर में मंडल आयोग की अनुशंसाएं लागू करने, फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और आवश्यक उत्पादों की कीमतें कम करने जैसी मांग भी की गईं।

नेकां का केंद्रीय जोन जिसमें जम्मू, सांबा और कठुआ जिले आते हैं, उसका एक दिवसीय सम्मेलन यहां शेर-ए-कश्मीर भवन में हुआ, जिसमें ए प्रस्ताव पारित किए गए। पार्टी ने आरोप लगाया कि जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने से यहां का सामाजिक ताना-बाना गड़बड़ा गया, अखंडता और मिश्रित संस्कृति भी प्रभावित हुई। पार्टी ने कहा, पूर्ववर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर में तीन क्षेत्रों में अलग भाषाएं और संस्कृति हैं, जिन्हें तीनों क्षेत्रों के लोग समानता और शांतिपूर्वक साझा करते हुए उनका आनंद उठाते थे।

नेकां ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा और संविधान के अनुच्छेद 370 और 35-ए को बहाल करने संबंधी प्रस्ताव यहां के लोगों के व्यापक हित में है। इसका उद्देश्य एकता, अखंडता, शांति, प्रगति और लोगों के बीच सांप्रदायिक सौहार्द कायम करना है। प्रस्ताव में कहा गया, नौकरियां और जम्मू-कश्मीर के लोगों की भूमि को जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए ही सुरक्षित रखना आवश्यक है। यह पांच अगस्त 2019 से पहले की स्थिति को बहाल करने के जरिए ही संभव है।

पिछले वर्ष उप राज्यपाल के तहत प्रशासन द्वारा खत्म कर दी गई दरबार स्थानांतरण प्रथा को बहाल करने संबंधी प्रस्ताव भी पारित किया गया। 149 वर्ष पुरानी इस परंपरा के तहत सरकार छह महीने श्रीनगर से और छह महीने जम्मू से संचालित होती थी। एक अन्य प्रस्ताव में पर्यटन क्षेत्र के लिए विशेष पैकेज की मांग की गई। पार्टी ने वादा किया कि सत्ता में आने पर वह पर्यटन उद्योग की शिकायतों का निवारण करेगी। एमएसपी की कानूनी गारंटी देने संबंधी प्रस्ताव में कहा गया कि किसान समुदाय एमएसपी पर कानून पारित कराने के लिए संघर्ष कर रहा है, ऐसे में नेशनल कॉन्फ्रेंस उनका समर्थन करती है।



मोन जिले में मारे गए 13 लोगों के शव दफनाए गए।

# वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ सेंसेक्स 887 अंक उछला

**भाषा।** मुंबई

**शेयर बाजारों** में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 887 अंक का उछाल आया। कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन को लेकर चिंता कम होने के बीच वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के साथ घरेलू बाजार में तेजी लौटी। विशेषज्ञों के अनुसार, ओमीक्रोन को लेकर एक अध्ययन के सामने आने के बाद वैश्विक शेयर बाजारों को कुछ राहत मिली है। अध्ययन में कहा गया है कि हालांकि यह तेजी से फैल रहा है, लेकिन इसका असर डेल्टा स्वरूप के मुकाबले हल्का है।

धातु तथा बैंक शेयरों में लिवाली के साथ डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर में सुधार से भी धारणा को बल मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 886.51 अंक यानी







1.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 57,633.65 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार एनएसई निफ्टी 264.45 अंक यानी 1.56 प्रतिशत उछलकर 17,176.70 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में 3.63 प्रतिशत की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में टाटा स्टील रही। इसके अलावा एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन और बजाज फाइनेंस में प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ, सिर्फ एशियन पेंट्स में 0.22 प्रतिशत की गिरावट रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, चौतरफा लिवाली से घरेलू बाजार में तेजी आई। हालांकि, स्वास्थ्य से जुड़े शेयरों में गिरावट रही। वैश्विक बाजारों में ओमीक्रोन को लेकर अध्ययन से समर्थन मिला। इसमें कहा गया है कि कोरोना वायरस का यह स्वरूप घातक नहीं है। इसके अलावा चीन के केंद्रीय बैंक द्वारा नीतिगत उपायों के जरिए नकदी बढ़ाए जाने के उपायों से चीनी बाजार में तेजी रही। उन्होंने कहा, घरेलू बाजार में बैंक तथा वित्तीय शेयरों में तेजी रही। इसका कारण मौद्रिक नीति समिति की बुधवार को पेश की जाने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा है। ऐसी संभावना है कि आरबीआई अल्पकालीन अनिश्चिततताओं को देखते हुए नीतिगत दर को यथावत रखेगा। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, निवेशकों की लिवाली से वैश्विक बाजारों में तेजी का असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। बैंक तथा धातु शेयरों में तेजी के साथ बाजार में लाभ रहा। हाल के सत्रों में इन दोनों खंडों में काफी गिरावट आई है। एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, हांगकांग का हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी दोपहर कारोबार के दौरान तेजी का रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.26 प्रतिशत बढ़कर 74.73 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया मामूली चार पैसे की बढ़त के साथ 74.73 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशक सोमवार को पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल बने रहें।

## शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 3.45 लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में मंगलवार को आई तेजी के साथ निवेशकों की संपत्ति 3,45,719.55 करोड़ रुपए बढ़ी। इससे पहले, दो कारोबारी सत्रों में बाजार में गिरावट रही थी। बीएसई सेंसेक्स 886.51 अंक यानी 1.56 प्रतिशत की तेजी के साथ 57,633.65 अंक पर बंद हुआ। सोमवार को सेंसेक्स कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन की चिंता में 949.32 अंक यानी 1.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ 56,747.14 अंक पर बंद हुआ।

# क्विक न्यूज

## पांच साल में सरकारी रिकॉर्ड से 3.96 लाख कंपनियों को हटाया गया

**नई दिल्ली।** कंपनी कानून के तहत उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद पिछले पांच वित्त वर्षों में 3.96 लाख से अधिक कंपनियों को सरकारी रिकॉर्ड से हटा दिया गया। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। कंपनी अधिनियम, 2013 को लागू करने वाले कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने पिछले वित्त वर्ष में सरकारी रिकॉर्ड से 12,892 कंपनियों को हटाया, जबकि 2019-20 में यह संख्या 2,933 थी। कॉरपोरेट मामलों के राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह द्वारा मंगलवार को एक लिखित उत्तर में राज्यसभा को उपलब्ध कराए गए आंकड़े बताते है कि पिछले पांच वित्त वर्षों में कुल 3,96,585 कंपनियों को कंपनी पंजीयक से हटाया गया है। वर्ष 2016-17 में कुल 7,943 कंपनियों को रजिस्टर से हटाया गया, जबकि वर्ष 2017-18 में यह संख्या 2,34,371 और वर्ष 2018-19 में।,38,446 थी।यह पूछे जाने पर कि क्या अनुपालन में कमी के कारण कई कंपनियों को बंद कर दिया गया, मंत्री ने हां में जवाब दिया।

## मेट्रो का आईपीओ 10 को खुलेगा

**मुंबई।** मेट्रो ब्रांड्स लिमिटेड 10 दिसंबर को अपने आईपीओ की बोली ऑफर खोलेगा । ऑफर का प्राइस बैंड 5 रु के फेस वैल्यू पर 485 रु से 500 रु प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 30 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 30 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगाई जा सकती है। ऑफर में कुल 295 करोड़ के इक्विटी शेयर्स का फ्रेश इश्यू और विक्रेता शेयरधारकों के 21,450,100 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल शामिल है।ऑफ फॉर सेल में प्रवर्तक विक्रेता शेयरधारकों के 13,015,000 इक्विटी शेयर, प्रवर्तक समूह विक्रेता शेयरधारकों के 8,427,000 इक्विटी शेयर और अन्य विक्रेता शेयरधारकों के 8,100 इक्विटी शेयर शामिल हैं। ऑफर फॉर सेल कंपनी ने बीआरएलएमएस के परामर्श से 73,136 इक्विटी शेयरों को नकद रूप से कुल 3.29 करोड़ रु् में प्राइवेट प्लेसमेंट का विचार किया है।

## मेडप्लस हेल्थ सर्विसेज लिमिटेड का आईपीओ 13 दिसंबर को

**मुंबई।** मेडप्लस हेल्थ सर्विसेज लिमिटेड ने 13 दिसंबर 2021 को अपना आईपीओ खोलने की योजना बनाई है। ऑफर का प्राइस बैंड 2 रु अंकित मूल्य पर 780 से 796 रुप्रति इक्विटी शेयर के बीच तय किया गया है। बोलियाँ न्यूनतम 18 इक्विटी शेयर्स और उसके बाद 18 इक्विटी शेयर्स के गुणनों में लगायी जा सकती है। ऑफर में मेडप्लस हेल्थ सर्विसेज लिमिटेड के 2 रु अंकित मूल्य के कुल 13,982.95 मिलियन रु के इक्विटी शेयर्स ऑफर शामिल हैं जिसमें कुल 6,000 मिलियन रु तक का फ्रेश इश्यू इश्यूष्द्ध और कुल 7,982.95 मिलियन रुण् तक का ऑफर फॉर सेल ऑफर फॉर सेल शामिल है।

## सेबी ने विलय एवं अधिग्रहण को सुगम बनाने को सूचीबद्धता समाप्त करने संबंधी नियमों में संशोधन किया

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सूचीबद्ध कंपनियों के लिए विलय और अधिग्रहण सौदों को सुगम बनाने के प्रयासों के तहत खुली पेशकश के बाद कंपनी के इक्विटी शेयरों को गैर-सूचीबद्ध (शेयर बाजारों से हटाने) करने से संबंधित नियमों में संशोधन किया है। सेबी की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, नई रूपरेखा के तहत प्रवर्तकों या अधिग्रहण करने वाली कंपनियों को प्रारंभिक सार्वजनिक घोषणा के जरिए कंपनी के शेयरों को एक्सचेंजों से हटाने की अपनी मंशा का खुलासा करना होगा। यदि अधिग्रहण करने वाली कंपनी लक्षित फर्म को गैर-सूचीबद्ध करना चाहती है, तो उसे खुली पेशकश के मूल्य से अधिक कीमत पर शेयरों को हटाने की घोषणा करनी होगी। सेबी ने कहा, यदि खुली पेशकश अप्रत्यक्ष तरीके से अधिग्रहण के लिए है, तो अधिग्रहण करने वाली कंपनी को खुली पेशकश के मूल्य और सांकेतिक कीमत का खुलासा विस्तृत सार्वजनिक बयान के दौरान और पेशकश पत्र में करना होगा।

## आईओसी ने रूस के रोसनेफ्ट से बीस लाख टन तेल खरीद सौदे को नवीनीकृत किया

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने रूस की पेट्रोलियम रिफाइनरी कंपनी रोसनेफ्ट से 20 लाख टन कच्चा तेल खरीदने के सौदे का नवीनीकरण किया है। आईओसी ने फरवरी 2020 में रोसनेफ्ट तेल कंपनी के साथ नोवोरोस्सिएस्क बंदरगाह के जरिए बीस लाख टन तेल आयात करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते के तहत आईओसी ने हालांकि केवल 17 लाख टन कच्चे तेल की खरीद की, क्योंकि पार्सल या जहाज के जरिए लदान से तेल के परिवहन की लागत ने इसे अलाभकारी बना दिया था। इस समझौते के तहत, वर्ष 2022 के लिए नोवोरोसिस्क के काला सागर बंदरगाह से बीस लाख टन तक तेल की आपूर्ति की जाएगी।

## चीन का निर्यात नवंबर में 21.4 प्रतिशत बढ़ा

**बीजिंग।** चीन का निर्यात सालाना आधार पर नवंबर में 21.4 प्रतिशत बढ़कर 325 अरब डॉलर पर पहुंच गया लेकिन इस दौरान आर्थिक वृद्धि में गिरावट दर्ज की गई। चीन के सीमा शुल्क आंकड़ों के अनुसार नवंबर में उसका निर्यात 21.4 प्रतिशत बढ़ गया। इसी वर्ष के अक्टूबर महीने के दौरान चीन के निर्यात में हालांकि 27.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। वही पिछले महीने में चीन का आयात भी 31.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 253.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। अक्टूबर में उसका आयात 20.6 प्रतिशत था। चीन के निर्यात को विदेशी मांग से ऐसे समय में बढ़ावा मिला है जब अन्य देशों को कोरोना वायरस महामारी के कारण कई तरह की दिक्कतें का सामना करना पड़ रहा है।

## श्रीराम प्रॉपर्टीज लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम आज

**मुंबई।** श्रीराम प्रॉपर्टीज लिमिटेड कंपनी 8 दिसंबर को अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के संबंध में अपनी बोली प्रस्ताव खोलेगी। ऑफर का प्राइस बैंड 113 से 118 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 125 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 125 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगाई जा सकती है। इस ऑफर में कुल मिलाकर 600 करोड़ रुपये तक के कुल इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे ऑफर । इसमें 250 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू और 350 करोड़ रुपये का ऑफर फॉर सेल शामिल है। बिक्री की पेशकश में शामिल है। ओमेगा टीसी सेबर होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड द्वारा 90.95 करोड़ तक टाटा कैपिटल फइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड द्वारा 8.34 करोड़ रुपये तक, टीपीजी एशिया एसएफ पीटीई द्वारा 92.21 करोड़ रुपये तक डब्ल्यूएसआई डब्ल्यूएसक्यूआई मॉरीशस इन्वेस्टर्स लिमिटेड निवेशक बेचने वाले शेयर धारक द्वारा 133.50 करोड़ रुपये तक और अन्य बेचने वाले शेयरधारकों द्वारा 25 करोड़ रुपये तक।

## डीएसपी निफ्टी 50 ईटीएफ लॉन्च

**मुंबई।** डीएसपी इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स ने निफ्टी मिडकैप 150 क्वॉलिटी 50 इंडेक्स डीएसपी निफ्टी मिडकैप 150 क्वॉलिटी 50 ईटीएफके साथ-साथ डीएसपी निफ्टी 50 ईटीएफके आधार पर भारतीय म्युचुअल फंड उद्योग में पहला पैसिव प्रॉडक्ट लॉन्च करने की घोषणा की है। यह नया गुणवत्ता केंद्रित मिड कैप ईटीएफनिवेशकों को उच्च मुनाफे की क्षमताए कम लेवरेज और तुलनात?मक रूप से स्थित आय के साथ मिड.कैप कंपनियों में निवेश करने का विकल?प देता है।

## रिलायंस कैपिटल के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया शुरू करेगा एनसीएलटी, मामले को स्वीकार किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**रिलायंस कैपिटल** ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने कॉरपोरेट दिवाला प्रक्रिया के लिए उसके मामले को स्वीकार कर लिया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, एनसीएलटी, मुंबई के छह दिसंबर, 2021 के आदेश के अनुसार रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के खिलाफ कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) शुरू की गई है। उसने कहा कि छह दिसंबर के आदेश के अनुसार नागेश्वर राव वाई को कंपनी का प्रशासक नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि एनसीएलटी ने सोमवार को रिलायंस कैपिटल के खिलाफ दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू करने को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक के आवेदन को स्वीकार कर लिया। केंद्रीय बैंक ने पिछले सप्ताह कंपनी के खिलाफ कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू करने के लिए आवेदन किया था। शीर्ष बैंक ने कर्ज लौटाने में चूक और संचालन के मुद्दों का हवाला देते हुए रिलायंस कैपिटल के निदेशक मंडल को भंग कर दिया था। कंपनी के प्रवर्तकों ने एक बयान में कहा कि वे तेजी से समाधान के लिए धारा 227 के तहत कंपनी को एनसीएलटी में भेजने के रिजर्व बैंक के आवेदन का समर्थन करते हैं। रिलायंस कैपिटल पर ऋणदाताओं का 19,805 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया है। इसमें से अधिकतर राशि न्यासी विस्तारा आईटीसीएल इंडिया के तहत बांड से जुड़ी है।

## जनवरी–सितंबर में चाय निर्यात 10 प्रतिशत घटकर 13.7 करोड़ किलोग्राम पर

**भाषा।** कोलकाता

**वर्ष 2021** की जनवरी–सितंबर की अवधि के दौरान भारत से चाय निर्यात लगभग 10 प्रतिशत घटकर 13.7 करोड़ किलोग्राम रह गया। हालांकि, इस दौरान विदेशी बाजारों में भारतीय चाय के लिए उंची कीमत हासिल हुई। चाय बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने एक साल पहले इसी अवधि में 15.3 करोड़ किलोग्राम चाय का निर्यात किया था।उद्योग जगत के सूत्रों ने कहा कि निर्यात की मात्रा में गिरावट मुख्य रूप से कार्गो कंटेनरों की अनुपलब्धता के कारण हुई। वर्ष 2021 के पहले नौ महीनों के दौरान निर्यात का कुल मूल्य 3,764.69 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल की समान अवधि में 3,637.13 करोड़ रुपए था।

सूत्रों ने कहा कि निर्यात में गिरावट के बावजूद उंची कीमत की वजह से प्राप्ति अधिक रही है। रूस, यूक्रेन और कजाकिस्तान सहित सीआईएस देशों ने मौजूदा कैलेंडर वर्ष की जनवरी–सितंबर अवधि के दौरान तीन करोड़ 18.7 लाख किलोग्राम भारतीय चाय का आयात किया, जो कि वर्ष 2020 के इन्हीं महीनों में तीन करोड़ 83.7 लाख किलोग्राम के आयात से कम है। समीक्षाधीन अवधि में ईरान को निर्यात भी दो करोड़ 63.9 लाख किलोग्राम से घटकर एक करोड़ 82.6 लाख किलोग्राम रह गया। पड़ोसी देश, चीन ने वर्ष 2021 के पहले नौ महीनों में 44.7 लाख किलोग्राम भारतीय चाय का उठान किया जो पिछले साल की समान अवधि में 76.3 लाख किलोग्राम था। संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और जर्मनी ने क्रमश: एक करोड़ 3.4 लाख किग्रा, एक करोड़ 8.3 लाख किग्रा और 67 लाख किग्रा का आयात किया। इन देशों ने वर्ष 2020 की तुलना में इस साल जनवरी–सितंबर की अवधि के दौरान भारत से अधिक चाय खरीदी।

## कोकिंग कोयले की कीमत को आयातित कोयले से जोड़ने पर विचार कर रही है सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को कहा कि कोकिंग कोयले की आपूर्ति बढ़ाने और इसे सस्ती दर पर उपलब्ध कराने के लिए घरेलू कोकिंग कोयले की कीमत को आयातित सूखे ईंधन से जोड़ने जैसे उपायों पर विचार किया जा रहा है। यह घटनाक्रम इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि एक अंतर मंत्रालई समिति ने गुणवत्ता मानकों को ध्यान में रखते हुए घरेलू कोकिंग कोयले के लिए एक आयात आधारित मूल्य निर्धारण तंत्र तैयार करने का सुझाव दिया है।

कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा, देश में कोकिंग कोयला की आपूर्ति बढ़ाने और इसकी कीमतों में कमी के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ राख के प्रतिशत को कम करने और कोकिंग कोयले की कीमत को आयातित कोयले से जोड़ने के उपायों पर विचार किया जा रहा है। अतिरिक्त कोयला सचिव की अध्यक्षता वाली समिति ने कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) और निजी क्षेत्र द्वारा उत्पादन के लिए अतिरिक्त कोकिंग कोयला ब्लॉकों की पहचान और सीबीएम कोकिंग कोयला ब्लॉकों की नीलामी का भी सुझाव दिया है। मंत्रालय ने कहा कि देश में कोकिंग कोयले के उत्पादन को बढ़ाने की रणनीति बनाने के लिए उद्योग हितधारकों समेत अंतर मंत्रालई समिति ने अपने सुझाव भेज दिए हैं। इसी के आधार पर कोयला मंत्रालय ने घरेलू कोकिंग कोयले के उत्पादन और उपयोग को बढ़ाने को लेकर रूपरेखा तैयार करने के लिए मिशन कोकिंग कोयला की शुरुआत की है।

## जे-के प्रशासन ने राजकोषीय अनुशासन के लिए मितव्ययिता उपायों की घोषणा की

**भाषा।** जम्मू


**जम्मू-कश्मीर** प्रशासन ने राजकोषीय अनुशासन को प्रोत्साहन के लिए मितव्ययिता उपायों की घोषणा की है। प्रशासन ने कहा है कि संघ शासित प्रदेश परिचालन दक्षता को प्रभावित किए बिना खर्च की रफ्तार को संतुलित रखना चाहता है।

वित्त विभाग में वित्तीय आयुक्त (अतिरिक्त मुख्य सचिव) अटल दुल्लो ने सरकारी विभागों और सरकार द्वारा वित्तपोषित स्वायत्त निकायों को तीन पृष्ठ का पत्र लिखा है। पत्र में प्रशासनिक सचिवों से कहा गया है कि वे इन उपायों का अनुपालन सुनिश्चित करें। आदेश में कहा गया है, चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही के दौरान व्यय बजट आवंटन के 30 प्रतिशत तक सीमित रहना चाहिए। वहीं मार्च में व्यय बजट अनुमान के 15 प्रतिशत तक सीमित रहना चाहिए। दुल्लो ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के अंतिम महीने में सिर्फ उन वस्तुओं और सेवाओं के लिए भुगतान किया जाए, जिनकी खरीद की गई है।

# स्पाइस जेट से बोला हाईकोर्ट, दो सप्ताह में चुकाएं 50 लाख डॉलर

● मद्रास हाई कोर्ट ने अपने आदेश पर दिया स्टे, वादा पूरा न करने पर नीलाम होंगी कंपनी की संपत्तियां

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**मद्रास** हाईकोर्ट ने दो सप्ताह के भीतर पचास लाख डॉलर के बराबर राशि जमा करने की शर्त पर स्पाइस जेट को दो सप्ताह की मोहलत दी है। यदि कंपनी ऐसा करने में नाकाम रहती है तो उसकी संपत्तियां जब्त कर नीलाम की जाएंगी। मद्रास उच्च न्यायालय ने विमानन कंपनी स्पाइसजेट लिमिटेड के परिसमापन के अपने आदेश पर स्थगन देते हुए यह शर्त लगा दी है। कंपनी ने मंगलवार को कहा कि वह एक बड़ी पीठ के समक्ष अपील करने के साथ इस बारे में अन्य उपयुक्त कदमों पर विचार कर रही है। बीएसई को भेजी सूचना में स्पाइसजेट ने कहा कि अदालत ने स्विट्जरलैंड की एक कंपनी क्रेडिट सुइस एजी की याचिका पर सुनवाई करते हुए सोमवार को स्पाइसजेट के परिसमापन और उच्च न्यायालय के आधिकारिक परिसमापक (लिक्विडेटर) को एयरलाइन की संपत्तियों पर कब्जा लेने का आदेश दिया था। क्रेडिट सुइस ने इंजन रखरखाव सेवा कंपनी एसआरटी टेक्निक्स के 2.40 करोड़ डॉलर के बकाये का भुगतान नहीं करने के लिए स्पाइसजेट के खिलाफ याचिका दायर की थी। स्पाइसजेट ने कहा कि मद्रास उच्च न्यायालय ने यह मानने के बावजूद कि समझौते की अवधि के दौरान इंजन रखरखाव करने के लिए एसआर टेक्निक्स एसआरटी के पास नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से वैध अधिकार नहीं था, कंपनी की दलील को खारिज करते हुए उसके परिसमापन का आदेश दिया था। विमानन कंपनी ने कहा कि मद्रास उच्च न्यायालय ने अपने पिछले आदेश पर हालांकि उसी दिन रोक लगा दी। साथ ही कंपनी को दो सप्ताह के भीतर पचास लाख डॉलर के बराबर राशि जमा करने की शर्त पर तीन सप्ताह तक की राहत दी है। स्पाइसजेट ने कहा कि कंपनी इस आदेश की समीक्षा कर रही है और मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा दी गई समयसीमा के भीतर उचित कदम उठाएगी।

## आईओसी के चेयरमैन वैद्य वर्ल्ड एलपीजी एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गए

**नई दिल्ली (भाषा)।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के चेयरमैन एस एम वैद्य को वर्ल्ड एलपीजी एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पेरिस मुख्यालय वाला डब्ल्यूएलपीजीए वैश्विक एलपीजी नेटवर्क का प्रतिनिधित्व करता है। इसमें 125 से अधिक देशों में परिचालन कर रहे 300 सदस्य हैं। यह संघ मुख्य रूप से एलपीजी के लिए प्रीमियम मांग के जरिए मूल्यवर्द्धन का काम करता है। साथ ही यह मजबूत और सुरक्षित कारोबारी माहौल को भी बढ़ावा देता है। कंपनी ने बयान में कहा, डब्ल्यूएलपीजीए की आमसभा ने दुबई में चल रहे विश्व एलपीजी मंच, 2021 में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर एस एम वैद्य को अपना अध्यक्ष नियुक्त करने का फैसला किया। डब्ल्यूएलपीजी के बोर्ड में अध्यक्ष, प्रथम उपाध्यक्ष, खजांची, तीन उपाध्यक्ष और पांच तक बोर्ड सदस्य होते हैं।

## सरकार ने एनएचपीसी के निदेशक-कार्मिक को कार्यकाल पूरा होने से दो महीने पहले सेवामुक्त किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने बिजली मंत्रालय के अधीन आने वाली कंपनी एनएचपीसी के निदेशक (कार्मिक) निखिल कुमार जैन को प्रदर्शन के आधार पर अपना कार्यकाल पूरा होने से दो महीने पहले ही सेवामुक्त कर दिया है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बिजली मंत्रालय ने दो दिसंबर, 2021 को जैन के कार्यकाल को कम करने के अपने फैसले के बारे में एनएचपीसी को सूचित किया था।

मंत्रालय के निर्देश के बाद जैन को तत्काल प्रभाव से पद से मुक्त कर दिया गया है। सूत्रों ने कहा, जैन का कार्यकाल फरवरी, 2022 में पूरा होना था। मंत्रालय से कई बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद भी उन्होंने अपने प्रदर्शन में सुधार नहीं किया। संगठन के विकास में योगदान नहीं देकर वह कंपनी की प्रगति में बाधा बन रहे रहे थे। जैन को इस पद पर सात फरवरी, 2017 को पांच साल के लिए नियुक्त किया गया था। एनएचपीसी में आने से पहले वह 2012 से एयर इंडिया लिमिटेड में निदेशक (कार्मिक) थे।

एक सरकारी सूत्र ने कहा कि जैन के खिलाफ इस तरह का कदम उन अधिकारियों के लिए उदाहरण रहेगा, जो बेहतर प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं। जैन ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान(आईआईटी)–रुड़की से औद्योगिक इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री हासिल की थी। उन्होंने 2010 में दिल्ली विश्वविद्यालय से वकालत की पढ़ाई पूरी की थी। इस बारे में संपर्क करने पर जैन ने कुछ भी कहने से इनकार किया।

# पेज एक का शेष

## लाल टोपी...

तक देखा है। पहले यह समझा जाता था कि एम्स सिर्फ बड़े शहरों में ही होते हैं। हमारी सरकार इसे सुदूर इलाकों तक ले जा रही है। आजादी के बाद से इस सदी की शुरुआत तक देश में सिर्फएक एम्स था। अटल जी ने छह एम स्वीकृत किए थे। 7 वर्षों में 16 नए एम्स बनाने पर काम चल रहा है। पीएम ने कहा कि उनकी मंशा है कि हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज जरूर हो। खुशी की बात है कि उत्तर प्रदेश इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कहा कि उत्तर प्रदेश में 9 मेडिकल कॉलेजों के लोकार्पण का अवसर भी मुझे प्राप्त हुआ। उत्तर प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और इसी से यूपी 17 करोड़ कोविड वैक्सिनेशन के पड़ाव पर पहुंचा है।

## असंभव को...

शिलान्यास किया था। पहले से ही गोरखपुर में स्थित उर्वरक कारखाने के स्थान पर बना यह नया कारखाना पहले की तुलना में चार गुना ज्यादा क्षमता है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश को बीमारियों का गढ़ माना जाता था। यहां 40 वर्षों तक लगातार हजारों बच्चों की मौतें इंसेफेलाइटिस से हुई लेकिन केंद्र और राज्य की तत्कालीन सरकारें तमाशबीन बनी रहती थीं। पहली बार देश के प्रति संवेदना और भारत को आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के सपने को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री ने जगह–जगह जो कार्य शुरू किया उसके तहत गोरखपुर में एम्स बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यहां लोकार्पित हुई योजनाएं देश की खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी देने वाले आत्मनिर्भर भारत की एक नई तस्वीर प्रस्तुत कर रही हैं।

## दुनियाभर में...

जनता को पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने गन्ना किसानों के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। किसानों के हित में गन्ने का लाभकारी मूल्य बढ़ाया है तो अपने साढ़े साल के कार्यकाल में ही इतना भुगतान किया है जितना पूर्व की दो सरकारों ने 10 साल में भी नहीं किया था। गन्ना किसान नहीं भूल सकता कि पूर्व की सरकार ने गन्ना मूल्य के भुगतान के लिए रुला दिया था। किस्तों के पैसे में भी महीनों का अंतर होता था। चीनी मिलों के खेल और घोटाले जगजाहिर हैं।

## सरकार के...

होगा। एक अन्य किसान नेता ने कहा कि उन्हें मंगलवार दोपहर को प्रस्ताव मिला। उन्होंने कहा, हमने बैठक में इस पर चर्चा की। हमें प्रस्ताव में कुछ बिंदुओं पर आपत्ति थी। हमारे सदस्यों ने कुछ सुझाव दिए हैं और उन्हें सरकार को भेज दिया गया है।

## सपा-रालोद...

अजीत सिंह की विरासत को बचाने के लिए एकजुट होकर मतदान करने की अपील की। सपा प्रमुख ने सरकार बनने पर किसानों का बकाया भुगतान करने और सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध कराने की भी घोषणा की। उन्होंने भाजपा के विकास के दावों का माखौल उड़ाते हुए कहा, भाजपा की हर बात झूठी है। विकास का फिल्मी घोड़ा है, जो दौड़ता दिखता है लेकिन असल में दौड़ता नहीं है। वहीं, जयंत चौधरी ने गठबंधन के बारे में कहा, अखिलेश जी और मैं एक साथ इस संबंध की घोषणा कर रहे हैं। हमारी डबल इंजन की सरकार का पहला काम शहीद किसानों का स्मारक बनाना होगा, जो चौधरी चरण सिंह की इस जमीन पर प्रदर्शन करने के दौरान मारे गए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, भाजपा वाले अपने को फायर ब्रांड नेता कहते हैं, लेकिन उनमें कोई फयर ब्रांड नेता नहीं है। अगर होते तो जब उत्तर प्रदेश में किसानों पर अत्याचार हो रहा था तब वह कहां थे। उन्होंने आरोप लगाया, योगी जी (मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ) औरंगजेब से शुरुआत करते हैं या जाते हैं कैराना। नौजवान मजदूर बनने को पलायन करता है। यह उन्हें दिखाई नहीं देता। बिजनौर में उद्घाटन करने के दौरान ही सड़क टूट गई। रालोद अध्यक्ष ने कहा, बाबा (योगी) तभी खुश नजर आते हैं जब बछड़ों के बीच होते हैं। उन्हें गोरखपुर भेज दो। सरकारी काम उनसे संभल नहीं रहा। हम भूल नहीं सकते किसानों को रौंदा गया था। गौरतलब है कि जयंत चौधरी और अखिलेश तय कार्यक्रम से करीब एक घंटा विलंब से दोपहर बाद एक बजकर 19 मिनट पर दबथुवा रैलीस्थल पहुंचे थे।

## काशी विश्वनाथ...

लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और देशभर के करीब 3,000 धर्माचार्य, संत, कलाकार व अन्य गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि 13 दिसंबर 2021 से 14 जनवरी 2022 (मकर संक्रांति) तक काशी में रोज एक उत्सव होगा और इन उत्सवों की शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी करेंगे। उन्होंने कहा, ये भव्य कार्यक्रम सिर्फ काशी तक ही सीमित न रह जाए बल्कि गांव–गांव तक पहुंचे, इसके लिए देश के 51,000 स्थानों पर इन कार्यक्रमों का लाइव प्रसारण किया जाएगा।

## नीलमणि फूकन...

जा चुका है। विज्ञप्ति में बताया गया है कि 2022 के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किए जाने वाले मौउजो कोंकणी साहित्यिक परिदृश्य में चर्चित चेहरा हैं। 1944 में जन्में मौउजो ने करीब 50 साल के अपने लेखन करियर में छह कहानी संग्रह, चार उपन्यास, दो आत्मकथात्मक कृतियां और बाल साहित्य को कलमबद्ध किया है। उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार, गोवा कला अकादमी साहित्य पुरस्कार, कोंकणी भाषा मंडल साहित्य पुरस्कारों से नवाज़ा जा चुका है।

## शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक ने डिजिटल सोने के बदले कर्ज देने को इंडिया गोल्ड के साथ हाथ मिलाया

**नई दिल्ली।** शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक (एसएसएफबी) ने मंगलवार को डिजिटल सोने के बदले कर्ज सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी इंडिया गोल्ड के साथ भागीदारी की घोषणा की। एसएसएफबी ने एक बयान में कहा कि इस सहयोग के माध्यम से ग्राहक 60,000 रुपए तक के तत्काल और डिजिटल ऋण के लिए अपने डिजिटल तरीके से रखे सोने का उपयोग कर सकेंगे। ऋण चुकाने पर ग्राहकों के पास नया कर्ज लेने या फिर अपना सोना घर पर प्राप्त करने का विकल्प होगा। बयान के अनुसार, ग्राहक स्वर्ण ऋण शुरुआती मासिक एक प्रतिशत ब्याज पर ले सकेंगे। ग्राहकों को अपनी स्वर्ण संपत्ति के एवज में कर्ज लेने को लेकर शाखाओं के चक्कर नहीं लगाने होंगे। साथ ही उन्हें कम कागजी दस्तावेजों के साथ तुंरत कर्ज मिलेगा और कोई प्रसंस्करण शुल्क नहीं देना होगा।

## भारत ने चालू विपणन वर्ष में अब तक 9.39 लाख टन चीनी का निर्यात किया : एआईएसटीए

**नई दिल्ली।** चीनी मिलों ने एक अक्टूबर से शुरू हुए विपणन वर्ष 2021–22 के दौरान दिसंबर के पहले सप्ताह तक 9.39 लाख टन चीनी का निर्यात किया है। व्यापार निकाय एआईएसटीए ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक कीमतों में नरमी के रुख को देखते हुए और स्टॉक बेचने की कोई जल्दीबाजी नहीं है। अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ (एआईएसटीए) ने एक बयान में कहा कि लगभग 4.68 लाख टन चीनी निर्यात के रास्ते में है। इसमें कहा गया है कि चीनी मिलों ने विपणन वर्ष 2021–22 में अब तक बिना सरकारी सब्सिडी के 33 लाख टन चीनी निर्यात करने का अनुबंध किया है। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। इस साल चीनी का निर्यात बिना सरकारी सब्सिडी के किया जा रहा है। एआईएसटीए के अनुसार, चीनी मिलों ने एक अक्टूबर से छह दिसंबर, 2021 तक कुल 9,39,435 टन चीनी का निर्यात किया है। एआईएसटीए ने कहा, भारतीय चीनी मिलें, चीनी बेचने की जल्दी में नहीं हैं क्योंकि पिछली बिक्री का क्रियान्वयन अभी बाकी है। साथ ही उन्हें मौजूदा वैश्विक कीमतें आकर्षक नहीं लग रही हैं। एआईएसटीए ने कहा है कि सबसे अधिक निर्यात सौदे महाराष्ट्र में चीनी मिलों द्वारा किए गए हैं। यहां मिलों को भारी लॉजिस्टिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जैसे कि, रेलवे और सड़क दोनों मार्गों से परिवहन की गंभीर समस्याएं हैं। विपणन वर्ष 2020–21 के दौरान देश ने रिकॉर्ड 72.3 लाख टन चीनी का निर्यात किया था।

# हिसाब चुकता करने उतरेगा इंग्लैंड

## एशेज सीरीज का पहला टेस्ट आज से, ऑस्ट्रेलिया ने भी कमर कसी

### ●अंग्रेजों को अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन की कमी खलेगी

**भाषा** । ब्रिसबेन



**तेज** गेंदबाज पैट कमिन्स की अगुवाई में आस्ट्रेलिया बुधवार से यहां शुरू होने वाली एशेज श्रृंखला में अपने नए क्रिकेट युग की शुरुआत करने उतरेगा तो इंग्लैंड की निगाह 11 साल पुराने प्रदर्शन को दोहराने पर होगी जब उसने आखिरी बार आस्ट्रेलियाई धरती पर श्रृंखला जीती थी। दोनों टीम के लिए ऐतिहासिक एशेज श्रृंखला की शुरुआत अनुकूल नहीं रही। इंग्लैंड की टीम नस्लीय टिप्पणियों के आरोपों के साए में यहां पहुंची है जबकि आस्ट्रेलिया के कप्तान टिम पेन को अपनी सहयोगी को अश्लील संदेश भेजने के कारण न सिर्फ अपना पद छोड़ना पड़ा बल्कि वह अनिश्चितकाल के लिए अवकाश पर चले गए। यही नहीं खराब मौसम के कारण दोनों टीम को पर्याप्त अभ्यास का मौका भी नहीं मिला।

अब दोनों टीम इन बातों को पीछे छोड़कर एशेज की दशकों पुरानी परंपरा और प्रतिद्वंद्विता में नए अध्याय जोड़ने के लिए मैदान पर उतरेंगी। आस्ट्रेलिया ने पेन के हटने के बाद कमिन्स को कप्तानी सौंपी है और यह 1956 के बाद पहला अवसर होगा जबकि कोई तेज गेंदबाज उसकी कमान संभालेगा।

पेन के अनिश्चितकाल के अवकाश पर चले जाने से विकेटकीपर एलेक्स कैरी को टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिला है। कैरी पर्याप्त अनुभवी हैं। उन्होंने 45 वनडे और 38 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और सीमित ओवरों में आस्ट्रेलिया की अगुवाई भी कर चुके हैं।

आस्ट्रेलिया के आक्रमण में हालांकि वे चारों गेंदबाज शामिल हैं जिन्होंने चार साल पहले टीम की 4-0 से जीत में अहम भूमिका निभाई थी। मिशेल स्टार्क को झाय रिचर्डसन पर प्राथमिकता मिलने से यह तय है कि वह जोश हेजलवुड के साथ नई गेंद संभालेंगे। कमिन्स और ऑफ स्पिनर नाथन लियोन आस्ट्रेलियाई आक्रमण के अन्य प्रमुख स्तंभ है। कैमरन ग्रीन आलराउंडर की भूमिका निभाएंगे। आस्ट्रेलिया ने अपना आखिरी टेस्ट मैच 11 महीने पहले खेला था और लियोन तब से 400 टेस्ट विकेट के क्लब में शामिल होने के लिए इंतजार कर रहे हैं। इसके लिए उन्हें केवल एक विकेट की जरूरत है।

आस्ट्रेलिया से अब तक शेन वार्न और ग्लेन मैकग्रा ही इस मुकाम पर पहुंचे हैं। आस्ट्रेलिया ने रविवार को ही अपनी अंतिम एकादश घोषित कर दी थी। उसने पारी का आगाज करने के लिए डेविड वार्नर के साथ मार्कस हैरिस को रखा है। वार्नर पिछले 23 महीनों में केवल दो टेस्ट मैच खेल पाए हैं लेकिन टी-20 विश्व कप की शानदार फॉर्म से उनका आत्मविश्वास बढ़ा होगा। मार्नस लाबुशेन और अनुभवी स्टीव स्मिथ मध्यक्रम की जिम्मेदारी संभालेंगे जिसमें ट्रैविस हेड उनका साथ देंगे। हेड को उस्मान ख्वाजा पर प्राथमिकता दी गई है। वह शैफील्ड शील्ड की अपनी शानदार फॉर्म को बरकरार रखने की कोशिश करेंगे।इंग्लैंड ने आस्ट्रेलिया में आखिरी श्रृंखला 2010-11 में 3-1 से जीती थी। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड उस

श्रृंखला का भी हिस्सा थे और फिर से इंग्लैंड के आक्रमण की कमान इन दोनों के हाथों में होगी।

इंग्लैंड ने हालांकि छह सप्ताह के अंदर पांच टेस्ट मैचों के आयोजन को देखते हुए कार्यभार प्रबंधन नीति के तहत एंडरसन को पहले टेस्ट मैच में विश्राम देने का फैसला किया है ताकि वह एडीलेड में होने वाले दूसरे दिन रात्रि टेस्ट के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें। ऐसे में इंग्लैंड का आक्रमण ब्रॉड, मार्क वुड, क्रिस वोक्स और ओली रॉबिन्सन संभालेंगे। बेन स्टोक्स की वापसी से इंग्लैंड की टीम में संतुलन स्थापित हुआ है लेकिन उन्होंने लंबे समय से प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला है।

इंग्लैंड को अगर श्रृंखला जीतनी है तो रोरी बर्न्स को शीर्ष क्रम में जबकि कप्तान रूट को मध्यक्रम में अहम भूमिका निभानी होगी। रूट अभी अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं और अगर वह उसे बरकरार रखते हैं तो आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के लिए सरदर्द बन सकते हैं।

**टीमें**- आस्ट्रेलिया : डेविड वार्नर, मार्कस हैरिस, मार्नस लाबुशेन, स्टीवन स्मिथ, ट्रैविस हेड, कैमरून ग्रीन, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिन्स (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, जोश हेजलवुड।

इंग्लैंड : रोरी बर्न्स, हसीब हमीद, जॉक क्राउली, डाविड मालन, जो रूट (कप्तान), बेन स्टोक्स, ओली पोप, जॉनी बेयरस्टॉ, जोस बटलर (विकेटकीपर), डॉम बेस, क्रिस वोक्स, ओली रॉबिन्सन, मार्क वुड, स्टुअर्ट ब्रॉड, जैक लीच में से।

## डेविड वॉर्नर, टिम साउदी और आबिद अली महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामांकित

**आईसीसी**



**दुबई**। ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर, पाकिस्तान के बल्लेबाज आबिद अली और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी को मंगलवार को नवंबर माह के लिए आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामंकित किया गया। महिला वर्ग में इस सूची में वेस्टइंडीज की हरफनमौला हेली मैथ्यूज के साथ पाकिस्तान की बाएं हाथ की स्पिनर अनम अमीन और बांग्लादेश की नाहिदा अख्तर शामिल है। नवंबर के महीने का नामांकन संयुक्त अरब अमीरात एवं ओमान में हुए आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के मैचों सहित सभी प्रारूपों में प्रदर्शन के आधार पर है। आईसीसी की एक स्वतंत्र मतदान अकादमी और दुनिया भर के प्रशंसक विजेताओं का फैसला करने के लिए मतदान कर सकते हैं, जिसकी घोषणा अगले सप्ताह की जाएगी। प्रशंसकों को रविवार तक मत डालने के लिए आमंत्रित किया गया है। वार्नर टी-20 विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट थे। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में 49 और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 53 रनों की शानदार पारी खेली थी। इस दौरान टी-20 अंतरराष्ट्रीय की चार पारियों में उन्होंने 69.66 के औसत और 151.44 के स्ट्राइक रेट से 209 रन बनाए। उनके यह प्रदर्शन आस्ट्रेलिया को विश्व चैम्पियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज आबिद अली को चटगांव में बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) श्रृंखला के पहले मैच में 133 और 91 रन की पारी खेली। वह इस मैच के मैन ऑफ द मैच भी रहे। साउदी ने सबसे छोटे प्रारूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के तुरंत बाद कानपुर में भारत के खिलाफ डब्ल्यूटीसी श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में आठ विकेट चटकाए। यह मैच ड्रॉ पर छूटा। उन्होंने टी-20 विश्व कप के दौरान नवंबर में खेले गए मैचों में सात विकेट विकेट लिए और अपनी टीम को फाइनल में पहुंचने में अहम भूमिका निभाई।

# अनफिट हार्दिक पंड्या विजय हजारे ट्रॉफी में नहीं खेलेंगे

### ●एनसीए में कड़ी रिहैबिलिटेशन से गुजर रहा है आलराउंडर

**भाषा** । नई दिल्ली



**भारतीय** टीम से बाहर चल रहे आलराउंडर हार्दिक पंड्या ने बुधवार से शुरू हो रही विजय हजारे ट्रॉफी (राष्ट्रीय एकदिवसीय टूर्नामेंट) में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है क्योंकि वह गेंदबाजी फिटनेस हासिल करने के लिए कड़ी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। बीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बड़ौदा क्रिकेट संघ (बीसीए) ने विजय हजारे ट्रॉफी के लिए उपलब्धता के बारे में पूछते हुए हार्दिक को ईमेल भेजा था। पिछले तीन साल में वह बमुश्किल ही बड़ौदा की ओर से खेला है। हालांकि उसने एक पंक्ति में जवाब दिया है कि वह अभी मुंबई में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहा है।

हार्दिक की चोट के बारे में पूछने पर अधिकारी ने कहा कि बीसीए को भी इसकी जानकारी नहीं है। समझा जा रहा है कि वह अपनी कमर को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है जो 2019 में सर्जरी के बाद से काफी अच्छी स्थिति में नहीं है। अगर हार्दिक घरेलू टूर्नामेंट में नहीं खेलते हैं तो भारत की सीमित ओवरों की टीम में उनकी वापसी पर विचार नहीं किया जाएगा। सूत्र ने कहा कि मौजूदा राष्ट्रीय चयन समिति ने उन सभी खिलाड़ियों को जो भारतीय टीम का हिस्सा नहीं है, कह दिया है कि वे घरेलू क्रिकेट- हजारे और रणजी ट्रॉफी में खेलें।

माना जा रहा है कि अपने करियर को लंबा खींचने के लिए हार्दिक अब टेस्ट क्रिकेट में खेलने के इच्छुक नहीं हैं और मुख्य रूप से टी-20 और एकदिवसीय क्रिकेट पर ध्यान देंगे लेकिन इसके लिए उन्हें नियमित रूप से गेंदबाजी शुरू करने की जरूरत है। मुंबई में रिहैबिलिटेशन के बावजूद हार्दिक को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में वहां के कोच के समक्ष फिटनेस साबित करनी होगी और इसके बाद ही राष्ट्रीय टीम में चयन के लिए उनके नाम पर विचार किया जाएगा।

ऐसा समय था जब भारतीय खिलाड़ियों को एनसीए से फिटनेस प्रमात्र पत्र लेना होता था लेकिन तत्कालीन क्रिकेट निदेशक राहुल द्रविड़ के प्रभार संभालने के बाद यह प्रक्रिया बदल गई।

द्रविड़ ने प्रत्येक खिलाड़ी के लिए एनसीए में आकर कोच, ट्रेनर और फिजियो के समक्ष जरूरी फिटनेस परीक्षण के लिए पेश होना अनिवार्य कर दिया और इसके बाद ही उन्हें मैचों में खेलने की स्वीकृति दी जाती है। श्रेयस अय्यर को भी एनसीए में एक हफ्ता बिताने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने की स्वीकृति दी गई थी।

## न्यूजीलैंड के लिए लंबी पारी खेलना चाहता हूं: ऐजाज पटेल

**भाषा** । मुंबई

**भारत** में जन्मे न्यूजीलैंड के क्रिकेटर ऐजाज पटेल को यह नहीं पता है कि टेस्ट मैच की एक पारी में 10 विकेट झटकने के बाद उनकी जिंदगी में क्या बदलाव आएगा लेकिन इस प्रदर्शन के बाद उन्हें अपने देश के लिए 80-90 टेस्ट खेलने की उम्मीद है।

मुंबई में जन्मे 33 साल के इस बाएं हाथ के गेंदबाज ने पिछले सप्ताह इतिहास की किताबों में अपना नाम दर्ज कराया। उन्होंने भारत की पहली पारी में सभी 10 विकेट लिए। वह जिम लेकर और अनिल कुंबले के बाद ऐसा करने वाले सिर्फ तीसरे क्रिकेटर बने। ऐजाज के परिवार के कई सदस्य अब भी मुंबई में रहते हैं।

भारतीय टीम से टेस्ट श्रृंखला को 0-1 से गंवाने के बाद यहां से न्यूजीलैंड लौटने से पहले उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि के बाद वह पैसे की बारिश की उम्मीद नहीं कर रहे हैं लेकिन उनकी कोशिश एशियाई मूल के बच्चों को न्यूजीलैंड में खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित करने की होगी।

## इंडिया ए को हराकर इंडिया डी फाइनल में

**भाषा** । विजयवाड़ा

**हरफनमौला** पूजा वस्त्राकर की 96 रन की रनों की पारी की मदद से इंडिया डी ने महिला चैलेंजर ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट में मंगलवार को यहां इंडिया ए को 22 रन से हराकर अजेय रहते हुए फाइनल में जगह पक्की की। चार टीमों के फाइनल में इंडिया डी का गुरुवार को एक बार फिर इंडिया ए से सामना होगा। इंडिया डी ने लीग चरण के सभी मैच जीते है जबकि इंडिया ए ने बेहतर नेट रन रेट के आधार पर फाइनल का टिकट कटाया। इंडिया ए, इंडिया बी और इंडिया सी के नाम एक-एक जीत है।

## दो महीने क्रिकेट से दूर रहेंगे केन विलियमसन

**भाषा** । वेलिंगटन

**न्यूजीलैंड** के कोच गैरी स्टीड ने बताया कि कप्तान केन विलियमसन कोहनी की में चोट के कारण कम से कम दो महीने के लिए खेल से दूर हो सकते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक विलियमसन के अगले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ क्राइस्टचर्च में 17 फरवरी से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए वापसी की संभावना है।

विलियमसन भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन की सुबह इस चोट के कारण टीम से बाहर हो गए थे। स्टीड ने मंगलवार को पुष्टि की कि उन्हें पूरी तरह से ठीक होने में कम से कम आठ या नौ सप्ताह का समय लगेगा।

उन्होंने कहा कि हो सकता है कि उन्हें सर्जरी की जरूरत ना पड़े। स्टीड ने कप्तान के चोट के बारे में कहा कि केन जल्दी स्वस्थ हो जाएंगे।

## रहाणे की उपकप्तानी जानी तय, ईशांत भी बाहर होंगे

**दक्षिण अफ्रीका दौरा**

**भाषा** । नई दिल्ली



**दक्षिण** अफ्रीका दौरे के लिए बुधवार को चयनकर्ता भारतीय टीम का ऐलान करेंगे तो अजिंक्य रहाणे की टीम में जगह तो सुरक्षित लग रही है लेकिन देखना यह है कि वह उपकप्तान बने रहेंगे या नहीं। समझा जाता है कि वनडे टीम की घोषणा बाद में होगी क्योंकि श्रृंखला 19 जनवरी से शुरू होनी है।

बतौर वनडे कप्तान विराट कोहली के भविष्य पर भी फैसला लिया जाना है। लगातार 12 नाकामियों के बाद रहाणे का उपकप्तान बने रहना कठिन है। यही वजह है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई टेस्ट में फिटनेस का हवाला देकर उन्हें बाहर रखा गया। रहाणे को उपकप्तानी से हटाया जाता है तो रोहित शर्मा उनकी जगह ले सकते हैं। इसी तरह 100 से अधिक टेस्ट खेल चुके ईशांत शर्मा को भी शायद टीम में जगह नहीं मिले चूंकि वह लंबे समय से फॉर्म में नहीं हैं। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और उमेश यादव के साथ प्रसिद्ध कृष्णा और आवेश खान को मौका मिल सकता है। मध्यक्रम में श्रेयस अय्यर, शुभमन गिल और हनुमा विहारी रहेंगे।

## किशन और विहारी के अर्धशतक से भारत ए के छह विकेट पर 229 रन

ब्लोमफोंटेन। विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन और कप्तान हनुमा विहारी के अर्धशतकों से भारत ए ने दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ तीसरे अनधिकृत टेस्ट के दूसरे दिन मंगलवार को छह विकेट पर 229 रन बना लिए। दक्षिण अफ्रीका ए ने पहली पारी में 268 रन बनाए थे। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर किशन 141 गेंद में 12 चौकों और एक छक्के की मदद से 86 रन बनाकर खेल रहे थे।विहारी ने 170 गेंद में 63 रन बना लिए हैं जिनमें छह चौके और एक छक्का शामिल है। इनके अलावा अभिमन्यु ईश्वरन ने 28 और सरफराज खान ने 14 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव पांच और देवदत्त पडीक्कल आठ रन बनाकर आउट हो गए। इससे पहले कल के स्कोर सात विकेट पर 249 रन से आगे खेलते हुए दक्षिण अफ्रीका ए अपने स्कोर में 19 रन ही जोड़ सकी।

## एल्गर होंगे कप्तान, तेज गेंदबाज ओलिवर की वापसी

### ●भारत दौरे के लिए दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम घोषित

**भाषा** । जोहानिसबर्ग



**दक्षिण** अफ्रीका ने 26 दिसंबर से भारत के खिलाफ शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए मंगलवार को 21 सदस्यीय टीम घोषित की जिसमें तेज गेंदबाज सिसांडा मगाला और विकेटकीपर बल्लेबाज रेयान रिकेलटन के रूप में दो नए चेहरे शामिल हैं।

डीन एल्गर की अगुवाई वाली टीम में तेज गेंदबाज डुआने ओलिवर को भी जगह मिली है जिन्होंने अपना आखिरी टेस्ट मैच 2019 में खेला था। अनुभवी तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा और एनरिक नोर्किया की टीम में वापसी हुई है। उन्हें नीदरलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए विश्राम दिया गया था। ग्लेनटन स्टुरमैन और प्रेनलान सुब्राएन की भी टीम में वापसी हुई है। दक्षिण अफ्रीका में कोविड-19 का नया स्वरूप पाए जाने के बाद अब पहला टेस्ट मैच एक सप्ताह बाद 26 दिसंबर से शुरू होगा। कोविड-19 का नया स्वरूप मिलने के कारण एक समय श्रृंखला पर ही खतरा मंडरा रहा था लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) दोनों ने कहा कि श्रृंखला कार्यक्रम में कुछ बदलावों के साथ खेली जाएगी।

सीएसए की चयनसमिति के समन्वयक विक्टर एमपिटसैंग ने कहा, सीएसए के लिए यह प्रारूप बेहद महत्वपूर्ण है तथा इसे प्रासंगिक बनाए रखना संगठन की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि हम डीन एल्गर और उनके साथियों की मैदान पर वापसी का वास्तव में बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

हमने पिछली बार उन्हें वेस्टइंडीज पर दबदबा बनाते हुए देखा था और तब से काफी समय बीत गया है। एमपिटसैंग ने कहा कि हमें उस टीम पर भरोसा है जिसे हमने चुना है और हमने पिछले दो सत्रों में जिस प्रतिभा को तराशा है उसका पूरा समर्थन करते हैं।

तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा होगी। भारत दक्षिण अफ्रीका में अपनी पहली श्रृंखला जीतने की भी कोशिश करेगा। पहला टेस्ट मैच सेंचुरियन में बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) से खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट तीन जनवरी से जोहानिसबर्ग और तीसरा मैच 11 जनवरी से केपटाउन में खेला जाएगा। इसके बाद तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला होगी तथा मूल कार्यक्रम का हिस्सा रहे चार टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों का आयोजन बाद में किया जाएगा।

**टीम**

डीन एल्गर (कप्तान), तेम्बा बावुमा (उप-कप्तान), क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), कैगिसो रबाडा, सारेल इरवी, बेउरन हेंड्रिक्स, जॉर्ज लिंडे, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, एडेन मार्कराम, वियान मुल्डर, एनरिक नोर्किया, कीगन पीटरसन, रासी वान डर डुसेन, काइल वेरेन, मार्को जेन्सन, ग्लेनटन स्टुरमैन, प्रेनेलान सुब्रायन, सिसांडा मगाला, रेयान रिकेलटन, डुआने ओलिवर।

# ऑफ स्पिनर साजिद ने छह विकेट चटकाए

### ●बांग्लादेश ने बारिश से बाधित टेस्ट में सात विकेट पर 76 रन बनाए

**भाषा** । ढाका




**ऑफ** स्पिनर साजिद खान (35 रन पर छह विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन मंगलवार को बांग्लादेश की पहली पारी में 26 ओवर में 76 रन पर सात विकेट चटकाकर जीत की उम्मीदें कायम कर ली है। मैच का शुरूआती तीन दिनों का खेल का अधिकांश हिस्सा बारिश और खराब रोशनी की भेंट चढ़ गया। इस दौरान महज 63.2 ओवर का खेल संभव हो सका। पाकिस्तान ने चौथे दिन के दूसरे सत्र में चार विकेट पर 300 बनाकर पारी घोषित कर दी।

उस समय लग रहा था कि यह मैच ड्रा होगा लेकिन साजिद के छह विकेट के कारण बांग्लादेश पर फॉलोऑन का खतरा मंडराने लगा है। खराब रोशनी के कारण चौथे दिन का खेल में एक घंटे पहले खत्म करना पड़ा। अभी एक दिन का खेल बचा है और बांग्लादेश को फॉलोऑन बचाने के लिए और 25 रन की जरूरत है जबकि टीम पाकिस्तान से पहली पारी के आधार पर 224 रन पीछे है और उसके तीन विकेट बचे हुए है। स्टंप्स के समय अनुभवी शाकिब अल हसन 23 रन बनाकर खेल रहे थे। उनके साथ तैजुल इस्लाम खाता खोले बगैर क्रीज पर मौजूद थे। इससे पहले पाकिस्तान ने दिन की शुरूआत दो विकेट पर 188 रन से की।

बाबर आजम और अजहर अली ने तीसरे विकेट के लिए 123 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। इबादत हुसैन (79 रन पर एक विकेट) ने अजहर को आउट कर उनकी 56 रन की पारी को खत्म किया। इसके दो ओवर बाद तेज गेंदबाज खालिद अहमद (40 रन पर एक विकेट) ने बाबर को पगबाधा कर अपने टेस्ट करियर का पहला विकेट चटकाया। बाबर ने 126 गेंद की पारी में नौ चौके और एक छक्का लगाया। फवाद आलम (नाबाद 50) मोहम्मद रिजवान (नाबाद 53) ने इसके बाद बांग्लादेश को वापसी करने का कोई और मौका नहीं दिया। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 103 रन की अटूट साझेदारी की। बांग्लादेश के लिए तैजुल सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 73 रन देकर दो विकेट लिए। पारी घोषित करने के बाद पाकिस्तान के स्पिनरों ने बांग्लादेश पर शिकंजा कस दिया। साजिद और नौमान अली की फिरकी के आगे मेजबान टीम के बल्लेबाज असहज नजर आए।

नौमान का हालांकि किस्मत ने साथ नहीं दिया लेकिन उनकी कसी हुई गेंदबाजी का फायदा साजिद को हुआ, जिन्होंने अपने छोर से विकेट चटकाना जारी रखा।

## पिछले चार साल में पैरा एथलीटों को 10. 50 करोड़ रुपए दिए : ठाकुर

**नई दिल्ली**। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को संसद में बताया कि 2017-18 से 2021-22 के बीच केंद्र सरकार ने भारतीय पैरालम्पिक समिति को 32 करोड़ रुपये से अधिक आवंटित किए हैं। लोकसभा में एक सवाल के जवाब में ठाकुर ने कहा कि यह राशि राष्ट्रीय खेल महासंघों को सहायता की योजना के तहत दी गई। उन्होंने यह भी बताया कि पैरा एथलीटों के लिए टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत पिछले पैरालम्पिक सत्र में 10.50 करोड़ रूपए खर्च किए गए। भारत ने तोक्यो पैरालम्पिक में पांच स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य समेत 19 पदक जीते थे। खेल मंत्रालय ने पीआईबी द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा कि पैरा खेलों को सरकार की वित्तीय सहायता के लिए प्राथमिकता सूची में रखा गया है।पैरा खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रतिस्पर्धाओं के लिए जरूरी सहायता दी जा रही है।

# हरभजन सिंह आईपीएल फ्रेंचाइजी के सहयोगी स्टाफ से जुड़ने की तैयारी में

**भाषा** । नई दिल्ली




**भारत** के पूर्व आफ स्पिनर हरभजन सिंह अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की एक बड़ी फ्रेंचाइजी के सहयोगी स्टाफ के अहम सदस्य के रूप में नजर आएंगे। पिछले आईपीएल के पहले चरण में 41 साल के हरभजन ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की ओर से कुछ मुकाबले खेले थे लेकिन लीग के यूएई चरण में एक भी मैच नहीं खेले।

उम्मीद है कि हरभजन अगले हफ्ते प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से आधिकारिक रूप से संन्यास की घोषणा करेंगे और इसके बाद उनके कुछ फ्रेंचाइजी के सहयोगी स्टाफ से जुड़ने की पेशकश में से किसी एक को स्वीकार करने की उम्मीद है। आईपीएल के एक सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया कि यह भूमिका सलाहकार, मार्गदर्शक या सलाहकार समूह का हिस्सा बनने की हो सकती है लेकिन वह जिस फ्रेंचाइजी से बात कर रहा है वह उसके अनुभव का इस्तेमाल करना चाहती है। वह नीलामी में खिलाड़ियों को चुनने में भी फ्रेंचाइजी की मदद करने में सक्रिय भूमिका निभाएगा।

हरभजन ने हमेशा खिलाड़ियों को निखारने में रुचि दिखाई है और एक दशक तक मुंबई इंडियन्स से जुड़े रहने के दौरान बाद के वर्षों में टीम के साथ उनकी यही भूमिका थी। पिछले साल केकेआर के साथ जुड़े रहने के दौरान हरभजन ने वरुण चक्रवर्ती का मार्गदर्शन करने में काफी समय बिताया। आईपीएल के पिछले सत्र की खोज रहे वेंकटेश अय्यर ने इससे पहले खुलासा किया था कि हरभजन ने केकेआर की ओर से उनके एक भी मैच नहीं खेलने से पहले कुछ नेट सत्र के बाद कहा था कि वह लीग में सफल रहेंगे। यहां तक कि पिछले सत्र में केकेआर के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान इयोन मोर्गन ने भी टीम चयन के मामलों में हरभजन की सलाह मानी थी। सूत्र ने कहा कि हरभजन सत्र खत्म होने के बाद संन्यास की औपचारिक घोषणा करना चाहता है। एक फ्रेंचाइजी के साथ उसने विस्तृत बात की है जिसने काफी रुचि दिखाई है लेकिन करार की औपचारिकता पूरी होने के बाद ही वह इस बारे में बात करना पसंद करेगा।

# इजराइल ने विवादित पूर्वी यरुशलम बस्ती की योजना पर रोक लगायी

एपी। यरुशलम

**यरुशलम** नगर निकाय के अधिकारियों ने पूर्वी यरुशलम में एक खाली पड़े हवाई अड्डे पर विवादास्पद बड़ी यहूदी बस्ती बनाने की योजना पर सोमवार को रोक लगा दी। परियोजना को लेकर अमेरिका के भारी विरोध के मद्देनजर एटारोट बस्ती योजना को रोकने का निर्णय किया गया।

घनी आबादी वाले फलस्तीनी समुदाय के ऐसे तीन क्षेत्रों के पास एक खुले क्षेत्र में अत्यंद रूढ़िवादी यहूदियों के लिए 9,000 मकानों वाली बस्ती के निर्माण की योजना थी, जिनमें से एक इजरायल के विवादास्पद क्षेत्र के पीछे है।

नगर निकाय के योजना आयोग ने कहा कि योजना काफी प्रभावी है लेकिन इसकी मंजूरी से पहले एक पर्यावरणीय प्रभाव सर्वेक्षण किया जाना चाहिए। डिप्टी मेयर फ्लेर हसन-नहौम ने कहा कि इस प्रक्रिया में लगभग एक साल लगने की उम्मीद है। प्रस्तावित बस्ती के समस्याग्रस्त स्थान का हवाला देते हुए, बस्ती विरोधी समूह पीस नाउ ने योजना के खिलाफ एक सार्वजनिक अभियान चलाया था। इससे पहले सोमवार को इजरायल के विदेश मंत्री याइर लापिद ने संकेत दिया था कि इजरायल सरकार को योजना को मंजूरी देने की कोई जल्दी नहीं है।

उन्होंने कहा कि इससे राष्ट्रीय स्तर पर निपटा जाएगा और हम जानते हैं कि इससे कैसे निपटना है। यह एक प्रक्रिया है और हम सुनिश्चित करेंगे कि यह (अमेरिकी) प्रशासन के साथ टकराव में ना बदल जाए। बाइडन प्रशासन ने बार-बार बस्ती निर्माण की आलोचना करते हुए कहा है कि यह शांति प्रक्रिया को फिर से शुरू करने में बाधा डालता है, लेकिन इजराइल ने बस्ती निर्माण की योजनाओं को आगे बढ़ाना जारी रखा।

## ब्रिटेन ने अफगानिस्तान में अपने समर्थकों को तालिबान की दया पर छोड़ाः व्हिसलब्लोअर

**लंदन**। ब्रिटेन के एक व्हिसलब्लोअर ने मंगलवार को आरोप लगाया कि विदेश कार्यालय ने काबुल के विद्रोहियों के कब्जे में जाने के बाद अफगानिस्तान में अपने अनेक सहयोगियों को तालिबान की दया पर छोड़ दिया, क्योंकि इन लोगों को बाहर निकालने का अभियान निष्क्रिय रहा और इसे मनमाने ढंग से चलाया गया। राफेल मार्शल ने एक संसदीय समिति को दिए बड़े सबूत में कहा कि ईमेल के माध्यम से मदद के लिए भेजे गए हजारों अनुरोध 21 अगस्त और 25 अगस्त के बीच पढ़े ही नहीं गए थे। विदेश कार्यालय के पूर्व कर्मचारी ने अनुमान व्यक्त किया कि ब्रिटेन के एक कार्यक्रम के तहत देश छोड़ने के लिए आवेदन करने वाले अफगान नागरिकों में से केवल पांच प्रतिशत लोगों को ही मदद मिली। विदेश कार्यालय का यह पूर्व कर्मचारी मेल पर आने वाले संदेशों की निगरानी करने के कार्य से जुड़ा था।

## विदेश सचिव ने बांग्लादेश के विदेश मंत्री से द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की

**ढाका**। विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने मंगलवार को यहां बांग्लादेशी विदेश मंत्री एके अब्दुल मोमेन से मुलाकात की और इस दौरान उन्होंने दोनों देशों के बीच विविध मुद्दों और बढ़ते द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की, जिनमें कोविड-19 महामारी पर लगाम लगाना भी शामिल है। दो पड़ोसी देशों के बीच व्यापक सहयोग की समीक्षा के लिए दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर यहां पहुंचे श्रृंगला ने अपने समकक्ष मसूद बिन मोमेन से भी मुलाकात की और सभी मोर्चों पर द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति पर चर्चा की।

बांग्लादेश में भारतीय उच्चायोग ने ट्वीट किया, विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने विदेश मंत्री डॉ. एके अब्दुल मोमेन से मुलाकात की। हमारे कोविड सहयोग समेत दोनों देशों के बीच व्यापक और बढ़ते सहयोग की समीक्षा की। संयुक्त रूप से आयोजित मैत्री दिवस की सफलता पर संतोष व्यक्त किया।

# कश्मीरी पंडित सबसे सफल भारतीय अमेरिकी समुदायों में से एक

भाषा। वाशिंगटन

**भारतीय अमेरिकी सांसद ने कश्मीरी समुदाय की प्रशंसा की**

**कश्मीरी** पंडित सबसे सफल भारतीय-अमेरिकी समुदायों में से एक हैं। एक शीर्ष अमेरिकी सांसद ने अमेरिका और दुनिया भर में उनके योगदान के लिए समुदाय के सदस्यों की प्रशंसा करते हुए यह बात कही।

भारतीय-अमेरिकी कांग्रेस सदस्य राजा कृष्णमूर्ति ने पिछले हफ्ते अमेरिकी कैपिटल में फिल्म द कश्मीर फाइल्स के एक रिसेप्शन और निजी स्क्रीनिंग के मौके पर कहा कि जब आप अपने जीवन को बचाने के लिए जूझते हैं, जब आप संपत्ति से वंचित हो जाते हैं, तो जीवन का वास्तविक अर्थ जानते हैं। आप जानते हैं कि आप कहीं भी रहें, इसको कैसे महत्व देना है, इसे कैसे सींचा जाता है और यह सुनिश्चित करते हैं कि हर कोई अपनी विरासत और जड़ों को याद रखे। उन्होंने ग्लोबल कश्मीरी पंडित डायस्पोरा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा कि कश्मीरी पंडित समुदाय सबसे सफल भारतीय अमेरिकी समुदायों में से एक है। अतीत में आपने जिन चुनौतियों का सामना किया है, उन चुनौतियों पर काबू पाने की तुलना में अन्य सभी चुनौतियों फीकी हैं। पुरस्कार विजेता निर्देशक विवेक अग्निहोत्री द्वारा निर्देशित और लिखित तथा पुरस्कार विजेता अभिनेत्री पल्लवी जोशी द्वारा निर्मित, फिल्म द कश्मीरी फाइल्स कश्मीरी पंडितों के नरसंहार और जातीय सफाए पर आधारित है। यह फिल्म उन चुनौतियों के मानवीय दृष्टिकोण को दर्शाती है जो वैश्विक आतंकवाद के कारण उत्पन्न होती हैं और समुदायों को बेदखल करती हैं जिसे उनकी जड़ें उखड़ जाती हैं। यह मानव दर्द और पीड़ा को भी उजागर करती है। फिल्म को अमेरिका के 16 शहरों में दिखाया जा रहा है। कांग्रेस सांसद एंडी ब ने भारत-अमेरिका संबंधों और भारतीय-अमेरिकियों के योगदान पर जोर दिया। एक संदेश में, सीनेटर मार्क वार्नर ने स्वागत समारोह में सभी मेहमानों को हार्दिक बधाई दी। अपने मुख्य भाषण में, अग्निहोत्री ने कश्मीर की पवित्र भूमि से उभरी एकता की भारतीय संस्कृति और कला, सौंदर्यशास्त्र, संगीत और साहित्य के क्षेत्र में कश्मीर के अपार योगदान के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि कश्मीर का विनाश ज्ञान का विनाश है, और दुनिया को पता होना चाहिए कि मानवता का क्या मतलब है।

# इराक के बसरा शहर में विस्फोट चार लोगों की दर्दनाक मौत हुई

एपी। बसरा

**इराक** के दक्षिणी शहर बसरा के मध्य हिस्से में सोमवार को हुए एक विस्फोट में कम से कम चार लोग मारे गए और चार अन्य घायल हो गए। इराकी सुरक्षाबलों ने यह जानकारी दी। सोमवार को हुए इस धमाके के बाद आसमान में काले धुएं का गुबार छा गया। स्थानीय खबरों में शुरुआत में कहा गया कि यह एक कार बम था लेकिन बसरा के गवर्नर असद अल-इदानी ने घटनास्थल पर संवाददाताओं से कहा कि एक मोटरसाइकिल में विस्फोट हुआ। यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो सका है कि मोटरसाइकिल पर बम लगाया गया था या यह आत्मघाती हमला था। गवर्नर ने कहा कि विस्फोट से दो कार जल गईं। इराक के सुरक्षा मीडिया प्रकोष्ठ ने एक बयान में कहा कि मोटरसाइकिल के पास की दो कार जल गईं जिससे चार लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। इसने कहा कि फॉरेंसिक दल घटनास्थल पर है और जांच पूरी होने के बाद विस्फोट की प्रकृति के बारे में अधिक जानकारी जारी की जाएगी। हाल के वर्षों में बसरा में विस्फोट नहीं हुए हैं, खासकर 2017 में सुन्नी आतंकवादी इस्लामिक स्टेट समूह की हार के बाद से। तेल समृद्ध बसरा मुख्य रूप से शिया बहुल है। विस्फोट की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

## श्रीलंका ने भीड़ हत्या के शिकार अपने नागरिक के परिजनों को मुआवजे की पेशकश की

भाषा। कोलंबो

**श्रीलंका** की सरकार ने पाकिस्तान के पंजाब सूबे में ईशनिंदा के आरोप में भीड़ द्वारा पीट-पीट कर मार डाले गए अपने नागरिक प्रियंथा कुमारा दियावदना के परिजनों के लिए मंगलवार को 25 लाख श्रीलंकाई रुपए के मुआवजे को मंजूरी दी। उल्लेखनीय है कि गत शुक्रवार को एक स्तब्ध करने वाली घटना में कट्टरपंथी इस्लामी संगठन तहरीक-ए- लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) ने पाकिस्तान में पंजाब सूबे के सियालकोट स्थित एक कपड़ा फैक्टरी पर हमला किया और वहां के महाप्रबंधक दियावदना की ईशनिंदा के आरोप में पीट-पीटकर हत्या करने के बाद उनके शव को जला दिया।



दक्षिणी फ्रांस के भूमध्यासागर तट पर गैस विस्फोट से ढही तीन मंजिला इमारत के मलबे से एक शिशु और उसकी मां को निकाला गया

## 100 सांसदों ने विवादित स्मारक पर की प्रार्थना

**टोक्यो**। जापान के करीब 100 सांसदों के एक समूह ने पर्ल हार्बर पर हमले के 80 वर्षों बाद मंगलवार को तोक्यो में एक स्मारक पर प्रार्थना की, जिसे चीन और कोरियाई देश जापान की युद्धकालीन आक्रामकता के प्रतीक के तौर पर देखते हैं। प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के मंत्रिमंडल में नौ उप मंत्री और विशेष सहायक समेत कई सांसद उनकी कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्य हैं। जापान ने सात दिसंबर 1941 को पर्ल हार्बर पर हमला किया था, जिसके कारण अमेरिका द्वितीय विश्वयुद्ध में शामिल हुआ था। जापान में यह तारीख आठ दिसंबर है। जापान की आक्रामकता के पीड़ति खासतौर से चीन और कोरियाई देश यासुकुनी स्मारक को जापान के सैन्ईकरण के प्रतीक के तौर पर देखते हैं, क्योंकि वह दोषी ठहराए गए युद्ध अपराधियों समेत युद्ध में मारे गए लोगों को सम्मानित करता है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने कहा कि सांसदों का दौरा जानबूझकर उठाया गया और उकसावे वाला कदम है। उन्होंने कहा, जापान के गणमान्य लोगों का स्मारक का दौरा आक्रमण के इतिहास की ओर जापान के गलत रवैए को फिर से दिखाता है। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय ने इस स्मारक पर बड़े पैमाने पर सांसदों के जाने पर मंगलवार को गहन चिंता और खेद जताया।

## कांग्रेस से इस्तीफा देंगे रिपब्लिकन सांसद न्यूनस

**वाशिंगटन**। कैलिफोर्निया से रिपब्लिकन पार्टी के प्रतिनिधि डेविन न्यूनस पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई मीडिया कंपनी में शामिल होने के लिए पद से इस्तीफा देंगे। न्यूनस को कांग्रेस में ट्रंप के सबसे कट्टर समर्थकों में से एक माना जाता है। ट्रंप मीडिया एंड टेक्नोलॉजी समूह की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया कि न्यूनस जनवरी 2022 की शुरुआत में मुख्य कार्यकारी अधिकारी का पदभार संभालेंगे। कंपनी ट्विटर समेत अपने प्रतिद्वंद्वियों से मुकाबला करने के लिए एक सोशल मीडिया मंच शुरू करने की तैयारी कर रही है। गौरतलब है कि ट्विटर ने अमेरिकी संसद भवन में भीड़ के हिंसक हमले की घटना के बाद जनवरी में ट्रंप का अकाउंट बंद कर दिया था। जून में फेसबुक ने दो साल के लिए ट्रंप का अकाउंट निलंबित कर दिया था। ट्रंप ने एक बयान में कहा कि डेविन यह समझते हैं कि हमें उदारवादी मीडिया और बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों को उन आजादी को बर्बाद करने से रोकना चाहिए, जो अमेरिका को महान बनाती है।

## बाइडन ने इंसुलिन और अन्य दवाओं पर बचत की घोषणा की

**वाशिंगटन**। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने जोर दिया कि उनका सामाजिक एजेंडा कानून सभी अमेरिकी लोगों के लिए दवाओं पर ठोस बचत प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं ने जिस राहत की गुहार लगाई है, वह अब नजर आने वाली है। लेकिन पहले इस विधेयक को कांग्रेस से पारित कराना होगा, जहां इसके रास्ते में कई बाधाएं हैं। राष्ट्रपति बाइडन ने इस विधेयक में राजनीतिक दांवपेंचों के जरिए कुछ प्रावधानों की अनदेखी पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की, जो जलवायु से लेकर पारिवारिक जीवन और करों के मुद्दों से संबंधित हैं। बढ़ती मुद्रास्फीति पर चिंताओं के बावजूद चुनावों में अमेरिकी लोगों ने दवा की लागत कम करने की सरकारी कार्रवाई के प्रति लगातार समर्थन दिखाया है। बाइडन ने व्हाइट हाउस में कहा कि यह कहना ठीक होगा कि इस देश में डॉक्टरों के पर्चों पर लिखी जाने वाली दवाएं बेहद महंगी हैं।



वाशिंगटन में पर्ल हार्बर पर हमले की 80वीं वर्षगांठ पर मारे गए सैनिको को श्रद्धांजलि देते अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन और उनकी पत्नी

# जर्मनी के दलों ने नई सरकार के लिए गठबंधन समझौते पर किए

एपी। बर्लिन

**जर्मनी** में लंबे समय से चांसलर एंजेला मर्केल की जगह लेने वाले ओलाफ शोल्ज के नाम को मंजूरी से एक दिन पहले देश के तीन दलों ने प्रगतिशील गठबंधन बनाने को लेकर मंगलवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

शोल्ज की मध्य वाम पार्टी सोशल डेमोक्रेट्स, पर्यावरण के मुद्दों को उठाने वाली पार्टी ग्रीन्स और कारोबार समर्थक फ्री डेमोक्रेट्स के बीच हुए समझौते को तीन पार्टियों के सदस्यों से हाल के दिनों में मजबूत समर्थन मिला। समझौते से शोल्ज के संसद में बुधवार को चुने जाने का रास्ता साफ हो गया है क्योंकि तीनों दलों के पास ठोस बहुमत है। पहली बार सरकार बनाने के लिए तीनों दलों ने समझौता किया है। शोल्ज निवर्तमान वित्त मंत्री एवं वाइस चांसलर हैं।

गठबंधन समझौते का शीर्षक वेंचर मोर प्रोग्रेस है। तीनों दलों के नेताओं ने बर्लिन के फ्चुरियम संग्रहालय में समझौते पर हस्ताक्षर किए। नई सरकार के लिए, खासकर ग्रीन्स पार्टी के लिए जलवायु परिवर्तन से निपटने को लेकर कदम उठाना शीर्ष प्राथमिकता है। अन्य प्राथमिकताओं में यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का आधुनिकीकरण और अधिक उदारवादी सामाजिक नीतियों की पेशकश करना शामिल है। इन सबसे ऊपर, सरकार को कोरोना वायरस संक्रमण की उच्च दर को कम करने के तत्काल कदम उठाने की जरूरत होगी। फ्री डेमोक्रेट्स के नेता और भावी वित्त मंत्री क्रिश्चियन लिंडनेर ने कहा, हमने कहा कि हम और अधिक प्रगति करना चाहते हैं और इस सप्ताह से हम प्रगति पर काम करना चाहते हैं। हमें कोई भ्रम नहीं है। हमें बड़ी चुनौतियों का सामना करना है।

जर्मनी में सितंबर में हुए चुनाव से पहले कई मुद्दों पर वैचारिक मतभेद रखने वाले तीन दलों के बीच समझौता अपेक्षाकृत जल्दी और सौहार्दपूर्ण माहौल में हुआ है। जर्मनी की 16 साल से चांसलर मर्केल ने इस बार पद के लिए अपनी रूचि नहीं दिखाई।

## रंगभेद विरोध के प्रतीक भारतीय मूल के इब्राहिम इस्माइल का निधन

**जोहानिसबर्ग**। रंगभेद विरोध के प्रतीक रहे भारतीय मूल के इब्राहिम इस्माइल इब्राहिम का निधन हो गया है। वह 84 वर्ष के थे। दक्षिण अफ्रीका की सत्तारूढ़ पार्टी अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) ने यह जानकारी दी। एएनसी ने एक बयान में बताया कि इब्राहिम का लंबी बीमारी के बाद सोमवार को घर पर ही निधन हो गया।

ट्विटर पर साझा किए गए बयान में पार्टी ने कहा, एएनसी को इब्राहिम इस्माइल इब्राहिम के निधन के बारे में पता चला है। हम उनकी पत्नी, बच्चों, परिवार, दोस्तों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। कॉमरेड एबी, लंबे समय तक एएनसी के सदस्य रहे, एक देशभक्त जिन्होंने विनम्रता, समर्पण तथा उत्कृष्टता के साथ अपने देश की सेवा की। इब्राहिम को कॉमरेड एबी भी कहा जाता था।इब्राहिम ने नेल्सन मंडेला और अहमद कथराडा के साथ राजनीतिक बंदी के रूप में रोबेन द्वीप पर कई साल जेल में बिताए थे। दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के आंदोलन पर रोक लगाने वाले कानूनों का उल्लंघन करने पर पिता को दो बार गिरफ्तार किए जाने के बाद, इब्राहिम 13 साल की उम्र में ही मुक्ति संग्राम का हिस्सा बन गए थे।

## भारतीय-मूल के गैस स्टेशन मालिक की हत्या

**न्यूयॉर्क**। अमेरिकी राज्य जॉर्जिया में एक पुलिस थाना के पास दिनदहाड़े लूटपाट के दौरान 45 वर्षीय भारतीय मूल के गैस स्टेशन के मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई। टेक्सास के डलास में एक अन्य भारतीय अमेरिकी की गोली मारकर हत्या किए जाने के लगभग तीन सप्ताह बाद यह घटना हुई है। मस्कोगी काउंटी कोरोनर के अधिकारी ने डब्ल्यूटीवीएम टीवी चैनल के हवाले से कहा कि जॉर्जिया के पूर्वी कोलंबस में बुएना विस्टा रोड पर सिनोवस बैंक में सोमवार को सुबह लगभग 10 बजे अमित कुमार पटेल की हत्या कर दी गई। मस्कोगी काउंटी के डिप्टी कोरोनर चार्ल्स न्यूटन ने बताया कि सुबह 10:09 बजे बैंक के बाहर पटेल को मृत घोषित कर दिया गया। लेजर-एनक्वायरर की खबर के अनुसार, बैंक की इमारत में कोलंबस पुलिस विभाग का पूर्वी क्षेत्र भी है, जिसके प्रवेश द्वार से महज कुछ दूरी पर पटेल को गोली मारी गई। डब्ल्यूटीवीएम ने बताया कि पटेल स्टीम मिल रोड और बुएना विस्टा रोड के कोने पर स्थित शेवरॉन गैस स्टेशन के मालिक थे। लूटपाट उस वक्त हुई, जब पटेल सप्ताहांत में कमाई गई रकम जमा कर रहे थे।

## यौन शोषण के अध्ययन का आदेश दिया

**जिनेवा**। स्विट्ज़रलैंड में रोमन कैथलिक चर्च के नेताओं ने दो शिक्षाविदों को 20 वीं शताब्दी के मध्य से स्विस चर्च के यौन शोषण के इतिहास पर एक अध्ययन का नेतृत्व करने के लिए कहा है। इसी के साथ यह चर्च इस तरह का आदेश देने वाले यूरोप और अन्य देशों के गिरजाघरों में शुमार हो गया है। बिशप के स्विस सम्मेलन और दो अन्य संगठनों ने सोमवार को घोषणा की कि ज्यूरिख विश्वविद्यालय के इतिहास के दो प्राध्यापक, मोनिका डोमन और मारिएटा मायर, औपचारिक रूप से परियोजना शुरू करने और मार्च में इसके पूर्ण उद्देश्यों का विवरण देने से पहले, आने वाले हफ्तों में एक टीम बनाएंगे। संगठनों ने कहा कि असंख्य लोगों को रोमन कैथलिक चर्च के संदर्भ में यौन उत्पीड़न से जुड़ी घटनाओं की गहरी पीड़ा उठानी पड़ी है। उन्होंने कहा, वैज्ञानिक स्मृति का काम सबसे पहले पीड़ितों का है, उनका दर्द बांटा जाना चाहिए, लेकिन यह भविष्य के लिए सबक भी देगा। एक साल की प्रायोगिक परियोजना शोधकर्ताओं को उनकी फाइलों और अभिलेखागार तक निर्बाध पहुंच प्रदान करेगी जहां तक संभव हो और धर्म विधान और राज्य कानून के तहत अधिकृत हो।

# ब्रिटेन में प्रस्थान-पूर्व कोविड जांच का नियम लागू

**ओमीक्रोन के प्रसार की रफ्तार रोकने की कवायद**

भाषा। लंदन

**कोरोना** के नए स्वरूप ओमीक्रोन के प्रसार की रफ्तार थामने के लिए ब्रिटेन ने मंगलवार से नए नियम लागू किए हैं, जिसके तहत भारत समेत विदेशों से यहां आने वाले किसी भी यात्री को अपनी यात्रा से 48 घंटे पहले कोविड-19 की जांच करानी होगी। ओमीक्रोन के संक्रमण के किसी भी संदिग्ध को पहले से 10 दिनों के लिए खुद से पृथकवास में रहने की आवश्यकता होती है। इनमें वे लोग भी शामिल हैं, जिन्हें कोविड-रोधी टीके की पूरी खुराक दी जा चुकी है। इतना ही नहीं, यात्राओं के संबंध में ब्रिटेन की लाल सूची के देशों अंगोला, बोत्सवानिया, एस्वातिनी, लेसोथो, मलावी, मोजाम्बिक, नामिबिया, नाइजीरिया, दक्षिण अफ्रीका, जाम्बिया, जिम्बाब्वे- से लौट रहे ब्रिटिश और आयरिश नागरिकों को सरकारी मान्यता प्राप्त होटल में पृथकवास में रखने की आवश्यकता है, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका में पहली बार जांच में पाए गए ओमीक्रोन के 336 मामले ब्रिटेन में दर्ज किए गए हैं। ब्रिटेन के स्वास्थ्य सचिव साजिद जाविद ने सोमवार को हाउस ऑफ कॉमन्स में एक बयान में कोविड के इस नए स्वरूप के सामुदायिक प्रसार की पुष्टि की है। उन्होंने यह भी कहा कि ओमीक्रोन से संक्रमित किसी भी व्यक्ति को अब तक अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया है।साजिद जाविद ने कहा कि ब्रिटेन में पुष्ट मामलों की संख्या 336 है - वे सभी परिभाषा के अनुसार संक्रमित हैं।

## कोरोना वायरस के स्वरूपों पर वैज्ञानिक समुदाय की नजर

**वाशिंगटन**। दक्षिण अफ्रीका में कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के प्रसार और दुनिया भर में कई देशों से इसके मामले सामने आने के बाद चिंतित वैज्ञानिक एक ऐसी लड़ाई को देख रहे हैं जो महामारी का भविष्य तय करेगी।

क्या ओमीक्रोन दुनिया में तबाही मचा चुके डेल्टा से आगे निकलेगा? हार्वर्ड मेडिकल स्कूल नीत एक अनुसंधान में कोविड के स्वरूपों की निगरानी करने वाले डॉक्टर जैकब लेमिक्स ने कहा, अब भी शुरुआत ही है लेकिन बढ़ते समय के साथ आंकड़े आ रहे हैं जो इस ओर इशारा करते हैं कि ओमीक्रोन सभी जगह तो नहीं, लेकिन कुछ जगहों पर डेल्टा स्वरूप को पीछे छोड़ सकता है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से खतरे की आशंका है। लेकिन अन्य की राय में अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि ओमीक्रोन का प्रसार डेल्टा से ज्यादा तेज गति से होगा और अगर ऐसा होता है तो कितनी तेजी से यह आगे निकलेगा।रोचेस्टर के मायो क्लीनिक के नैदानिक विषाणु विज्ञान के निदेशक मैथ्यू बिन्किर ने बताया कि खास तौर पर अमेरिका में डेल्टा के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है और ओमीक्रोन इससे आगे बढ़ पाएगा, इसका पता अगले दो सप्ताह में चलेगा।

ओमीक्रोन के बारे में कई सवालों के जवाब भी तलाशे जाने हैं कि इस स्वरूप से मरीज आंशिक या गंभीर रूप से पीड़ित होता है और यह टीका या पूर्व में संक्रमण से पैदा हुए प्रतिरोधक क्षमता से कितना बच पाता है। वहीं ओमीक्रोन के प्रसार के मुद्दे पर वैज्ञानिक दक्षिण अफ्रीका की तरफ इशारा करते हैं, जहां इस स्वरूप का मामला सबसे पहले सामने आया।

## एस्ट्राजेनेका, फाइजर टीकों के साथ अन्य टीकों के मिश्रण से मजबूत प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया

**लंदन**। एस्ट्राजेनेका या फाइजर टीकों की पहली खुराक के बाद दूसरी खुराक के रूप में मॉडर्ना या नोवावैक्स का टीका लगवाने से कोविड-19 के खिलाफ मजबूत प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया उत्पन्न होती है। ब्रिटेन में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं के नेतृत्व में एक टीम ने पाया कि 1,070 प्रतिभागियों के अध्ययन में कोई सुरक्षा चिंता नहीं उत्पन्न नहीं हुई। अध्ययन में यह बात सामने आई कि एस्ट्राजेनेका या फाइजर टीकों की पहली खुराक के बाद दूसरी खुराक के रूप में मॉडर्ना या नोवावैक्स का टीका लगवाने से मजबूत प्रतिरोधक प्रतिक्रिया उत्पन्न होती है जो कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में और मददगार हो सकती है।

## संघर्ष और युद्ध स्थिरता को बाधित कर रहे हैंः रामफोसा

**जोहानिसबर्ग**। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने कहा है कि संघर्ष और युद्ध अफ्रीकी महाद्वीप के आर्थिक विकास को रोक रहे हैं और महाद्वीपीय एकता भविष्य में समृद्धि की कुंजी है। रामफोसा पांच पश्चिम अफ्रीकी देशों की मंगलवार को समाप्त हो रही अपनी यात्रा के तहत सोमवार शाम शांति और सुरक्षा पर डकार अंतरराष्ट्रीय फोरम के सातवें संस्करण में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संघर्ष और युद्ध अफ्रीका को शांति और स्थिरता के रास्ते पर चलने से रोकते हैं। सभी अफ्रीकी देश आर्थिक विकास, स्थिरता और दीर्घकालिक शांति प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करें। रामफोसा ने कहा कि महाद्वीपीय एकता भविष्य में समृद्धि की कुंजी है। उन्होंने कहा कि हमारी सफलता महाद्वीपीय एकता के सिद्धांत पर दृढ़ता से टिकी हुई है। हमारी एकता में हमारे महाद्वीप पर शांति भी शामिल होनी चाहिए और उन लोगों का सामना करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए, जो हमारे क्षेत्रों तथा महाद्वीप में तबाही मचा रहे हैं।

## नॉक एट द केबिन में नजर आएंगे डेव बॉतिस्ता

**लास एंजिलिस**। हॉलीवुड स्टार डेव बॉतिस्ता फिल्मकार एम नाइट श्यामलन की आगामी फिल्म नॉक एट द केबिन में प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण स्टूडियो यूनिवर्सल पिक्चर्स में किया जाएगा। फिल्म तीन फरवरी, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# क्षमा और शांति

**संत राजिंदर सिंह का कहना है कि क्षमा आंतरिक शांति की ओर ले जाती है। दूसरी ओर आंतरिक शांति बाहरी शांति के रूप में फूटती है और प्रत्येक दिल को समृद्ध करती है**

अगर हम चाहते हैं कि पिछली सदी में हमने जो देखा है, उससे बेहतर दुनिया हो, तो हमें शांति और प्रेम को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए तैयार रहना चाहिए। हमें हर प्रकार की नफरत और पूर्वाग्रहों को खत्म करना चाहिए जिन्होंने हमारे दिल और आत्मा को दागदार बनाया है। अगर हम चाहते हैं कि दूसरे शांतिपूर्ण रहें, तो हमें खुद उसकी मिसाल या शांत बनना चाहिए।

**पहला कदम**

किसी ने नहीं कहा कि शांति पाना आसान है। शांति का जो पहला सबसे कठिन कदम है, वो है क्षमा। हमें अतीत को भूलकर अपने शत्रुओं को क्षमा करना सीखना चाहिए। हमें उन लोगों के लिए करुणा विकसित करनी चाहिए जिन्होंने हमें अतीत में चोट पहुंचाई है। हमें यह महसूस करना चाहिए कि हम सभी अपने पूर्वजों की घृणा और कलह के शिकार हुए हैं। इसे रोकने का समय आ गया है। प्रतिशोध को क्षमा व करुणा द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए।

हम वह पहला कदम कैसे उठा सकते हैं? हम अपने आप को क्रोध और घृणा से कैसे मुक्त कर सकते हैं और उन्हें प्रेम व क्षमा में बदल सकते हैं? अध्यात्म के जरिए करुणा, क्षमा और शांति हममें आ सकती है।

**अध्यात्म क्या है?**

अध्यात्म की यह मान्यता है कि हमारा सच्चा स्व ही हमारी आत्मा है। यह इस बात को पहचानना है कि हमारी आत्मा ईश्वर के साथ एकाकार है। यह महसूस करना है कि हम केवल हमारा शरीर और मन नहीं हैं, बल्कि एक आत्मा हैं जो शरीर में निवास करती है। हम खुद को एक नामधारी काया के रूप में सोच सकते हैं, कि हम भारत या कोलंबिया या फ्रांस के नागरिक हैं, या कि हम एक निश्चित जाति या धर्म से हैं। लेकिन आध्यात्मिकता यह पहचानना रही है कि इन बाहरी नामों और बाहरी लेबलों के पीछे हम सभी आत्माएं हैं, एक निर्माता का हिस्सा हैं। हम सभी अपनी आत्मा के स्तर पर जुड़े हुए हैं क्योंकि हम एक ही सृष्टा की संतान हैं।

**शांतिपूर्ण भविष्य के निर्माण के लिए इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं**

जब हम इस दृष्टिकोण को विकसित करते हैं, तो हम पूर्वाग्रह और भेदभाव की आंखों से नहीं देखते हैं। हम उन बाधाओं को तोड़ना शुरू करते हैं जो एक इंसान को दूसरे इंसान से अलग करती हैं। हमें ऐसा लगने लगता है कि हम सब आत्मा के स्तर पर जुड़े हुए हैं। जब हम अपनी एकता और जुड़ाव का अनुभव करते हैं, तो हम एक-दूसरे की परवाह करने लगते हैं। हम एक दूसरे की मदद और सेवा करना चाहते हैं। हमारे पड़ोसी के बच्चों के भूखे रोने से हमें उतना ही दर्द होगा जितना हमारे अपने बच्चों के रोने से। हम बेघर व्यक्ति को सड़क पर ऐसे देखेंगे, जैसे वे हमारे खुद के दादा हों,, और हम उसकी मदद करने के लिए प्रेरित होंगे। हमारी दृष्टि व्यापक होगी और हम सभी मनुष्यों की पीड़ा के लिए दयालु होंगे और पूरे दिल से उनकी मदद करना चाहेंगे।

> ध्यान में हम एक दिव्य शक्ति के संपर्क में आते हैं। यह शक्ति स्वयं को एक प्रेमपूर्ण प्रकाश के रूप में प्रकट करती है।

**हम इस नेक दृष्टि को कैसे विकसित कर सकते हैं?**

ऐसा हम आध्यात्मिक रूप से जागरुक होकर कर सकते हैं। यह विधि हमारी आध्यात्मिक दृष्टि जगा सकती है ताकि हम घृणा को मिटा सकें और इसे प्रेम और शांति में बदल सकें। वह विधि ध्यान की एक सरल तकनीक है, कुछ देर शांत बैठ कर हम अपनी आत्मा के संपर्क में आ सकते हैं। हम पाएंगे कि हम इस बाहरी शरीर और मन से कहीं अधिक हैं। हम अपने आध्यात्मिक सार की खोज करेंगे जो प्रेम, शांति और आनंद से भरा है। जब हम अपनी आत्मा के साथ तादात्म्य स्थापित करते हैं, तो हमें ईश्वर के साथ अपनी एकता का एहसास होता है।

हममें से कितने लोगों ने ईश्वर के दिव्य दर्शन की लालसा की है? कई लोगों के लिए, ईश्वर को पाना एक ऐसा सपना है जो शायद ही संभव लगता है, लेकिन कई लोगों ने सदियों से ईश्वर को देखा है। वे भगवान में विलीन हो गए हैं। उन्होंने यह कैसे किया? वे सभी एक ही तकनीक का इस्तेमाल करते थे। हम उस तकनीक को अंतर्ध्यान, एकाग्रता या ध्यान कह सकते हैं। वे स्थिरभाव में बैठते थे, उन्होंने अपना ध्यान अपने भीतर निर्देशित किया, और अंततः अपनी आत्मा और ईश्वर की खोज की। जब हम ऐसा करते हैं, तो हम सभी महान संतों और धर्म-संस्थापकों द्वारा प्राप्त अवस्था को प्राप्त करते हैं। हम प्यार करने वाले, दयालु, शांतिपूर्ण और देने वाले इंसान बनते हैं।

ध्यान में हम एक दिव्य शक्ति के संपर्क में आते हैं। यह शक्ति स्वयं को एक प्रेमपूर्ण प्रकाश के रूप में प्रकट करती है। जब हम अपने भीतर इस प्रकाश से संपर्क करते हैं, तो हम इस दुनिया में किसी भी तरह की गहन शांति, आनंद, खुशी का अनुभव नहीं करते हैं। ध्यान का सौंदर्य यह है कि यह नशा हमारे दैनिक कार्यों की पुनः शुरुआत करने के बाद भी हमारे साथ रहता है।

जब हम अपनी भौतिक काया से ऊपर उठते हैं और दिव्य प्रकाश का अनुभव करते हैं, तो हम यह भी देखते हैं कि अन्य सभी प्राणी भी आत्मा हैं। हम देखते हैं कि वही प्रकाश हमारे भीतर है, जो बाकी सबके भीतर है। हमें यह एहसास होने लगता है कि हम सभी आत्माएं हैं, सभी ईश्वर के अंश हैं। इस प्रकार हम सभी जीवित चीजों की परवाह करना शुरू कर देते हैं। इस तरह, शांति और खुशी की हमारी व्यक्तिगत प्राप्ति पृथ्वी पर शांति व खुशी के स्वर्ण युग की स्थापना में योगदान देगी।

**आंतरिक शांति बाहरी शांति की ओर ले जाती है**

हम अपने आध्यात्मिक पक्ष का विकास कर सकते हैं। ध्यान सीखकर हम प्रत्येक दिन अपने भीतर ईश्वर के संपर्क में होने का कुछ समय बिता सकते हैं। जैसे ही ईश्वर हमें प्रेम और आनंद से नहलाते हैं, हम उन वर्षों की आदतों से मुक्त हो जाते हैं जिनके कारण हमें घृणा और पूर्वाग्रहों का सामना करना पड़ा। शांति और प्रेम की इस स्थिति में, हम उन लोगों के प्रति क्षमा और करुणा के गुणों को विकसित करने में सक्षम होते हैं जिन्होंने हमें चोट पहुंचाई है। ईश्वर ने हमें प्रेम, क्षमा और करुणा के गुण दिए हैं। जब हम मेल-मिलाप और शांति की ओर अपना पहला कदम बढ़ाते हैं तो प्रभु हमारे हाथ पकड़ते हैं। जैसे-जैसे हम स्वयं अधिक शांत होते जाते हैं, हम उन सभी को शांति देना शुरू करते हैं जिनके हम संपर्क में आते हैं। शांति हमारे साथ शुरू होती है। खुद को बदलकर हम दूसरों को बदल सकते हैं, जिसमें हमारा परिवार, समुदाय, समाज और अंततः पूरी दुनिया शामिल है। इस तरह, हम अपने बच्चों, भावी पीढ़ी और स्वयं के लिए एक शांतिपूर्ण, सुरक्षित विश्व का निर्माण करेंगे। यह सब जिस पहले कदम से शुरू होता है, वह है क्षमा। क्षमा आंतरिक शांति की ओर ले जाएगी, और यह आंतरिक शांति दुनिया में बाहरी शांति में खिलेगी, हर दिल को समृद्ध करेगी और इस दुनिया को रहने के लिए एक बेहतर और शांतिपूर्ण जगह बनाएगी।

**-लेखक एक आध्यात्मिक नेता हैं**



# आधुनिक समय की नैतिकता



**प्रमोद पाठक**

हम अजीब समय में हैं। परस्पर विरोधी चीजें एक साथ आगे बढ़ रही हैं। यह भोंड़े उपभोक्तावाद का समय है। ये बेशर्म व्यावसायीकरण का दौर है। ये अबाधित उपभोग का दौर हैं। अहंकार बढ़ रहा है। लेकिन एक और चलन जोर पकड़ रहा है। एक प्रवृत्ति जो कि जो कुछ भी समझ में आता है, उसके अनुरूप नहीं है। अनुकम्पा और दया के अनारक्षित प्रदर्शन की प्रवृत्ति। इसलिए हम पाते हैं कि दया और करुणा के सजग कृत्यों को संस्थागत और उसका विपणन किया जा रहा है। बाजार को खास दिन सदियों पुराने मूल्य लगते हैं। अतीत में जिन मूल्यों का पालन किया जाता था, वे एक फैशन बन रहे हैं। इसलिए हम विश्व दया दिवस और ऐसे कई दिवस मनाते हैं। यहां तक कि अहंकार द्वारा संचालित अनावश्यक निजी उपभोग अनियंत्रित जारी है, हम पाते हैं कि करुणा व दया का प्रदर्शन भी बहुत जोरशोर के साथ होता है, और अहंकार से भी प्रेरित होता है। कभी सार्वजनिक उपभोग के लिए तो कभी प्रचार के लिए। जबकि प्राचीन भारतीय विचार 'गुप्त दान' या विनम्रता और शांति के साथ दान करने का उल्लेख करते हैं, जबकि वर्तमान दिनों में, धूमधाम और दिखावा है। मकसद दान के उन कृत्यों को नीचा दिखाने या करुणा के पीछे के मकसद पर सवाल उठाने का नहीं है। लेकिन निश्चित रूप से एक सौम्य चेतावनी है कि अहंकार से प्रेरित दान भावुक करुणा के रूप में प्रभावशाली नहीं होता है। फिज़ूलखर्ची वास्तविक करुणा के विपरीत है। एक उदाहरण भोजन की बर्बादी का मामला है जो कुलीन रेस्तरां में होता है, जो करीब से देखने पर पुराने रोमन राजाओं की याद दिलाता है, जिन्होंने खाया, पिया और जितना वे चबा सकते थे उससे अधिक बार-बार उसका मजाक उड़ाते थे। पार्टी में भोजन की बर्बादी एक ऐसी चीज है जिसे अपराधी के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है क्योंकि अनुशासित खाने से भी जरूरतमंदों के लिए बहुत कुछ उपलब्ध जा सकता है। विडंबना यह है कि यह वही वर्ग है जो कुलीन भोजनालयों में भोजन बर्बाद करता है जो करुणा के उन कृत्यों को भी जोरशोर से करता है। इन दिनों राजनीतिक शुद्धता और सामाजिक स्वीकृति की अत्यधिक मांग की जाती है और यह मानव क्रिया को चलाने वाली प्रमुख प्रेरक शक्तियां बन गई हैं। यह अच्छा है या बुरा, इस पर बहस किए बिना, आइए हम नैतिकता के सार के बारे में सोचें जो इन दिनों लोकप्रिय चर्चा का विषय बन गया है। गोस्वामी तुलसीदास ने बहुत सफलतापूर्वक बताया था कि करुणा धर्म का सार है जबकि अभिमान पाप का स्रोत है। लेकिन आजकल हम देखते हैं कि करुणा भी गर्व का उपोत्पाद है। इसलिए करुणा के कार्य भी अभिमान को खुराक देते हैं, हालांकि वे परस्पर अनन्य हैं। कर्तव्यनिष्ठ उपभोग और भावुक करुणा को स्वयं पर लगाई गई आचार संहिता होने की आवश्यकता है। दुनिया में अभी भी हर किसी की जरूरत के लिए पर्याप्त है। लेकिन समस्या लालच की है। एक आदमी का लालच भी सेब की गाड़ी को खराब कर सकता है। हम कहां गलत हो जाते हैं? जवाब बहुत आसान है। बस आत्ममंथन करने का प्रयास करें, कि जो कुछ ऍभी हम चाहते हैं वह वास्तव में आवश्यक है ? अगली बार जब आप किसी रेस्तरां में खाना खाने जाते हैं, जो आपको किसी प्रदत्त मूल्य के लिए जो कुछ भी आप खा सकते हैं, उसकी पेशकश करता है, तो पहले अपनी जरूरत का आकलन करें। आप कितना खा सकते हैं? लोगों को अपने द्वारा भुगतान किए गए भुगतान का पूर्ण मूल्य प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त ऑर्डर करते हुए देखना आम बात है। थोड़ा समझदार बनें और उन लोगों के बारे में सोचें जो अभी भी एक दिन में एक बार का भोजन पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। शायद आप बहुत सारे भोजन की बर्बादी को बचा लेंगे। गरीबी कम करने की संख्या से सरकारों पर फर्क पड़ता है, शासितों पर नहीं। जीडीपी वृद्धि और बढ़ती अर्थव्यवस्था के बारे में उन सभी आंकड़ों के बावजूद गरीबी अभी भी एक ऐसी समस्या है जिससे दुनिया को जूझने की जरूरत है।

**- लेखक प्रबंधन-प्रोफेसर और एक प्रशंसित सार्वजनिक वक्ता हैं।**

## स्वच्छ हवा के लिए

# एयर प्यूरीफायर

**रवि कौशिक** एक आवश्यक मार्गदर्शिका साझा कर रहे हैं जिससे आपको यह समझने में मदद मिलेगी कि आपको वायु शोधक की आवश्यकता कब और क्यों है :

यह कई लोगों के लिए आश्चर्य की बात हो सकती है लेकिन घर के अंदर अक्सर बाहर की तुलना में अधिक प्रदूषित होते हैं। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के अनुसार, घर के अंदर वायु प्रदूषण का स्तर बाहर की तुलना में दो-पांच गुना अधिक है, जिसका अर्थ है कि आवासीय घरों में रहने वाले या कार्यालयों में काम करने वाले लोग इसे महसूस किए बिना भी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रस्त हैं।

घर के अंदर कुछ खतरनाक प्रदूषकों का स्तर बाहर की तुलना में 100 गुना अधिक हो सकता है। यहीं से एयर प्यूरीफायर का महत्व सामने आता है। ये उत्पाद घर के अंदर स्वच्छ हवा में मदद करते हैं, जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, कणों, धूल और पराग के कारण प्रदूषित हो सकता है। इसके अलावा, ये प्यूरिफायर पालतू जानवरों की रूसी, मोल्ड स्पोर्स और रैगवीड जैसी समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकते हैं।

स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से, यह ध्यान रखना आवश्यक है कि दुनिया में सूचीबद्ध 25 सबसे प्रदूषित स्थानों में 12 भारतीय शहर शामिल हैं। इसलिए, नियंत्रणीय प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए, वायु शोधक की भूमिका नकारा नहीं जा सकता है।

**● आपको वायु शोधक की आवश्यकता कब होती है?**

इस प्रश्न का एक विशिष्ट उत्तर है। आपको अभी एक एयर प्यूरीफायर की जरूरत है क्योंकि अभी-अभी चर्चा की गई डरावने विवरणों की वजह से आपको एयर प्यूरीफायर की जरूरत है। दुनिया के लगभग सभी हिस्सों में बिगड़ती वायु गुणवत्ता के अलावा, इनडोर क्षेत्र भी लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा पैदा करते हैं। एक व्यक्ति को घर के अंदर प्रदूषकों का स्तर नहीं मिल सकता है, लेकिन वे वहां बहुत अधिक हैं और सांस लेने की समस्याओं और दीर्घकालिक बीमारियों को बढ़ा सकते हैं। इसलिए, वायु शोधक प्राप्त करने का समय अब यह सुनिश्चित करने के लिए है कि आप स्वस्थ रूप से रहते हैं और एक अच्छी तरह से काम करने वाली प्रतिरक्षा प्रणाली है।

**● आपको एयर प्यूरीफायर की आवश्यकता क्यों है?**

इस प्रश्न के विभिन्न उत्तर हो सकते हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप स्वस्थ हैं और किसी भी प्रदूषक से मुक्त हैं, आपको एक वायु शोधक की आवश्यकता है। भले ही स्वस्थ और एलर्जी मुक्त रहना एक वायु शोधक प्राप्त करने के लिए पर्याप्त कारण होना चाहिए, यहां अन्य कारणों की एक सूची है जो आपको यह खरीदारी निर्णय लेने में और प्रेरित करेगी :



**घर के अंदर बाहर की तुलना में अधिक प्रदूषित हैं:** इस पर कुछ उदाहरणों में चर्चा की गई है, और इस तथ्य को किसी व्यक्ति को यह खरीदारी करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

**घर में बच्चे या बुजुर्ग होना :** बच्चों और बुजुर्गों को एलर्जी और बीमारियों का खतरा अधिक होता है, खासकर प्रदूषकों से होने वाली बीमारियों से। इसलिए, यदि किसी घर में बच्चे और बुजुर्ग हैं, तो एक वायु शोधक आवश्यक हो जाता है।

**घर में एक गर्भवती महिला है :** इनडोर प्रदूषक भ्रूण के स्वास्थ्य को उतना ही प्रभावित कर सकते हैं जितना कि इसे ले जाने वाली महिला। इसलिए, यदि कोई परिवार में बच्चे के जन्म की उम्मीद कर रहा है, तो एक वायु शोधक आवश्यक है।

**व्यस्त सड़क या औद्योगिक सुविधा के पास रहना:** घर या कार्यालय किसी औद्योगिक सुविधा या व्यस्त राजमार्ग के पास होने पर घर के अंदर प्रदूषित होने की संभावना बहुत अधिक होती है।

**घर पर पालतू जानवर रखना:** पालतू जानवर हवा में उड़ने वाले पालतू बालों, रूसी और गंध के स्रोत हो सकते हैं, इन सभी को आपके निपटान में एक वायु शोधक द्वारा संबोधित किया जा सकता है।

**होम ऑफिस सेटअप :** होम ऑफिस उपकरण जैसे कंप्यूटर, लैपटॉप, राउटर, प्रिंटर, फैक्स, प्रोजेक्टर और मोबाइल फोन न्यूनतम रसायनों के स्रोत हैं जिन्हें एयर प्यूरीफायर का उपयोग करके संबोधित किया जा सकता है।

कैंसर, एचआईवी, हृदय की समस्याओं और अधिक जैसी बीमारियों से पीड़ित- जो लोग कैंसर, एड्स, हृदय संबंधी समस्याओं और फुफ्फुसीय संबंधी विकारों से पीड़ित हैं, वे प्रदूषण से गंभीर रूप से प्रभावित होने वाले प्राथमिक हैं। इसलिए, अपने परिवेश को कीटाणुरहित करने वाले वायु-शोधक का उपयोग करने से वे वायु प्रदूषकों के खिलाफ लड़ाई हारे बिना स्वतंत्र रूप से सांस लेने और अपने संबंधित स्वास्थ्य मुद्दों से निपटने की अनुमति देंगे।

**अन्य कारक :** एक आधुनिक, सुविधाजनक घर या कार्यालय जिसमें ड्राई क्लीनिंग, प्लास्टिक, फ्लेम रिटार्डेंट, नॉन-स्टिक सतह, दाग-प्रतिरोधी कपड़े, कीटनाशक, रासायनिक सफाई उत्पाद, व्यक्तिगत स्वच्छता उत्पाद और उपकरण शामिल हैं, जीवन को अधिक प्रबंधनीय बनाता है। हालांकि, ये महत्वपूर्ण इनडोर प्रदूषकों के स्रोत हैं, जिन्हें अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। इसके अलावा, भवन में कोई भी नागरिक समस्या या वेंटिलेशन की समस्या भी घर के अंदर प्रदूषकों के संचय का कारण बन सकती है। मुद्दे (जैसे सफाई की कमी) भी समग्र प्रदूषक स्तर को बढ़ा सकते हैं। ऐसी सभी परिस्थितियों में, वायु शोधक होने से ऐसे प्रदूषकों को कम करने में मदद मिल सकती है और यह सुनिश्चित हो सकता है कि ऐसे कारकों से उत्पन्न होने वाले दीर्घकालिक स्वास्थ्य मुद्दों को भी संबोधित किया जा सकता है।

संक्षेप में, एयर प्यूरीफायर अब मेट्रो शहरों में स्थित कुछ घरों या कार्यालयों के लिए एक लक्जरी वस्तु नहीं है। देश में बढ़ता प्रदूषण हर किसी के लिए अपने घर के अंदर/काम के माहौल को इससे बचाना जरूरी बनाता है। भले ही इस लेख में दिए गए कारणों की सूची अनन्य नहीं है, अगर कोई किसी भी कारक से पहचान कर सकता है, तो वायु शोधक खरीदने का निर्णय प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए।

**(लेखक दुनिया के पहले एंटीमाइक्रोबियल एयर प्यूरीफायर ब्रांड एआईआरटीएच के संस्थापक हैं।)**

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 51
लखनऊ, बुधवार, 8 दिसंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



अनफिट हार्दिक विजय हजारे ट्रॉफी में नहीं खेलेंगे
स्पोर्ट्स-11

# लाल टोपी वाले यूपी के लिए खतरे की घंटी: मोदी

- पूर्वी उत्तर प्रदेश को खाद कारखाना, एम्स सहित 10 हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात
- प्रधानमंत्री ने सपा का नाम लिए बिना बोला बड़ा हमला

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



गोरखपुर में मंगलवार को खाद कारखाने का लोकार्पण करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। साथ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य वरिष्ठ नेतागण

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने समाजवादी पार्टी का नाम लिए बिना उस पर बड़ा हमला बोला। उन्होने कहा कि लाल टोपी वाले यूपी के लिए रेड अलर्ट यानी जनता के लिए खतरे की घंटी हैं। लाल टोपी वालों को तो बस लालबत्ती से मतलब है, इनका जनता के दुख दर्द से कोई लेना देना नहीं।

लोहिया और जयप्रकाश के आदर्शों को तो ये लोग न जाने कब छोड़ चुके हैं। इन्हें सत्ता चाहिए, घोटाला करने के लिए, अपनी तिजोरियों को भरने के लिए, जमीनों पर कब्जा करने के लिए, माफिया को लूट की खुली छूट देने के लिए, आतंकवादियों पर मेहरबानी करने और उन्हें जेलों से रिहा करने के लिए। मोदी मंगलवार को गोरखपुर में खाद कारखाना, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च की क्षेत्रीय इकाई रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों को 10 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली इन तीन बड़ी विकास परियोजना की सौगात देने के बाद उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास की दृष्टि से आज के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में पूर्व की सरकारों की बेरुखी और उनका दोहरा रवैया भी याद आ रहा है। गोरखपुर का बंद पड़ा खाद कारखाना इस समूचे क्षेत्र के किसानों व रोजगार के लिए कितना जरूरी था लेकिन पूर्व की सरकारों को इसमें दिलचस्पी नहीं थी। एम्स की मांग भी यहां वर्षों से थी। 2017 के पहले की सरकार जमीन देने में ही आनाकानी करने में जुटी थी। मोदी ने कहा कि एम्स को लेकर बात जब आर पार की आ गई तब जमीन आवंटित की गई। आज का यह कार्यक्रम उन लोगों को करारा जवाब दे रहा है जिन्हें टाइमिंग पर सवाल उठाने का शौक है। मोदी ने कहा कि गोरखपुर में खाद कारखाना और एम्स की शुरुआत एकसाथ अनेक संदेश दे रहा है। यह डबल इंजन की सरकार में डबल तेजी से काम का प्रमाण है। इस बात का भी संदेश है कि जब नेक नीयत से काम होते हैं तो आपदाएं भी अवरोध नहीं बनतीं हैं। गरीबों, शोषितों, वंचितों की सेवा करने वाली सरकार परिश्रम करती है तो परिणाम भी दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि आज का यह आयोजन इस बात का भी सबूत है कि नया भारत ठान लेता है तो कुछ भी असंभव नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 के पहले देश में फर्टिलाइजर सेक्टर की स्थिति बेहद खराब थी। उस समय कई बड़े खाद कारखाने वर्षों से बंद पड़े थे। खाद का आयात बढ़ता जा रहा था। खेती के लिए उपलब्ध यूरिया का इस्तेमाल चोरी से और कामों में हो रहा था। देशभर में यूरिया की किल्लत सुर्खियों में होती थी। खाद पाने के लिए किसानों को लाठी गोली खानी पड़ती थी। देश को इसी स्थिति से निकलने के लिए हमने तीन सूत्रों पर एक साथ काम शुरू किया। पहला नीम कोटिंग करके यूरिया का गलत इस्तेमाल रोका गया। दूसरा करोड़ों किसानों को सॉयल हेल्थ कार्ड दिए गए ताकि उन्हें पता चल सके कि उनकी खेती के हिसाब से किस प्रकार की खाद की जरूरत है। तीसरा यूरिया का उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी है कि स्वास्थ्य सेवा सस्ती हो और सर्व सुलभ हो। उन्होंने कहा कि मैंने लोगों को इलाज के लिए चक्कर लगातेए उधारी लेते और जमीन गिरवी रखते तक देखा है।

## असंभव को संभव बनाया भाजपा सरकार ने: योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंगलवार को गोरखपुर में 10,000 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं के लोकार्पण को पूर्वांचल के विकास के लिए मील का पत्थर करार देते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने कभी असंभव समझे गए कार्य को संभव कर दिखाया है। योगी ने प्रधानमंत्री द्वारा गोरखपुर एम्स, उर्वरक कारखाने और आईसीएमआर के क्षेत्रीय केंद्र का लोकार्पण किए जाने के अवसर पर अपने संबोधन में कहाकि आज का यह कार्यक्रम पूर्वी उत्तर प्रदेश के उस सपने को साकार करने जैसा है, जो विपक्ष के लिए असंभव हो गया था। उन्होंने उर्वरक कारखाने का जिक्र करते हुए कहा, तीन दशकों तक जिसके लिए पांच सरकारों ने हामी भरने के बाद अंततः जिसे असंभव बनाया था उसे संभव बनाने का कार्य आज साकार रूप में न सिर्फ पूर्वी उत्तर प्रदेश बल्कि पूरा देश देख रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर का उर्वरक कारखाना 10 जून 1990 को बंद हुआ था। उसके बाद से 24 वर्षों तक किसी ने भी उसकी सुध नहीं ली। वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोरखपुर आकर इस कारखाने का शिलान्यास किया था।

## दुनियाभर में योगी के कार्यों को सराहा जा रहा: प्रधानमंत्री

**गोरखपुर।** प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर तारीफ की। मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से गोरखपुर बस्ती मंडल के सात जिलों में इंसेफलाइटिस की बीमारी 90 प्रतिशत से भी कम हो गई है। जो बीमार हो भी गए तो उनमें से अधिकाधिक लोगों का जीवन बच रहा है। अब तो योगी जी के कामों की चर्चा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही है। पीएम ने कहा कि एम्स और आरएमआरसी से इंसेफेलाइटिस से मुक्ति अभियान को मजबूती मिलेगी। साथ ही अनेक संक्रामक बीमारियों से बचाव में भी मदद होगी। पीएम ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश के कुछ वीआईपी जिलों में ही बिजली मिलती थी। आज योगी जी ने हर जिले को वीआईपी बना दिया है। हर गांव को बराबर और भरपूर बिजली मिल रही है। कानून व्यवस्था की बेहतरी को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज माफिया जेल में है तो निवेशक दिल खोल कर यूपी में निवेश कर रहे हैं। जबकि पहले अपराधियों को संरक्षण दिया जाता था। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार पर यूपी की जनता को पूरा भरोसा है।

## सरकार के प्रस्ताव पर आज बैठक करेगा संयुक्त किसान मोर्चा



नई दिल्ली में मंगलवार को पत्रकारों को संबोधित करते किसान नेता

भाषा। नई दिल्ली

**संयुक्त** किसान मोर्चा (एसकेएम) ने मंगलवार को कहा कि उसने आंदोलन को समाप्त करने का अनुरोध करने वाले सरकार के प्रस्ताव का जवाब दिया है, जिसमें कुछ बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा गया है। संगठन ने कहा कि उसने किसानों पर दर्ज फर्जी मामले वापस लेने के लिए आंदोलन समाप्त करने की सरकार की पूर्व शर्त पर भी स्पष्टीकरण मांगा है। किसान नेताओं ने कहा कि वे इस मुद्दे पर बुधवार अपराह्न दो बजे एक और बैठक करेंगे। बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा कि सरकार ने एक प्रस्ताव भेजा, उस पर चर्चा हुई और संयुक्त किसान मोर्चा के सभी सदस्यों के सामने पेश किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रस्ताव में कहा गया है कि वह न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग पर एक समिति का गठन करेगी और इस समिति में एसकेएम के बाहर के किसान संगठन, सरकारी अधिकारी और राज्यों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। राजेवाल ने कहा, हमें इस पर आपत्ति थी। हमें एमएसपी पर ऐसी समितियां नहीं चाहिए जो शुरू से ही हमारी मांग के विरोध में हैं। हमने सरकार से इस पर स्पष्टीकरण देने को कहा है। उन्होंने कहा, हम सरकार की उस शर्त के भी खिलाफ हैं, जिसमें कहा गया कि किसानों पर दर्ज फर्जी मामलों को वापस लेने के लिए किसान आंदोलन समाप्त करना होगा।

## मणिपुर में म्यांमा सीमा के पास से 500 करोड़ का मादक पदार्थ बरामद

भाषा। इंफाल, नई दिल्ली

**मणिपुर** में भारत-म्यांमा सीमा पर मोरेह शहर में पांच सौ करोड़ रुपए मूल्य का मादक पदार्थ बरामद किया गया। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि राज्य के इतिहास में पकड़ी गई मादक पदार्थ की यह सबसे बड़ी खेप में से एक है। तेनूगोपाल जिले के पुलिस अधीक्षक विक्रमजीत ने संवाददाताओं से कहा कि राज्य पुलिस और 43 असम राइफल्स के संयुक्त अभियान में, सोमवार दोपहर को एक गोदाम पर छापेमारी की गई। उन्होंने कहा कि छापेमारी में साबुन के 3,716 डिब्बों में 54 किलोग्राम ब्राउन शुगर (हेरोइन का एक प्रकार) और 152 पैकेट में 154 किलोग्राम क्रिस्टल मेथएम्फेटमाईन बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि कुछ समय से गोदाम पर निगरानी रखी जा रही थी जिसके बाद छापा मारा गया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में म्यांमा के एक नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि एक मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

## सपा-रालोद गठबंधन की औपचारिक घोषणा की गई

- दोनों दलों की संयुक्त रैली में अखिलेश ने कहा, उप्र में हो गयी है बदलाव की शुरुआत

भाषा। मेरठ



मेरठ में सपा-रालोद की संयुक्त रैली में अखिलेश यादव और जयंत चौधरी

**उत्तर** प्रदेश के मेरठ जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर दबथुआ गांव में मंगलवार को हुई रैली में राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) अध्यक्ष जयंत चौधरी और समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आगामी विधानसभा चुनावों के लिए दोनों दलों के बीच गठबंधन की औपचारिक घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बदलाव की शुरुआत आज हो गई है। अखिलेश यादव ने रैली में जमा भीड़ की ओर इशारा करते हुए कहा, इस समय का उत्साह बता रहा है कि वर्ष 2022 में बदलाव होगा। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, इस बार पश्चिम (उत्तर प्रदेश) में भाजपा का सूरज नहीं उगेगा। यहां के किसानों और युवाओं ने मिलकर भाजपा को भगाने का फैसला लिया कर लिया है। सपा प्रमुख ने कहा, उनका गठबंधन चाहता है कि किसानों को उनका हक मिले और एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर ठोस फैसला हो। लेकिन भाजपा किसानों के हक में फैसला नहीं करना चाहती है। अखिलेश यादव ने दावा किया कि गठबंधन, किसानों को उनका हक दिलाएगा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, भाजपा के मंत्री और समर्थकों ने किसानों को गाड़ी से कुचल दिया है। मान छीना है, भाजपा को जाना होगा। सपा प्रमुख ने कहा, भाजपा सरकार ने हवाई जहाज बेच दिए, एयरपोर्ट बेच दिए, रेलवे स्टेशन बेच दिए। हवाई चप्पल वाले को हवाई जहाज में बैठाने का क्या हुआ। आज मोटरसाइकिल चलाना भी मुश्किल हो गया है। लेकिन भाईचारे को मजबूत करने लिए रालोद-सपा के कार्यकर्ता खड़े हैं। अखिलेश यादव ने कहा, भाजपा के पास मुद्दे नहीं हैं। वे बस हमारे बीच खाई पैदा करते हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, जो पैदा करें खाई, वही भाजपाई। उन्होंने इसके साथ ही लोगों से चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजीत सिंह की विरासत को बचाने के लिए एकजुट होकर मतदान करने की अपील की।

## काशी विश्वनाथ गलियारे का उद्घाटन 13 दिसंबर को

- इस अवसर पर भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और देश भर के तीन हजार से अधिक धर्माचार्य उपस्थित रहेंगे

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी 13 दिसंबर को काशी विश्वनाथ धाम यानी काशी विश्वनाथ गलियारा का उद्घाटन करेंगे और इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और देश भर के 3000 से अधिक धर्माचार्य, संत तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। पार्टी ने कहा कि इस समारोह का 51 हजार से अधिक स्थानों पर लाइव प्रसारण किया जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी को भारतीय संस्कृति का नायक करार देते हुए भाजपा महासचिव तरुण चुग ने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि करीब 250 सालों के बाद काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण और सौंदईकरण का काम किया गया है। भाजपा की ओर से इस प्रकार के आयोजन को आगामी विधानसभा चुनावों से जोड़कर देखा जा रहा है। उत्तर प्रदेश में अगले साल की शुरुआत में विधानसभा के चुनाव होने हैं। अयोध्या में जारी राम मंदिर निर्माण कार्य के बीच काशी विश्वनाथ मंदिर का नया स्वरूप विकास के अलावा भाजपा के हिन्दुत्व के एजेंडे के मुताबिक है। वाराणसी प्रधानमंत्री का संसदीय क्षेत्र है। भाजपा ने काशी विश्वनाथ धाम के उद्घाटन समारोह का नाम दिव्य काशी, भव्य काशी रखा है। चुग ने कहा कि वाराणसी में भाजपा 13 और 14 दिसंबर को अपने मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन भी करेगी जिसमें सरकारों की कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा होगी और इससे जनता को अधिक से अधिक लाभ मिले उस पर मंथन होगा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी 13 दिसंबर को काशी विश्वनाथ धाम के पुनर्निमाण कार्यों का लोकार्पण करेंगे।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,633 | ↑ 886 | |
| निफ्टी | 17,176 | ↑ 264 | |
| सोना | 47,039 | ↑ 58 | /10g |
| चांदी | 60,362 | ↑ 175 | /kg |

## क्विक न्यूज

### जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल का सफल परीक्षण

**बालेश्वर।** डीआरडीओ ने ओडिशा तट से कम दूरी की मारक क्षमता वाली, जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल का मंगलवार को सफल परीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि मिसाइल का परीक्षण चांदीपुर स्थित परीक्षण केन्द्र से दोपहर 3:08 बजे किया गया। इसे भारतीय नौसेना के विभिन्न पोतों पर तैनात किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सभी हथियार प्रणाली के समेकित कामकाज का सत्यापन करने के लक्ष्य से मिसाइल प्रणाली का परीक्षण किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय नौसेना सहित मिसाइल प्रणाली परियोजना से जुड़े सभी लोगों, संगठनों, प्रतिष्ठानों को बधाई दी। उन्होने बताया कि यह प्रणाली हवाई खतरों के खिलाफ भारतीय नौसेना की क्षमता को और मजबूत बनाएगी।

## उपभोक्ता आयोगों में जनवरी तक रिक्तियां भरें राज्य

- सुप्रीम कोर्ट ने विशेष याचिका के चलते सिर्फ महाराष्ट्र को छूट प्रदान की

भाषा। नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने महाराष्ट्र को छोड़ कर सभी राज्यों को जिला और राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोगों में जनवरी 2022 तक सभी रिक्तियां भरने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति एस. के. कौल और न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश की पीठ ने यह जिक्र किया कि काफी संख्या में राज्य नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी करने के करीब हैं।

तमिलनाडु के बारे में शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को कुछ न्यायाधीशों की नियुक्ति करनी होगी और राज्य सरकार इस उद्देश्य के लिए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश से संपर्क करेगी तथा हमें उम्मीद है कि तत्काल आधार पर नामांकन किए जाएंगे। मामले में न्यायमित्र नियुक्त किए गए अधिवक्ता आदित्य नारायण ने आयोग में सदस्यों की नियुक्ति के बारे में एक व्यापक स्थिति रिपोर्ट दाखिल की। पीठ ने कहा, न्यायमित्र ने दो महीने का समय सुझाया है, जो जनवरी 2022 तक है। यह राज्यों द्वारा पूरी तरह से अनुपालन किए जाने के लिए पर्याप्त होना चाहिए।

इसमें ऐसे राज्य शामिल हैं जिन्होंने आंशिक रूप से अनुपालन किया है लेकिन वहां रिक्तियां नहीं भरी गई है, हालांकि महाराष्ट्र अपवाद है, जिसे भारत संघ और राज्य की विशेष अनुमति याचिका पर फैसले का इंतजार करना होगा। न्यायालय ने अदालतों के बुनियादी ढांचे के विकास के मुद्दे पर कहा कि उपयोग प्रमाणपत्र श्रेणी के तहत लंबित कोष बहुत अच्छी स्थिति बयां नहीं करता है।

न्यायालय ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि अधिकार प्राप्त समिति, नोडल अधिकारी, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश, ए सभी यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार हैं कि आवंटित कोष उपयुक्त रूप से उपयोग किए जाएं और निर्धारित समय के अंदर उपयुक्त उपयोग प्रमाणपत्र के साथ यह सुनिश्चित किया जाए कि कोष उपयोग के बगैर नहीं रह जाए तथा योजना के तहत उसका उपयोग हो। पीठ ने कहा, हम केंद्र सरकार और राज्य सरकारों तथा केंद्र शासित प्रदेशों से एक हफ्ते के अंदर इस उद्देश्य के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने की अपील करते हैं। न्यायालय ने इस मामले में सहायता के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायण और अधिवक्ता आदित्य नारायण को न्यायमित्र नियुक्त किया है।

## नीलमणि फूकन व दामोदर मौउजो को ज्ञानपीठ पुरस्कार

**नई दिल्ली।** असमिया साहित्यकार नीलमणि फूकन को वर्ष 2021 के लिए और कोंकणी के साहित्यकार दामोदर मौउजो को वर्ष 2022 के लिए प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। भारतीय ज्ञानपीठ ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में बताया, ज्ञानपीठ पुरस्कार चयन समिति ने वर्ष 2021 व 2022 के लिए क्रमशः 56वें और 57वें ज्ञानपीठ पुरस्कार की घोषणा कर दी है। विज्ञप्ति के मुताबिक, प्रसिद्ध कथाकार व ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रतिभा राय की अध्यक्षता में हुई चयन समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया है। उसमें बताया गया है कि 1933 में जन्में फूकन का असमिया साहित्य में विशेष स्थान है और उन्होंने कविता की 13 पुस्तकें लिखी हैं। फूकन को पद्मश्री, साहित्य अकादमी, असम वैली अवॉर्ड व साहित्य अकादमी फैलोशिप से सम्मानित किया जा चुका है।

## बाजार में 2,000 के नोटों की संख्या घटी

- यह संख्या मार्च 2018 में 336.3 करोड़ थी जो अब 223.3 करोड़ ही रह गयी

भाषा। नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**इस** साल नवंबर में बाजार प्रचलन वाले 2,000 रुपए के नोटों की संख्या घटकर 223.3 करोड़ नोट या कुल नोटों (एनआईसी) का 1.75 प्रतिशत रह गई, जबकि यह संख्या मार्च 2018 में 336.3 करोड़ थी। वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि विशेष मूल्यवर्ग के बैंक नोटों की छपाई का निर्णय सरकार द्वारा रिजर्व बैंक के परामर्श से जनता की लेनदेन संबंधी मांग को सुविधाजनक बनाने के लिए वांछित मूल्यवर्ग के नोटों की उपलब्धता को बनाए रखने के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा, 31 मार्च, 2018 को 2,000 रुपए मूल्यवर्ग के 336.3 करोड़ नोट (एमपीसी) परिचालन में थे जो मात्रा और मूल्य के मामले में एनआईसी का क्रमशः 3.27 प्रतिशत और 37.26 प्रतिशत है। इसके मुकाबले 26 नवंबर, 2021 को 2,233 एमपीसी प्रचालन में थे, जो मात्रा और मूल्य के संदर्भ में एनआईसी का क्रमशः 1.75 प्रतिशत और 15.11 प्रतिशत है। चौधरी ने आगे कहा कि वर्ष 2018-19 से नोट के लिए करेंसी प्रिंटिंग प्रेस के पास कोई नया मांगपत्र नहीं रखा गया है। उन्होंने कहा, नोटबंदी के बाद जारी किए गए 2,000 रुपए के नोट के प्रचलन में कमी इसलिए है क्योंकि वर्ष 2018-19 से इन नोटों की छपाई के लिए कोई नया मांगपत्र नहीं रखा गया है। इसके अलावा, नोट भी खराब हो जाते हैं क्योंकि वे गंदे, कटे-फटे हो जाते हैं।

# सपा सरकार में बर्बादी के कगार पर आ गए थे परंपरागत उद्योग

● आज प्रदेश के निर्यात में 80 प्रतिशत योगदान परंपरागत उत्पादों का है

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के एमएसएमई मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि पहले की सरकारों ने प्रदेश के परंपरागत उद्योगों की अनदेखी कर प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया था। स्थिति यह बन गयी की जिन सीटों से समाजवादी पार्टी के मुखिया और उनके परिवार के लोग सांसद और विधायक चुने जाते थे और सत्ता पर काबिज होते थे वहां के भी परंपरागत उद्योग बर्बादी की कगार पर आ गये थे। कन्नौज का विश्व प्रसिद्ध इत्र इसका एक बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि 2017 में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद परमपरागत उद्योगों को दोबारा जीवित करने का काम शुरू हुआ और आज स्थिति यह है कि प्रदेश के निर्यात में 80 प्रतिशत योगदान परंपरागत उत्पादों का है।

फर्क साफ है कार्यक्रम के तहत बीजेपी मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनती है तब इस बात पर विचार किया जाता है कि ग्राम स्वराज की परिकल्पना में ग्रामीण अर्थव्यवस्था कैसी हो और समकालीन आर्थिक मॉडल कैसा होना चाहिए। इस पर भाजपा सरकार ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम किया और एक नीति बनाई। जब हमने ग्राम स्वराज और आर्थिक मॉडल का संगम किया तब उसमें से योगी आर्थिक मॉडल निकलकर सामने आया। इसी योगी मॉडल का नतीजा है कि जब हम सत्ता में आये थे तब उस समय बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत थी जो आज 2021 में घटकर 5 फीसदी रह गयी है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए छोटे-छोटे कुटीर उद्योगों पर ध्यान देना शुरू किया। हमने एक जनपद एक उत्पाद योजना शुरू की और आज हमें बताते हुए खुशी हो रही है कि इस ओडीओपी योजना की चर्चा सिर्फ देश में ही नही पूरे विश्व में हो रही है। 2017 में जो निर्यात 88 हजार 967 करोड़ रुपये था वो 2019-20 में बढ़कर 1 लाख 20 हजार 367 करोड़ का हो गया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि ओडीओपी के तहत हमने परंपरागत उद्योगों से जुड़े कारीगरों को न सिर्फ प्रशिक्षण दिलवाया बल्कि उनके उत्पादों की पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग करने के साथ ही उनको बाजार भी उपलब्ध कराया। आज हमारे ओडीओपी उत्पादों की पूरे विश्व में जबरदस्त मांग है। हमारे निर्यात में 80 प्रतिशत योगदान ओडीओपी उत्पादों का है।

# भारतीय जनता पार्टी आज से करेगी सामाजिक संवाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** सभी छह क्षेत्रों में अनुसूचित वर्ग के युवा उद्यमियों, व्यापारियों, नौकरशाहों, लेखकों, सेवानिवृत्त अधिकारियों, सामाजिक संगठनों आदि प्रबुद्ध लोगों से सामाजिक संवाद करेगी। इसके लिए सभी क्षेत्रों में संवाद कार्यक्रम होंगे। बुधवार को लखनऊ में प्रदेश कार्यालय पर अवध क्षेत्र का सामाजिक संवाद कार्यक्रम होगा। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व केंद्रीय शहरी एवं आवासन राज्य मंत्री कौशल किशोर प्रतिभागिता करेंगे। प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा ने बताया कि 9 दिसंबर को कानपुर व आगरा में यह संवाद कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। आगरा में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व कानपुर में विधि एवं न्याय मंत्री ब्रजेश पाठक सहभागिता करेंगे। 10 दिसंबर को गोरखपुर में उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, 11 दिसंबर को वाराणसी में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय और 12 दिसंबर को मेरठ में सांसद राजेन्द्र अग्रवाल कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। भाजपा की प्रदेश मंत्री अमित वाल्मीकि ने बताया कि सामाजिक संवाद राष्ट्रवादी युवाओं और पेशेवरों की समाज के विभिन्न वर्गों विशेष रूप से अनुसूचित वर्ग को जोड़ने की मुहिम है। इसमें केंद्र व राज्य सरकार की गरीब एवं जनकल्याणकारी नीतियों उनके सफल क्रियान्वयन तथा उसके परिणाम स्वरूप हुए बदलाव पर सकारात्मक बदलावों पर चर्चा की जाएगी। हमने सभी छह क्षेत्रों में इसके लिए कार्यक्रम की रूप रेखा बनाई हुई है। जहां समाज इन वर्गों के प्रमुख लोगों के बीच हम अपनी बात रखेंगे और उन्हें पार्टी की नीतियों से जोड़ेंगे।

# अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई व जनता की समस्याओं का तुरंत निस्तारण हो

● डीजीपी व अपर मुख्य सचिव गृह ने सूबे के चारों पुलिस कमिश्नरेट के कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा में दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सूबे** के चारों पुलिस कमिश्नरेट के कार्यों की उच्च स्तरीय समीक्षा की गई। डीजीपी मुकुल गोयल और अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के संबंध में दिशा निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, कानपुर एवं वाराणसी के पुलिस कमिश्नर के अलावा इस मौके पर अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन, अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध, अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय 112, अपर पुलिस महानिदेशक कार्मिक, अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, अपर पुलिस महानिदेशक यातायात, सचिव गृह, पुलिस उप महानिरीक्षक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन सहित अन्य अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

समीक्षा बैठक में डीजीपी और अपर मुख्य सचिव गृह की ओर से जो निर्देश जारी किए गए उनमें प्रमुख रूप से सुगम यातायात व्यवस्था प्रबन्धन में नई तकनीकों का प्रयोग किया जाए तथा व्यस्त समय में अनुभवी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगायी जाए। इसके लिए स्थानीय पुलिस का भी सहयोग लिया जाए । महिला सशक्तिकरण के तहत महिला बीट, महिला डेस्क, वीमेन पावर लाइन 1090 आदि के कार्यो की समीक्षा कर ली जाए तथा बीट प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करते हुए महिला सम्बन्धित अपराधों का यथाशीघ्र विधिक निस्तारण कराया जाए।

गम्भीर अपराधों की समीक्षा कर ली जाए तथा अनवर्क आऊट केस, हत्या, लूट, डकैती आदि का अतिशीघ्र अनावरण कराया जाए। लम्बित गम्भीर अपराधों की विवेचनाओं का और अधिक त्वरित गति से निस्तारण कराया जाए तथा आरोप पत्र न्यायालय में समय से प्रेषित कराया जाए। गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में अपराधियों द्वारा अपराध कारित कर अर्जित की गई सम्पत्ति को चिन्हित कर गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत आवश्यक विधिक कार्यवाही करायी जाए। जनपदों में उपलब्ध पुलिस बल की समीक्षा कर चुनाव के दृष्टिगत आवश्यक्तानुसार उनका आंकलन कर लिया जाए। पुलिस कार्मिको यथा निरीक्षक ए उपनिरीक्षक आदि के पूर्व में हुए स्थानान्तरण आदेश का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।

# राज्य महिला आयोग का जिलों में जागरूकता शिविर आज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा मिशन शक्ति फेज 3 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने तथा महिला उत्पीड़न की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से बुधवार को जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान महिला जनसुनवाई की जायेगी। आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम महिला आयोग मुख्यालय पर महिला जनसुनवाई करेंगी। महिला आयोग की उपाध्यक्ष सुषमा सिंह आगरा तथा महिला आयोग की उपाध्यक्ष अंजु चौधरी द्वारा फिरोजाबाद में महिला जनसुनवाई की जायेगी। वही मिर्जापुर, अयोध्या, फिरोजाबाद, बलरामपुर, देवरिया, सम्भल, हाथरस, अलीगढ़, जालौन, चित्रकूट, कानपुर नगर, भदोही, प्रयागराज, चन्दौली, श्रावस्ती, एटा, अम्बेडकरनगर, बिजनौर, प्रतापगढ़, बहराइच, लखीमपुरखीरी, महाराजगंज तथा फर्रूखाबाद में मिशन शक्ति फेज 3 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं विषयक जागरूकता शिविर का आयोजन कराया जायेगा। शिविर में उपस्थित व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दिलाये जानेए योजनाओं से सम्बन्धित साहित्य उपलब्ध कराये जाने के साथ ही पात्रों का सुसंगत योजनाओं में यथासम्भव पंजीकरण भी कराया जायेगा।

# मोदी-योगी की नीतियों से प्रभावित विभिन्न दलों के नेता भाजपा में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** प्रदेश मुख्यालय में मंगलवार को मोदी-योगी की राष्ट्रवादी नीतियों और विकास के बहुमुखी आयाम और सबका साथ सबका विकास तथा सबका विश्वास की नीति से प्रभावित होकर विभिन्न दलों के नेताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व ज्वाइनिंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ लक्ष्मीकांत बाजपेयी व प्रदेश उपाध्यक्ष ज्वाइनिंग कमेटी के सदस्य दयाशंकर सिंह ने विभिन्न दलों से आये नेताओं का पटका पहनाकर भाजपा परिवार में शामिल कराया। प्रमुख रूप से बदायूँ जिले से पांच बार के विधायक राम सेवक पटेल, बरेली से पूर्व उपाध्यक्ष अनु जाति एवं जनजाति विकास परिषद मनोहर सिंह जाटव, बस्ती से दो बार निर्दलीय विधायक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, दो बार ब्लॉक प्रमुख राना कृष्ण किंकर सिंह, बांदा से राजकुमार राज, पूर्व चेयरमैन नगर पालिका परिषद, पूर्व जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद, डॉ अनुज चौधरी मुरादाबाद, प्रदेश सचिव आम आदमी पार्टी व अमरोहा से हाजी महमूद हसन, राष्ट्रीय अध्यक्ष मंसूरी समाज व बड़ी संख्या में आये समर्थकों ने 7505403403 पर मिस्ड कॉल कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने अन्य दलों से भाजपा में शामिल हुये नेताओं का पार्टी में स्वागत करते हुये कहा कि सभी से अपेक्षा है कि आप सभी अपने-अपने जनपदों में संगठन के साथ मिलकर भाजपा को धरातल में और अधिक मजबूत करने में अपना योगदान देंगे।

उन्होंने कहा कि आगामी 2022 के विधानसभा चुनाव में 325 से भी अधिक सीटों पर विजय प्राप्त करने के लिये आप सभी पूरी मेहनत के साथ संगठन द्वारा दिये गये दायित्वों के अनुरूप कार्य करेंगे।

# जनवरी के दूसरे हफ्ते में विस चुनाव की अधिसूचना जारी होने के संकेत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सत्ता** की चाहत में राजनेताओं के ग्राउंड जीरों पर छिडी जंग के बीच विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जनवरी माह के दूसरे हफ्ते में 13 से 15 तारीख के बीच जारी होने के संकेत सरकार के तैयारियों से मिले हैं। सीएम योगी ने अपने अफसरों के उन सभी योजनाओं को 31 दिसम्बर से पहले पूरा करने के निर्देश दिये है जो विधानसभा चुनाव की डुगडुगी बजने से पहले सरकार कराना चाहती है। चुनावी ऐजेंडा में शामिल कार्यो की अंतिम समयसीमा निर्धारित करने के साथ सरकार ने अतिरिक्त दस दिनों का समय सुरक्षित रखा है। सीएम ने अपने कुछ खास अफसरों को इशारा किया है कि किन्ही भी कारणों से विलंब की दशा में दस जनवरी से पहले सारे कामकाज निपटा लिये जायें। सीएम योगी के निर्देश और सरकार की सरकारी मशीनरी की कवायद को देखते हुये दस जनवरी के बाद विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने की उम्मीद जतायी जा रही है। विदित हो कि विधानसभा चुनाव से पहले योगी सरकार ताबड़तोड़ तरीके से बड़ी योजनाओं का लोकार्पण तथा शिलान्यास कराने में जुटी है। गोरखपुर खाद कारखाना, एम्स, डिफेन्स कारीडोर के अलीगढ तथा झांसी नोड, कई चिकित्सा विश्वविद्यालय, पूर्वांचल एक्सप्रेस.वे सहित अनेक योजनाओं का लोकार्पण तथा शिलान्यास किया जा चुका है जबकि डिफेन्स कारीडोरर के तीसरे नोड, काशी विश्वनाथ मंदिर के कारीडोर, न्यू अयोध्या सिटी, बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस.वे, गंगा एक्सप्रेस.वे समेत कई योजनाओं का लोकार्पण तथा शिलानयास का काम अभी होना है। इसके अलावा राज्य की जनता को सीधे फायदा देने वाली योजनाओं को सरकार ने अपने चुनावी एजेन्डा में रखा है। छात्रवृत्ति, स्कूली बच्चों को ड्रेस वितरण जैसी योजनाओं का काम हो चुका है स्मार्ट फोन, कोरोना से मरने वालों के परिवारों को की धनराशि देने सहित तमाम योजनाओं का काम होना है।


**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0यां0) नलकूप विंग, उ0 प्र0 जल निगम, 2/137, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)**

पत्रांक : 1304/6901/विविध-3/(21)/137 दिनांक : 03.12.2021

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उ0प्र0 जल निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा नगर पालिका परिषद, जायस जनपद-अमेठी सीमान्तर्गत स्थित मलिक मोहम्मद जायसी शोध संस्थान परिसर में 1 नग नलकूप के निर्माण कार्य हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 09.12.2021 से 16.12.2021 तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, वि0/यॉं0 नलकूप विंग, उत्तर प्रदेश जल निगम 2/137, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं वि0/यॉं0, नलकूप विंग-द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम 4/308, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1000.00+18% जी.एस.टी. (1000.00+180.00 = 1180.00) है। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट WWW.UPJN.ORG से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**निविदा सूचना**
निविदा विक्रय की तिथि – 09.12.2021 से 16.12.2021 अपराह्न 3:00 बजे तक
निविदा डालने कि तिथि – 17.12.2021 अपराह्न 3:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि – 18.12.2021 पूर्वाह्न 11:00 बजे


# मतदाता फार्मों का गुणवत्तापूर्ण, त्रुटिरहित निस्तारण समय से कर लिया जाय

● मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वोटर लिस्ट को लेकर जिलाधिकारियों के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने 1 जनवरी 2022 के आधार पर होने वाले विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण.2022 से सम्बंधित विभिन्न बिन्दुओं तथा विधान सभा सामान्य निर्वाचन.2022 की तैयारियों के सम्बंध में आज प्रदेश के सभी जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर आवश्यक निर्देश दिये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विधान सभा चुनाव के लिए मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान प्राप्त सभी मतदाता फार्मों का बीएलओ ससमय आवंटित कराएं तथा समयबद्ध रूप से ही इनका विधिवत, त्रुटिरहित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण भी करा लिया जाय। उन्होंने निर्देशित किया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का 20 दिसम्बर से पहले फील्ड वेरिफिकेशन कराकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करा लिया जाय। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों में मतदान प्रतिशत को बढ़ाये जाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर ली जाय और योजना अनुरूप स्वीप क्रियाकलापों के माध्यमों से मतदान प्रतिशत को बढ़ाये जाने सम्बंधी कार्यक्रमों के संचालन किये जाने पर भी बल दिया जाय।

# भाजपा राज में किसान-मजदूर बदहाली के शिकार: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में किसानों को क्या-क्या नहीं सहना पड़ा। कृषि कानूनों से उन्हें तमाम परेशानियां उठानी पड़ीं। किसान मजदूर बदहाली के शिकार हैं। खाद नहीं मिल पा रही है। गन्ना किसानों का हजारों करोड़ रूपये बकाया है। किसानों की एक जुटता ने संदेश दिया है कि वे भाजपा के लिए अपने दरवाजे बंद कर देंगे। किसानों को एमएसपी के लिए ठोस फैसला हो। उन्होंने कहा कि किसानों को उनके हक दिलाए जाएंगे। भाजपा किसानों का अपमान करती रही है। भाजपा के मंत्री और समर्थकों ने किसानों को गाड़ी से कुचल दिया है। दवा, इलाज, खाद के लिए लोगों को लाइन में लगना पड़ा है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने महंगाई बढ़ाई है। डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस के दाम बहुत बढ़ गए हैं। भाजपा ने लोगों को बहुत दुःख और परेशानी दी है। नौकरी मांगने पर नौजवानों पर लाठियां बरसाती है। प्रदेश की जनता अब भाजपा को वापस सत्ता में नहीं आने देगी। भाजपा सरकार सरकारी संस्थानों को बेचकर लोगों का हक और अधिकार छीन रही है। हवाई जहाज बेच दिए, एयरपोर्ट बेच दिए, रेल स्टेशन बेच दिए। आज मोटर साइकिल चलाना भी भारी हो गया है। पलायन की बात करने वाले खुद पलायन करके आए हैं।


पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

राशिद हसन एवं राशिद अंसारी दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं। इनके पहचान संबंधी दस्तावेजों पर इनका नाम राशिद हसन अंकित है अतः भविष्य में इन्हें राशिद हसन के नाम से ही जाना जाए। निवासी – 136, कसाईबाड़ा लखनऊ

**सूचना**

मैने अपने पुत्र रंजीत व बहू प्रतिमा देवी से उनके दुराचरणो के कारण अपने परिवार व चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है, सरोजनी देवी पत्नी भगवान दीन निवासी 6 – ए ज्योरा नवाबगंज कानपुर नगर

**सूचना**

हमने अपने पुत्र जसबीर सिंह व पुत्रवधू सोनाली सिंह से सारे सम्बन्ध समाप्त कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है वे अपने कार्यों व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे, अमरजीत सिंह पत्नी मनजीत सिंह मनजीत सिंह पुत्र स्व0 मालिक सिंह निवासी 78/281 लाटूश रोड कानपुर

**आवश्यकता है**

**आवश्यकता है**

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महेन्द्र पी.जी. कालेज, हलधरपुर –मऊ सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्राचार्य पद पर एक एवं स्नातक स्तर पर कला संकाय पाठ्यक्रम में संस्कृत एवं समाजशास्त्र विषय में एक–एक तथा स्नातकोत्तर स्तर पर गृह विज्ञान विषय में तीन तथा समाजशास्त्र विषय में दो प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0 पर नियमावली के अनुसार देय होगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना दो फोटो लगा आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति के साथ 21 दिन के अंदर महाविद्यालय के पते पर आवेदन कर सकते हैं।

प्रबंधक
मोबाइल नम्बर–8869038681


# प्रियंका ने किया चुनावी रणनीति पर मंथन

● कांग्रेस महासचिव आज जारी करेंगी महिला घोषणा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कांग्रेस** महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा 8 दिसंबर को प्रदेश कांग्रेस का महिला घोषणापत्र जारी करेंगी। बुधवार को पार्टी मुख्यालय पर वह कॉन्फ्रेंस करेंगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रियंका महिला घोषणा पत्र जारी करेंगी। प्रियंका ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन आज आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों से संबंधित इलेक्शन स्ट्रेटजी कमेटी एवं चार्जशीट कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर मंथन किया। कांग्रेस के अभियानों को घर घर पहुंचाने के साथ चुनाव जीतने की रणनीति पर व्यापक विचार विमर्श किया गया। कमेटी के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश के चुनाव से सम्बन्धित विभिन्न विषयों एवं जनता से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय व्यक्त करते हुए सुझाव दिए। 32 सालों से उत्तर प्रदेश में सत्ता संभालने वाली भाजपा सपा एवं बसपा की सरकारों द्वारा जनता को धोखा दिये जाने एवं जन मुद्दों तथा सरकार की खामियों पर चार्जशीट तैयार करने पर चार्जशीट कमेटी के साथ रणनीति तैयार की गयी। दोनों बैठक में उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिवगण धीरज गुर्जर, रोहित चौधरी, प्रदीप नरवाल, बाजीराव खाड़े एवं तौकीर आलम उपस्थित रहे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डा. उमा शंकर पाण्डेय ने बताया कि सर्वप्रथम प्रियंका गांधी वाड्रा ने चुनावी रणनीति और क्रियान्वयन से सम्बंधित स्ट्रेटजी कमेटी के साथ व्यापक मंथन किया गया। विधानसभा चुनाव 2022 की सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़ने की रणनीति, कार्यक्रम एवं उनके समयबद्ध क्रियान्वयन से सम्बंधित सभी महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा कर तय किए गए कार्यक्रमों के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए पार्टी के मुख्य संगठन एवं सभी विभागों, फ्रन्टल्स, तथा प्रकोष्ठों की भूमिका एवं लक्ष्य निर्धारित किए। इस बैठक में कमेटी के चेयरमैन एवं पूर्व सांसद राजेश मिश्रा, कोऑर्डिनेटर एवं पूर्व सांसद राकेश सचान के साथ बीपी सिंह, संजय कपूर एवं बृजलाल खाबरी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव तथा मोहम्मद मुकीम, कमल किशोर कमांडो, अनिल श्रीवास्तव, प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र चौधरी एवं विश्व विजय सिंह तथा मोनिन्दर सूद बाल्मीकि उपस्थित रहे।


UPPTCL

उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमीशन कारपोरेशन लिमिटेड ई–निविदा संख्या–93–100– ई0टी0सी0 (प्र0)ए0/2021–2022 प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों/निर्माताओं से निम्नलिखित कार्यो हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। ई–निविदायें उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइड www.etender.up.nic.in पर स्वीकार की जायेंगी। (1) अल्पकालिक ई–निविदा संख्या–93–ई0टी0सी0प्र0 ए0/2021–2022:– 132 के0वी0 उपकेन्द्र कौडिहार में 132 के0वी0 आईसोलेटर बाक्स के क्षतिग्रस्त टर्मिनल कनेक्टर, कान्टेक्टर आदि की आपूर्ति एवं बदलने के कार्य हेतु, (2) अल्पकालिक ई–निविदा संख्या–94–ई0टी0सी0प्र0ए0/2021–2022:– 132 के0वी0 उपकेन्द्र हुसैनगंज, फतेहपुर पर दो माह के लिए अनुरक्षण एवं परिचालन के कार्य हेतु, (3) अल्पकालिक ई–निविदा संख्या–95 – ई0टी0सी0प्र0ए0/2021–2022 :–विद्युत रचना इकाई, नैनी, प्रयागराज में जिंक क्लोराइड की आपूर्ति हेतु, (4) अल्पकालिक ई–निविदा संख्या–96–ई0टी0सी0 प्र0ए0/2021–2022 :– विद्युत रचना इकाई, नैनी, प्रयागराज में सबस्टेशन स्ट्रक्चर्स एवं टावर पार्ट्स पर नम्बर पन्चिंग के कार्य हेतु, (5) ई–निविदा संख्या–97–ई0टी0सी0प्र0ए0/2021–2022 :–220 के0वी0 उपकेन्द्र झूँसी में मल्सीफायर सपोर्ट पाईप, फायर हट, 220 के0वी0 सी0टी0 जक्शन बाक्स इत्यादि की अर्थिंग के कार्य हेतु, (6) ई–निविदा संख्या–98– ई0टी0सी0 प्र0ए0/2021–2022 :– 132 के0वी0 उपकेन्द्र हण्डिया पर पुराने एवं क्षतिग्रस्त पी0टी0 एवं एल0ए0 को बदलने के कार्य हेतु, (7) ई–निविदा संख्या–99–ई0टी0सी0प्र0ए0/ 2020–2022 :– 132 के0वी0 उपकेन्द्र कौडिहार, प्रयागराज पर वार्षिक अनुरक्षण एवं परिच. ालन के कार्य हेतु, (8) ई–निविदा संख्या–100–ई0टी0सी0प्र0ए0/2021–2022 :– विद्युत प्रेषण खण्ड–प्रतापगढ़ के अन्तर्गत 220 एवं 132 के0वी0 लाइनों के अनुरक्षण के कार्य हेतु, ई–निविदा सं0 93 से 95 तक दिनांक 23–12–2021 एवं ई–निविदा सं0 97 से 100 दिनांक 07–01–2022 को 13.00 बजे खोली जायेगी निविदा जमा करने की तिथि तक विवरण के लिए/डाउनलोड के लिए/किसी प्रकार के सुधार/ संशोधन/ परिवर्तन के लिए कृपया उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in से प्राप्त करें। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत प्रेषण मण्डल–प्रथम, 57–जार्ज टाउन, प्रयागराज। पत्रांक 3461 दिनांक 6.12.21 राष्ट्रहित में बिजली बचाएं।



**रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली**

**आवश्यक सूचना**

रायबरेली विकास प्राधिकरण की फिरोज गाँधी योजना संख्या–5, इन्दिरा नगर में भवन संख्या–एम0आई0जी0–15 के मूल आवंटी श्री उमेश चन्द्र जैन पुत्र नेमचन्द्र जैन निवासी–भवन संख्या–एम0आई0जी0–15, फिरोज गाँधी योजना संख्या–5, इन्दिरा नगर रायबरेली वर्तमान निवासी–219 शेखाना जायस बहादुरपुर तहसीलः – तिलोई जिला–अमेठी के पक्ष में आवंटित है, जिसे श्री दीपचन्द्र जैन पुत्र नेमचन्द्र जैन निवासी–एम0आई0जी0–15 फिरोज गाँधी योजना संख्या–5 इन्दिरा नगर रायबरेली द्वारा दिनांक 09.11.2021 को क्रय कर लिये जाने के फलस्वरूप अपने पक्ष में नामान्तरित किये जाने हेतु आवेदन किया है, विस्तृत विवरण निम्नप्रकार है :–

| क्रमांक | प्राधिकरण के मूल आवंटी का नाम व पता | जिस व्यक्ति के पक्ष में नामान्तरित किया जाना है, का नाम व पता |
|---|---|---|
| 1 | श्री उमेश चन्द्र जैन पुत्र नेमचन्द्र जैन निवासी–भवन संख्या–एम0 आई0जी0–15 फिरोज गाँधी योजना संख्या–5 इन्दिरा नगर रायबरेली। वर्तमान निवासी–219 शेखाना जायस बहादुरपुर तहसील–तिलोई जिला–अमेठी | श्री दीपचन्द्र जैन पुत्र नेमचन्द्र जैन निवासी–एम0 आई0जी0–15 फिरोज गाँधी योजना संख्या–5 इन्दिरा नगर रायबरेली। |

उपरोक्त सूचना इस आशय –से प्रकाशित की जा रही है कि उपरोक्त वर्णित भवन के नामान्तरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित रूप में अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर दें। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर यह समझा जायेगा कि आपको किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है, और तद्नुसार नामान्तरण की कार्यवाही पूर्ण कर दी जायेगी।

सचिव
रायबरेली विकास प्राधिकरण
रायबरेली।



**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बेहन्दर-हरदोई**

पत्रांक 1233/लेखाकार/पंचम रा0वि0/15वां वि0/2021–22 दिनांक 01.12.2021

**ठेकेदार पंजियन नोटिस**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत बेहन्दर के अन्तर्गत पंचम राज्यवित्त एवं 15वां वित्त योजना के अन्तर्गत स्वीकृति कार्ययोजना से कराये जाने वाले कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति एवं सम्पूर्ण कार्य कराये जाने हेतु लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं में निर्माण कार्य एवं सामग्री आपूर्ति का कार्य कर रही फर्म एवं ठेकेदारों का पंजियन किया जाना है। इच्छुक सामग्री आपूर्ति कर्ता फर्म एवं ठेकेदार अपना पंजियन कराने हेतु फार्म विकास खण्ड कार्यालय बेहन्दर से दिनांक 10.12.2021 से 13.12.2021 तक पंजियन हेतु आवेदन प्राप्त कर सकते है। निम्न समस्त अभिलेखों के साथ इच्छुक फर्म एवं ठेकेदार आवेदन पत्र के साथ दिनांक 13.12.2021 को अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्य दिवस में आवेदन प्रत्येक दशा में जमा कर दे, परीक्षण के उपरान्त सही पाये गये आवेदन पत्रों को स्वीकृत कर पंजियन प्रमाण पत्र दिनांक 13.12.2021 को सायं 04 बजे उपलब्ध करा दिया जायेगा।

01–जी0एस0टी0 नम्बर 02–पैन नम्बर, 03–आधार नम्बर, 04–हैसियत प्रमाण पत्र, 05–चरित्र प्रमाण पत्र 06–लो0नि0वि0/ग्रा0आ0वि0 /अन्य सरकारी संस्थाओं में पंजीकृत का वैध पंजियन प्रमाण पत्र 07–आवेदन के साथ एक फोटो एवं मु0 25,000.00 रू0 किसी राष्ट्रीय कृत बैंक /पोस्ट ऑफिस की एन0एस0सी0 एफ0डी0 जो खण्ड विकास अधिकारी बेहन्दर के नाम बंधक बनाकर संलग्न करना होगा। 08–शासन स्तर से अन्य आदेश निर्देश प्राप्त होते है। उसे पंजियन के आवेदन के साथ बाद में उपलब्ध कराना होगा ।

09–पंजियन आवेदन पत्र संशर्त स्वीकार नहीं होगा।

10–पजियन आवेदन पत्र स्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा, तथा ठेकेदार/सामग्री आपूर्तिकर्ता फर्म कार्य करने से मुक्त होना चाहती है तो उसे अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप से अवगत कराना होगा।

11–यदि शासन के आदेशों एवं निर्देशों के अनुरूप कार्य नहीं पाया जाता है तो उस ठेकेदार/फर्म को बिना नोटिस दिये पंजियन निरस्त कर दिया जायेगा।

12–कार्य की गुणवत्ता ठीक न पाये जाने पर जो शासन की हानी होती है शासनादेश संख्या 999/ई0–3–9–99–ए0स0/96 दिनांक 15.05.1999 निहित निर्देशों के अनुसार हानि की वसूली सम्बन्धित ठेकेदार /फर्म की चल एवं अचल सम्पति से की जायेगी।

खण्ड विकास अधिकारी
बेहन्दर–हरदोई

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 8 दिसंबर , 2021



# प्राथमिक विद्यालय में छज्जे के गिरने से एक मासूम की मौत



● जिलाधिकारी ने निर्माण कराने वाले के खिलाफएफआई आर दर्ज कराने का दिया निर्देश

**संवाददाता।** गाजीपुर

**जनपद** के बहरियाबाद थाना क्षेत्र के सलेमपुर बघाई गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के शौचालय के दरवाजे पर लगा छज्जा मंगलवार दोपहर में मध्याह्न भोजन के बाद गिर पड़ा। इसके मलबे में दबकर एक मासूम की मौत हो गई। सूचना मिलने पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे। बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्माण कराने वाले के खिलाफ एफ्आईआर दर्ज कराने के साथ ही अन्य निर्देश दिया।

जानकारी के अनुसार रोज की तरह मंगलवार को भी सलेमपुर बघाई निवासी वीरेंद्र यादव का पुत्री अनीता यादव और पुत्र अजय यादव घर से स्कूल के लिए निकले। उनके पीछे.पीछे छोटा भाई आदित्य यादव ;5द्ध भी स्कूल के लिए चल दियाए जिसका दाखिला विद्यालय में नहीं हुआ था। लंच के बाद सभी छात्र मध्याह्न भोजन करने के बाद बाहर मैदान में फुटबाल खेलने लगे।

इसी बीच आदित्य बाउंड्रीवाल के किनारे गिट्टी भरीं बोरी पर चढ़कर चहारदीवारी पर आ गया और चहारदीवारी से सटे शौचालय के दरवाजे के छज्जे पर चढ़कर लटके पेड़ की डाल को पकड़कर झूलने लगा। इसी बीच छज्जा भर भराकर गिर पड़ाए जिससे वह गम्भीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। जानकारी होने पर परिवार के लोग वहां पहुंचे और बच्चे को पीएचसी सादात गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कलेजे के टुकड़े की मौत पर मां किरता देवी दहाड़े मारकर चीखने.चिल्लाने लगी। परिजन अंतिम संस्कार करने के लिए शव लेकर सैदपुर स्थित जौहरगंज घाट जा रहे थे। इसी बीच पुलिस ने उन्हें रोक लिया और शव को कब्जे में लेकर घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक को दी। सूचना पर जिलाधिकारी एमपी सिंह और पुलिस अधीक्षक रामबदन सिंह घटनास्थल पर पहुंचे।

इस दौरान जिलाधिकारी ने शौचालय का निर्माण कार्य कराने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज करानेए शौचालय के दक्षिण में बने कक्षा दो के कक्ष के सामने बरामदे के लटके छत को ध्वस्त करा फ्रि से निर्माण करानेए शौचालय के ऊपर पेड़ के लटके डाल को छांटने व चहारदीवारी के पास साफसफ्ई कराने का निर्देश मौके पर मौजूद बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिया। इस संबंध में इस संबंध में थानाध्यक्ष अगम दास ने बताया कि अधिकारी द्वय के निरीक्षण के बाद उनके द्वारा दिए निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बिजली के पोल से नीचे लटकता तार दुर्घटना को दे रहा दावत

**संवाददाता।** मऊ

**बिजली** विभाग की लापरवाही से नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर खम्भे से नीचे लटकते बिजली के तार बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहे है। इस क्रम में नगर क्षेत्र के मुहल्ला बरपुर नई बस्ती के पास काफी दिनों से बिजली के खम्भे से नीचे तार लटक रहा है। इस बाबत कई बार मुहल्ले के लोगों ने विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत कराया, बावजूद इसके स्थिति जस की तस बनी हुई है। मुहल्ले के लोगों ने चेताया है कि अगर जल्द से जल्द बिजली विभाग द्वारा तार को दुरुस्त नहीं किया गया तो सड़क पर उतरकर आरपार का आंदोलन किया जाएगा। नगर क्षेत्र के अति व्यस्त मुहल्ला बरपुर स्थित नई बस्ती काफी घनी आबादी है। वैसे तो बिजली विभाग द्वारा सभी स्थानों पर भूमिगत बिजली आपूर्ति करने का दावा किया जाता हैए लेकिन अभी काफी स्थानों पर बिल्कुल खुले रुप से नंगे बिजली के तार के माध्यम से बिजली की आपूर्ति किया जाता है। इसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं भी होती रहती है। नगर क्षेत्र के अति व्यस्त मुहल्ला बरपुर स्थित नई बस्ती के मुहल्लेवासियों ने कई विभाग के अधिकारियों को लटकते तार के बाबत अवगत कराया, बावजूद इसके विभाग लापरवाह बना हुआ है। मुहल्ले के निवासी अखिलेश त्रिपाठी, सुनील कुमार पाण्डेय, सत्येन्द्र सिंह, इन्द्रमणि यादव, शुभम सिंह, शुभम श्रीवास्तव ने विभाग के उच्चाधिकारियों को चेताया है।

## टीकाकरण सम्बन्धी प्रशिक्षण सम्पन्न



**मीरजापुर।** बाल विकास विभाग द्वारा टीकाकरण को लेकर सुपरवाइजरों को लेकर विकास भवन स्थित सभागार में चाई संस्था के सहयोग से एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस आशय की जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा ने दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा ने प्रशिक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आयोजित होने वालों सत्रों पर गर्भवती माताओं समेत नवजात शिशुओं के टीकाकरण को सुनिश्चित करें। कोई भी बच्चा किसी भी आंगनबाड़ी केन्द्र का छुटना नही चाहिए। इसके लिए सभी आंगनबाड़ी केन्द्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में घर भ्रमण करें और नवजात बच्चा मिले तो उनको टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित करें और उनको आयोजित होने वाले सत्रों के विषय में विस्तारपूर्वक जानाकारी देने का काम करें। इसके लिए पूर्व में विभाग द्वारा पत्र भी जारी कर अवगत कराया जा चुका है। प्रशिक्षण के दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डाक्टर नीलेश श्रीवास्तव के अलावा यूनीसेफ्ए डब्लूएचओए चाई संस्था की ओर से आशीष के अलावा सीफार संस्था के भी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## औरत अपने सहयोगी पुरुषों से ज्यादा सफलता हासिल कर रही हैं

**वाराणसी।** भारतीय समाज के संवेदनशील मुद्दों को लेकर लोगों की सोच पर सवाल उठाने वालीं अपनी विचारोत्तेजक कहानियों के लिए जाना जाने वाला चैनल ज़ी टीवी अब एक और खास कहानी लेकर आया है, जो दर्शकों को उन औरतों के प्रति दोबारा सोचने पर मजबूर कर देगी, जो अपने सहयोगी पुरुषों से ज्यादा सफलता हासिल कर रही हैं। 'इस मोड़ से जाते हैं' में पॉपुलर टेलीविजन एक्ट्रेस अक्षिता मुद्गल, परागी का रोल निभाएंगी, जो एक स्मार्ट, हाजिर जवाब और पढ़ने-लिखने वाली लड़की है। दूसरी ओर, हितेश भारद्वाज, संजय का रोल निभाएंगे। दोनों इस शो में आईएएस उम्मीदवारों के रूप में नजर आएंगे। दोनों एक्टर्स इस अनोखे शो का हिस्सा बनने को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

## क्विक न्यूज

### मंत्र ऐप विभाग ने किया लांच, एक दिवसीय प्रशिक्षण

**मीरजापुर।** नये साल के पहले ही प्रदेश में जनपद में मंत्र ऐप को लांच किया गया है। इस सम्बन्ध में एक दिवसीय प्रशिक्षण मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय स्थित विवेकानन्द सभागार में सम्पन्न हुआ। इस आशय की जानकारी जिला कार्यक्रम प्रबन्धक अजय सिंह ने दी। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक अजय सिंह ने बताया कि यह जिले के लिए गौरव की बात है कि नये साल की शुरूआत के पहले ही पूरे प्रदेश में केवल जनपद में ही इस ऐप को लांच किया गया है। यह ऐप 27 दिसम्बर में जिले के सभी स्वास्थ्य कर्मियों के मोबाइल में काम करना शुरू कर देगाए जिला स्तर पर मौजूद सभी अधिकारियों का प्रशिक्षण आनलाइन कराया जा चुका है। इस सम्बन्ध में सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारियोंए प्रभारी चिकित्साधिकारियों समेत सभी स्वास्थ्य कर्मियों को पत्र के माध्यम से अवगत भी कराया दिया गया है। एएनएम के प्रशिक्षण के बाद अब ब्लाक स्तर के कर्मचारियों का भी इसी सप्ताह प्रशिक्षण करा दिया जायेगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डाक्टर नीलेश श्रीवास्तव का कहना है कि इस ऐप के माध्यम से गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण से लेकर प्रसव के बाद के टीकाकरण को आसानी से कराया जा सकेगा।

### 18 आंगनबाड़ी केन्द्र मिले, मकान किराये में हुई वृद्धि

**मीरजापुर।** नये साल में बाल विकास विभाग के लिए खुशी का सौगात लेकर आया है। जनपद में इस 2668 आंगनबाड़ी केन्द्र व 263 उपकेन्द्र संचालित हो रहे। उसके बावजूद कुछ आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चें और किशोरण्किशोरियां नही पहुंच पा रही थी। क्योंकि उनके घर से केन्द्र 7 से 8 किलोमीटर की दूरी होती है। इस दूरी को कम करने के लिए जनपद को 18 आंगनबाड़ी केन्द्र को मंजूरी देने जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा अपने कार्यालय स्थित सभागार में विभागीय समीक्षा में बताया कि शासन स्तर से जनपद को 18 आंगनबाड़ी केन्द्रों की शीघ्र मंजूर मिलने जा रही है। जिससे गरीब तबके के लिए यह सबसे बड़ा व अच्छा असवर है कि वे अपने बच्चों को पढ़ाई के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भेज पायेगा। यह आंगनबाड़ी ग्रामीण और शहर के उस आबादी वाले क्षेत्रों में खुलेगा जहां की आबादी 10 हजार के ऊपर है जहां लाभार्थियों को केन्द्र तक पहुंचने में तमाम कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इससे विभाग द्वारा चलाये जा रहे तमाम कार्यक्रमों को शतण्प्रतिशत पूरा करने में आसानी हो जायेगी और हमारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अब आसानी से गृह भ्रमण कर पायेगी और टीकाकरण का भी कार्य पूरा किया जा सकेगा। जनपद स्तर पर अभी तक 2668 केन्द्रों को संचालित किया जा रहा है। जिसमें विभाग द्वारा 84000 बच्चों को ही कवर किया जा रहा है।

### सदस्यता अभियान चलाया काग्रेस कार्यकर्ता

**मीरजापुर।** गिरधर के चौराहे पर कांग्रेस पार्टी का सदस्यता अभियान किया गया जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मिन्हाज अहमद छोटे खान एवं जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री श्रीमती कंचन पांडे के नेतृत्व में सदस्यता अभियान किया गया छोटे खान ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं उत्तर प्रदेश की प्रभारी श्रीमती प्रियंका गांधी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू का लक्ष्य की उत्तर प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जाए कांग्रेस पार्टी का सदस्य बनने के लिए मोबाइल से 82 3000 5000 मिस कॉल मार कर कांग्रेस पार्टी का सदस्य बन सकते हैं श्री खान ने कहा कि कार्यक्रम 10 दिसंबर तक चलाया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री श्रीमती कंचन पांडे ने कहा कि डोर टू डोर कांग्रेस पार्टी का सदस्यता बनाया जाएगा तभी जाकर श्रीमती प्रियंका गांधी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू का लक्ष्य उत्तर प्रदेश में पूरा होगा कंचन पांडे ने कहा कि कार्यक्रम सभी ब्लॉक एवं न्याय पंचायत एवं सभी वार्डों में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा ज्यादा से ज्यादा लोगों को कांग्रेस पार्टी से जोड़ा जाएगा।

### एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन में मनाया गया डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 66वां परिनिर्वाण दिवस

**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन में सोमवार की सायं स्टेशन के आवासीय परिसर स्थित संगम प्रेक्षागृह में अनुसूचित /अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ के सौजन्य से बोधिसत्व डॉ0 भीमराव अम्बेडकर का 66वां परिनिर्वाण दिवस विविध कार्यक्रमों के बीच मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित महाप्रबंधक ए के चट्टोपाध्याय ने अन्य सहतिथियो के साथ दीप प्रज्ज्वलन व बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के पश्चात उन्हें नमन करके किया। अगली कड़ी में प्रेक्षागृह में उपस्थित सभी ने बारी-बारी से बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के शुरुआती दौर में संघ के सदस्यों द्वारा बुद्ध वंदना बुद्धम शरणं गच्छामि के द्वारा बाबा साहब की प्रार्थना की गई। कार्यक्रम के दौरानएस श्रीकृष्ण, वरिष्ठ प्रबंधक रविंदर सिंह व राहुल कुमार ने डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके गुणों का बखान करना सूरज को दीपक दिखाने जैसा होगा। कार्यक्रमो की कड़ी में एम के शर्मा व उनके साथी गायक व गायिका कलाकारों द्वारा लक्ष्मी नारायण पन्ना द्वारा लिखित गीत' अहसान है मेरे बाबा का' को सुनाकर वातावरण का रूख बदल दिया।

### डिजीटल इंडिया में बैंक घर-घर जाकर दे रहा लोन : सूर्यमुनी

**सकलडीहा-चंदौली।** कस्बा के इंडियन ओवरसीज बैंक में मंगलवार को एग्रीकल्चर व मुद्रा योजना के तहत कैम्प लगाकर ग्राहकों को ऋण वितरण किया गया। कैम्प मे दो दर्जन से अधिक लोगो को एक करोड़ 10 लाख का लोन दिया गया। इस दौरान बैंक अधिकारियों ने विभिन्न प्रकार की बैकिंग सुविधा व ऋण योजना से सम्बंधित जानकारी ग्राहकों को दी। कैम्प में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने जो डिजिटल इंडिया बनाया है वो यही है।इसमें लोन लेने वालों को पहले की तरह बैंक में दौड़ाना नहीं पड़ता है।बैंक खुद चलकर ग्राहकों के घर. घर जाकर लोन देता है। किसी का सगा सम्बन्धी अगर मुम्बई या दिल्ली से पैसा भेज रहा है तो उसको वो आधार कार्ड के जरिये अपने गांव में ही निकाल सकता है। सरकार का ही प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति आसानी से किसी भी प्रकार का ऋण ले सकता है। लेकिन उसमें ऋण लेने वालो को भी ध्यान देना होगा कि ऋण का समय से भुगतान कर दे। अगर ऐसा किया जाता है तो पहले से कहीं अधिक आपको बैक ऋण देने का काम करेगा। वही क्षेत्रीय प्रबंधक पूर्णचंद्र सतपति ने अपनी बैकिंग सुविधाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम ग्राहकों को लोन देकर कोई दया या उपकार नही करते।हम भी अपना विजनेस करते हैए लिहाजा ग्राहक को बैंक में बार.बार दौड़ने की जरूरत नहीं आप बैक व सरकार द्वारा चलाई गयी योजनाओं का पूरा लाभ ले क्योकि ये आपके लिए ही है। उन्होंने पीएम स्वनिधि योजनाएमुद्रा योजनाएकौशल विकास योजनाएरोजगार सृजन योजना सहित किसान क्रेडिट कार्ड व होम लोन के बावत जानकारी विस्तार पूर्वक लोगो को दिया।

### अहिबरन जयंती को लेकर बरनवाल समिति बनाई रणनीति

**मऊ ।** श्री बरनवाल सेवा समिति के पदाधिकारियो की बैठक माता पोखरा स्थित कैम्प कार्यालय पर हुआ। बैठक की अध्यक्षता संरक्षक श्रीकिशुनजी बरनवाल ने किया। बैठक में आगामी 26 दिसम्बर को आयोजित होने वाले जनपद स्तरीय अहिबरन जयंती को लेकर रणनीति बनाया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री बरनवाल सेवा समिति के जिलाध्यक्ष गोपाल कृष्ण बरनवाल ने प्रदेश सरकार से मांग किया कि बरनवाल जाति सहित केन्द्र सरकार द्वारा जारी शासनादेश के क्रम में वैश्य उपवर्गों को जिलेवार आरक्षण का लाभ शासन स्तर से नहीं मिल पा रहा हैं। इसलिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग उण्प्रण् शासन तत्काल शासनादेश जारी करके इसे कानूनी अमली जामा पहनाए। इसके लिए शीघ्र ही ज्ञापन द्वारा मुख्यमंत्री एवं अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग को अपनी मांगों से अवगत कराया जाएगा। इस दौरान आगामी 26 दिसम्बर को आयोजित होनें वाले जनपदीय अहिबरन जयंती को जिले के समस्त स्वजातीय बन्धुओं को शामिल होनें का आह्वान किया गया।

## एनटीपीसी रिहंद ने चालीस किसानों को वितरित किया बीज

**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के सी एस आर अनुभाग ने अपने नैगम सामाजिक दायित्व निर्वहन के तहत सोमवार को विस्थापितों द्वारा किसानों के हितार्थ बनाए गए संगठन 'नव ऊर्जा किसान मण्डल' के 40 किसानों को खेती के लिए बीज का वितरण किया। नव ऊर्जा किसान मण्डल विस्थापित किसानों का एक संगठन है। जो ग्रामीण किसानों के हित में कार्य करता है। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) वी जयनरायणन ने परम्परागतढंग से करते हुए कुल चालीस किसानों को बीज का वितरण करके उन्हें उत्तम तरीके से खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से मानव संसाधन विभाग के अपर महाप्रबंधकों में जाकिर खान व अनित कुमार, कार्यपालक( सी एस आर) मोक्षदा जोगी के साथ-साथ नव ऊर्जा किसान मण्डल के सदस्यगण उपस्थित थे।

## किशोर-किशोरियों की जिज्ञासाओं का समाधान कर रहा साथिया एप

**मीरजापुर।** किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक बदलावों के बीच किशोर.किशोरियों ;10.19 आयु वर्गद्ध के मन में तमाम तरह की जिज्ञासाओं और शंकाओं को लेकर अंर्तद्वंद चलता रहता है। उम्र के इस मोड़ पर संकोच और शर्म के चलते वह अपनी मुश्किलों को दूसरों से नहीं कह पाते हैंए ऐसे में कई बार वह गलत रास्तों पर भी चल पड़ते हैं। किशोर.किशोरियां अपनी इन्हीं मुश्किलों का घर बैठे समाधान पा सकें इसको लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम ;आरकेएसकेद्ध के तहत साथिया सलाह मोबाइल एप तैयार किया गया है। इसके उपयोगकर्ता बताते हैं कि यह एप किशोर.किशोरियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं।

## एक नया अभियान शुरू

**वाराणसी।** वैश्विक महामारी से आगे निकलकर ठंडी में विशेष देखभाल के लिए हिमालया वेलनेस कंपनी ने अपने खुश रहो खुशहाल रहो अभियान में सर्दियों के दौरान होंठों को पोषित रखने के महत्व को उजागर करने के लिए अपने लिप बाम के लिए एक नया टीवीसी जारी किया है फ़िल्म 20 साल की एक युवती को अलग-अलग परिस्थितियों में दिखाती है जहां वह ठंड के दिनों में अपने दोस्तों के साथ मस्ती करती हुई दिखाई देती है युवा लड़की अपने फटे होठों को ठीक करना चाहती है और उन्हें पोषण देना चाहती है वह परोसे जाने वाले भोजन में से शहद मक्खन या मलाई (क्रीम) का उपयोग करती है और उसकी सहेली उसे आश्चर्य से देखती है।

## बाबा साहब ने दिलाया सवैधानिक अधिकार

**सकलडीहा-चंदौली।** कस्बा में एससी.एसटी टीचर्स वेलफेयर के तत्वावधान में मंगलवार को डाण् भीम राव अंबेडकर का 65 वाँ परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस दौरान डाण् अम्बेडर के जीवनवृत्त पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत रसड़ा ने कहा की बाबा साहब ने विपरीत परिस्थितियों में भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर राष्ट्र के लोगों को सम्मान पूर्वक जीवन जीने का अधिकार दिलाया। उनके प्रयास को ये राष्ट्र कभी नहीं भूलेगा।

# जनता के साथ छल कर रही भाजपा सरकार: भूपेश बघेल

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**आज** देश मे छत्तीसगढ़ विकास मॉडल की चर्चा जोरों से हो रही है, क्योंकि आज जिस फर्जी गुजरात मॉडल को लेकर मोदी जी ने देश की जनता के साथ छल किया , उससे देश की जनता बेहद नाराज़ है । भाजपा की सरकारों ने न सिर्फ केंद्र में बल्कि राज्यों में भी जनता की भावनाओं के साथ छल किया । मैंने देखा है कि उत्तर प्रदेश में किसान, युवा, व्यापारी, प्रतियोगी परीक्षा देने वाले बच्चे, माताएं - बहनें हर कोई इनकी सरकार से त्रस्त और परेशान है । इनके पास प्रदेश के लोगों के विकास के लिए कोई रोडमैप नही है । उत्तर प्रदेश में किसान भाई खाद के लिए लाइन में लगे लगे अपने प्राण त्याग दे रहे हैं । कहीं कहीं किसान कर्ज की वजह से आत्महत्या को मजबूर हो रहे हैं । दलितों के साथ आये दिन अपराध हो रहे हैं । पुलिस थानों में हत्या और बलात्कार जैसी जघन्य घटनाएं हो रही हैं । जो बच्चे दिन रात एक कर मेहनत कर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करते हैं, जब वे परीक्षा देने जाते हैं तो पता चलता है कि पेपर लीक हो गया है । जितनी भी भर्तियां निकलीं वे सब भ्र्ष्टाचार की भेंट चढ़ गईं । आज उत्तर प्रदेश हत्या, लूट, बलात्कार, जैसे जघन्य अपराधों का अड्डा बन चुका है । इधर के कुछ महीनों में कई बार उत्तर प्रदेश आया । मैंने देखा कि आज उत्तर प्रदेश में खुले पैमाने पर लूट हो रही है । भाजपा के तथाकथित विकास का एक भी मॉडल मुझे नही दिखा, सिवाय झूठ से सराबोर होर्डिंग्स को छोड़कर । बनारस में बाबा काशी विश्वनाथजी के परिसर को कॉरिडोर के नाम पर बेतरतीब तरीके से ध्वस्त किया गया । आदि अनादि काल के प्राण प्रतिष्ठित मूर्तियों को तोड़कर फेंकने का अधार्मिक कुकृत्य भी इनके द्वारा किया गया । बाबा श्री काशी विश्वनाथ के परिसर का व्यवसायिकरण किया जा रहा है । माँ अन्नपूर्णा के मंदिर तक जाने के रास्ते को रोका जा रहा है । माँ अन्नपूर्णा के जिस तथाकथित सौ साल पुरानी मूर्ति को भाजपा के नेता ब्रिटेन से लाने की बात कर रहे हैं,वह वस्तुत: झूठी बात है । वास्तविक माँ अन्नपूर्णा की मूर्ति वही हैं जहां पहले थी। वस्तुत: कॉरिडोर के स्वरूप को बनाने के लिए यह सब गैर धार्मिक हथकंडा अपनाया जा रहा है, जो कि बेहद आपत्तिजनक है । मैंने बनारस में मैंने हर तरफ गन्दगी, बजबजाती गलियों को देखा है । छत्तीसगढ़ में जब से कांग्रेस की सरकार बनी है, वहां हर तरफ तरक्क़ी और खुशहाली का आलम है । हमने अपने चुनावी वचनपत्र में छत्तीसगढ़ की जनता से जो भी वायदे किये थे, हम उसे पूरा कर रहे हैं । हमने छत्तीसगढ़ के किसान भाइयों के लिए एमएसपी की दर देश के बाकी राज्यों की तुलना में ज्यादे रखा है, जिसका फ़ायदा वहां के किसान भाइयों को प्रत्यक्षत: मिल रहा है ।

## समाजवादी छात्र सभा के सदस्यों ने चलाया जन जागरुकता अभियान

**संवाददाता।** मऊ

समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव के निर्देशन में समाजवादी छात्र सभा के सदस्यों ने मंगलवार को सघन जन जागरुकता अभियान चलाया। इस दौरान समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट दिलीप कुमार पाण्डेय ने कहा कि सपा सरकार में ही युवाओं का उत्थान हो सकता है। जन जागरुकता अभियान की शुरुआत नगर क्षेत्र के गालिबपुर में छात्र सभा के जिला सचिव सूर्यमणि भारती द्वारा आयोजित चौपाल कार्यक्रम से किया गया। छात्र सभा जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार पाण्डेय ने युवाओं व नौजवानों को अधिकारों के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य रुप से छात्र सभा जिला महासचिव अखिलेश भारती, जिला उपाध्यक्ष कृष्णा यादव, अभय कुमारए अभिषेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पंप में करंट उतरने से एक युवक की मौत

**संवाददाता।** गाजीपुर

**जनपद** के बाराचवर गांव निवासी सर्वेस यादव उम्र लगभग 25वर्ष पुत्र अभयनारायण यादव मंगलवार के दिन मे अपने दरवाजे पर हैण्डपम्प चलाकर भैस को स्नान करा रहा था। हैण्डपम्प मे टूल्लू के रास्ते बिजली प्रवाहित हो गयी जिसके वजह से करेंट की जद मे आ जाने से उसकी मौत हो गयी। परिजनो ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ले गये जहा चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। जैसे ही चिकित्सको ने मृत घोषित परिजनो मे कोहराम मच गया।

परिजनो ने उसका दाह संस्कार गौसपुर के सुल्तानपुर घाट पर कर दिया। मुखाग्नि उसके पिता अभयनारायण यादव ने दिया।प्राप्त सुचना के अनुसार अभयनारायण यादव के दो पुत्र थे बृजेश यादव और सर्वेस यादवए बृजेश घर पर ही रहकर बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान चलाता है तथा सर्वेस विदेश के कटर मे किसी कम्पनी मे कार्य करता था। अभी दीपावली पर छुटटी लेकर घर आया था और घर आकर एक ट्रैक्टर भी खरीदा था खेती बारी करने के लिए।उसके नाम से परिवार वाले दस दिसम्बर को काशीदास बाबा की पूजा के लिए मनौवती भी किए थे।नाते रिश्तेदारों मे काशीदास बाबा के पूजा का निमंत्रण भी बट रहा था। पूजा की खुशिया पल भर मे गमगीन माहौल मे बदल गयी।पूजा कराकर सर्वेस इसी माह मे फ्रि विदेश जाने वाला था।उसकी शादी बैरान मे कचंन से हुई थी उसकी एक ढाई वर्ष की बेटी श्रेया भी है।

# नारी सशक्तिकरण के लिए योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाया जा रहा है

● सीबीआई द्वारा क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम 252 ग्राहकों को 34.33 करोड़ ऋण बांटा गया

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**सेन्ट्रल बैंक ऑफ** इंडिया अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में पूरे भारत में बैंक द्वारा ग्राहकों की आवश्यकता को देखते हुए ऋण योजनाएं बनाई गई हैं, विशेषत: नारी सशक्तिकरण के लिए चलाई गई योजना सेंट गृहलक्ष्मी, गृह ऋण के लिए, सेंट वाहिनी( वाहन ऋण के लिए)योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाया जा रहा है।

भारत सरकार की सभी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया हमेशा तत्पर रहा है। हर वर्ग को ऋण देने के लिए बैंक ने अनेक स्कीम लागू की है जो जन-जन तक पहुँचाया जा रहा है। उक्त बातें सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की कार्पेट आफिस मुम्बई की महाप्रबंधक श्रीमती नमिता रॉय शर्मा एवं वाराणसी के क्षेत्रीय उप महाप्रबंधक अनिल कुमार ने लंका स्थित सीबीआई के रीजनल कार्यालय में मंगलवार को प्रेंस कान्फ्रेंस के दौरान दी। श्रीमती शर्मा ने बताया कि लोहता में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम किया गया जिसमें क्षेत्राधिन सभी शाखाओं ने प्रतिभाग लिया। उन्होंने बताया कि बैंक द्वारा ऋण सुविधा की जानकारी एवं आवेदन हेतु मिस्ड काल (9223901111)सुविधा जारी की है जिससे ऋण के लिए इच्छुक ग्राहक मिस्ड काल के द्वारा ऋण आवेदन की जानकारी ले सकते हैं।

# नवीन मंडी पहुंच सपा नेता ने ईवीएम को जांचा

**संवाददाता।** चंदौली

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय सचिव मनोज कुमार सिंह डब्लू मंगलवार को ईवीएम मशीन की जांच के लिए नवीन मंडी पहुंचे। उन्होंने ईवीएम पर डेमो वोटिंग की और वोटिंग नंबर के साथ.साथ मशीन का नंबर नोट किया। साथ ही सात घंटे बाद आकर पुन: उनके नतीजे चेक करने की बात कही। वोटिंग के बाद कैम्प से बाहर आए मनोज सिंह डब्लू ने चंदौली के सभी राजनीतिक दलों के साथियों से आह्वान किया कि वे भी नवीन मंडी आएं और वोटिंग का ईवीएम की शुचिता को जांचें व परखे। उन्होंने कहा कि सैयदराजा विधानसभा में इस्तेमाल होने वाली एक.एक ईवीएम को चेक कर उसे परखा जाएगा। इसके लिए बकायदा तकनीकी विशेषज्ञों का सहयोग लिया जाएगा। क्योंकि ईवीएम एक इलेक्ट्रानिक उपकरण है जिसकी कार्य प्रणाली को समझ पाना हर किसी के बस की बात नहीं है। फ्लिहाल ईवीएम की जांच.परख के लिए डेमो वोटिंग की गयी हैए जिसे सात घंटे बाद पुन: आकर देखना है और नतीजों का मिलान करने है। चुनाव के समीप आते ही सैयदराजा विधानसभा के पोलिंग बूथों पर इस्तेमाल होने वाली एक.एक ईवीएम की जांच कर उसके सीरियल नंबर का रेंडेमाइजेशन किया जाएगा। ताकि मतदान तिथि को इसकी पुष्टि व पड़ताल की जा सके कि जिन ईवीएम को क्रमबद्ध तरीके से जांचा गया था। जिला प्रशासन चुनाव में उन्हीं ईवीएम का इस्तेमाल कर रहा है।



## गोपाल जी श्रीवास्तव समेत 23 लोगों ने बार एसोसिएशन के चुनाव में दाखिल किया पर्चा

**गाजीपुर।** जनपद में सिविल बार एशोसिएशन के वार्षिक चुनाव में मंगवार को प्रथम दिन विभिन्न पदों के होने वाले चुनाव में कुल तीस पर्चे अधिवक्ताओं द्वारा खरीदे गए जिसमें तेईस अधिवक्ताओं ने पर्चा दाखिल किया। जिसमे अध्यक्ष पद के लिए धीरेंद्र नाथ सिंह, गोपाल जी श्रीवास्तव, राजकुमार जायसवाल , वरिष्ट उपाध्यक्ष नटनागर, बृजकिशोर सिंह यादवए रविन्द्र सिंह कुशवाहाए कनिष्ठ उपाध्यक्ष.1 शशि ज्योति, महासचिव के लिए राजकुमार राय,अशोक कुमार भारती,अजय कुमार तिवारी , रतन श्रीवास्तव, सहसचिव प्रशासन के लिए सजय सिंह कुशवाहा, सह सचिव पुस्तकालय अजय वीर खड़े हैं।

**Indian Institute of Sugarcane Research, Rae Bareli Road,**
**Post - Dilkusha, Lucknow - 226 002, India**

भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ
भाकृअनुप ICAR

No 13-86/2021-Admn.I    Dated : 04.12.2021

**Walk-in-Interview**

Walk-in-Interview for the following contractual position under time bound project as per details given below :-

| Sl.No. | Name of the Position | No. of Vaccancy | Date & Time of Interview |
|---|---|---|---|
| 1 | Research Associate III | 01 | 21.12.2021 11:00 AM |
| 2 | Senior Project Associate | 02 | 21.12.2021 02:00 PM |
| 3 | Scientific Assistant | 01 | 22.12.2021 11:00 AM |
| 4 | Young Professional - I | 01 | 23.12.2021 11:00 AM |
| 5 | Young Professional - I | 01 | 23.12.2021 02:00 PM |
| 6 | Young Professional - I | 01 | 24.12.2021 11:00 AM |
| 7 | Young Professional - I | 01 | 24.12.2021 02:00 PM |

For further details as qualifications, age and other terms and conditions etc., please refer tothe Institute's Website https://iisr.icar.gov.in.
For any change/updation will be published on website only.

(R.K Yadav)
Assistant Administrative Officer
& I/c Adm.I

पूर्वोत्तर रेलवे
सार्वजनिक अधिसूचना
रेलवे लाइनों और परिसरो के सभी उपयोगकर्ताओ को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि पूर्वोत्तर रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर शिरोपरि कर्षण तारो को खण्ड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद में 25000 वोल्ट 50 हर्टज एसी पर चार्ज किया जायेगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरि कर्षण लाइन को समय विद्युतमय माना जाएगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस षिरोपरि लाइन की सामीप्यता में दाखिला होने या काम करने नहीं जाएगा।
क्रम:–01, खण्ड:–आजमगढ़ (Excl.) – शाहगंज (Excl.), तारीख:– 20.12.2021
मुख्य विद्युत इन्जीनियर/निर्माण गोरखपुर
मुजाधि/विद्युत–70
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.–09794845955 पर SMS करें
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# अनुपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों का रोका वेतन

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**मुख्य** विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने विकास भवन के समस्त कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला उद्यान अधिकारी, डीपीआरओ कार्यालय के कनिष्ठ सहायक एसवी कुशवाहा, सम्बद्ध एडीओ पंचायत वीरेन्द्र कुमार पाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय की अंकिता श्रीवास्तव, श्रीलाल जी, यूपी नेडा से वरिष्ठ लिपिक चन्द्र प्रकाश बिना स्वीकृत पत्र के अनुपस्थित पाये गये, जिला कृषि अधिकारी कार्यालय के विमलेश शुक्ला, मोहित मिश्रा, वियंत राव भारती, राधारमन, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग से अधिशाषी अभियंता, राजेन्द्र कुमार, सैयद मोहम्मद अनस रिजवी आदि अनुपस्थित पाये गये, इन सभी अनुपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों का स्पष्टीकरण तलब करने के साथ साथ एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये है। उन्होंने सभी कार्यालयाध्यक्षों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने कार्यालयों को साफ सुथरा रखे, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाये। उन्होंने कहा कि कार्यालय में सभी अधिकारी व कर्मचारी समय से उपस्थित होकर कार्यो का सम्पादन करें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि बार-बार कहने के बावजूद भी कई विभागों ने अपने बोर्ड नही लगवाये है, जो अत्यन्त खेद जनक है इसको शीघ्र अतिशीघ्र लगवा लें। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, उप निदेशक कृषि विनोद कुमार यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश यादव, जिला सूचना अधिकारी नरेन्द्र मोहन आदि अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे। यूडीआईडी कार्ड, गोल्डन कार्ड, ई-श्रम कार्ड में अधिकारी लायें और प्रगति: मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन सभाकक्ष में जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सर्वप्रथम आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करते हुए पाया गया कि जनपद में



आयुष्मान कार्ड मानक के अनुसार नही बन रहे है, मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि उन कारणों का पता लगाये, जिसके कारण आयुष्मान कार्ड उस मात्रा में नही बन रहे है जिस मात्रा में बनने चाहिए, यूडीआईडी कार्ड की समीक्षा करते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी गिरिजा शंकर सरोज ने बताया कि सोमवार को कुल 76 कार्ड बने हैं, अब तक कुल 13705 का ऑनलाइन रजिस्टेश्रन हो चुका है, मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यह स्थिति संतोषजनक तो है पर इसमें और सुधार लगाया जा सकता है। ई-श्रम कार्ड की समीक्षा करते हुए पाया गया कि सोमवार को 3820 कार्ड बने है, इस पर मुख्य विकास अधिकारी अत्यन्त नाराज नजर आयीं, उन्होंने कहा कि प्रतिदिन कम से कम 6 हजार कार्ड बनने चाहिए।

# बाइक रैली को कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने दिखाई हरी झंडी

● आयोजकों ने 16 दिसंबर के कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों से सहभागी होने की अपील की

**संवाददाता।** उन्नाव



**आजादी** के 75 वें वर्ष को अमृत महोत्सव वर्ष के रूप में पूरा देश मनाने के क्रम में शहर के रामलीला मैदान से वृंदावन गार्डन आवास विकास तक एक बाइक रैली के माध्यम से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में विभिन्न विद्यालयों के छात्रों के साथ संघ के स्वयंसेवकों सहित सामाजिक संगठन व पूर्व सैनिक व मातृशक्तियां उपस्थित रही। यात्रा को हरी झंडी प्रख्यात कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में आमजन को राष्ट्रधर्म के प्रति जागरूक किया गया। यात्रा व आजादी अमृत महोत्सव समिति उन्नाव के संयोजक विमल द्विवेदी की अगुवाई में इस भव्य यात्रा को आयोजित किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक जितेंद्र, व सदर विधायक पंकज गुप्ता उपस्थित रहे। यात्रा के दौरान भारत माता के जयकारे के साथ वंदे मातरम के गगन भेदी नारे लग रहे थे। मीडिया से बातचीत में आजादी अमृत महोत्सव समिति उन्नाव के संयोजक विमल द्विवेदी ने बताया अमृत महोत्सव कार्यक्रम 19 नवंबर रानी लक्ष्मीबाई जी की जयंती के शुभ अवसर पर तिरंगा यात्रा से शुरू हुआ था। जिसका समापन 16 दिसंबर विजय दिवस जब 1971 में पाकिस्तान पे भारत को अभूतपूर्व विजय मिली थी व बांग्लादेश के जन्म हुआ था इसका समापन होगा। उन्होंने जनपदवासियों से अधिक से अधिक संख्या में 16 दिसंबर के कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। यात्रा के दौरान जिला कार्यवाह आशीष सिंह, नगर प्रचारक अजय, अवनीश तिवारी, पूर्व सैनिक संजय सिंह फौजी, आरके मिश्रा, प्रधानाचार्य सत्येंद्र शुक्ला, अविनाश, मंच के जिलाध्यक्ष अजय त्रिवेदी, जिला पंचायत सदस्य अरुण सिंह, आशीष बाजपेई, सुशील तिवारी, उदय प्रताप सिंह, शिखर अवस्थी, शिवसेवक त्रिपाठी मनीष अवस्थी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद बिसवाँ, जनपद – सीतापुर
संख्या – 233/ए/न0पा0परि0बि0/2021–22 दिनांक : 07.12.2021
–:: ई–निविदा आंशिक संशोधित सूचना ::–
अधोहस्ताक्षरी कार्यालय पत्र संख्या 220/ए/न0पा0परि0बि0/2021–22 दिनांक 27.11.2021 द्वारा जो ई–निविदा का प्रकाशन हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय सहारा एवं पायनियर में दिनांक 28.11.2021 को कराई गई थी तथा जिसकी नियम व शर्ते वेबसाइट पर अपलोड की गई हैं के बिन्दु संख्या 10 हेतु प्राप्त सक्षम स्तर से दिशानिर्देश के अनुपालन में उक्त शर्त से ई–निविदा में भाग लेने हेतु छूट दी जा रही है। ई–निविदा की शेष नियम व शर्तें यथावत रहेंगी।
कर अधीक्षक, नगर पालिका परिषद, बिसवाँ–सीतापुर
अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बिसवाँ–सीतापुर
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, बिसवाँ–सीतापुर

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बेहन्दर–हरदोई

पत्रांक : 1246/लेखा0/रा०वित्त0–15वां०वि0/क्षेत्र पंचा0/टेण्डर–आमं0/2021–22 दिनांक: 02.12.2021

### अल्पकालीन टेण्डर/कुटेशन आमंत्रण

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, कि पंचम राज्यवित्त/15वाँ वित्त योजनान्तर्गत क्षेत्र पंचायत बेहन्दर में वर्ष 2021–22 में प्रस्तावित/चयनित कार्यो को कराया जाना है। सम्पूर्ण कार्य कराने हेतु विकास खण्ड बेहन्दर में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार निविदायें बन्द लिफाफे निविदा आंमत्रित की जाती हैं। निविदायें विकास खण्ड कार्यालय बेहन्दर मे दिनाकः 15.12.2021 से दिनाक : 16.12.2021 को 12:00 बजे तक कार्य दिवस में निविदा प्रपत्र क्रय किये जा सकते हैं। दिनांक 16.12..2021 को 01:00 बजे अपरान्ह से ठेकेदार/फर्म अथवा उनके नामित प्रतिनिधियों के द्वारा विकास खण्ड में रखी निविदा पेटिका में निविदा डाली जायेगी। दिनांक 16.12.2021 को अपरान्ह 03:00 बजे से कार्यालय में गठित त्रिसदस्यीय समिति के द्वारा टेण्डर/निविदायें अधोहस्ताक्षरी के सम्मुख खोली जायेगी, तथा दिनांक 16.12.2021 को त्रिसदस्यीय समिति के द्वारा तुलनात्मक विवरण तैयार कर कार्य कराने हेतु पृथक से आदेशित किया जायेगा, कार्य का नाम एवं प्राक्कलन का विवरण निम्नवत् है –

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | कार्य का विवरण | स्वीकृत प्रकलन के अनुसार लागत GST सहित | जमानत धनराशि | टेण्डर बिक्री धन0 | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | बकुई खडण्जा से राजकुमार के घर तक नन्दाखेड़ा खडण्जा एवं मिट्टी कार्य। | 15वां वित्त आयोग | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 683525.00 | 34500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 02 | विकास, खण्ड बेन्हदर के अन्तर्गत थाना कासिमपुर में भवन एवं शौचालय मरम्मत कार्य। | 15वां वित्त आयोग | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 892746.00 | 45000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 03 | असही आजमपुर रोड से बेहन्दर कला तक मिट्टी एवं खण्डंजा मरम्मत कार्य। | 15वां वित्त आयोग | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 306455.00 | 15500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 04 | पशु चिकित्सालय बेहन्दर में पुरानी बिल्डिंग मरम्मत एवं रंगाई–पुताई कार्य | 15वां वित्त आयोग | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 471557.00 | 24000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 05 | भिठारा खडण्जा से छत्ताखेड़ा तक मिट्टी एवं खण्डजा कार्य। | 15वां वित्त आयोग | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 732336.00 | 36500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 06 | सैदुपर से कछौना बार्डर तक मिट्टी एवं खण्डजा कार्य। | 15वां वित्त आयोग | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 892315.00 | 44500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 07 | बहलोलपुर में कामता से घर से विजय गौतम तक नाली निर्माण कार्य। | 15वां वित्त आयोग | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 602628.00 | 30500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 08 | विकास खण्ड बेहन्दर भवन में मरम्मत एवं रंगाई पुताई कार्य। | 15वां वित्त आयोग | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 550074.00 | 27600.00 | 500.00 | 3 माह |
| 09 | विहारीपुर डामररोड से चौराहे से सोहन के खेत तक खण्डंजा एवं मिट्टी कार्य। | पंचम राज्यवित्त | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 888394.00 | 44500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 10 | बेचेलाल के खेत से नन्दाखेड़ा तक खण्डजा मरम्मत कार्य। | पंचम राज्यवित्त | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 888106.00 | 44500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 11 | रज्जाकखेड़ा से गोविन्दखेड़ा तक खण्डजा मरम्मत कार्य। | पंचम राज्यवित्त | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 489676.00 | 24500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 12 | करीमनगर स्कूल से लालता के खेत तक खण्डजा मरम्मत कार्य। | पंचम राज्यवित्त | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 886280.00 | 44500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 13 | रूकमगल के खेत से सारदा नगर तक खण्डजा एवं मिट्टी कार्य। | पंचम राज्यवित्त | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 689677.00 | 34500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 14 | छत्रपाल पुत्र बच्चू के घर से रूकमंगल पुत्र ठाकुरी के खेत तक खण्डजा एवं मिट्टी कार्य । | पंचम राज्यवित्त | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 805094.00 | 40500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 15 | रामआसरे के खेत से राधेश्याम के खेत तक खण्डजा एवं मिट्टी कार्य। | 15वां वित्त आयोग | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 811330.00 | 40500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 16 | दमगढ़ा ब्रम्हाबाबा से राकेश के खेत तक खडण्जा एवं मिट्टी कार्य। | 15वां वित्त आयोग | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 887517.00 | 44500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 17 | असही आजमपुर रोड से ब्लाक परिसर के किनारे –किनारे वाउड्रीवाल खण्डजा मरम्मत कार्य। | पंचम राज्यवित्त | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 306086.00 | 15500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 18 | कोडरी तिराहे से गौशाला तक खण्डजा मिट्टी कार्य। | पंचम राज्यवित्त | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 551535.00 | 27500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 19 | कैलाश के घर से तिराहे तक खण्डजा एवं मिट्टी कार्य। | पंचम राज्यवित्त | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 884103.00 | 44300.00 | 500.00 | 3 माह |
| 20 | कासिमपुर असही मार्ग से बकुई तक खण्डजा मरम्मत कार्य । | पंचम राज्यवित्त | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 360058.00 | 18100.00 | 500.00 | 3 माह |
| 21 | गोगावा डामर से रामू के खेत तक खण्डजा मरम्मत कार्य। | पंचम राज्यवित्त | विल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 670933.00 | 33600.00 | 500.00 | 3 माह |

नोट : – कुटेशन/निविदा आमंत्रण से सम्बन्धित शर्तें/प्रतिबंध निम्नवत् है।

1– उपरोक्त टेण्डर आंमत्रण में केवल जी0एस0टी0 पंजीकृत फर्मो के टेण्डर स्वीकार किये जायेंगे, तथा पी0डब्लू0डी0 द्वारा अनुमन्य/स्वीकृति प्राक्कलित दर से अधिक दर से किसी भी दशा में स्वीकार नहीं होगा।
2– उपरोक्त कुटेशन/निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
3– जमानत धनराशि 5 प्रतिशत धनराशि बचत पत्र/एफ0डी0/बैक ड्राफ्ट/नगद ख0वि0अ0 बेहन्दर के पक्ष मे जमा करना होगा तथा 5 प्रतिशत जमानत धनराशि निविदा/कोटेशन स्वीकृत होने के उपरान्त जमा करना होगा। इस धन0 को निर्धारित समय सीमा के उपरान्त वापस कर दिया जायेगा।
4– फर्म के मूल अभिलेखों से मिलान करने में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
5– जी0एस0टी0 का भुगतान सम्बन्धित फर्म द्वारा किया जायेगा। टेण्डर स्वीकृत के उपरान्त कार्यादेश जारी होने के उपरान्त ही ठेकेदार के द्वारा कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।
6– प्रत्येक निविदा दाता निविदा देने के पहले अनिवार्य रूप से कार्य स्थल का निरीक्षण कर लें निविदा प्राप्त होने के बाद साइट से सम्बन्धित कोई भी बाधा का उल्लेख मान्य नहीं होगा।
7– निविदा स्वीकृत के उपरान्त 03 दिन के अन्दर अनुबंध तैयार करवा लेना होगा अन्यथा धनराशि जब्त करते हुए निविदा निरस्त कर दी जायेगी
8– समस्त कार्य एम0ओ0आर0टी0ए0एच0 लोक निर्माण विभाग की विस्तृत विशिष्टियों के अनुरूप कार्य कराये।
9– किसी भी विवाद की स्थिति मे न्याय क्षेत्र हरदोई ही होगा। निविदादाता विस्तृत जानकारी प्रपत्र के साथ बिल आफ क्वांटिटी से की जा सकती है, एवं अन्य जानकारी कार्यालय कार्यदिवस में विकास खण्ड के लेखाकार या अवर अभियन्ता से प्राप्त कर सकते हैं।

प्रमुख
क्षेत्र पंचायत बेहन्दर

खण्ड विकास अधिकारी
बेहन्दर–हरदोई।

# रसगुल्ले के विवाद में चले चाकू, चार घायल

**संवाददाता।** बांगरमऊ उन्नाव

**मांगलिक** कार्यक्रम के दौरान गेस्ट हाउस मालिक ने वेटर को रसगुल्ले लाने का आदेश दिया। मालिक के आदेश पर वेटर ने हलवाई से रसगुल्ले मांगे। हलवाई के इनकार करने पर वेटर ने अन्य साथियों के साथ मिलकर हलवाई व उसके पुत्रों समेत चार लोगों को चाकुओं से गोद कर लहूलुहान कर दिया। आनन फानन घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने एक की हालत नाजुक बताकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। नगर के उन्नाव रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में गत सोमवार को शाम करीब सात बजे क्षेत्र के ग्राम चकपीर नगर निवासी सुनील की पुत्री की बारात आयी थी। देर रात अगवानी, द्वारचार और जयमाल कार्यक्रम के बाद बराती खाना खा रहे। इसी बीच गेस्ट हाउस मालिक के पुत्र ने वेटर से रसगुल्ले लाने को कहा। मालिक के आदेशानुसार वेटर काउंटर पर पहुँचा और हलवाई से दस – बारह रसगुल्ले पैक करने को कहा। हलवाई ने रसगुल्ले देने से साफ मना कर दिया। इसी बात पर वेटर और हलवाई के बीच कहा सुनी होने लगी। तभी वेटर ने अपने ठेकेदार बउवा और अन्य साथियों को बुला लिया और हलवाई विष्णु पुत्र काशीराम निवासी मोहल्ला कछियाना बांगरमऊ, उसके पुत्र अंकुश व पंकज तथा सुशील पुत्र रामपाल निवासी मोहल्ला कछियाना पर चाकुओं से हमला बोल दिया।

# खुलेआम उड़ाई गईं कोविड प्रोटोकॉल की धज्जियां

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**कोविड** की तीसरी लहर का असर सुर्खियों में आनें लगा है। शासन और सरकार इसको लेकर गंभीर हो गये है। एक जगह 50 से अधिक व्यक्ति एकत्रित होंने की अनुमति नही दी जा रही है। इसके बाद भी आस्था की आड़ में जनपद को कोरोना की आग में झोंकनें का प्रयास किया गया। नगर मजिस्ट्रेट के आदेश की खूब धज्जियां उड़ाई गयीं। पुलिस मूक बनी देखती रही। परिणाम यह हुआ की मंगलवार दोपहर नगर का हर गली और चौराहा जाम की झाम में उलझ गया। एम्बुलेसं हो या चिकित्सक की गाड़ियाँ जाम में फंसे रहे। जिससे मरीजों को पैदल जानें पर मजबूर होना पड़ा। तस्वीरें जो वयां कर रही है वह जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली को उजागर कर लेता है।

दरअसल शहर कोतवली क्षेत्र लकुला स्थित मैदान में साकार विश्व हरी का सत्संग का कार्यक्रम होना था। जो कई दिनों से चल रहा था। जिला प्रशासन की तरफसे केबल 50 लोगों की अनुमति थी। इसके साथ ही कोविड नियमों का पालन करनें आदि की भी हिदायत दी गयी थी। एक कागज पर अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करनें के बाद मंगलवार को विशेष समागम का आयोजन किया गया था। बाबा के अनुयाई यूपी, राजस्थान, गुजरात, आंध्र-प्रदेश, दिल्ली आदि प्रान्तों से मुख्य रूप से पंहुचना शुरू हो गये थे। लेकिन पुलिस रात को सोती रही। बाबा के गुलाबी गार्ड चौराहों और तिराहों पर लगकर आने वाले वाहनों को अपने हिसाब से सड़क के किनारे आलू मंडी रोड़, इटावा-बरेली हाई-वे, मेला राम नगरीया परिसर, आलू मंडी के भीतर खड़े कराते रहे। जिससे धीरे-धीरे सुबह होते होते शहर जाम हो गया।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं० 59/2021
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है।
क्र.सं. 1. कार्य का विवरण : सी.से.इंजी./पीवे/इज्जतनगर एवं भोजीपुरा के अनुभाग में आउटसोर्सिंग के द्वारा ट्रैक मेन्टेनेंस का कार्य। स्वीकृत कार्य के अंतर्गत समइं/लाइन/इज्जतनगर के अनुभाग मे ट्रैक मेन्टेनर के रिक्त पदो के विरूद्ध एक वर्ष हेतु ट्रैक अनुरक्षण का कार्य कराया जाना। अनुमानित लागत रूपयो में : रू. 91,15,910.79, बयाना राशि रूपयो में : रू. 0.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य : 0.00, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।
क्र.सं 2. कार्य का विवरण: सी.से.इंजी./पीवे/बदायूँ के अनुभाग में आउटसोर्सिंग के द्वारा ट्रैक मैन्टेनेंस का कार्य। स्वीकृत कार्य के अंतर्गत समइं/लाइन/इज्जतनगर के अनुभाग मे ट्रैक मेन्टेनर के रिक्त पदो के विरूद्ध एक वर्ष हेतु ट्रैक अनुरक्षण का कार्य कराया जाना। अनुमानित लागत रूपयो में : रू. 52,22,842.60, बयाना राशि रूपयो में : रू. 0.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य : 0.00, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।
1. ई-निविदा दिनांक 30.12.2021 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।
मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०), इज्जतनगर
मुजाधि/डब्लू - 294
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# डीएम ने की समीक्षा बैठक

**संवाददाता।** उन्नाव

**जिलाधिकारी** रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में शासन की शीर्ष प्राथमिकता के 37 बिन्दुओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी आयुष्मान भारत, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य, मातृत्व स्वास्थ्य, एनएचएम जैसी अनेक योजनाओं पर अब तक हुयी कार्य की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की तथा निर्देश दिये कि अपने स्टाफके साथ समीक्षा कर जिन कार्यों में ग्रेड सी और डी मिला है उन कार्यों का सम्पादन तत्परता के साथ ए ग्रेड में लाने का प्रयास किया जाये। उन्होंने अल्ट्रासाउन्ड मशीन, ऐक्स-रे मशीन, टेलीमेडिसिन, समस्त आरबीएसए टीम के कार्यों पर विस्तार से चर्चा की तथा मुख्य चिकित्साधिकारी डा सत्यप्रकाश को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## क्विक न्यूज

### दो बाइकों की भिडंत, अधेड़ की मौत

**बांगरमऊ उन्नाव।** क्षेत्र के हरदोई उन्नाव मार्ग स्थित गोंदरी मोड़ के निकट दो बाइकों की सीधी भिड़ंत में बाइक सवार एक अधेड़ की मौत हो गई। पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजने के बजाय फतेहपुर 84 पुलिस शव को बांगरमऊ सीएचसी भिजवा दिया। यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करीब 3 घंटे से अधेड़ का शव पड़ा है। लेकिन अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। घटना फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में होने के कारण कोतवाली पुलिस भी कार्यवाही करने से बच रही है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से तीन मजदूर घायल

**पुखरायां। कानपुर, देहात।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव के निकट झांसी-कानपुर हाइवे के डिवाइडर की मरम्मत कर रहे मजदूरों से एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर टकरा गया। जिसमें तीन मजदूर घायल हो गए हैं। प्राथमिक उपचार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के अटवा निवासी सरदार सिंह, असेवा निवासी सतीश समेत कई मजदूर पिपरी गांव के निकट झांसी-कानपुर हाइवे का एक क्षतिग्रस्त डिवाइडर की मरम्मत कर रहे थे। कालपी से भोगनीपुर की ओर जा रहा एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर मजदूरों से टकरा गया। जिसमें तीन मजदूर घायल हो गए। जिनमें से गंभीर रूप से घायल सरदार सिंह एवं सतीश को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद डाक्टरों दोनों घायलों को जिला अस्पताल माती रेफर किया है। कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### जमीनी रंजिश को लेकर 6 लोगों ने पति-पत्नी को पीटा

**भोगनीपुर कानपुर देहात** कोतवाली क्षेत्र के चांदापुर गांव में प्लाट के कब्जे को लेकर 6 लोगों ने महिला व उसके पति की पिटाई कर दी महिला ने भोगनीपुर थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। चादापुर निवासी तैयब ने बताया कि उसने गांव में जमीन खरीदी थी वही गांव के निवासी रसीद उस समय उस जमीन को अपनी जगह बता कर ईट डालकर कब्जा करने लगा जब मना करने गए तो चंदापुर गांव के ही निवासी रसीद, इरशाद, अशफाक, ताहिर, दिलशाद व अंसार ने घर में घुसकर मारपीट कर दी। वह उस प्लाट पर जो भी दरवाजा लगी थी उसको भी उखाड़ कर ले गए। पीड़ित तैयब में भोगनीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर डॉक्टरी परीक्षण के लिए सरकारी अस्पताल पुखरायां भेजा गया है।

### दबंग ने गेहूं की फसल को जोत कर किया नष्ट

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** खेत में खड़ी गेहूं की फसल को दबंग युवक ने ट्रैक्टर से जोत दिया। खेत के बटाईदार द्वारा मना करने पर उससे अभद्रता की। खेत स्वामी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम निकोबनपुरवा निवासी मुकेश कुमार दीक्षित पुत्र श्रीपाल द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि वह बाहर रहकर नौकरी करता है। उसके गुगरा पुर स्थित खेत में खड़ी गेहूं की फसल को गुगरा पुर निवासी एक दबंग युवक ने ट्रैक्टर में हैरो लगाकर जबरिया खेत को जोत दिया। बटाईदार श्री कृष्ण द्वारा मना करने पर उससे गाली-गलौज करते हुए धमकी दी। खेत स्वामी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई।

### ई-रिक्शा में छूटे महिला के बैग को पुलिस ने किया बरामद

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** गौरियापुर से बाजार में आई महिला का जेवरात व अन्य कागजात रखा बैग ई-रिक्शा में ही छूट गया। महिला द्वारा काफी खोजबीन की गई लेकिन वह ई-रिक्सा न मिल सका। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा बैग को बरामद कर महिला के सुपुर्द कर दिया गया। मंगलवार को क्षेत्र के ग्राम कपूरापुर निवासी दीक्षा शर्मा पत्नी डॉक्टर सोनू गौरियापुर से ई रिक्शा पर सवार होकर नगर के बाजार में आई थी। इस दौरान ई रिक्शा में उसका जेवरात व अन्य जरूरी सामान रखा बैग छूट गया। महिला एवं उसके परिजनों द्वारा मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। जिस पर हरकत में आई कोतवाली पुलिस ने बैग को बरामद कर महिला के सुपुर्द कर दिया गया।

### मजाक का विरोध करने पर महिला व युवती को पीटा

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** मजाक का विरोध करना एक महिला व एक युवती को उस समय महंगा पड़ गया जब पड़ोसी युवक ने उसके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला आजादनगर निवासी सविता पाल पत्नी अनिल कुमार द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीती शाम अपने किराएदार के साथ दरवाजे पर बैठी थी। तभी मोहल्ले के ही एक युवक ने दरवाजे के सामने आकर अभद्र मजाक कर दिया। उसके द्वारा विरोध करने पर युवक ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी बचाव में आई युवती वर्षा देवी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई।

### बंटवारे के विवाद में युवक को पीटा

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** बटबारे के विवाद को लेकर एक युवक को परिवार के ही तीन लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# दलित मासूम बालक हत्याकाण्ड में किसी नतीजे पर नहीं पहुंची पुलिस

**संवाददाता।** टाण्डा, अम्बेडकरनगर

**दलित मासूम** बालक हत्याकांड में डॉग स्क्वायड टीम आने के बाद भी पुलिस अभी किसी नतीजे पर नही पहुंच सकी है।वहीं आज फॉरेन्शिक टीम आने वाली थी लेकिन किन्ही कारणों से नही आ सकी। वहीं पर कानूनी जानकारों का कहना है कि शव मिलने के चार दिन बाद डॉग स्क्वायड का जांच करना कोई मतलब नही है।अधिवक्ता हेलाल अशरफ ने कहा कि जिस दिन शव बरामद हुआ था उसी दिन उस इलाके को सील करके डॉग स्क्वायड बुलाते तो कुछ हद तक मामला सांमने आता चार दिन बाद कोई मतलब नही है।

पुलिस ने तेरह वर्षीय बालक हत्या कांड में बीते सोमवार को डॉग स्क्वायड टीम बुलवाई थी जो पूरे क्षेत्र में कई स्थानों पर भर्मण किया वहीं अभी तक फॉरेन्शिक टीम भी नही पहुंच सकी है।जबकि ऐसी घटनाओं में पहले दिन ही डॉग स्क्वायड व फॉरेन्शिक टीम को बुलाना चाहिए था। उक्त मामले पुलिस अभी तक घटना का कारण नही पता कर पा रही है कि 11 दिनों से गायब बालक की हत्या क्यों की गयी।

जबकि बालक के परिवार को कोई ऐसी दुश्मनी भी सामने नही आ रही है। मामला त्रिया चरित्र से जुड़ा है कि तंत्र मंत्र से कोई भी बात सामने नही आ पा रही है वहीं कोतवाल टाण्डा विजेंद्र शर्मा बताते हैं कि मामले की जांच हर पहलू पर की जा रही है।समय जो भी लगे घटना 100 प्रतिशत सही खुलेगी।जिसका प्रयास जारी है। घटना के खुलासे के लिए जहां पर सत्तादल के लोग लगे हैं वहीं पर भीम आर्मी भी मैदान में है। बालक सुभाष उर्फ डोकोमो का शव बीते शुक्रवार को दिन में दस बजे लगभग बरामद हुआ था उसके तीन दिन पूर्व कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पकड़ी भोजपुर में जमीनी विवाद में अंकित यादव की हत्या हो गयी थी जिसमे काफी बवाल हुआ था पुलिस इस घटना से उबर भी नही पाई थी कि बीते 23 नवम्बर की शाम से गायब 12 वर्षिय दलित बालक सुभाष उर्फ डोकोमो पुत्र लक्ष्मी प्रसाद निवासी मोहल्ला सकरावल का शव तीन दिसम्बर को मोहल्ले में ही एक घेरे की झाड़ी से क्षत विक्षत अवस्था मे बरामद हो जाता है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होती है कोतवाली टाण्डा पुलिस जो बीते 24 नवम्बर को ही बालक के अचानक गायब होने की रिपोर्ट अज्ञात के विरुद्ध धारा 363 अपहरण की दर्ज कर लिया था। उसमें धारा 302,201 आई पी सी की धारा बढाकर विवेचना कर रही है। मामले कई लोगों से पूछताछ भी हो चुकी है लेकिन कोई हल नही निकल सका है।

# किसानों को नि:शुल्क बीज तथा उर्वरक का किया गया वितरण



**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एंव प्रोधोगिकी विवि कुमारगंज अयोध्या के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के कुशल दिशा निर्देशन एवं निर्देश पर उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के फल विज्ञान विभाग द्वारा संचालित अखिल भारतीय समन्वित शुष्क क्षेत्र फल अनुसंधान परियोजना नई दिल्ली के सौजन्य से ग्राम सभा अकमा तथा धमथुआ जनपद अयोध्या के 71 अनुसूचित जाति के किसानों मे गेहूँ का बीज तथा उर्वरक वितरण एवं गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन सम्पन हुआ

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डा. ओपी राव अधिष्ठाता उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय द्वारा किसानों को बैज्ञानिक ढंग से गेहूँ की बुआई कर अपने आय को बढ़ाने के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। परियोजना के मुख्य अन्वेषक डा. हेमंत कुमार सिंह द्वारा गेहूँ का बीज एन. पीके. तथा ज़िंक सलफेट उर्वरक का वितरण कर गांव के अनुसूचित जाति के किसानों को लाभान्वित करते हुए गेहूं तथा अन्य पौधों में लगने वाले रोग के लक्षणों एवं उनके निदान के बारे में किसानों को जानकारी दी गई।

गेंहू का बीज मिलते ही किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गयी गोष्ठी में विवि के वैज्ञानिक एवं फल विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजय पाठक ने किसानों को घर के चारों तरफ फलदार पौधों को लगाने एवं उनकी पौष्टिकता तथा उपयोग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर बच्चों को वितरित की सामग्री

● बाबा साहब का महापरिनिर्वाण दिवस सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



कार्यक्रम में अतिथियों के साथ मौजूद बच्चे।

**अखिल भारतीय** विद्यार्थी परिषद बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस सामाजिक समरसता दिवस के रुप में मनाती है। स्टूडेंट फॉर सेवा के कार्यकर्ताओं ने नीवा में गरीब बच्चों की पढ़ाई के लिए चलाए जा रहे बस्ती की पाठशाला में पढ़ने वाले बच्चों के बीच समरसता दिवस मनाया।

अतिथियों द्वारा बच्चों को पढ़ाई से संबंधित सभी जरूरत की चीजें कॉपी पेंसिल रबड़ बैग सहित अन्य खाद्य सामग्री दो सौ बच्चों में वितरित किया गया। स्वामी कल्याणीनंद गिरि महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा स्वामी वैष्णवीनंद गिरि महंत किन्नर अखाड़ा एवं सदस्य जिला स्तरीय किन्नर बोर्ड प्रयागराज और अतिथि के रूप में राजीव कुमार मिश्रा सचिव हरिश्याम मानव कल्याण शिक्षा एवं शोध संस्थान प्रयागराज और पूर्व अपर आयुक्त जितेन्द्र कुमार के साथ स्टूडेंट फॉर सेवा के प्रांत सह संयोजक अनुपम त्रिपाठी शामिल थे।

महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा स्वामी कल्याणीनंद गिरि ने कहा कि स्टूडेंट फॉर सेवा के कार्यकर्ताओं द्वारा ऐसी पाठशालाओं को संचालित कर भारतवर्ष का नाम रोशन किया जा रहा है। इस बात को सत्य कर रहे हैं कि ज्ञान एक ऐसा सागर है। जिसको जितना बांटोगे उतना ही बढ़ता जाएगा। महंत किन्नर अखाड़ा स्वामी वैष्णवीनंद गिरि ने कहा कि स्टूडेंट फॉर सेवा के कार्यकर्ताओं द्वारा क्रांतिकारियों के नाम पर बस्ती की पाठशाला शुरू कर सराहनीय कार्य किया है।

पूर्व अपर आयुक्त जितेंद्र कुमार और राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि स्टूडेंट फॉर सेवा के कार्यकर्ताओं की बहुत अच्छी और सराहनीय पहल है। समाज के निचले तबके तक के विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं।

# केंद्र सरकार के मुकदमों के आवंटन में मनमानी जारी

● केंद्रीय कानून मंत्री की हिदायत भी हुई बेअसर

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**इलाहाबाद हाईकोर्ट** में केंद्र सरकार के मुकदमों की बंदरबांट को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। केस आवंटन की मनमानी के कारण आये दिन अपर सालिसिटर जनरल शशि प्रकाश सिंह को कोर्ट में हाजिर होकर फजीहत झेलनी पड़ रही है। अपर सालिसिटर जनरल का कहना है कि वह नोटिस लेने के दिन ही केन्द्र सरकार के पैनल अधिवक्ताओं को केस आवंटित कर देते हैं।

स्टाफका कहना है कि उन्हें एक एस जी आई से जैसा आदेश मिलता है। वह मातहत हैं पालन करते हैं। सरकारी वकीलों की शिकायत है कि नोटिस लेने के हफ्तों बाद फाइल बांटी जा रही है। कई बार केस कोर्ट में सूचीबद्ध होने के दिन दिया जाता है। जबकि इनसे पहले नोटिस लेने के दूसरे दिन आवंटित होकर वितरित कर दी जाती थी। केंद्र सरकार के पैनल अधिवक्ताओं ने संगठन से शिकायत की। संगठन भी एएसजीआई कार्यालय की मनमानी से नाराज़ हैं। कार्यकर्ताओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

आरोप है कि चुनिंदा कुछ अधिवक्ताओं को हर हफ्ते केस दिया जा रहा है और अधिकांश सरकारी वकीलों को महीनों बाद प्रोफार्मा केस दिया जा रहा है। जिन विभागों पैरा मिलिट्री फोर्स आदि के पैरोकार हाईकोर्ट आते हैं। इनके केस चुनिंदा वकीलों को ही आवंटित किते जाते हैं। जिनमें से पूर्णेन्दु सिंह कुलदीप सिंह चौहान विनय सिंह सुदर्शन सिंह जैसे आधे दर्जन वकील शामिल हैं। जब कोई एएसजीआई से शिकायत करता है ।

## मरीज के इलाज में नर्स की भूमिका बेहद अहम

**प्रयागराज।** अगर तुम न होते में दिखाया गया है कि एक नर्स ने मरीज का इलाज करने के लिए किस हद तक जा सकती है। ये कहानी नियति मिश्रा सिमरन कौर की है। जो एक यंग मेहनती और समर्पित नर्स है। दूसरी ओर अभिमन्यु पांडेय हिमांशु सोनी एक आकर्षक और अमीर लड़का है। लेकिन वो मानसिक रूप से अस्थिर है। ज़ी टीवी के नए रोमांटिक ड्रामा अगर तुम न होते में तुषार चावला के हिस्से में भी अपने संघर्ष और तब कहीं जाकर वो एक एक्टर बने। तुषार ने कभी एक्टर बनने की योजना नहीं बनाई थी लेकिन अपनी मां के कारण उन्होंने इसमें हाथ आजमाए। अपनी मां और अंकल के लगातार सपोटर से उन्हें कुछ पौराणिक शोज़ में सेकंड लीड भूमिकाएं भी मिलीं। जिससे वह और बेहतर करने के लिए प्रेरित हुए। कई सालों तक छोटे मोटे रोल्स और कुछ प्रोजेक्ट्स में काम करते हुए तुषार चावला ने अपनी जगह बनाई और अंततः उन्हें अगर तुम न होते में डा आनंद की भूमिका मिली।

# आरके ओझा अध्यक्ष एसडी सिंह जादौन महासचिव निर्वाचित

● मनोज कुमार मिश्र बने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष के साथ संयुक्त प्रेस और कोषाध्यक्ष की मतगणना जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



विजयी अध्यक्ष आर के ओझा और महासचिव सत्यधीर सिंह जादौन।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट** बार एसोसिएशन की 28 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए तीन प्रमुख पदों के नतीजे मतगणना के पांचवें दिन मंगलवार को घोषित कर दिए गए। तीनों पदों के लिए विगत चार दिन से चल रही मतगणना मंगलवार को पूरी हो गयी। एल्डर कमेटी के चेयरमैन शशि प्रकाश सिंह के अनुसार अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता और पूर्व अध्यक्ष राधाकांत ओझा ने जीत दर्ज की है। उन्हें 3275 वोट मिले हैं।

जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी अशोक कुमार सिंह को महज 2276 वोट पाकर दूसरे स्थान रहे। जबकि पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता को 1085 मत ही मिले। इस तरह राधाकांत ओझा ने अध्यक्ष पद पर 999 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की है। तीसरे नंबर पर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता आई के चतुर्वेदी को 1085 वोटों से ही संतोष करना पड़ा है।

इसी प्रकार राम औतार वर्मा को 385 एसी तिवारी को 226 बी डी पांडेय को 135 और अतुल पांडेय को 85 वोट मिले। वहीं महासचिव पद पर सत्यधीर सिंह जादौन ने जीत दर्ज की है। उन्हें 1951 वोट मिले। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी विक्रांत पांडेय को 345 वोटों से हराया है। विक्रांत पांडेय को 1606 वोट ही मिले। जबकि तीसरे स्थान पर रहे अखिलेश शर्मा को 1478 मत मिले।इसी प्रकार संतोष कुमार मिश्र को 673 शशि प्रकाश सिंह को 585 अच्युतानंद पांडेय को 517 अनुराधा सुंदरम को 294 विदेश्वरी प्रसाद को 179 लाल धारी राजभर को 138 और डा अखिलेश कुमार द्विवेदी को 28 वोट मिले।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मनोज कुमार मिश्र ने जीत दर्ज की है। उन्हें 2016 वोट मिले। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अमित कुमार को 134 वोटों के अंतर से हराया। अमित कुमार श्रीवास्तव को 1882 वोट मिले। जबकि तीसरे स्थान पर रहे।

## क्विक न्यूज

### चौदह वर्ष का बालक गुमशुदा

**अम्बेडकरनगर।** महरूआ थाना के गांव सेमरी मुशी रजा का पुत्र मो. अयूब अंसारी उम्र 14 वर्ष बीते 6 दिसम्बर से गायब है जो सेमरी चौराहा जाने को बताकर निकला था। शाम तक घर वापस नहीं लौटा तो घर वाले परेशान होकर खोजबीन शुरू कर दिये। हल्का हरा रंग का टीशर्ट पीले रंग का लोवर और में हवाई चप्पल पहना है। रंग सावला लम्बाई लगभग 5 फीट है। किसी व्यक्ति को दिखाई दे तो वह मोबाइल 9648339039, 9129300669 पर सूचित कर सकता है।

### नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प आयोजित

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** लाइफन्यूट्रास्यूटिकल्स एवं कुरमा मिरेकल ड्रग्स प्राइवेट लिमिटेड के तत्वावधान में नगर के आर्य कन्या इंटर कॉलेज के सामने रविवार को एक निशुल्क चिकित्सा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया जायेगा, साथ ही साथ रक्त का परीक्षण, बीपी, शुगर एवं अन्य परीक्षणों की भी व्यवस्था शिविर में रहेगी। उक्त जानकारी देते हुए शिविर के आयोजक डा रविकान्त त्रिपाठी ने बताया कि निशुल्क चिकित्सा शिविर में डॉक्टर आतिफ, डॉक्टर शशांक कुमार, डॉ रमाशंकर वर्मा के साथ कई अन्य चिकित्सक मौजूद रहकर लोगों का परीक्षण करेगें। उन्होंने बताया कि शिविर में कोविड-19 टीकाकरण भी होगा। टीका से छूटे सभी व्यक्ति आ करके अपने टीका की प्रथम या द्वितीय डोज लगवा सकते हैं

### सफाई कर्मियों ने चलाया सफाई अभियान

**भीटी, अम्बेडकरनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीटी पर सफाई कार्यक्रम जोरों पर रहा एडीओ पंचायत उमाशंकर की देखरेख में मंगलवार को सफाई कर्मियों द्वारा अभियान चलाकर साफसफाई का कार्य किया गया और सफाई अभियान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सफाई कर्मचारी विजय कुमार और सहयोग में लगे देवी प्रसाद लल्लन प्रसाद सुनील कुमार आसाराम महेश प्रसाद पाल राजेंद्र कुमार राजेंद्र प्रसाद जी आराम वर्मा समेत मौजूद रहे वही पर सामुदायिक केंद्र भीटीमें सफाई अभियान सफल बनाने के लिए जागरूक रहने वाले ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक बीपीएम कमलेश यादव बीपी सीएचसी अधीक्षक आशुतोष श्रीवास्तव डॉक्टर एपी सिंह एवं समस्त स्टाफने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### सड़क सुरक्षा सप्ताह के दूसरे दिन कार्यशाला आयोजित

**अम्बेडकरनगर।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के आज दूसरे दिन एआरटीओ कार्यालय में वाहन चालको एवं रोडवेज के चालकों तथा उनके पदाधिकारियों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें एआरटीओ बीडी मिश्रा द्वारा मोटर वाहन नियमों के बारे में डिस्टिक जानकारी दी गई जिससे कार्यशाला में ज्यादा से ज्यादा वाहन चालक उपस्थित रहे कार्यशाला में मुख्य रूप से उप संभागीय अधिकारी एआरटीओ बीडी मिश्रा आर आई विपिन कुमार पी टी ओ प्रमोद कुमार डी बी ए विनय कुमार पांडे सहित रोडवेज अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में घायल

**भीटी, अम्बेडकरनगर।** सोमवार की शाम करीब 7 बजे अपने घर जा रहा युवक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ट्रक के नीचे घुस गया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर जनपद के मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के विभारपुर निवासी विजय जायसवाल (36) शाम करीब 7 बजे अपने घर जा रहे थे। महरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत सरहरी गांव के समीप सड़क किनारे खड़ी ट्रक में अनियंत्रित होकर पीछे से घुस गए। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से ग्रामीणों ने एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### प्राइवेट दुकानदारों की मनमानी पर नहीं हो रही रोक

**अम्बेडकरनगर।** जिले में प्राइबेट खाद दुकानदार किसानो को मनमानी तरीके से खाद का पैसा वसूल रहे है लेकिन जिले के आलाधिकारी न कोई छापेमारी कर रहे है न कोई कार्यवाही कर रहे है जिससे किसानों को मंहगे दाम पर खाद खरीदना पड़ रहा है कृषि विभाग का जब कोई अधिकारी कहीं पर भी छापा डालने जाते हैं। तो उनके अपने साथ के ही लोग उस रूट के दुकानदार को अवगत करा देते हैं। तो वह दुकानदार अपनी दुकान बंद करके चला जाता है। जिससे दुकानदारों पर कार्यवाही कम ही हो पाती है।

### श्री राम विवाह महोत्सव मनाया जायेगा

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** नगर के मुहल्ला मुबारकपुर में राम विवाह सेवा समिति के तत्वावधान में श्री राम विवाह महोत्सव पूरी भव्यता के साथ मनाया जायेगा। श्री राम विवाह महोत्सव के संयोजक पंडित गौतम उपाध्याय की अगुवायी में भगवान श्री राम के विवाह उत्सव की तैयारी पूरी हो चुकी है।

## आयुर्वेद विश्वसनीय के रूप में स्थापित: डॉ. राम

**प्रयागराज।** आयुर्वेदिक विज्ञान के महत्व को और आगे बढ़ाते हुए चरक फार्मा समूह के वेदिस्ट्री ने पाचन संबंधी आम व्याधियों के लिए सर्वांगीण समाधान पेश किया है। दीप्या के नाम से ब्रांडेड चरक फार्मा समूह द्वारा प्रस्तुत यह औषधीय सूत्र पाचन से सम्बंधित सभी समस्यायों का एकल समाधान है। उन्नीस शक्तिशाली पाचक आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों से समृद्ध दीप्या अपच गैस पेट फूलना भोजन के बाद भारीपन से मुक्ति दिलाने में मदद करेगा और पाचन क्रिया के समग्र सुधार में सहयता प्रदान करेगा। इस नई पेशकश के बारे में चरक फार्मा के निदेशक डा राम एच श्रौफ़ ने कहा किपिछले चौहत्तर वर्षों में चरक फार्मा ने खुद को आयुर्वेद के क्षेत्र में सबसे अधिक विश्वसनीय ब्रांड के रूप में स्थापित किया है। हमारे उत्पादों ने न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर भी सर्वोच्च नुस्खे बनने की दिशा में प्रगति हासिल की है। दीप्या की प्रस्तुति के साथ हमें एक और समाधान देने में खुशी हो रही है।

# दूसरे दिन भी लापता छात्र का पता नहीं चला



**जाना बाजार अयोध्या।** सोमवार की सुबह आठ बजे विद्यालय के लिए घर से निकला 14 वर्षीय छात्र घर वापस देर शाम तक नहीं पहुंचा। छात्र के देर शाम तक घर न पहुंचने पर घर में कोहराम मच गया। शुभचिंतक और परिजनों ने इसकी सूचान पुलिस को देकर नाते रिश्तेदारों सहित नदी तालाबों में खोजबीन शुरू कर दिया। वहीं दूसरे दिन शाम तक छात्र का कुछ भी पता नहीं चला है।

थाना क्षेत्र हैदरगंज के जाना बाजार तकियवा निवासी रिजवान पुत्र अकरम 14 वर्ष बाजार स्थिति अवध विद्या मंदिर में कक्षा 7 का छात्र है सोमवार की सुबह रिजवान पढ़ने के लिए घर से सुबह 8 बजे निकला था। जो देर शाम तक वापस नहीं लौटा तो परिजन परेशान होकर उसके विद्यालय पहुंचे जहां उन्हें जानकारी हुई कि लगभग डेढ़ महीने से ऊपर वह विद्यालय नहीं आ रहा है।

जानकारी देते हुए बड़े अब्बू जानमोहम्मद ने बताया कि घर वापस ना आने पर परिवार वालों के साथ कुआं, पोखरो व पलटू वीर नदी, चपरघटा पुल तकमीनगंज बिसुही नदी के आसपास खोजबीन किया ।

परंतु रिजवान का कहीं कोई पता नहीं चला अनहोनी की घटना मान इसकी सूचना पुलिस को भी दी गई है वही अवध विद्या मंदिर विद्यालय के प्रबंधक मनीष तिवारी ने बताया कि अगस्त लास्ट में रिजवान का नाम विद्यालय में अभिभावक द्वारा लिखा गया था । शुरू शुरू में लगभग 10 दिन रिजवान विद्यालय में पढ़ने के लिए आया उसके बाद लगातार लगभग डेढ़ महीने से ऊपर बीतने को है वह विद्यालय नहीं आया है। जबकि उसके साथ ही पड़ रहे एक बच्चे के विद्यालय आए अभिहक से रिजवान के परिजनों को आगाह भी कराया था।

परंतु उसके बावजूद भी रिजवान विद्यालय नहीं आ रहा था। रिजवान के गायब होने की जानकारी सोमवार को पता लगा है। थाना अध्यक्ष हैदरगंज राजेश कुमार मिश्रा ने बताया बालक के गुम होने की जानकारी है। पुलिस भी खोजबीन में लगी है। परिजनों को गुमशुदगी लिखाने के लिए तहरीर देने की बात कहा गया है।

# लोक अदालत का आयोजन 11 को

**अयोध्या।** माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं माननीय उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र संख्या. 253072021 कंजमक 03022021 के अनुपालन में दिनांक 11122021 ;दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन श्री ज्ञान प्रकाश तिवारी माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फैजाबाद की अध्यक्षता में रिचा वर्मा सचिव जिला विधिक विधिक सेवा प्राधिकरण फैजाबाद के देख.रेख में जनपद न्यायालय परिसर फैजाबाद में किया जा रहा है। जिसका व्यापक प्रचार.प्रसार किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादो को आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराया जा सकता है।

इसी अनुक्रम में आज दिनांक 07122021 को माननीय मोटर दुर्घटना प्रतिकर न्यायाधिकरण फैजाबाद परिसर में समस्त बीमा कम्पनियों उप्र राज्य परिवहन निगम के अधिकारियों एवं अधिवक्तागण के साथ प्री.ट्रायल बैठक आहूत की गयी। बैठक में कुल 24 मुकदमों पर सुलहवार्ता की गयी। राजपति बनाम राजेश जायसवाल में मु295000् रूपये ननकू बनाम इफ्को टोकियों में ् रूपये एवं प्राणपति बनाम न्यू इण्डिया में मु394000 रूपये एवं राम कुमार बनाम के दो मुकदमों पर भी सहमति बनी है।

प्री.ट्रायल बैठक श्री भूदेव गौतम माननीय पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना प्रतिकर न्यायाधिकरण फैजाबाद की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। प्री.ट्रायल बैठक में न्यू इण्डिया इन्श्योरेन्स कम्पनी के प्रबन्धक सूरज पाल सिंह सहायक प्रबन्धक दुर्गेश कनोजिया एवं अधिवक्तागण में बब्बन प्रसाद चैबे केएन मिश्र ऋषि कुमार मिश्रा पंकज कुमार मिश्रा सुबीर कुमार द्विवेदी राजीव कुमार श्रीवास्तव जेपी सिंह डीडी पाठक राकेश चैरसिया अशोक कुमार दूबे रत्नेश सिंह अनीता पाठक मयंक रंजन राधा रमण सिंह रमेश कुमार पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# राममंदिर मुक्ति आंदोलन में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा कन्हैया दास का नाम

● श्रीराम मंदिर आंदोलन के पुरोधा महंत कन्हैया दास को अयोध्या के संतों महंतों ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि आंदोलन में अतुलनीय योगदान के लिए सनकादिक आश्रम महंत व अयोध्या संत समिति के अध्यक्ष कन्हैयादास रामायणी हमेशा याद किया जाएगा यह विचार श्रद्धांजलि सभा में संतो .धर्माचार्यों ने कही। मंगलवार को सनकादिक आश्रमए रामकोट में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

जहां संत धर्माचार्यों ने साकेतवासी महंत कन्हैयादास रामायणी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सभा की अध्यक्षता करते हुए ने मणिरामदास छावनी उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास महाराज ने कहा कि महंत कन्हैयादास अब हम सबके बीच में नही हैं। लेकिन राममंदिर के प्रति उनके द्वारा किए गए योगदान को संत व हिंदू समाज कभी नही भूलेगा। रामजन्मभूमि को मुक्त कराने में उनका नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा जायेगा। दिगंबर महंत सुरेश दास महाराज ने कहा कि साकेतवासी महंत राममंदिर आंदोलन में महानायक थे।

वह शुरू से ही मंदिर आंदोलन में जुड़े रहे। आंदोलन में उनकी गणना अग्रणी योद्धाओं में होती थी। महंत आज हम सबके बीच में नही हैं। हम साधु.संत उन्हें भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित करते हैं। श्रीरामवल्लभाकुंज अधिकारी राजकुमार दास ने कहा कि महंत कन्हैया दास का यूं ही चले जाना संत समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है जिसकी भविष्य में भरपाई करना बहुत ही मुश्किल है।

राममंदिर के प्रति उनके द्वारा किए गए योगदान को हम कभी नही भूल सकेंगे। रसिक पीठाधीश्वर जन्मेजय शरण ने कहा कि महंत कन्हैयादास हम लोगों के बीच में नही हैं। लेकिन उनकी यश और कीर्ति हमेशा रहेगी।

## छज्जे में लगे हुक से धोती के सहारे लटका मिला विवाहिता का शव

**मिल्कीपुर अयोध्या।** खंडासा थाना क्षेत्र के कलुआमऊ गांव में विवाहिता ने घर के छज्जे में लगे हुक से लटक कर आत्महत्या कर लिया है। मौके पर पहुंची खंडासा पुलिस घटना की छानबीन में जुटी है। पुलिस को अभी विवाहिता के मायके वालों का इंतजार है। जानकारी के मुताबिक कलुआ मुंह गांव निवासी राममिलन रैदास के बेटे राजेंद्र प्रसाद की शादी बीते 2 माह पूर्व सुल्तानपुर जनपद के सरैया गांव से हुई थी। शादी के बाद विवाहिता सन्नू देवी अपनी ससुराल आ गई थी। सोमवार की देर रात सन्नू देवी ने घर के आंगन में दीवाल से सटाकर चारपाई खड़ी कर दी और चारपाई के सहारे ऊपर चढ़कर मर्दाना धोती के सहारे छज्जे के हुक में लटक कर चारपाई को धकेल दिया। जिसके चलते विवाहिता की मौत हो गई है। राजेंद्र के परिवार में कोहराम मच गया और भारी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी खंडासा पुलिस को दी।

# एचआईवी को लेकर जागरूकता जरूरी: डॉ. दिनेश मणि

● मैत्री मैच में एचआईवी पाजिटिव की टीम ने मारी बाजी

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



विजेताओं को ट्राफी प्रदान करते डॉ. दिनेश मणि त्रिपाठी।

**विश्व एड्स दिवस** के मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक जिला एडस रोकथाम एवं नियंत्रण इकाई प्रयागराज की ओर से कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रयागराज में एचआईवी और एड्स के प्रति जनजागरुकता हेतु क्रिकेट मैच का आयोजन के पी इंटरमीडिएट कालेज प्रयागराज के क्रीड़ा स्थल पर किया गया।

जागरुकता मैच में एक टीम एचआईवी और एड्स से संक्रमित और प्रभावित लोगों की एवं दूसरी टीम डाक्टर्स स्वास्थ्य कर्मियों की रही। मैच में एचआईवी एड्स संक्रमित लोगों की टीम ने चार विकेट से बाजी मारी। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड प्रयागराज के वरिष्ठ सदस्य एवं वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ. दिनेश मणि त्रिपाठी रहे।

जबकि विशिष्ट अतिथि किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर स्वामी कल्याणीनंद गिरि और राष्ट्रीय सनातन सेना के मुख्य संरक्षक अभय नारायण पाण्डेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड प्रयागराज के वरिष्ठ सदस्य और वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ. दिनेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि मैच के माध्यम से इस वर्ष की विषय वस्तु को सार्थक करने का प्रयास किया गया। लोगों को एड्स की बीमारी के प्रति जागरूक किया गया। मैच के जरिए एड्स के मरीजों से भेदभाव खत्म करने एड्स को समाप्त करने और दूसरी बीमारियों को खत्म करने का लोगों को संदेश दिया गया।

मैच के द्वारा एक प्रयास किया गया कि जन साधारण में यह संदेश जाए कि एड्स की वजह से लोगों को समाज और परिवार से उपेक्षा मिलती है। उनका जीवन नारकीय हो जाता है लेकिन एड्स के प्रति लोगों को जागरूक कर इससे न केवल लड़ा जा सकता है बल्कि इस बीमारी को दूसरों में फैलने से भी रोका जा सकता है। समाज के लोगों को इस भयावह बीमारी को लेकर और जागरूक होना होगा तभी इससे लोग बच सकेंगे।

इस अवसर पर स्वामी कल्याणीनंद गिरि महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा स्वामी वैष्णवीनंद गिरि महंत किन्नर अखाड़ा सदस्य जिला स्तरीय किन्नर बोर्ड उत्तर प्रदेश प्रयागराज राजीव कुमार मिश्रा सचिव हरिश्याम मानव कल्याण शिक्षा एवं शोध संस्थान प्रयागराज डा हरि प्रकाश यादव प्रधानाचार्य मथुरा प्रसाद इण्टर कालेज आजमगढ़ संरक्षक उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट पूर्व अपर आयुक्त कृष्ण चन्द्रा और पूर्व अपर आयुक्त जितेंद्र कुमार केपी इण्टर कालेज के खेल प्रवक्ता उमेश खरे और कुलभाष्कर इण्टर कालेज के खेल प्रवक्ता बृजेश कुमार खरे आदि उपस्थित रहे।

# दोहरी चुनौती

## डेल्टा के साथ ओमीक्रान

**भारत** में विचित्र स्थिति पैदा हो रही है। कोरोनावायरस के नए रूप ओमीक्रान ने पांच राज्यों में सिर उठाया है। इसके साथ ही कोविड-19 के संभवत: डेल्टा स्वरूप कें नए मामले आठ राज्यों से सामने आ रहे हैं। जहां वैज्ञानिक दो स्वरूपों के बीच अंतर का अध्ययन कर रहे हैं, वर्तमान समय में रोगियों पर उनका समान प्रभाव दिखता है। अब तक वे बिना लक्षणों वाले हैं या उनके मामूली लक्षण दिखे हैं तथा उनमें गंभीर चिकित्सकीय हस्तक्षेप की जरूरत नहीं आई है। देश में वैश्विक महामारी के नवीनतम उभार के चार आयामों पर गौर करना चाहिए। कर्नाटक में बिना किसी यात्रा इतिहास के एक व्यक्ति को ओमीक्रान संक्रमण हुआ। ओमीक्रान से लोग प्रभावित हो रहे हैं, भले ही उनके टीकाकरण की स्थिति चाहे जो हो। यह चिन्ताजनक बात है कि इससे किशोर भी प्रभावित हो रहे हैं, जैसा कि गुजरात में पाया गया है। भारत में दोनों स्वरूपों के क्लस्टर संक्रमण पाए गए हैं। ओमीक्रान क्लस्टर महाराष्ट्र और कर्नाटक में पाए गए हैं। गैर-ओमीक्रान कोविड-19 क्लस्टर तेलंगाना और महाराष्ट्र में पाए गए हैं। तेलंगाना में एक मेडिकल कालेज के 40 से अधिक छात्र कालेज में एक आयोजन के बाद संक्रमित पाए गए जिसमें वे मास्क नहीं लगाए थे। कर्नाटक के एक स्कूल और एक कालेज में अलग-अलग क्लस्टर पाए गए। इनमें फ्रेशर्स पार्टी के बाद 300 से अधिक छात्र व कर्मचारी शामिल थे। तेलंगाना सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक डा. जी. श्रीनिवास ने चेतावनी दी है कि जनवरी के मध्य तक कोविड के मामले बढ़ सकते हैं तथा उनकी संख्या फरवरी में शिखर पर पहुंच सकती है।



सरकार का चिकित्सकीय ढांचा पहले ही नई लहर का सामना करने के लिए तैयार हो, पर इसके साथ ही यह तथ्य भी है कि अब तक टीकाकृत या उससे वंचित रोगियों में ओमीक्रान संक्रमण गंभीर नहीं दिखा है। ऐसे में सरकार को दो मुद्दों का सामना है। पहला यह है कि वायरस के मनुष्यों में प्रसार को कैसे घटाया जाए। इसका एकमात्र विकल्प देश में व्यापक पैमाने पर स्क्रीनिंग करना है जिनमें खासकर हवाईअड्डे, रेलवे स्टेशन तथा अन्य सार्वजनिक परिवहन केन्द्र हैं। पाजिटिव पाए गए लोगों को अनिवार्य क्वारंटीन में भेजना समय की आवश्यकता है। केन्द्र को राज्यों के साथ समन्वय बना कर टेस्टिंग व टेऔसिंग तेज करनी चाहिए। हवाईअड्डों व रेलवे स्टेशनों को बंद करना उस समय तक उचित नहीं होगा जब तक संक्रमण इतना गंभीर न हो जाए कि उससे जटिलतायें व मौतें सामने आने लगें। सरकार को बच्चों के टीकाकरण का निर्णय भी जल्दी लेना होगा। भारत में 12-17 आयुवर्ग के लगभग 14 करोड़ बच्चे हैं। अधिकांश पहले ही डेल्टा स्वरूप का सामना कर चुके हैं। ओमीक्रान अब गुजरात में इस वर्ग के बच्चों को संक्रमित करने लगा है। भारत की खास स्थिति है। एक ओर डेल्टा के स्थानीय प्रकोप उन क्षेत्रों में दिख रहे हैं जहां लोग अब तक संक्रमित नहीं हुए थे, वहीं दूसरी ओर ओमीक्रान के रूप में परिवर्तित वायरस भी आ गया है। हमें इस दुहरे हमले के प्रभावों का तत्काल आंकलन करना चाहिए। कोविड-19 टास्क फोर्स को दो मुद्दों से निपटना होगा। पहला, अब तक हमने बच्चों के टीकाकरण की प्रतीक्षा की है, ऐसे में क्या हमें बच्चों की नई वैक्सीन के लिए और प्रतीक्षा करनी चाहिए जो नए और भावी स्वरूपों से उनकी रक्षा कर सके? दूसरा, दक्षिण अफ्रीका के मामलों से स्पष्ट है कि ओमीक्रान पहले संक्रमित हो चुके लोगों को भी संक्रमित कर रहा है। ऐसे में सवाल है कि क्या ओमीक्रान में वैक्सीन से पैदा प्रतिरक्षा को धोखा देने की क्षमता है?

# एमएसपी व्यवस्था छोड़े भारत

सरकार को किसानों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण पर विचार करना चाहिए। इससे वर्तमान एमएसपी व्यवस्था में व्याप्त कमियां और दुरुपयोग समाप्त करने में मदद मिलेगी।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



कोरोनावायरस के नए स्वरूप ओमीक्रान के सिर उठाने को देखते हुए विश्व व्यापार संगठन-डब्लूटीओ की बारहवीं मंत्रिस्तरीय कान्फ्रेंस-एमसी की 30 नवंबर को होने वाली बैठक अनिश्चित काल के लिए टाल दी गई है। सरकार को इस मौके का लाभ उठा कर समान सोच वाले विकासशील देशों से विचार-विमर्श कर समन्वय के साथ साझा रणनीति तैयार करनी चाहिए। इसमें इन क्षेत्रों पर ध्यान देने की आवश्यकता है-1. खाद्य सुरक्षा के लिए सार्वजनिक स्टाकहोल्डिंग-पीएसएच का स्थाई समाधान, 2. विकासशील देशों के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था-एसएसएम, 3. मछली सब्सिडी में वर्तमान असमानतायें दूर करना, 4. कोविड-19 वैक्सीन तैयार करने के लिए पेटेंट हटाना तथा 5. डब्लूटीओ में सुधार। भारत खाद्य सुरक्षा के लिए सार्वजनिक स्टाकहोल्डिंग का व्यापक कार्यक्रम चलाता है। इसके अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई जैसी सरकारी एजेंसियां गेंहू, चावल व मोटे अनाज जैसे कृषि उत्पाद न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर किसानों से खरीदती हैं तथा उनको अत्यधिक सस्ती 1, 2, 3 रुपये प्रति किलो की कीमत पर सस्ते राशन की दूकानों से वितरित करती हैं ताकि भारत के गरीबों और संकटग्रस्त तबकों की जरूरतें पूरी हो सकें। बिक्री मूल्य के अतिरिक्त एमएसपी के साथ ही हैंडलिंग, भंडारण व वितरण पर आने वाला खर्च केन्द्रीय बजट से सब्सिडी के रूप में दिया जाता है।

इसमें किसानों को एमएसपी के अतिरिक्त सब्सिडी शामिल है। इसे डब्लूटीओ की शब्दावली में अंतरराष्ट्रीय कीमत या एक्स्टर्नल रिफ्रेंस प्राइस-ईआरपी कहते हैं। इसके अलावा खाद्य उपभोक्ता को ईआरपी के अतिरिक्त सब्सिडी दी जाती है। डब्लूटीओ को 'उत्पाद संबंधी' सब्सिडी के साथ ही कृषि निवेशों जैसे उर्वरक, बीज, सिंचाई, बिजली, आदि पर दी जाने वाली सब्सिडी से चिन्ता है जिनको 'गैर-उत्पाद संबंधी' सब्सिडी कहा जाता है।

डब्लूटीओ के अंतर्गत कृषि समझौते-एओए में उत्पाद व गैर-उत्पाद सब्सिडी या कुल सहायता-एएमएस को विकसशील देशों के कृषि उत्पाद मूल्य के 10 प्रतिशत तक सीमित किया गया है। यदि कोई देश एएमएस के 10 प्रतिशत से अधिक सब्सिडी देता है तो यह उल्लंघन होगा। एओए 1 जनवरी, 1995 से लागू है। भारत में 2005 तक एमएसपी ईआरपी से कम था। इसके बाद एमएसपी ईआरपी से अधिक हो गया तथा पिछले दशक में यह अंतर बढ़ा है। उदाहरण के लिए, मई 2018 में अमेरिका द्वारा डब्लूटीओ को दिए प्रतिवेदन के अनुसार 2013-14 में भारत का चावल पर एएमएस 77 प्रतिशत था। वर्तमान समय में भारत को 'शांति प्राविधान' के अंतर्गत संरक्षण मिला है जिसकी अनुमति 2013 में बाली की नवीं एमसी में दी गई थी। इसमें कहा गया था, 'यदि कोई विकासशील देश 10 प्रतिशत से अधिक एएमएस देता है तो किसी सदस्य को इसे 2017 तक चुनौती देने का अधिकार नहीं होगा, जब डब्लूटीओ इसके स्थाई समाधान पर गौर करेगा।'

दिसंबर 2014 में आयोजित जनरल कौंसिल-जीसी में इस अनुमति के बारे में कहा गया है, 'शांति प्राविधान उस समय तक लागू रहेगा जब तक कोई स्थाई समाधान न निकाला जाए।' लेकिन शांति प्राविधान कोई समाधान नहीं है क्योंकि इसके साथ अनेक शर्तें जुड़ी हैं। इनमें खाद्यान्न खरीद, स्टाकहोल्डिंग, वितरण और सब्सिडी का डेटा देना शामिल है। इनमें यह शर्त भी शामिल है कि सब्सिडी 'व्यापार विकृत' करने वाली न हों। इससे भारत की स्थिति संकटग्रस्त हो जाती है क्योंकि 2018-19 में शांति प्राविधान लागू करने के बाद कुछ देश 'सुरक्षा' और 'पारदर्शिता' प्राविधान लागू करने की मांग कर रहे हैं। इसलिए भारत एक 'स्थाई समाधान' खोज रहा है। उसने 'खाद्य सुरक्षा के लिए पीएसएच सहायता को पूर्ण अपवाद' मानने की पैरवी की है। लेकिन यह कोरी कल्पना है क्योंकि इससे सीमा की अवधारणा अर्थहीन हो जाएगी और इसका अर्थ एओए को पुन: तैयार करना होगा। एक व्यावहारिक विकल्प एओए के अंतर्गत एएमएस तय करने में कमियां दूर करना होगा। ईआरपी को 1986-88 की कीमत पर लिया जाता है, जबकि एमएसपी संबंधित वर्ष के लिए होती है। गरीब किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी अलग नहीं की जाती है। पीएसएच के लिए खरीदी मात्रा के बजाय पूरी मात्रा की गणना होती है। इन विकृतियों को दूर करने पर एमएसपी 10 प्रतिशत सीमा के भीतर आ जाएगा जिसकी अनुमति है। इस दृष्टिकोण से 2013-14 में चावल पर अमेरिकी प्रतिवेदन के अनुसार 77 प्रतिशत के बजाय एएमएस केवल 5.45 प्रतिशत था। लेकिन केवल इतने से एमएसपी तथा इसके बाद खरीद बढ़ाने में सहायता नहीं मिलेगी। सटीक गणना के बाद भी एएमएस वर्तमान सीमा के 10 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। 2018-19 में यह चावल पर 11 प्रतिशत से अधिक था।

यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एमएसपी को विधिक गारंटी देने की बात मान लेते हैं तो भारत को और बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में सरकार को सभी किसानों का सारा उत्पाद खरीदना पड़ेगा, जबकि वर्तमान समय में यह केवल 6 प्रतिशत है। इससे एएमएस असाधारण रूप से बढ़ेगा। यह 'खाद्य सुरक्षा के लिए पीएसएच कार्यक्रम' में भी नहीं आ सकता है क्योंकि यह खरीद गरीबों को भोजन देने के बजाय केवल किसानों का समर्थन करने के लिए होगी। भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण से भारत को अमेरिका व यूरोपीय संघ जैसे विकसित देशों की तरह किसानों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी पर विचार करना चाहिए। इससे डब्लूटीओ नियमों का पालन सुनिश्चित होने के साथ ही वर्तमान एमएसपी व्यवस्था में शामिल कमियां और विकृतियां दूर करने में भी सहायता मिलेगी। जहां तक एसएसएम का सवाल है, यह सदस्यों को बढ़ते आयात तथा उसके कारण गिरती कीमतों से निपटने में 'प्रतिबद्ध स्तरों' के बजाय अस्थाई रूप से टैरिफबढ़ाने की अनुमति देता है जो बाउंड रेट समझौते के अंतर्गत सदस्य देश द्वारा लागू की जा सकने वाली अधिकतम अनुमन्य ड्यूटी है। 2015 में नैरोबी की 10वीं एमसी में विकासशील देशों का एसएसएम अधिकार माना गया था जिसकी अनुमति हांगकांग मंत्रिस्तरीय घोषणा से मिली थी। लेकिन यह भारत द्वारा एओए के अनुच्छेद 5 में संशोधन की मांग के निकट नहीं है जिससे विकसित देशों को विशेष कृषि सुरक्षा-एसएसजी के अंतर्गत कुछ रियायतें मिलती हैं। 2018 में विकसित देशों ने मछली पकड़ने पर भारी सब्सिडी दी थी, जबकि यह भारत में केवल 227 मिलियन डालर थी। इससे विकसित देश दुनिया की अधिकांश मछलियां पकड़ते हैं, जबकि छोटे मछुआरों को आजीविका के लिए संघर्ष करना पड़ता है। भारत ने प्रस्ताव किया है कि विकसित देश अगले 25 साल में अपनी सब्सिडी समाप्त करें तथा विकासशील देशों को और मछलियां पकड़ने के लिए सब्सिडी की अनुमति दें। वह समझौते में विशेष एवं भिन्न व्यवहार-एसएंडडीटी की मांग करता है।

भारत ने दक्षिण अफ्रीका के साथ अक्टूबर, 2020 में एक प्रस्ताव कर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातस्थितियों से निपटने के लिए ट्रिप्स को अस्थाई रूप से स्थगित करने की मांग की थी। हालांकि, इसे अमेरिका समेत बहुसंख्य देशों का समर्थन मिला है, पर यूरोपीय संघ व ब्रिटेन इसका विरोध कर रहे हैं। अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने डब्लूटीओ की विवाद समाधान संस्था-डीएसबी में सदस्यों की नियुक्ति पर रोक लगा दी थी। यह संस्था डब्लूटीओ नियमों के उल्लंघन की स्थिति में विवादों का समाधान करती है।

वर्तमान समय में इस संस्था में निर्धारित सात सदस्यों के बजाय केवल एक सदस्य है। ऐसे में विवाद समाधान प्रक्रिया को गहरा धक्का लगा है। संक्षेप में कहा जाए तो भारत को एमएसपी का रास्ता छोड़ कर किसानों की सुरक्षा के लिए डीबीटी का रास्ता अपनाना चाहिए। एसएसम, मछली पकड़ने पर सब्सिडी तथा कोविड-19 के लिए ट्रिप्स को स्थगित रखने के मामले में इसे समान सोच वाले सभी विकासशील देशों से समर्थन प्राप्त करने के प्रयास करने चाहिए। प्रस्ताव मंजूर करवाने के लिए खासकर जी-33 का समर्थन उपयोगी होगा। जहां तक डब्लूटीओ में सुधार का सवाल है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को समझाना होगा कि वे अमेरिकन वीटो हटा दें।

# नागालैंड घटना पर आत्मनिरीक्षण की जरूरत

"इस तरह के शत्रुतापूर्ण एजेंडे देश की सुरक्षा को क्षति पहुंचाने वाले अवसर को जाने नहीं देंगे। आखिर उनका एकमात्र मकसद भारत पर आघात करना है।"

**जयदीप सैकिया**
(लेखक एक संघर्ष विश्लेषक हैं)



नागालैंड के मोन जिले के तिरु इलाके में 4 दिसंबर की घटना, जब सुरक्षा बलों द्वारा गलत पहचान के मामले में कुछ लोग मारे गए थे, शायद हाल के दिनों में अप्रिय घटनाओं में से एक है, और एक जिसे सुरक्षा बलों द्वारा वास्तव में खेद व्यक्त किया गया है। लेकिन तथ्य यह है कि यह एक अजीबोगरीब घटना थी और जिस तरह से कर्नल विप्लव त्रिपाठी और उनके निर्दोष परिवार की मणिपुर में हत्या की गई थी, यह पूर्व नियोजित नहीं था। उस अंत तक, इस प्रकरण का इलाज किया जाना चाहिए, एक ऐसी असंगति जिसके लिए वास्तव में एक ऐसी ताकत द्वारा पश्चाताप किया गया है जिसने न केवल उत्तर पूर्व की सुरक्षा में योगदान दिया है, बल्कि इसके सर्वांगीण कल्याण में भी योगदान दिया है।

यदि इस घटना को भारत-विरोधी ताकतों द्वारा अपहृत करने की अनुमति दी जाती, जो इस तरह के अवसर के लिए विस्तार को परिमार्जन करते रहे हैं, तो एक बड़ी गलती की जाएगी। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के राज्य सुरक्षा मंत्रालय और पाकिस्तान की इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस जैसी एजेंसियां ? ?या तो अलगाव में या एजेंडा की एकजुटता में भारतीय सुरक्षा बलों को आतंकवाद विरोधी अभियानों और उनके प्राथमिक सीमा प्रबंधन से दूर करने का प्रयास कर रही हैं। कर्तव्य। वास्तव में, ये एजेंसियां उत्तर-पूर्व के शांतिप्रिय लोगों को भारत विरोधी कार्रवाई के लिए उकसाने का कोई रास्ता नहीं छोड़तीं, जब विपथन उनके रास्ते में आते हैं जैसा कि वास्तव में सोम में हुआ था। इस तरह के शत्रुतापूर्ण एजेंडे - जैसा कि अतीत में बार-बार देखा गया है, असम, कश्मीर और मणिपुर और भारत में कहीं और - देश की सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने के अवसर को जाने नहीं देंगे। आखिरकार, उनका एकमात्र मकसद भारत को हजारों आघातों के साथ खून करना और 'सौ प्रैरी फायर' स्थापित करना है, जो न केवल एक क्षेत्रीय शक्ति के रूप में भारत की बढ़ती शक्ति को विफल करने की कोशिश करेगा, बल्कि अपने सुरक्षा बलों पर अपमान का ढेर लगाएगा। देश की आबादी को विकास वक्र और ऊपर की ओर गतिशीलता से गुमराह करने के लिए जिसे राष्ट्र हासिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सोम घटना स्टॉक लेने के अभ्यास के लिए एक आदर्श अवसर प्रदान करती है। हालांकि यह विश्लेषण किया गया है कि प्रकरण निश्चित रूप से था - शेक्सपियर से एक कालातीत अभिव्यक्ति को स्पष्ट करने के लिए एक था - एक जिसे हमेशा पालन की तुलना में उल्लंघन में अधिक सम्मानित किया गया है, इस मामले का तथ्य यह है कि सुरक्षा बलों ने निश्चित और विश्वसनीय जानकारी है कि एक आतंकवादी संगठन, अर्थात् नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड (खापलांग-युंग आंग) गुट नागालैंड के मोन जिले में तिरु के आसपास के क्षेत्र में छल करने के उद्देश्य से क्षेत्र में था। इसलिए, देशद्रोहियों के नापाक मंसूबों का मुकाबला करने के लिए क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा एक ऑपरेशन की योजना बनाई गई थी। ल%एफ़ेयर मोन उन घटनाओं के कारण हुआ, जिसमें तैयारी और कर्तव्य की भावना दोनों शामिल हैं, जिसके साथ सुरक्षा बल 13 नवंबर की घटना को दोहराने की कोशिश कर रहे थे, जब कर्नल के परिवार के रूप में गैर-लड़ाकों को निर्मम आतंकियों द्वारा जानबूझकर निशाना बनाया गया था।



मोन घटना, अगर निष्पक्ष खेल का सहारा लिया जाना है, तो यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि 3 और 4 दिसंबर को मणिपुर के फेरज़ावल जिले में क्या हुआ था जब असम राइफल्स की वांग बटालियन अपना ऑपरेटिंग बेस खाली करने की प्रक्रिया में थी। परबुंग। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों सहित परबुंग के ग्रामीण बड़ी संख्या में असम राइफल्स से क्षेत्र से बाहर न जाने का अनुरोध करने के लिए सामने आए। बल छुट्टी पर विचार कर रहा था क्योंकि उस स्थान पर उग्रवाद कम हो गया था। यह अभूतपूर्व घटना न केवल असम राइफल्स इकाई की असाधारण परिचालन उपलब्धि और नागरिक कार्रवाई नीतियों के कारण थी, विशेष रूप से ष्ह्व्ह्ल्ढ्ढष्ठ-19 महामारी के दौरान हर प्रकार की सहायता के प्रावधान के माध्यम से आबादी की सहायता के कारण, बल्कि इसलिए भी कि एक भावना की भावना थी। 2006 के बाद से परबुंग और असम राइफल्स के निवासियों के बीच विकसित हुआ था, जब असम राइफल्स के एक अधिकारी, लेफ्टिनेंट कर्नल राजीव बख्शी ने क्षेत्र में कर्तव्य की पंक्ति में सर्वोच्च बलिदान दिया था। वास्तव में, एक स्मारक फुटबॉल मैच, लेफ्टिनेंट कर्नल बख्शी मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट, हर साल परबुंग में आयोजित किया जाता है, जिस तरह से असम राइफल्स के अधिकारियों और पुरुषों ने पूर्वोत्तर के लोगों के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। इसलिए, चीजों की उपयुक्तता में यह है कि जिस क्षेत्र के लिए असम राइफल्स ने अपने पूरे अस्तित्व को अलग रखा है, उसे वास्तव में पूर्वोत्तर के मित्र कहा जाता है।

## आप की बात

### आंतरिक सुरक्षा पर मंथन

**भारत** देश मे आंतरिक सुरक्षा के सामने वर्षो से आतंकवाद, अलगाववाद ,नक्सलवाद और अराजकता गम्भीर संकट पैदा कर रहे हैं। कश्मीर में आतंकवाद, उत्तरपूर्व में उग्रवाद और कई राज्यों में नक्सलवाद फैला हुआ है। इनके खिलाफ चलाये जा रहे अभियानों में कभी कभी निर्दोष लोगों की जाने चली जाती है। नागालैंड में हुई दुखद घटना नाकाम गुप्तचर तन्त्र के कारण हो गई। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना का राजनीतिक लाभ लेने की किसी भी दल को कोशिश नही करना चाहिये। जो गलती सुरक्षा बलों से हो गई है। उससे निपटने और पीड़ित परिवारों को सहानुभूति और आर्थिक मदद सरकार को करना चाहिए। गुप्तचर व्यवस्था को सुधारने ,आधुनिक हाई टेक टेक्नालॉजी का उपयोग ,ड्रोन का उपयोग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग होना चाहिये। इन अभियानों में हमारे देश के सुरक्षाबलों को अनेको बार हमलों का शिकार होना पड़े। इसे रोकने के लिये गुप्तचर व्यवस्था का जाल सारे देश मे फैलाना होगा। गुप्तचर व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिये इसे पुलिस विभाग से अलग करना होगा। भारतीय गुप्तचर और राज्य गुप्तचर सेवा बनाने कीओर केंद्र सरकार ध्यान दे।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### उग्रवादी कहां हैं?

**नागालैंड** में जो हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण है। चाहे सुरक्षाबल हों या किसी भी राज्य की पुलिस अपराधियों को पकड़ने में उनका काम मुख्य रूप से प्राप्त विश्वसनीय खुफिया जानकारी पर निर्भर करता है। उसके अनुसार वे आगे की योजना बनाते हैं। उग्रवादीयों के बारे में सुरक्षाबलों को मिली विश्वसनीय खुफिया जानकारी संदेह के घेरे में आ गई है। जवानों की फायरिंग में मजदूर मारे गए है तो उग्रवादी कहां हैं? क्या किसी के पास उन्हें बिना मारे सुरक्षित रूप से छुटकारा पाने की कोई पूर्व नियोजित योजना होगी? इसे देखना होगा। स्थानीय लोग और सुरक्षा बलों के बीच दरार पैदा करने की कोशिश को नकारा नहीं जा सकता। ताकि स्थानीय लोग आक्रामक हो जाएं और सुरक्षा बलों पर टूट पड़े। स्थानीय लोगों में सुरक्षा बलों को लेकर गुस्सा कैसे आएगा? और इसका लाभ उठाकर जवानों का मनोबल कैसे कम किया जा सकता है? इसके लिए कौनसी ताकतें (उग्रवादी) काम कर रही हैं? इस पर भी गहन शोध करने की जरूरत है। इसे केवल उपर से नहीं, बल्कि बहुत बारीकी से देखना होगा। यह ध्यान रखना होगा कि देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के मन में सुरक्षाबलों की छवि खराब न हो।

- **जयेश राणे**, मुंबई

### कानून वापसी से नुकसान

**हाल** ही में तीन कृषि सुधार कानूनों की वापसी से कृषि-बाजार सुधारों की संभावना लगभग समाप्त हो गई है। हाल ही में इनके पुनर्जीवित होने की भी कोई संभावना नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह पता लगाने के लिए एक समिति गठित की है कि 'एमएसपी को कैसे ज्यादा प्रभावी बनाया जा सकता है', जबकि यह केवल सतही कदम है। इस बीच किसानों के नेता और मांगें पेश कर रहे हैं तथा सरकार रक्षात्मक दृष्टिकोण अपना रही है। इस प्रकार देश एक खतरनाक क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है। एमएसपी की विधिक गारंटी राष्ट्रीय खजाने को दीवालिया कर सकती है। इससे भंडारण व परिवहन सुविधाओं पर भारी बोझ पड़ेगा, बरबादी कई गुना बढ़ेगी तथा भारत को खाद्य सब्सिडी के मामले पर डब्लूटीओ में शर्मिन्दा होना पड़ेगा क्योंकि किसानों को आसमान के तारे देने के लिए व्यापार विकृत हो जाएगा। किसानों को बिजली संशोधन कानून से अलग रखने से पहले से ही भारी घाटे का शिकार बिजली वितरण कंपनियों पर और अधिक बोझ पड़ेगा।

- **श्रीवत्स द्विवेदी**, वाराणसी

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



"**सरकार** नागालैंड की घटना पर तहेदिल से खेद जताते हुए प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है।

- **अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री

**फिलहाल,** अब तक, ऐसा तो नहीं लगता कि नए कोविड प्रतिरूप में बहुत गंभीरता है।

- **एंथनी फॉसी**
एनआईएआईडी निदेशक





**जब** भाजपा वोट मांगने आए तो यह याद रखें यूपी सरकार ने रोजगार मांगने वालों को लाठियों से पीटा था।

- **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता"

गोलियों की आवाज से थर्राया इलाका

# पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़, चार डकैत गिरफ्तार, असलहे बरामद

● डकैती में लूटे गये जेवर हुए बरामद

संवाददाता। सीतापुर



**जब** पुलिस टीम को बदमाशों ने सामने देखा तो खुद को घिरने से बचाने के लिए फायर झोंक दिया। एक बारगी तो पुलिस टीम के होश उड़ गए, लेकिन अगले ही पल खुद का बचाव करते हुए मोर्चा संभाल लिया, और फिर पुलिस ने जवाबी फायरिंग शुरू कर दी।

मुठभेड़ के दौरान गोलियों की तड़ तड़ाहट से इलाका थर्रा उठा। इस मुठभेड़ में पुलिस ने चार बदमाशों को न सिर्फ धर दबोचा बल्कि असलहा कारतूस, धारदार हथियार समेत पूर्व में डाली गई डकैती का माल भी बराबर किया। यह मुठभेड़ बिसवा कोतवाली इलाके में जलालपुर के करीब मजार के पास हुई। कोतवाली प्रभारी बिसवा राजीव सिंह के निर्देशन में उप निरीक्षक शशांक पाण्डेय, हेड कांस्टेबल विजय यादव, सुधर सिंह बृजेश यादव, आरक्षी अभिषेक सिंह व रत्नेश वर्मा ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। मुठभेड़ के दौरान दुर्दांत अपराधी योगेन्द्र लोनिया व धर्मेश्वर निवासीगण नरेंद्रपुर थाना सदरपुर और रंजीत पासी व गया प्रसाद उर्फ टिल्लू निवासी गण बालाघाट दक्षिण पुरवा थाना विशवाँ को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके कब्जे से दो तमंचा, चार कारतूस, दो चाकू और पूर्व में डाली गई डकैती से संबंधित सोने व चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। सीओ बिसवां के मुताबिक योगेन्द्र लोनिया पर विभिन्न थानो में एक गंभीर अपराधों के एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। सभी को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

## सैनिक दिवस पर डीएम ने किया स्मारिका का विमोचन



● डीएम, एसपी को लगाया प्रतीक चिन्ह

**सीतापुर।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय सीतापुर के स्टाफ ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के मौके पर जिलाधिकारी कार्यालय में जाकर डीएम से स्मारिका का विमोचन कराकर एवं झण्डा लगाकर सैनिक झण्डा दिवस प्रारम्भ किया। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने भारतीय सशस्त्र बलों के साहस वीरता एवं बलिदान को नमन किया। उन्होंनें कहा कि देश की सैन्य विरासत तथा सैनिकों द्वारा युद्ध एवं शान्ति काल में देश के लिए त्याग ,बलिदान और पराक्रम की ओर ध्यान आर्कषित करना सभी का परम कर्त्तव्य है। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 1949 से लगातार मनाया जा रहा है। नई दिल्ली (आन लाइन डेस्क) 07 दिसम्बर का दिन सेना और इसके जवानों के लिए काफी खास माना जाता रहा है, इसकी वजह ये है कि इस दिन भारतीय सेना अपने बहादुर जवानों के कल्याण के लिए भारत की जनता से धन संग्रह करती है। उन्होंने कहा कि अगर आप भी अपना योगदान सेना को देना चाहते है तो आप अपना योगदान जिला सैनिक कल्याण एंव पुनर्वास कार्यालय सीतापुर (निकट-गोल्डन फिश कैन्टीन ) में कार्य दिवस पर जाकर अपना योगदान दे सकते है।

## क्विक न्यूज

### जागरूकता संदेश देकर सीतापुर से रवाना हुए साइक्लोथान



**सीतापुर।** टैक्स के फायदे गिनाने को 2500 किमी लंबी साइकिल यात्रा निकले साइक्लोथान ने सीतापुर शहर में जागरूकता का संदेश दिया, शहर के प्रमुख मार्गों पर साइकिल यात्रा निकालते हुए साइक्लोथान सीतापुर से अपने अगले पड़ाव शाहजहांपुर को रवाना हो गए। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत जनजागरूकता के उददेश्य से साइकिल यात्रा का सोमवार को लखनऊ से शुभारंभ किया गया था। सीतापुर के आयकर विभाग के निरीक्षण गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करने के बाद मंगलवार की सुबह बाइसिकलमैन आफइंडिया नीरज प्रजापति व उनकी टीम यहां से शाहजहांपुर रवाना हो गई। इससे पहले आयकर दफ्तर में अपर आयकर आयुक्त पूजा राज समेत अधीनस्थ अफसरों व कर्मचारियों ने साइक्लोथान का स्वागत किया और यात्रा की शुभकामनाएं भी दीं, इस दौरान साइकलिस्ट नीरज प्रजापति ने बताया कि साइकिल यात्रा के दौरान सभी नागरिकों को टैक्स चुकाने के फायदे और राष्ट्र निर्माण में इसका महत्व समझाते है। उनका मकसद यह है कि नागरिक ईमानदारी के साथ अपने टैक्स को समय से जमा कर राष्ट्र में अपना सहयोग दें। इस दौरान साइकिलस्ट नीरज प्रजापति ने पायनियर को बताया। इस अवसर पर अपर आयकर आयुक्त पूजा राज, आयकर अधिकारी प्रीत चड्ढा आदि अफसरों ने साइक्लोथान को यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। बाद में अफसरों ने आयकर भवन से साइकिल यात्रा को अगले पड़ाव के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तत्पश्चात साइक्लोथान शहर के सिविल लाईन चौराहा, तरणताल तिराहा, जीआईसी चौराहा, नवीन चौक चौराहा, काशीराम कालोनी चौराहा होते हुए शाहजहांपुर को रवाना हुए।

### ब्राम्हण समाज ने उठाई मांग, सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर।** शहर के तिकोनिया पार्क चौराहे का नाम भगवान परशुराम चौक रखे जाने की मांग को लेकर मंगलवार को सीतापुर के ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने सिटी मजिस्ट्रेट पूजा मिश्रा से मुलाकात की और उन्हें मांगपत्र सौंपा। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष व पालिका सभासद धीरज पाण्डेय ने कहा कि सीतापुर शहर के तिकोनिया पार्क चौराहा का नाम भगवान परशुराम चौक रखने को लेकर 13 फरवरी को बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया था, साथ ही चौक का सौंदर्यीकरण कर वहां पर भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा स्थापना का भी प्रस्ताव हुआ था, लेकिन दस महीने बाद भी कार्य पूरा नहीं हो सका। ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल में निर्भय द्विवेदी, विजय अवस्थी, रामकुमार मिश्रा उपस्थित थे।

### डीएम ने कलेक्ट्रेट में किया ध्वजा तोलन

**बरेली।** नागरिक सुरक्षा स्थापना की 59वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज जिलाधिकारी श्री मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर में विभागीय ध्वजा तोलन किया गया। उन्होंने नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस के अवसर पर वालेंटियर्स को मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई। जिलाधिकारी ने कहा कि कोरोना काल में नागरिक सुरक्षा के वार्डनों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की और आगे भी इसी तरह के कार्य किए जाएं। उन्होंने कहा कि कोविड वैक्सीनेशन के लिए लोगों को अधिक से अधिक कैम्प लगाकर जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि 12 दिसम्बरए 2021 को सिविल डिफेंस की ओर से कलेक्ट्रेट परिसर में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया जाए। उन्होंने स्वेच्छा से नागरिक सुरक्षा से जुड़ने हेतु लोगों को प्रेरित किए जाने के सुझाव दिए। इस अवसर पर उन्होंने नागरिक सुरक्षा मतदाता जागरूकता रैली को कलेक्ट्रेट प्रागंण से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अन्त में नागरिक सुरक्षा विभाग में किए गए सराहनीय कार्यों हेतु स्टाफके कार्मिकों एवं नागरिक सुरक्षा प्रखंडों में किए गए अच्छे कार्यों के दृष्टिगत अलखनाथए बारादरी व सिविल लाइन के वार्डन को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा राकेश कुमार मिश्र ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह द्वारा प्रेषित संदेश वाचन किया।

### एफएलसी की तैयारियों का किया निरीक्षण

**बरेली** । उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्अपर जिलाधिकारी;प्रण्द्ध श्री वीण्केण् सिंह ने ईवीएम एवं वीवी पैट मशीनों की एफएलसी का कार्य परसाखेड़ए निकट भारत गैस गोदाम में अवस्थित ईवीएम एवं वीवी पैट वेयर हाउस में दिन रविवार से किया जाना है। एफएलसी का कार्य ईसीआईएल इंजीनियरों द्वारा किया जायेगा। उक्त के क्रम में दिन शनिवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्अपर जिलाधिकारी;प्रण्द्ध ने प्रभारी अधिकारी ईवीएम के साथ ईवीएम वेयर हाउसए परसाखेड़ा में पहुंचकर एफएलसी की तैयारियों का निरीक्षण किया। एफएलसी के दौरान होने वाली वेबकास्टिंगए सीसीटीवी कैमरेए टेबिल एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी जाए। समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्षध्सचिव को एफएलसी के दौरान उपस्थित होने हेतु उन्होंने कहा कि वे स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि को ईवीएम वेयर हाउस परसाखेड़ा पहुंचकर ईसीआईएल ईजीनियरों से एफएलसी एवं ईवीएम एवं वीवी पैट की कार्य प्रणाली से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### भाई की बारात में जा रहे युवक की दुर्घटना में मौत

**बरेली।** बड़े भाई की बारात में जा रहे बाइक सवार एक युवक की रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। उसके साथ बाइक पर सवार फुफेरा भाई और उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और मृतक की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना की सूचना जैसे ही घर की खुशियां मातम में बदल गई। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव लामाखेड़ा निवासी 22 वर्षीय नूर हसन पुत्र मोहम्मद हनीफकी आज शाम हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जबकि उसका फुफेरा भाई मोहम्मद नासिर और उसका 6 वर्षीय बेटा अनस गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक के घर वालों ने बताया कि नूर हसन के बड़े भाई नबी हसन की आज शादी थी और बारात दिन में ही बस से बहेडी जा चुकी थी लेकिन नूर हसन और उसका फुफेरे भाई मोहम्मद नासिर ने बाइक से बारात में जाने का फैसला किया था जिसके चलते नूर हसन मोहम्मद नासिर और अनस तीनों एक ही मोटरसाइकिल से बहेड़ी जाने के लिए घर से निकले थे।

# मुंबई से सीतापुर पहुंचा लाल स्वागत में डूबा शहर

● विश्व पटल पर सीतापुर के अनूप ने किया नाम रोशन

● अमेसर ओलंपिया इंडिया प्रतियोगिता में टॉप 16 में बनाई जगह

संवाददाता। सीतापुर



**मुम्बई में** अमेसर ओलंपिया इंडिया प्रतियोगिता में टॉप 16 पोजीशन हासिल कर वापस लौटे बाडी बिल्डर अनूप खेतान सोमवार को सीतापुर पहुंचे तो उनके स्वागत में शहर के बाशिंदों का हुजूम उमड़ पड़ा, किसी ने बुके देकर उनका स्वागत किया तो किसी ने माथा चूमकर अपने लाल को प्यार दिया। योगी सरकार में स्टांप मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने चौंपियन अनूप का स्वागत किया और आगामी बरस की प्रतियोगिता में चौंपियन बनने का आर्शीवाद भी दिया। साथ ही उन्होंने वर्ष 2022 के लिए आमंत्रण भी दिया। आपको बता देंकि शहर के मोहल्ला वलीनगर निवासी व्यापारी मोनू खेतान के भाई अनूप खेतान बाडी बिल्डर में अपना कैरियर तलाशने में जुटे है। शायद यही वजह है कि वो मुंबई में आयोजित अमेसर ओलम्पिया इण्डिया प्रतियोगिता में भाग लेने को गए थे, इस प्रतियोगिता में अनूप ने टॉप 16 में जगह बनाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और सीतापुर को एक नई पहचान दिलाई है। सीतापुर पहुंचने पर उनका लोगों ने स्वागत किया, स्वागत समारोह के दौरान स्टांप मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बधाई दी। इस दौरान टॉप 16 पोजीशन अर्जित करने वाले विजेता अनूप खेतान ने जानकारी दी। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, मोनू खेतान, बबिता गुप्ता, संतोष खेतान, विक्की, मिंटू अग्रवाल, उपेंद्र गुप्ता, शंभू नाथ खेतान, बंटी टंडन, मनोज अरोडा, देवेंद्र आदि उपस्थित थे।

# सरकार प्री-प्राइमरी के स्कूलों की तैयारी में हैः ज्ञान तिवारी

● संगोष्ठी में विधायक ने किया सरकार की योजनाओं का बखान

संवाददाता। सेउता सीतापुर



**प्रदेश सरकार** प्री-प्राइमरी से माध्यमिक शिक्षा तक के स्कूलों के कायाकल्प की तैयारी में है। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए विद्यालयों को तकनीकी व डिजिटली सुविधाओं से लैस किया जाएगा। हमारे मुख्यमंत्री ने प्रदेश कैबिनेट ने इससे संबंधित प्रस्ताव को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन सैद्धांतिक सहमति दे दी है।यह बात विधायक ज्ञान तिवारी ने रेउसा में ब्लॉक संसाधन केंद्र पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सचिव एवं ग्राम प्रधान की संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यक्रम में कही। विधायक ने कहा आज प्रदेश के प्री-प्राइमरी, प्राइमरी व माध्यमिक शिक्षा के स्कूलों में गुणवत्ता में सुधार के लिए तकनीकी उच्चीकरण व डिजिटल रूप से सक्षमता बढ़ाए जाने की जरूरत है। इसके लिए आधारभूत ढांचा विकसित किया जाना है। शासन के बेसिक शिक्षा विभाग व माध्यमिक शिक्षा विभाग इसके लिए कार्ययोजना तैयार कर उस पर काम कर रहा है। विधायक ने कहा कि सरकार बेसिक शिक्षा के स्तर को ऊंचा करने में कोई कसर बाकी नहीं रखेगी। पहले उत्तर प्रदेश की बेसिक शिक्षा की पहचान टूटी-फूटी बिल्डिंग थी। लेकिन सरकार के प्रयासों से सुसज्जित एवं अच्छा स्कूल आज की बेसिक शिक्षा की पहचान है। स्कूल चलो अभियान व आपरेशन मिशन कायाकल्प की वह प्रशंसा करते हैं। विधायक ने कहा शिक्षकों के चयन में पूरी पारदर्शी तरीके से यह कार्य किया जा रहा है। पिछली सरकारों ने शिक्षकों के चयन के मामलों को अनदेखा किया लेकिन उनकी सरकार ने इसमें पूरी पारदर्शिता बरती है। विधायक ने उपस्थित लोगों से कहा कि वह अपने गांव के विद्यालय सुंदर बनाएं और शिक्षा का माहौल बेहतर रखें जिससे कि यहां के बच्चे निकल कर आगे जाएं और इस क्षेत्र का नाम रोशन करें। इस अवसर पर अध्यक्ष महेंद्र पांडे, संजीव मिश्रा , शिक्षा अधिकारी सुंदरलाल,विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश, रामेन्द्र तिवारी, अशोक बाजपेयी,विनोद यादव , रामू शुक्ल, संदीप मिश्र आदि मौजूद रहे।

# मकान से पकड़ी गई 125 बोरी अवैध इफ्को खाद

● जिला कृषि अधिकारी ने आरोपी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने की बात कही

संवाददाता। मैलानी-खीरी



**सात** दिसम्बर को दोपहर के समय थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्र भान यादव व उप निरीक्षक अनुज शर्मा व हमराह पुलिस कर्मियों के साथ मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र राजा मंडी पांच नम्बर में स्थित रामानंद पुत्र हरदेव के मकान के कमरे में रखी। 125 बोरी अवैध इफ्को यूरिया पकड़ी। इसकी सूचना प्रभारी निरीक्षक द्वारा जिला कृषि अधिकारी को दी गई। सूचना पाकर जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी व टीम शामिल शुभम शुक्ला ने खाद का नमूना लेकर खाद वाले कमरे को सील कर थाने मे आरोपी के विरूद्ध सुसंगत धाराओं मे अभियोग दर्ज कराने की बात कही है। साथ उन्होंने बताया कि यह खाद कहा से आई है। इसकी जांच पड़ताल पुलिस करके आरोपी के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी। फिलहाल पुलिस ने पूछताछ के लिए एक व्यक्ति को हिरासत में भी ले लिया है।

## किसानों के धरने का मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ ने किया समर्थन



**लखीमपुर-खीरी।** मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने गोला बजाज मिल में धरना कर रहे किसानों को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि बजाज ग्रुप के मालिक अपनी मनमानी करके किसानों को खून के आंसू रुला रहे हैं। बजाज ग्रुप की मिलें छोड़कर बाकी सभी मिले पूरे भारत में पूरा भुगतान कर रही हैं। उन्होंने कहा 2017 के विधानसभा चुनाव में जनसभा में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री ने कहा था कि डबल इंजन की सरकार बनेगी तो पेमेंट 14 दिन में दिया जाएगा। किसानों का गन्ना मूल्य कौड़ियों के भाव बढ़ाया। किसानों का गन्ना मूल्य कम से कम 700 रुपए प्रति कुंतल व नगद भुगतान होता तो किसानों को कुछ राहत मिलती। हमारे किसान भाई गन्ना छुलाई व धुलाई उधार लेकर, सूत पर लेकर, कोई वस्तु रहन पर रखकर तब जाकर मिल को गन्ना सप्लाई करते हैं। किसान हमारे देश में अन्नदाता कहा जाता है। आज वहीं अन्नदाता अपने गन्ने के भुगतान के लिए आंदोलन करना पड़ रहा है। हमारे किसान भाई खेतों मे खून पसीना भाकर फसल पैदा करते है। किसानों का गन्ना क्रेसर, बेलें औने-पौने दामों में खरीदकर किसानों बर्बाद कर रही है। लखीमपुर खीरी में किसानों के धरना का चौथा दिन है। इन पर सरकार का कोई ध्यान नहीं जा रहा। देश के प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के कानों में आवाज नहीं जा रही है क्या- लखीमपुर खीरी समेत कई जिलों का दर्द उन्हें नहीं सुनाई पड़ रहा है जहां पर किसान बदहाली की मौत मर रहा है आत्महत्या करने पर मजबूर होता है बजाज ग्रुप के मालिक की तानाशाही ताना शाही झेल रहा है। कोर्ट के फैसले से मुलजिम को सजा मिल जाती है लेकिन किसान को भुगतान क्यों नहीं मिलता है क्या हमारी न्यायपालिका इतनी खोखली हो चुकी है। अब भारत के 13 करोड़ किसान, 40 करोड़ मनरेगा मजदूर मिस्त्री, 35 लाख ग्राम पंचायत सदस्य अब बर्दास्त नहीं करेंगे।

# बैठक कर सीएमओ और एसीएमओ ने की टीबी कार्यक्रम की समीक्षा

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**ट्यूबरक्लोसिस** यूनिट (टीबी) कार्यक्रम की एक समीक्षा बैठक एएनएम ट्रेनिंग सेंटर सभागार में सीएमओ डॉ. शैलेंद्र भटनागर के अध्यक्षता में हुई। जिसमें कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डीटीओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के दौरान खराब काम करने वालों की फटकार लगाई गई। वहीं अच्छा काम करने वालों की सराहना हुई। इस दौरान योजना के अंतर्गत मरीजों को दिए जाने वाले लाभ में देरी के लिए भी कई को फटकार सुननी पड़ी।

समीक्षा बैठक के दौरान सीएमओ डॉ. शैलेंद्र भटनागर ने डिस्टिक टीबी अस्पताल सहित सभी टीबी यूनिट पर तैनात एसटीएस और एसटीएलएस के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान सभी एसटीएस को पोर्टल निक्षय पर नोटिफिकेशन ओपीडी से रेसलर(टारगेट के अनुरूप मरीजों की संख्या बढ़ाना) सही करने के निर्देश दिए गए। किसके लिए प्राइवेट सेक्टर पीएचसी आयुष हॉस्पिटल के डॉक्टरों से संपर्क कर रेफरल बढ़ाया जाए।

टीबी के मरीजों की एचआईवी और डायबिटीज की 100 प्रतिशत जांच कराना सुनिश्चित करवाएं। मलिन बस्तियों में कैंपेनिंग कर जागरूकता कैंप लगाकर उन्हें जांच के लिए प्रोत्साहित कर उनकी जांच कराना सुनिश्चित करवाएं। प्राइवेट नर्सिंग होम और प्राइवेट प्रैक्टिसनर डॉक्टर के साथ तालमेल बिठाकर अधिक से अधिक संदिग्धों की जांच कराना सुनिश्चित करवाएं। जिन टीबी यूनिट पर कार्य संतोषजनक नहीं है वहां पर डिस्ट्रिक्ट टीम विजिट कर सुधार करवाएं पलिया में वर्कशॉप करवाएं। सभी टीबी यूनिट से पोर्टल पर शत-प्रतिशत फीडिंग करवाई जाए। बांकेगंज, फूलबेहड़, खीरी टाउन में फ्रिज ना होने की शिकायत पर तत्काल फ्रिज की व्यवस्था करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डीटीओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को अपने-अपने क्षेत्र में डॉट प्रोवाइडर से मेलजोल बढ़ाने निगरानी रखने और डीबीटी निश्चय योजना के के तहत 500 रुपए प्रतिमाह दिया जाने वाला भुगतान 100 प्रतिशत पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया। अपने कार्य में शिथिलता बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की हिदायत भी दी। इस दौरान जिला कार्यक्रम समन्वयक शेखर पांडे, पीपीएम कोऑर्डिनेटर रंजीत कुमार एवं पंकज परमी, एचटीएलएस संजय कुमार राय, एसटीएस नितीश श्रीवास्तव, डीपीएस अनुदीप वर्मा सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात एसटीएस और एसटीएलएस मौजूद रहे।

## दोगुनी लगन व मेहनत से काम करें हड़ताली संविदा कर्मचारी:सीएमओ

● सीएमओ और सीएमएस को बुके देकर संविदा कर्मचारियों ने किया आभार व्यक्त

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**हड़ताल समाप्ति** की घोषणा के बाद संविदा कर्मचारियों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने सोमवार देर शाम सीएमओ डॉ. शैलेंद्र भटनागर का उनके आवास पर बुके देकर धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं जिला अस्पताल में भी संविदा कर्मचारियों ने प्रभारी सीएमएस डॉ. एसके मिश्रा को बुके देकर आभार व्यक्त किया।

सीएमओ आवास पर जिला कार्यकारिणी उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ लखीमपुर इकाई के जिला अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, महामंत्री देवेंद्र नाथ पांडे, कोषाध्यक्ष विजय वर्मा व मीडिया प्रभारी देवनंदन श्रीवास्तव सहित सचिन मिश्रा व दीपमाला वर्मा सोमवार देर शाम शिष्टाचार मुलाकात करने पहुंचे। इस दौरान हड़ताल के दौरान उनके कर्मचारियों के हित को लेकर समर्थन और सहयोग के लिए बुके देकर उनका धन्यवाद किया। वहीं इस दौरान सीएमओ डॉ. शैलेंद्र भटनागर ने कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि हड़ताल के दौरान जो भी काम लंबित हुए हैं उन्हें सभी कर्मचारियों को दूनी मेहनत करके निपटाना चाहिए। शासन ने कर्मचारियों के हित में जो मांगे मानी हैं वह उसका स्वागत करते हैं और उन्होंने यह भी कहा कि कोविड वैक्सीनेशन, सेंपलिंग और गोल्डन कार्ड के कार्य को प्रमुखता से निपटाने की आवश्यकता है। कोविड वैक्सीनेशन को 100 प्रतिशत करना है। वहीं वैक्सीनेशन की दूसरी खुराक को 50 प्रतिशत से ऊपर ले जाना है। सैंपलिंग को टारगेट से भी अधिक करके गोल्डन कार्ड को भी टारगेट से दो गुना बना कर दिसंबर माह में 50 प्रतिशत से ऊपर ले जाना है। संविदा कर्मचारियों की हड़ताल से जो काम लंबित हुए हैं उन्हें शीघ्रता शीघ्र निपटा ते हुए सभी को अपना शत-प्रतिशत देना चाहिए, उन्हें यह विश्वास है कि समस्त कर्मचारी इसके लिए कटिबद्ध रहते हुए कार्य करेंगे। वहीं मंगलवार की सुबह संविदा कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल जिला मीडिया प्रभारी देवनंदन श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रभारी सीएमएस डॉ. एस के मिश्रा से मिला। सभी ने सामूहिक रूप से उन्हें बुके देकर उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने सभी संविदा कर्मचारियों से दूरी मेहनत से काम करने की अपील की और कहा कि अपने सभी लंबित कार्यो को निपटाने स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने में अपना योगदान दें। उन्होंने सभी को उनके प्रयास और सफलता के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान गुरमत सिंह, अनुज त्रिवेदी, विवेक तिवारी, रामजी माथुर, शकील अहमद, रोहित पांडे, बसंत कुमार गुप्ता, विकास वर्मा, सुरेंद्र कश्यप आदि संविदा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अधिकारी करें पूर्ण अध्ययनः डीएम

संवाददाता। उरई (जालौन)

**जिलाधिकारी, जिला** निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने विधानसभा निर्वाचन-2022 को स्वतन्त्र निष्पक्ष एवं शान्ति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में सभी प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। उन्होंने समस्त प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों को पूर्ण मनोयोग के साथ अध्ययन कर ले।

उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव देखते हुये सभी अधिकारी अग्रमि शर्तरिता बरते। उन्होंने निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण चुनाव को सम्पन्न कराने हेतु सभी प्रकार की अग्रिम तैयारियों को पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अपने कार्यालय के सभी कार्मिकों को कोविड सक्रमण से



उरई अधिकारियों की मीटिंग में निर्देश देतीं डीएम प्रियंका निरंजन

सुरक्षित रहने के लिये दोनों डोज लगवाना सुनिश्चित करे। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि शतप्रतिशत मतदान एवं मतदाताओं संख्या बढ़ाने के लिये स्वीप निरंतर चलाये जाये। उन्होने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आर्दश आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन कराया जाये। उन्होंने व्यय लेखा, प्रशिक्षण, मतपत्र व्यवस्था, निर्वाचन नियत्रण कक्ष, डाक मतपत्र, कोविड प्रबंधन, यातायात व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रभारी कार्ययोजना तैयार कर कार्य कराया जाये। उन्होंने निर्वाचन को बहुत ही महत्वपूर्ण बताते हुये कहा कि इसमें कोई भी चूक क्षम्य नही होगी। उन्होंने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को मतपत्र जारी कराया जाना एवं मतदाता सूची के डाटावेस में उपलब्ध दिव्यांग मतदाताओं एवं 80 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं का चिन्हाकन करते हुये उनका ई आर ओ नेट पर टैगिंग की कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करे। उन्होंने संबंधित अधिकारी को वीडियो ग्राफी डिस्टल कैमरा तथा बेवकास्टिंग कार्य सम्पादित करेंगे। उन्होंने कहा कि क्रिटिकल तथा बल्नरेबल पोलिंग स्टेशन का निर्धारण कराना तथा कम्पूनिकेशन प्लान तैयार करना सुनिशित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी पूनम निगम, नगर मजिस्ट्रेट वीरेन्द्र कुमार मौर्य, परियोजना निदेशक शिवाकान्त द्विवेदी, उपायुक्त श्रम रोजगार अवधेश कुमार दीक्षित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## फूड स्पेक्टर के उत्पीड़न का शिकार व्यापारियों ने किया विरोध प्रदर्शन



आक्रोषित व्यापारियों को समझाते एसडीएम

**माधौगढ़ ( जालौन )।** फूड स्पेक्टर के उत्पीड़न का शिकार हुए व्यापारियों ने बाजार की सभी किराना दुकानों को बंद कर विरोध किया व धरने पर बैठ गये किराना व्यापारियों का कहना है कि फूड स्पेक्टर अपनी मनमानी कर आये दिन किराना दुकानों की सैपलिंग करते है व्यापारियों ने खाद्य अधिकारी मुर्दाबाद की नारेबाजी की इस दौरान पुलिस प्रशासन मौजूद रहा व मौके पर पहुँचे नायाब तहसीलदार शैलेन्द्र कुमार ने व्यापारियों को शांत करने का प्रयास किया लेकिन धरने पर बैठे व्यापारी अपनी मांगों को मुद्दा बनाकर डटे रहे फूड स्पेक्टर आलोक पटेल पर व्यापारियों ने आरोप लगाया कि वह आये दिन दुकानदारों को परेशान कर समान की सैंपलिंग करते है व रुपये की मांग कर कार्यवाही को रोकने की बात कहते इन सबसे परेशान होकर किराना व्यापारी अपनी मांगों को रखते हुए धरने पर बैठ गये व मुर्दाबाद कहते हुए नारेबाजी करते रहे।

## क्विक न्यूज

### दो उप जिला मजिस्ट्रेटों के कार्यक्षेत्र बदले

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आदेशित किया कि जनहित एवं प्रशासनिक आधार पर जनपद में कार्यरत उप जिलाधिकारी, उप जिला मजिस्ट्रेट का स्थानान्तरण कर उनकी वर्तमान तैनाती अंकुर कौशिक ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट, डिप्टी कलेक्ट्रेट जालौन नवीन तैनाती तहसील, परगना अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम उरई एवं अंगद यादव डिप्टी कलेक्ट्रेट जालौन वर्तमान तैनाती, नवीन तैनाती अतिरिक्त मजिस्ट्रेट द्वितीय उरई की गयी।

### पहली पत्नी को गुमराह कर पति ने रचाया दूसरा विवाह

**जालौन (उरई)।** पहले से विवाहित युवक ने परिवार के लोगों के साथ मिलकर दूसरा विवाह कर लिया। पुत्र होने के बाद युवक दूसरी पत्नी को छोड़कर पहली पत्नी के साथ रहने लगा। एसपी के आदेश पर ससुरालवालों के खिलाफदहेज व धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के चिमनदुवे निवासी सोलिया पुत्री मोहम्मद हामिद ने बताया कि उनके पिता ने 29 फरवरी 20 को तौसीब पुत्र अब्दुल गफूर निवासी 201/30 बूढ़ादाना जनपद औरैया के साथ किया था। शादी में पिता ने लगभग 13 लाख 40 हजार रुपए खर्च किये थे। विवाह के बाद उनके बच्चा अरहम ने जन्म लिया जो 7-8 माह का है। इसके बाद उसका पति उन्हें छोड़ कर चला गया। जब काफी दिनों तक पति नहीं तो पता चला कि उनके ससुरालवालों वालो झूठ बोलकर गुमराह करके दूसरी शादी कर ली है। तौसीब पहले से शादी शुदा है। वह 2 मई 2016 को रुबीना उर्फरूबी से विवाह कर चुका था। अब वह तुम्हें नहीं रखना चाहता है। महिला ने घटना की शिकायत 2 माह पूर्व कोतवाली पुलिस से की थी। एसपी के आदेश पर पुलिस पति समेत 7 लोगों के खिलाफधोखाधड़ी, दहेज व महिला उत्पीड़न का मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों के मामला दर्ज हो गया है जांच की जा रही है।

### अवैध कब्जा हटवाने की मांग

**राठ (हमीरपुर)।** राठ क्षेत्र के गिरवर गांव में खेल मैदान पर कुछ ग्रामीणों द्वारा किये गये अवैध कब्जा को हटवाने के लिये ग्राम प्रधान सहित अन्य ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपा है। ग्राम प्रधान गिरवर ज्ञानस्वरूप राजपूत ने बतायाा कि ग्राम पंचायत में खेल मैदान की जमीन आरक्षित गाटा संख्या 509 में दर्ज है। आरोप लगाया कि कुछ ग्रामीणों ने उस जमीन में अवैध कब्जा किये है। ग्राम प्रधान एसडीएम से खेल मैदान से अवैध कब्जा हटवाने व खेल मैदान के निर्माण कार्य की अनुमति प्रदा करने की मांग की है।

### गाली गलौज करने का आरोप

**राठ।** जनपद महोबा के कुलपहाड़ थाने के घुराली गांव निवासी निर्देश कुमार पुत्र करन पासवान ने बताया कि उसकी पत्नी राठ सीएचसी में नर्स है। वह अपनी प्रतिदिन अपनी पत्नी को छोड़ने व ले जाने के लिये आता है। आरोप लगाया कि राठ सीएचसी में तैनात डा.अमित त्रिपाठी उसे दो माह से परेशान कर रहा है और फोन पर गाली गलौज करता है। बताया कि उसे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया जा रहा है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दो दिवसीय पोषण ट्रेकर प्रशिक्षण सम्पन्न

**मौदहा (हमीरपुर)** के लाभकारी योजनाओं को पोषण ऐप के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा इस संबंध में आज मंगलवार से शुरू हुआ दो दिवसीय पोषण ट्रेकर प्रशिक्षण में इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। विकास खंड सभागार में आज से शुरू हुए दो दिवसीय कार्यकत्रियों के प्रशिक्षण में प्रशिक्षक बीएलओ दीपांशु गुप्ता,ब्लॉक कोऑर्डिनेटर शरीफउद्दीन और कुलदीप यादव ने यह प्रशिक्षण दिया जिसमें मुख्य सेविकाओं एवं प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी ने भी भाग लिया यह जानकारी प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी कल्ली देवी ने दी उन्होंने बताया कि कल 8 दिसंबर को इसका समापन होगा उन्होंने कहा कि पोषण ट्रैकर ऐप्प चलाने का प्रशिक्षण आंगनबाड़ियों को दिया जा रहा है इससे पूर्व सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को एंड्राइड मोबाइल फोन शासन द्वारा वितरित किए जा चुके हैं।

### धर्म नगरी चित्रकूट के गुणवत्तापरक विकास को संकल्पित है नगर पालिकाः चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता



निर्माण कार्यों की आधारशिला रखते पालिका अध्यक्ष गुप्ता

**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद कर्वी ने शासन से 15वें वित्त आयोग के तहत मिली धनराशि से नगर के वार्ड 20 भरतपुरी में 39.59 लाख की लागत से राजू मिश्रा के घर से मनोज गर्ग के घर तक आरसीसी रोड एवं आंशिक नाली मरम्मत के कार्य का शुभारम्भ नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने किया। मंगलवार को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव,अभिषेक मिश्रा ,अनुज निगम,लवकुश यादव तथा शिवप्रसाद कुशवाहा ने रामबाग अखाड़े से नदी की ओर नाला व सीसी सड़क तथा चन्दा के घर से इमाम बाडे तक सीसी सड़क एवं नाला मरम्मत कार्यों की आधारशिला रखी। पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि नगर निवासियों के बेहतर आवागमन व जल निकासी तथा जनसामान्य के स्वास्थ्य एवं प्रदूषण मुक्त माहौल को ध्यान में रखते हुए जनउपयोगी कार्यों से लोग लाभान्वित होंगे। इस मौके पर पालिका के ईओ/सदर एसडीएम पूजा यादव, प्रधान लिपिक कर्मोत्तम सिंह, सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला, लिपिक प्रवीन्द्र श्रीवास्तव, सुभाष गुप्ता, अशरफखां, राजेन्द्र राम समेत गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### किशोरी ने रिवाल्वर से की आत्महत्या

**चित्रकूट।** 17 वर्षीय एक किशोरी ने अपने पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से अज्ञात कारणों के चलते गोली मारकर आत्महत्या कर ली। परिजनों व आसपास के लोगों को घटना की जानकारी होते ही हडकम्प मच गया। आत्महत्या की ये घटना भरतकूप थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव में सोमवार देर रात हुई। बताया गया कि अकबरपुर गांव के शुभलाल की पुत्री स्नेहा देवी (17) ने सोमवार को पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इससे उसकी घटना स्थल पर मृत्यु हो गई। भरतकूप थानाध्यक्ष दुर्गेश प्रसाद गुप्ता ने बताया कि घटना में प्रयुक्त रिवाल्वर बरामद कर ली गई है। परिजनों ने घटना के पीछे किसी कारण की जानकारी नहीं दी है। मामले की जांच जारी है।

## पेट्रोल डालकर आग लगा ली

**मौदहा हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के सिजनौडा गांव निवासी सुरेश पुत्र बद्दू (25) ने अपनी पत्नी के मायके चले जाने के वियोग में आकर अपने छत में जाकर पेट्रोल डालकर आग लगा ली, जिस पर आनन-फानन में परिजनों व ग्रामीणों की मदद से कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से हालत गंभीर होने की स्थिति पर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। सिजनौडा गांव निवासी सुरेश की शादी बांदा जिले के चिल्ला थाना स्थित चकला गांव में हुई थी शादी होने के बाद सुरेश बाहर कमाने के लिए चला गया था। सुरेश के कमाने जाने के बाद उसकी पत्नी भी अपने मायके चली गई थी, जब सुरेश वापस अपने गांव आया और अपनी पत्नी को बार-बार बुलाया लेकिन फिर भी उसकी पत्नी अपने ससुराल नहीं आई। जिससे उसने एक ऐसी घटना को अंजाम दिया जो कि लोगों को अचंभित करने वाली है। बताया गया कि उसकी पत्नी अपने मायके चली गई थी जिस के वियोग में आकर कल उपरोक्त सुरेश ने ही डाई पी ली थी। लेकिन डाई पीने के बाद परिजनों द्वारा सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से इलाज के बाद उसे घर भिजवाया गया था। लेकिन लगातार पत्नी द्वारा ससुराल आने से इनकार करने की बात को लेकर आज फिर इसी युवक ने अपने घर की छत में जाकर पेट्रोल डाल अपने ही ऊपर आग लगा ली।

## सिसोलर माइनर में पानी न आने से हजारों एकड़ सूख रही फसल

**मौदहा ( हमीरपुर )।** सिसोलर क्षेत्र के छानी पंप कैनाल सिसोलर माइनर में पानी न आने से किसानों की बोई गई सैकड़ों बीघे फसल सूखने की कगार पर हैं। जिससे यहां के किसानों की चिंता बढ़ने के साथ ही उनमें आक्रोश भी बढ़ रहा है इस संबंध में मौदहा स्थित लिफ्ट सिंचाई विभाग के कार्यालय में ताला पड़ा होने से किसी भी अधिकारी से संपर्क नहीं हो सका। नहरों की सफाई के नाम पर खानापूर्ति की जाने से ज्यादातर नहरों में पानी छोड़ने से लोगों की बोई हुई फसलों में जलभराव के चलते फसलें नष्ट हो रही हैं जिनकी शिकायत भी समाधान दिवस में किसानों द्वारा की गई थी लेकिन महोबा सिंचाई विभाग प्रखंड के एसडीओ व जेई का कार्यालय मौदहा नगर स्थित मौदहा बांध कॉलोनी परिसर में होने के बावजूद भी वह अधिकारी यहां रहते ही नहीं है इससे किसान उनसे शिकायत करने के लिए भटकते हैं वही सिसोलर में छानी पंप कैनाल में सिसोलर माइनर



सूखी पड़ी नहर

की सफाई के समय मानक के अनुरूप सफाई न करने की शिकायत गांव के लोगों ने की थी लेकिन उसके बाद एक दिन पानी छोड़ कर इसे ट्रैक्टर के कल्टीवेटर से सफाई के नाम पर जुताई की गई थी उसे तो बराबर कर दिया गया और उसके बाद नहर में पानी की आपूर्ति भी बंद कर दी गई ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजय शंकर प्रजापति व इसी गांव के भईयालाल, शिवप्रसाद,राम लखन, राम भजन, राजा भईया, कमलेश, गंगाचरण, सरवन, रमेश, पवन आदि ने शिकायत की है कि यहां नहर में पानी ना छोड़े जाने से उनकी बोई हुई फसलें सूखने की कगार पर पहुंच रही है।

## पुलिस पिकेट प्वाइंट के चंद कदम दूरी पर दुकान से चोरी

**जालौन ( उरई )।** सर्दी के मौसम की शुरुआत से ही चोरी की घटनाएं घट रही है। पुलिस चोरी की घटनाओं को दर्ज करने व उनके खुलासे में दिलचस्पी नहीं दिखा रही है जिसके कारण चोरों के हौंसले बुलंद है। सोमवार की रात को पिकेट प्वाइंट के चंद कदम दूरी पर किताब की दुकान से हुई चोरी तथा मंदिर के 3 घंटा भी चोरों ने चुराये। पुलिस की निष्क्रियता के चलते चोर मस्त है। चौकी पुलिस की सुस्ती के चलते चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने हिचक नहीं रहे हैं। नगर के मुख्य बाजार झंडा चौराहे पर रात में पिकेट रहती है। इसके बाद भी चोर पुलिस को धता बता कर पुरवार पुस्तक भंडार की दुकान की छत में छेद करके दुकान में रखी गोलक से रुपए निकाल ले गये। दुकानदार अरूण पुरवार ने चोरी की घटना की शिकायत पुलिस से की है।सोमवार की रात को ही चोरों ने चुर्खी रोड स्थित अलखिया माता मंदिर से 3 पीतल के घंटा, पूजा की थाली व



उरई पुलिस हिरासत में आरोपी

प्लेट चुरा ली। मंदिर में हुई चोरी की घटना की शिकायत कपिल सोनी निवासी फर्द्दनवीस ने पुलिस की है।

### मंदिर में हुई चोरी के सामान के साथ आरोपित को लोगों ने पकड़ा

**जालौन।** चुर्खी रोड अलखिया माता मंदिर में सोमवार की रात को 3 पीतल के घंटा, पूजा की थाली व प्लेट चोरी है गये थे। मंदिर से चोरी करके भागने की फिराख्त में औरैया मार्ग छत्रसाल रोड पर खड़े इटहिया निवासी किशन कुमार को दुकानदार खालिद व अशफाक ने पकड़ लिया जिनके पास से चोरी गये मंदिर के घंटा व वर्तन बरामद हो गये। दुकानदारों ने पकड़े चोर को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

### पुलिस ने 2 को भेजा जेल

**जालौन।** चौकी पुलिस ने मंदिर चोरी के मामले में किशन पुत्र मंगली निवासी इटहिया तथा किताब की दुकान में चोरी के मामले में सत्यव्रत मिश्रा पुत्र देवेन्द्र निवासी मुरलीमनोहर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है तथा जेल भेजा जा रहा है। चौकी प्रभारी रामजी दुबे ने बताया कि पकड़े गये आरोपी चोरी की घटनाओं में लिप्त थे। उनके खिलाफ मामला दर्ज जेल भेज जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में कई घायल

**राठ ( हमीरपुर )।** जरिया थाने परछा गांव निवासी वीरेंद्र पुत्र बाबूराम अपनी पत्नी मिथलेश के साथ बाइक से राठ आ रहा था। तभी रास्ते में संतुलन बिगड़ जाने पर दोनों बाइक से गिरकर घायल हो गये। वहीं मझगवां थाने महजौली गांव निवासी 40 वर्षीय बबलू पुत्र दयाशंकर, कोतवाली के बड़ा गांव निवासी रेखा पत्नी चेतराम, रोहिनी पुत्री चेतराम और मुस्करा थाने के बिहूंनी खुर्द गांव निवासी रामसिंह पुत्र लछीराम मार्ग दुर्घटना में गिरकर घायल हो गये।

मार्निंग वाकर समिति(फट्टा) की नयी परंपरा...

## पूर्व क्रीड़ा अधिकारी की विदाई, नवागंतुक का किया गया गर्म जोशी से स्वागत

संवाददाता। हमीरपुर

**आज स्थानीय** स्टेडियम में पूर्व क्रीड़ा अधिकारी का विदाई समारोह सम्पन्न हुआ व नवागंतुक जिला क्रीड़ा अधिकारी का मार्निंग वाकर समिति (फट्टा) ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुरेश चंद्र शर्मा(मुन्ना भइया) ने कहा कि क्रीडा अधिकारी का तवादला व नियुक्ति अक्सर होती रहती है मगर इस मर्तवा समिति ने जो नयी परंपरा डाली है वह वास्तव मे सराहनीय है। इस पल को कभी भी भुला नही जा सकता है। नगर पालिका अध्यक्ष हमीरपुर कुलदीप निषाद ने कहा कि तवादले में बलरामपुर जा रहे क्रीडा अधिकारी दिनेश कुमार सोनकर बहुत ही नेक अधिकारी थे इनके सहयोग को न केवल समिति वल्कि स्टेडियम में शाम



पूर्व क्रीडा अधिकारी व नवागंतुक जिला क्रीड़ा अधिकारी का स्वागत करते मार्निंग वाकर समिति के सदस्य

सुवह आने वाले लोग भुला नही पायेगे। उन्होने उम्मीद जतायी कि नवागंतुक जिला क्रीडा अधिकारी अवधेश कुमार सोनी इसी प्रकार खिलाड़ियो, बच्चो सीनियर सिटीजन का सहयोग करते रहेगे। अपर जिलाधिकारी रमेश चंद्र ने कहा कि खेल से अपनेपन की भावना जाग्रत होती है इसमें क्रीडा अधिकारी का बहुत बड़ा योगदान रहता है। उन्होने प्रसन्नता व्यक्त की कि यह परंपरा बहुत ही अच्छी है इस परंपरा से सभी को सीख लेनी चाहिये। सपा नेता विंग कमांडर जीतेंद्र निगम ने कहा कि स्टेडियम मे योग के दौरान जो देश व समाज के प्रति राजनैतिक चर्चाएं होती है उससे लोगो में जागरुकता आती है। सेवा निवृत्त शिक्षक आरपी सविता ने कहा कि क्रीडा अधिकारी श्री सोनकर के योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता है। डा. पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि इस परंपरा के हमेशा कायम रखा जायेगा। यह एक स्वस्थ व अच्छी परंपरा है। इस मौके पर विजयेंद्र उर्फ गप्पू सिंह एडवोकेट, अश्वनी प्रजापति एडवोकेट, आरके अहिरवार, गनेश, रवि सचान, रवींद्र बाजपेयी, रामप्रकाश तिवारी, वीनू यादव,आनंद मिश्रा, बीरेंद्र दिवेदी, जीके दिवेदी, भोले तिवारी, संतोष सचान, मिश्रा जी समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। बाद में सभी लोगो ने एक दूसरे को बधायी दी।

## संयुक्त टीम ने छह ओवरलोड ट्रकों को किया सीज

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश पर राजापुर एसडीएम प्रमोद झा व सीओ राजापुर एसपी सोनकर ने संयुक्त रुप से वाहनों की जांचकर छह ओवरलोड ट्रकों को सीज किया है। इससे ओवरलोड वाहन चालकों में हडकम्प मचा है। मंगलवार को ओवरलोडिंग के खिलाफ जारी संयुक्त जांच अभियान में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमों ने विभिन्न मार्गों पर वाहनों की जांच की। जांच दौरान एसडीएम प्रमोद झा व सीओ एसपी सोनकर व राजापुर थाने की टीम ने छह ओवरलोड ट्रकों को सीज किया है।

संयुक्त टीम ने ओवरलोड वाहन चालकों को चेतावनी दी है कि उचित रवन्ना लेकर वाहन चलायें। ओवरलोड वाहन सड़कों पर नहीं मिलने चाहिए। ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## 31 तक शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन का है लक्ष्यः डीएम

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एमसीएच विंग खोह के सभागार में जिला स्तरीय आशा सम्मेलन में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने आशा बहुओं को सम्मानित कर कहा कि पूरे लॉकडाउन कोरोना काल में परिक्रमा मार्ग में वानर व गौ सेवा के लिए समाजसेवी राकेश केशरवानी व शंकर प्रसाद यादव ने सराहनीय कार्य किये हैं। दोनों को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र दिये। मंगलवार को जिलाधिकारी ने आशा बहुओं का उत्साहवर्धन कर कहा कि सुदूर गांवों को घर-घर स्वास्थ्य सेवायें पहुंचाकर शासन की योजनाओं को पात्रों तक पहुंचाने में आशा बहुओं की भूमिका होती है। स्वास्थ्य सेवाओं का दरोमदार आशाओं के कंधे पर होता है। डेढ वर्ष कोरोना काल में अपने स्वास्थ्य की परवाह किये बिना गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशु टीकाकरण की योजनाओं में अहम भूमिका निभाई है। जिलाधिकारी ने वैक्सीनेशन पर जोर देते हुए कहा कि 18 वर्ष से अधिक के सभी लोगों को टीका लगवाना चाहिए। पहली डोज लगवा चुके लोगों को दूसरी डोज लेने को





प्रशस्त्रि पत्र देते डीएम

प्रेरित करें। 31 दिसम्बर तक शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन का लक्ष्य है। उन्होंने ओमीक्रांन तीसरी लहर के संक्रमण के प्रति लोगों को सचेत कर कहा कि मास्क और सैनेटाइजर का प्रयोग करें। 78 फीसदी वैक्सीनेशन हो चुका है। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रबंधक आरके करवरिया ने किया। कार्यक्रम में खोह एमसीएच के चिकित्साधीक्षक डॉ सतीशचन्द्र श्रीवास्तव, डॉ आरके चौरिहा, डॉ शशांक पाण्डेय, डॉ मनीष सिंह, डॉ अमित सिंह, डीसीपीएम विकास कुशवाहा, अरुण कुमार, रोहित सिंह कमल सिंह, केके शुक्ला, ज्ञानचन्द्र शुक्ला, अजय शुक्ला व पांचों ब्लाक से आई आशा बहुयें आदि मौजूद रहीं।

## हिन्दू एकता महाकुंभ कार्यक्रम के प्रचार के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील सिंह पटेल ने दो रथ किये रवाना

● बांदा/चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने दिखाई रथों को हरी झंडी

संवाददाता। चित्रकूट

**पदम विभूषण** से सम्मानित श्रीतुलसी पीठाधीश्वर जगदगुरू स्वामी रामभद्राचार्य महाराज द्वारा 15 दिसम्बर को धर्म नगरी चित्रकूट में आयोजित हिन्दू एकता महाकुंभ को ऐतिहासिक बनाने की तैयारियां जोरो पर है। मंगलवार को वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील सिंह पटेल द्वारा कार्यक्रम के प्रचार -प्रसार के लिए दो रथों को रवाना किया। जिसका शुभारंभ बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने हरी झंडी किया।इस मौके पर श्री पटेल ने 'चाहे पंथ अनेक हो,सारे हिन्दू एक हो' के जगदगुरू के संकल्प को साकार करने के लिए सभी को एकजुटता के साथ कार्यक्रम को यादगार बनाने में जुटना होगा।



रथों को झंडी दिखाकर रवाना करते सांसद

मंगलवार को बल्दाऊ गंज स्थित आवास से हिन्दू एकता महाकुंभ के दो प्रचार रथों को वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील सिंह पटेल द्वारा रवाना किया।जिसका शुभारंभ बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस मौके पर सांसद श्री पटेल ने कहा कि देश भर के हिन्दुओं को एकजुट करने की मंशा से श्रीतुलसी पीठाधीश्वर जगदगुरू स्वामी रामभद्राचार्य महाराज द्वारा ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में संघ प्रमुख मोहन भागवत एवं यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ समेत देश भर की नामचीन हस्तियां शिरकत कर अनेक पंथों में बटे हिन्दुओं को एकजुटता को संदेश देगी। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील सिंह पटेल ने कहा कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक हिन्दुओं की भीड जुटाने एवं कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से दो रथों को रवाना किया गया है। इसके अलावा गांव-गांव सम्पर्क पर लोगों से भारी संख्या में 15 दिसम्बर को चित्रकूट पहुंचकर हिन्दू एकता महाकुंभ को ऐतिहासिक कार्यक्रम बनाने की अपील की जा रहीं है। उन्होने कहा कि आज तक देश में इतना बडा हिन्दू एकता का कार्यक्रम नही हुआ। बताया कि उनकी टीम घर-घर जाकर लोगों को पंपलेट के साथ पीले चावल देकर आने का आमंत्रण दिया जा रहा है। महाकुंभ में पांच लाख की भीड़ जुटाने की तैयारी चल रही है।

## गोवंशों को ट्रक में भरकर लाये और जिंदा दफन कर गये

संवाददाता। बांदा



**नौ ट्रकों** में लगभग ढाई सौ गोवंश घर का मध्य प्रदेश के जंगल में फेंक दिया तमाम गोवंश आज भी तड़प रहे हैं बहुत सारे मर गये, आखिर इन गोवंश को जिंदा दफ्न करने का कारण क्या था किस का आदेश था इस खबर की पुष्टि वर्तमान भाजपा विधायक राजकरण कबीर ने की है वह स्वयं मौके पर जाकर इस बात की तस्दीक की है कि कैसे जिंदा दफ्न किया गया है तमाम गाय जीवित दशा में भी थी उनको भी गाड़ दिया गया।

उत्तर प्रदेश के कालिंजर बॉर्डर से लगभग 40 किलोमीटर जंगल में पहाड़ी खेरा के जंगल में पूरी ढाई सौ गोवंश को दफ्न कर दिया है इन गोवंश को नोट ट्रक लगाकर दिनदहाड़े भरकर गोवंश को भरकर दूर निर्जन पथरीले जंगल में दफ्न कर दिया जिसमें कुछ गोवंश स्थानीय विधायक भाजपा के अचानक निरीक्षणके दौरान काफी कुछ देखने को मिला जो क्षमा योग्य नहीं है विधायक जी के द्वारा कई जगह मिट्टी हटाकर पत्थर हटाकर देखा गया जिस पर कई जिंदा गौवंश मिला उन्होंने नारायणी एसडीएम से बात की तो नारायणीयम का कहना था कि गोवंश को इस तरह से दफ्न नहीं करने का आदेश था गोवंश को दूसरी गौशाला में शिफ्ट करने का आदेश था अब इसी में कितना अलग-अलग बयान है।

# मंत्री ने राप्ती मुख्य नहर बैराज का लिया जायजा

**संवाददाता।** श्रावस्ती





**प्रधानमंत्री** के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों के दृष्टिगत मंत्री जल शक्ति विभाग (सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) उप्र डॉ. महेंद्र सिंह ने जनपद में विकास खण्ड जमुनहा के अन्तर्गत बने राप्ती मुख्य नहर बैराज एवं वहीं पर निर्माणाधीन हेलीपैड का निरीक्षण कर जायजा लिया और अधूरे कार्यो को तत्काल पूरा करने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया।

राप्ती मुख्य बैराज के निरीक्षण के दौरान मंत्री जी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री जी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री जी किसानों के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से किसान भाइयों के हित में तमाम योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। सरयू नहर परियोजना उत्तर प्रदेश की ही नही बल्कि पूरे भारत देश की सबसे बड़ी परियोजना में से एक है। उन्होने कहा कि भारत देश कृषि प्रधान देश हैए हमारे देश और प्रदेश का किसान खुशहाल होगा तो निश्चित ही हमारे समाज में खुशहाली आयेगी। इस नहर के बन जाने से किसान भाइयों को अपने खेतों में सिचाई हेतु बेहतर सुविधा होगी। निरीक्षण के बाद उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होने कहा कि आजाद भारत की अब तक की सबसे बड़ी नहर परियोजना सरयू नहर परियोजना को प्रधानमंत्री जी द्वारा 11 दिसंबर को जनपद बलरामपुर के हसुआ डोल से राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा। यह नहर परियोजना क्रमश: 9 जिलों बहराइचए गोण्डाए श्रावस्तीए बलरामपुरए बस्तीए सिद्धार्थनगरए संतकबीर नगरए गोरखपुर व महाराजगंज से होकर गुजरने वाली 318 किलोमीटर लंबाई की 9802 करोड़ की लागत से निर्मित आजाद भारत की अब तक की सबसे बड़ी परियोजना का लोकार्पण 11 दिसंबर को प्रधानमंत्री जी जनपद बलरामपुर से करेंगे। इस सरयू नहर परियोजना से साढ़े 14 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित होगीए इससे लगभग 25 लाख किसान लाभान्वित होंगे। सरयू नहर परियोजना के लिए घाघराए राप्तीए बाणगंगाए सरयू व रोहिणी नदीए को आपस में जोड़ा गया है। बैठक में जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया कि प्रधानमंत्री जी के जनपद बलरामपुर में प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर जिले के लाभार्थियों को कार्यक्रम स्थल पर लाने एवं ले जाने के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है। नोडल अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया है कि लाभार्थियों को कार्यक्रम स्थल पर जाने और अपने घर वापस आने तक उन्हें कोई दिक्कत न होने पावेए इसके लिए खान.पान की व्यवस्था के लिए निर्देशित किया गया है। गांवों में तैनात सचिवए रोजगार सेवक एवं लेखपालों को भी लाभार्थियों से सम्पर्क कर सूची भी तैयार कर ली गई है। तथा कार्यक्रम स्थल जनपद बलरामपुर के हसुआ डोल में प्रात: 10 बजे तक लाभार्थियों को पहुचाने का भी निर्देश दिया गया है।

# लाखों की कीमत के 130 मोबाइल बरामद

**संवाददाता।** अमेठी


बरामद मोबाइलों के साथ पुलिस अधीक्षक — पायनियर

**सर्विलांस/साइबर** क्राइम सेल ने खोये हुए 130 मोबाइल फोन कीमत लगभग 21 लाख 50 हजार रु0 किये बरामद उनके मालिकों को सुपुर्द किया । पुलिस अधीक्षक अमेठी दिनेश सिंह के आदेशानुसार व अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार पाण्डेय के निर्देशन में सर्विलांस टीम द्वारा अथक प्रयास करके 130 अदद खोये हुए मोबाइल फोन को बरामद किये गयेए उक्त मोबाइल फोन विभिन्न तिथियों में उनके मालिकों द्वारा खो दिये गये थे । सर्विलांसध्साइबर सेल टीम द्वारा जनहित में प्रयास करके खोये हुए मोबाइलों की बरामदगी की गई । जिनकी कुल कीमत लगभग 21ए50ए000ध् ;21 लाख 50 हजार द्ध रु0 है । सभी मोबाइल उनके मालिको को सुपुर्द किये गये ।

# डीएम ने बेसिक बाल क्रीड़ा एवं शैक्षिक समारोह का किया शुभारम्भ

**रायबरेली।** पुलिस लाइन प्रागढ में दो दिवसीय जनपद स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा एवं शैक्षिक समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार द्वारा किया गया। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव व मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार ने प्रतिभागियों को शपथ दिलाई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा स्वागत भाषण द्वारा दिया गया। सभी विकास खंडों एवं नगर क्षेत्र टीमों ने मार्च पास्ट में भाग लिया। आज प्रथम दिवस में कबड्डीए खो.खोए बैडमिंटनए वॉलीबॉलए हॉकीए कुश्तीए योगाए एकांकी समूह गान आदि प्रतियोगिताए सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता के आयोजन में सभी विकास क्षेत्र खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं व्यायाम शिक्षक के सहयोग से प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। समारोह में विभिन्न शैक्षिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय वीरेन्द्र कनौजियाए विश्वनाथ प्रजापतिए प्रियंका सिंह सहयोगार्थ जिला व्यायाम शिक्षिका रेनू शुक्लाए शिव शरण नीलम पालए सुनीता सिंहए श्यामलली तथा मंच का संचालन डा0 अभिषेक द्विवेदीए वन्दना नीरज कुमारए मुन्नालालए मो0 शोएब आदि उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### अवैध रूप से काटी गई 20 बोटा खैर बरामद

**श्रावस्ती, सिरसिया।** थाना सिरसिया अंतर्गत वनक्षेत्र भिनगा व संरक्षित वन क्षेत्र सोहेलवा की संयुक्त टीम की रूटीन गश्त के दौरान गश्ती टीम ने खपरीपुर गांव के पास स्थित काशीराम पुत्र छोटकऊ के खेत में पुवाल में छिपाकर रखी गई 20 बोटा खैर की लकड़ी बरामद कर ली। बरामद लकड़ी जप्त कर भिनगा रेंज पर लाकर रखा गया है। वन विभाग ने खेत मालिक समेत सात लोगों के विरुद्ध वन संरक्षण अधिनियम में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हाल ही में बीते 19 अक्टूबर को भी इसी थाना क्षेत्र के धर्मन्तापुर के पास से 149 बोटा खैर ट्रक के साथ वन विभाग ने पकड़ा था जिसकी जांच अभी पूरी भी नहीं हो पाई है और दूसरा मामला भी सामने आ गया। जंगल की सुरक्षा को लेकर गश्ती टीम गश्त के साथ ही जंगल पर नजर भी गड़ाये रहती हैं। इसके बावजूद भी जंगलों से अवैध कटान पर अंकुश नहीं लग पा रहा है जो जंगल की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रहा है। रेंजर भिनगा आरके तिवारी ने बरामद की गई लकड़ी के बारे में बताया कि 20 बोटा खैर बरामद कर जब्त कर लिया गया है।

### ट्रैक्टर की चपेट में आकर किशोर घायल

**श्रावस्ती।** थाना सिरसिया अंतर्गत चांदगढ़ी मोड़ के पास मंगलवार शाम को ट्रैक्टर की चपेट में आकर एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। असपास के लोगो ने घायल किशोर को सीएचसी सिरसिया में भर्ती कराया जहां चिकित्सको ने हालत गंभीर देख उसे संयुक्त जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया है। ग्राम निरालानगर निवासी 15 वर्षिय अरविन्द कुमार पुत्र तुलसीराम सड़क की पटरी से होते हुये अपने घर जा रहा था। चांदगढ़ी मोड़ के पास पहुचते ही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर के पीछे कल्टीवेटर जुड़ा हुआ था जिसपर लकड़ी का मोटा पटरा रखा हुआ था। जैसे ही ट्रैक्टर किशोर के पास से निकला तभी कल्टीवेटर पर रखा पटरा अरविन्द से टकरा गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आस पास मौजूद लोगों ने घायल किशोर को उठाकर बाइक से सीएचसी सिरसिया में भर्ती कराया। जहां चिकित्सको ने उसकी हालत गंभीर देख उसे प्राथमिक उपचार के बाद संयुक्त जिला अस्पताल भिनगा के लिए रेफर कर दिया है जहां घायल किशोर का इलाज चल रहा है।

### सीता भू प्रवेश धाम में संपन्न हुआ सीताद्वार महोत्सव

**श्रावस्ती, इकौना।** सीता भू प्रवेश धाम ट्रस्ट एवं सनातन धर्म परिषद के तत्वावधान में 4 एवं 5 दिसंबर को सीताद्वार महोत्सव के अवसर पर श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ एवं श्री सीताराम नाम संकीर्तन के पश्चात् विद्वानों के व्याख्यान एवं कवि सम्मेलन का कार्यक्रम सीता भू प्रवेश धाम सीताद्वार तहसील इकौना जनपद श्रावस्ती में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रसाद में छप्पन भोग के साथ ही भव्य भंडारे का आयोजन संपन्न हुआ। इस धार्मिक कार्यक्रम में श्याम मनोहर तिवारी राष्ट्रीय महासचिव सनातन धर्म परिषद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बलरामपुरए हरिकिशोर शुक्ला पूर्व प्राचार्यए श्रवण कुमार द्विवेदी एडवोकेट ए दिवाकर पांडे प्रवक्ताए हरि शरणानंद ए बुद्ध सागर अवस्थी ए बाबूराम पांडे प्राचार्य ए सेतु बंधु त्रिपाठी बाबा जी ए अजय जायसवाल ए श्री गुलाब चंद जायसवाल ए रामचंद्र दास का सहयोग प्रशंसनीय रहा। इस कार्यक्रम में सुधीर चौधरी ए अरविंद चौधरीए दिलीप चौधरी ए आशीष चौधरी तथा अजय चौधरी का छप्पन भोग में सराहनीय सहयोग रहा। आयोजन में रिंकू मिश्रा प्रधानए अतुल मिश्रा कौशल नाथ तिवारीए रजनीश तिवारीए राजेंद्र मिश्राए शुभम सिंह और गुलाब चंद्र जायसवाल आदि ने भाग लिया।

### 24 घण्टे में लूट का खुलासा, बाइक व नगदी सहित एक गिरफ्तार

**गौरीगंज, अमेठी।** स्थानीय पुलिस ने लूट के 30ए000 रुपये नगदए चोरी की मोटरसाइकिल व 01 तमंचाए 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार किया है । आज उप निरीक्षक राजेश कुमार थाना गौरीगंज मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्तिए वाहन के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार अभियुक्त अमित तिवारी पुत्र कन्हैया लाल तिवारी निवासी ग्राम ककवा थाना अमेठी जनपद अमेठी को ग्राम अर्जुनपुर के पास से समय करीब 6रू50 बजे प्रातरू गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त अमित तिवारी के कब्जे से एक ग्लैमर मोटरसाइकिल नं0 यूपी 62 सीसी 3029 व 30ए000ध् रू0ए 01 अदद तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ । मोटरसाइकिल के कागज मांगने पर दिखा न सका तथा बताया कि 06 दिसंबर को पहले मैने मोटरसाइकिल इलाहाबाद बैंक कस्बा गौरीगंज से चोरी किया फिर उसी मोटरसाइकिल से बड़ौदा ग्रामीण बैंक रामगंज कौहार आया तथा बैंक में एक महिला का रेकी किया जो 30 हजार रूपये निकाल कर जाने लगी तो उसका पीछा करके सूनसान जगह पर स्कूटी को रोककर महिला को तमंचा दिखाकर रूपये छीनकर भाग गया थाए बरामद मोटरसाइकिल व 30 हजार रूपये उसी चोरी व लूट के हैं । थाना गौरीगंज द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

### दो वांछितों पर धारा 82 की कार्रवाई

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव गोपापुर निवासी सचिन छेड़छाड़ के आरोपित मुकदमें मे 1 साल से वांछित होने पर वहीं कोतवाली के गांव बरगदहा मजरे इटौराबुजुर्ग निवासी छत्रपाल चोरी के बाइक मे एक साल से वांछित कोर्ट से चलने पर कोर्ट के आदेश पर कोतवाली निरीक्षक ने दोनो के घर पर नोटिस चिस्पा करते हुए धारा 82 की कार्यवाही किया है।जिसकी पुलिस कोतवाली पुलिस ने किया है।

### ट्रक ने साइकिल सवार युवती को मारी टक्कर,गंभीर घायल

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव रामसाण्डा निवासिनी काजल 22वर्ष पुत्री शत्रोहन अपनी साइकिल से जमुनापुर दूध बेंचने के लिए होटल गई थी जहां पर कानपुर से ऊंचाहार मार्ग पर कानपुर की ओर जा रहे ट्रक ने साइकिलसवार युवती को टक्कर मार दिया।जिसको गंभीर घायल होने पर सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।पुलिस ने चालक समेत ट्रक को कब्जे मे लेकर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया है।

# कांग्रेस सदस्यता जिला प्रभारी ने किए विधानसभावार प्रभारी नियुक्त

**संवाददाता।** अमेठी


विधानसभा प्रभारियों के साथ जिला प्रभारी — पायनियर

**संसदीय** क्षेत्र अमेठी में कांग्रेस सदस्यता अभियान को गति देने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार अमेठी कांग्रेस सदस्यता जिला प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने विधानसभावार प्रभारियों की नियुक्ति की है। अनिल सिंह ने बताया कि अमेठी संसदीय क्षेत्र के सभी विधानसभा में न्याय पंचायत स्तरीय कमेटी का गठन कर लिया गया है सदस्यता अभियान को और गति देने के लिए आज अमेठी के कांग्रेस कार्यालय मे अमेठी विधानसभा के संभावित प्रत्याशी दावेदार विधानसभा प्रभारी ब्लॉक अध्यक्ष ब्लॉक प्रभारी के साथ बैठक हुई जिसने लोगों ने बढ़ चढ़कर कांग्रेस सदस्यता अभियान को गति देने की बात कही । बैठक में सदस्यता प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि 10 दिसंबर तक चलने वाले सदस्यता अभियान का नारा है एक परिवार नए सदस्य चार।

नए सदस्य बनने के लिए 8230005000 पर मिस्ड कॉल भी दे सकते हैं। अमेठी कांग्रेस सदस्यता विधानसभा प्रभारी आयुष त्रिपाठी ने बताया कि अमेठी विधानसभा में अधिक से अधिक सदस्यता के लिए सारी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं संगठन द्वारा 5000 से अधिक नए सदस्य भी बन चुके हैं पार्टी महिलाओं और लड़कियों के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के सामने अपने ष्लड़की हूंए लड़ सकती हूंण् अभियान के पोस्टर भी लगाएगीण् सदस्यता अभियान चलाते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी का संदेश छात्राओं तक पहुंचाया जाएगाण

सदस्यता बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश सचिव फरहान वारसी ने उपस्थित संगठन के ब्लॉक अध्यक्षध्प्रभारी संभावित विधानसभा उम्मीदवार को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सदस्यता अभियान के तहत पूरे उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक सदस्यता अमेठी में होनी चाहिए इसके लिए हर तरीके से आपको जमीनी स्तर पर एक साथ मिलकर काम करना होगा बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष योगेंद्र मिश्रएडॉ नरेन्द्र मिश्रएधर्मेंद्र शुक्लए विनय मिश्रएअशोक शुक्लए दीपक आर्याए सुनील सिंहएरविन्द्र सिंहए बलराम वर्माएसंजय यादवए सूर्यभान सिंहएअब्दुल वाहिदए विनोद कन्नौजिया उपस्थित रहे।

# अवैध शराब का कारोबार बना पुलिस का कमाऊ जरिया

**संवाददाता।** जगदीशपुर, अमेठी

**सरकार** जहाँ अवैध शराब कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए आए दिन जिम्मेदार अधिकारियों को कडे निर्देश जारी करती रहती है वहीं क्षेत्र में धधक रही शराब की भट्ठियाँ पुलिस का कमाऊ जरिया बना हुआ है ।

जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पूरे मललाहन मटियारी कला रूदापुर वारिसगंज खौपुर हारीमऊ बगाही बढौली मोहब्बतपुर करीडीह पूरे पासिन महमदपुर भूलीनगर सहित दर्जनो गांवो में शाम व भोर हाोते ही धंधे में लिप्त अवैध शराब कारोबारी भट्ठियाँ धधका कर शराब बनाने में मस्त रहते हैं माल तैयार कर अपने अपने अड्डो पर बिक्री के लिए भेजते रहते हैं तथा घरो से भी पीने वाले नशेडी खरीदकर पीने में मस्त रहते हैं वहीं नशे में धुत होकर गांव के लोगों से गाली गलौज मारपीट व बहू बेटियों से छेड़छाड़ आदि घटना होना आम बात हो गई है पीडित ग्रामीणों ने बताया कि मामला थाने पहुंचने पर कोई कार्यवाही न करके डांट फटकार कर भगा दिया जाता है ग्रामीणों की माने तो धंधा चमकाने के लिए कारोबार में लिप्त लोग इसके एवज में पुलिस को मोटी रकम देते रहते हैं जिसके चलते कभी धंधा बंद कराने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। यदा कदा दस पाँच लीटर अवैध शराब दिखा कर किसी न किसी को जेल भेज कर पुलिस अपनी पीठ जरूर थपथपा लेती है गौरतलब हो कि आबकारी विभाग भी शायद इस तरफ ध्यान देना मुनासिब नहीं समझता जिससे पुलिस की बल्ले बल्ले तो कारोबारियो की दिन दूनी रात चौगुनी के चलते सरकार की छवि धूमिल होती जा रही हैं ।

# सीबीआई की टीम विवेचना के लिए जारी किया पड़ताल

**संवाददाता।** ऊंचाहार

**ऊंचाहार** एनटीपीसी आवासीय परिसर स्थिति एनटीपीसी अस्पताल के भ्रष्टाचार के मामले मे सीबीआई मे दर्ज मुकदमे के बावत सीबीआई की टीम अलोक कुमार के नेतृत्व मे तीन सदस्यीय टीम एनटीपीसी पहुंच पड़ताल प्रारंभ कर दिया है।जिसमे हलाकि एनटीपीसी अस्पताल केपूर्व बर्खास्त सीएमओ नरेन्द्र मोहन सिंह सीबीआई के मुकदमे मे नामजद है।जिसमे सीबीआई की टीम के आमद के बाद एनटीपीसी मे हड़कंप मचा हुआ है।जिसमे एनटीपीसी के कंपनी के अन्तर्गत कार्य करने वाली फर्म के तहत रखे गए एनटीपीसी के पैरामेडिकल स्टाप की नौकरी तक खतरे में मड़रा रही है क्योकि जांच का बिन्दु सीबीआई का ये भी है।जिसमे सीबीआई सूत्रो की माने तो अस्पताल का पूर्ण रिकार्ड पूर्व सीएमओ नरेन्द्रमोहन के दौरान के मांगे गए है जिसमे स्टाप की संख्या उसके नाम पता समेत पूरा डिटेल एवं अस्पताल के दवा से लेकर सम्पूर्ण सामग्री का बिल बाउचर आदि का रिकार्ड मौजूदा सीएमओ से मांगा गया है।सीबीआई सभी पहलुओं पर जांच प्रारंभ कर रखा है।जिसमे एनटीपीसी के अधिकारी व कर्मचारी एवं कंपनी के साथ साथ कंपनी के अन्तर्गत कार्य करने वाली कार्यदायी फर्म मतहत व अस्पताल के कुछ चिकित्सक व स्टाप तक जो पूर्व सीएमओ के करीबी थे वे भी सीबीआई के शिकंजा मे आना तय है जिसको लेकर हड़कंप मचा हुआ है।

### एडीएम सहित कार्यालय के लोगों को खिलाई गई फाइलेरिया की दवा

**अमेठी।** जनपद में चिकित्सा विभाग और विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीम के द्वारा जिला अधिकारी कार्यालय पहुंच कर जनपद के एडीएम एस पी सिंह सहित कार्यालय के लोगो को फाइलेरिया की दवा खिलाई गईए इस मौके पर अपर जिलाधिकारी एसपी सिंह ने कहा कि जनपद में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लोगो को दवा खिलाई जा रही है आज उसी क्रम में कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों को फाइलेरिया की दवा खिलाई गईए उन्होंने बताया कि फाइलेरिया रोग क्यूलेक्स मक्कर के कटने से होने वाला एक तरह का संक्रामक रोग हैए फाइलेरिया रोग से ग्रसित व्यक्तियों में पैरों में सूजनए हाथो में सूजनए पुरूषों में हाईड्रो शीलए महिलाओं में ब्रेस्ट में सूजनए इसके लक्षण होते हैए उन्होंने बताया कि जनपद में गृह भ्रमण करने वाली टीमों के द्वारा प्रत्येक घर में 02 वर्ष से ऊपर सभी व्यक्तियों को डी0सी0 गोली का सेवन कराया जा रहा है।

# खंड विकास अधिकारी ने किया गो आश्रय स्थल का निरीक्षण

**संवाददाता।** तिलोई, अमेठी


गौशाला का निरीक्षण करते बीडीओ — पायनियर

**खंड** विकास अधिकारी सिंहपुर एस बी सिंह ने क्षेत्र की जैतपुरएलॉली गो आश्रय का सोमवार को निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान गो आश्रय स्थलों पर व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने का निर्देश दिया साथ ही हरा चारा व चारे की समुचित व्यवस्था का निर्देश दिया। जैतपुर में निरीक्षण के दौरान बी डी ओ ने ग्राम विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि शौचालय का निर्माण कराया जाय साथ ही सूखे चारे व हरे चारे की समुचित व्यवस्था की जाए। पशुओं की संख्या में बढ़ोत्तरी के साथ ही तीन गायों ने बच्चे दिया है।उधर लॉली गो आश्रय स्थल पर भूसा स्टोर निर्माण का निरीक्षण किया और अति शीघ्र बनवाने का निर्देश दिया।विद्युत कनेक्शन करवाने का निर्देश दिया।इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी जे बी सिंहएप्रदीप कुमार पटेलएइरशाद अहमदएग्राम प्रधान लॉली सर्वेश विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# अनुशासन ही सफलता की कुंजी: रमेश बहादुर सिंह

- **विभिन्न प्रतियोगिताओं में एसजेएस के बच्चों ने बिखेरा जलवा**
- **एसजेएस में विभिन्न प्रतियोगिताओं सहित विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित**
- **संसद पर बनाया मॉडल रहा आकर्षण का केंद्र**

**संवाददाता।** रायबरेली






**भाव** स्थित एसजेएस पब्लिक स्कूल में आज विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।कक्षा नर्सरी से आठ तक के बच्चों ने इन प्रतियोगिताओ में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। विज्ञान प्रदर्शनी इस आयोजन का आकर्षण का केंद्र रही। एसजेएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन श्री रमेश बहादुर सिंह ने बच्चों के प्रयास की सराहना की। वही भाव ब्रांच की प्रधानाचार्य श्रीमती पल्लवी अग्रहरि ने आए हुए अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। भाव स्थित एसजेएस पब्लिक स्कूल में आज लेखए गांधी जी पर प्रश्नोत्तरीए हिंदी दिवसए चाचा नेहरू पर निबंध प्रतियोगिताएगांधी जी पर पोस्टर मेकिंग और दिवाली क्राफ्ट सहित विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में नन्हे.मुन्ने बच्चों ने रेन वाटर हार्वेस्टिंगए कंप्यूटरए सोलर सिस्टम इत्यादि सहित संसद का मॉडल बनाया था। विज्ञान प्रदर्शनी में संसद का मॉडल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। नन्हे.मुन्ने बच्चों ने बहुत ही बेहतर तरीके से अपने बनाए हुए मॉडल को चेयरमैन श्री रमेश बहादुर सिंह के समक्ष रखा। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर आए छात्र.छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र दिए गए। अपने संबोधन में एसजेएस ग्रुप ऑफस्कूल के चेयरमैन श्री रमेश बहादुर सिंह ने कहा कि सफलता की कुंजी अनुशासन है। जिंदगी में अनुशासन अगर है तो सफलता निश्चित ही मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्कूल में पहला पाठ अनुसाशन का पढ़ाया जाता है और आज आपने अपने व्यवहार से बता दिया कि स्कूल की पहली पढ़ाई यानी अनुशासन में आपने सौ प्रतिशत नंबर हासिल किए हैं। स्कूल की प्रधानाचार्य पल्लवी अग्रहरि ने सभी बच्चों के प्रयास की सराहना की और कहा कि बच्चों ने बहुत ही बेहतर मॉडल बनाए हैं और उससे भी बेहतर तरीके से इन मॉडल को एक्सप्लेन किया है।

# हत्या के आरोपित को छोड़े जाने से नाराज महिलाओं ने किया हंगामा

- **पूरे संभर मजरे मेरूई गांव में पिटाई से हुई थी महिला की मौत**

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे संभर मजरे मेरूई गांव में महिला की पिटाई से मौत हुई थी। यह खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चिकित्सक ने मृत्यु के पूर्व कई चोंटों की पुष्टि की है। उल्लेखनीय है कि बीती 2 दिसम्बर की रात पूरे सम्भर सिंह में विवाहित महिला नीलम का फांसी पर लटकते हुये शव पाया गया था। इस घटना की रिपोर्ट दहेज अधिनियम के तहत उसके ससुरालीजनो समेत एक युसुफ्पुर प्राथमिक स्कूल में तैनात एक शिक्षक के विरूद्ध दर्ज करायी थी। पुलिस ने इस मामले में शिक्षक को पकड़ने के बाद छोंड़ दिया था जबकि अन्य नामजदों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इससे नाराज मंगलवार को मृतका के मायके से आयीं आधा सैकड़ा महिलाओं ने कोतवाली का घेराव किया। महिलाओं को आरोप था कि पुलिस ने सांठ गांठ कर हत्या का षडयंत्र रचने वाले आरोपित शिक्षक को लेनदेन कर छोंड़ दिया है। महिलाओं के आक्रोश व अपने खिलाफ हो रही नारेबाजी से अपनी बेइज्जती महसूश कर रही पुलिस ने आक्रोशित महिलाओ को कोतवाली से हटाने का प्रयास किया। मगर महिलाएं कोतवाली परिसर से लेकर फतेहपुर.लखनऊ मार्ग तक लेट कर विरोध किया। परिवारीजनो ने पुलिस के उच्च अधिकारी ने घटना में आरोपित शिक्षक विनोद कुर्मी से उपकृत होने के बाद न केवल उन्हे छोड़वा दिया गया बल्कि उन्हे विवेचना में क्लीनचिट भी देने का आश्वासन दिया है। महिलाओं ने कहा कि वे अपनी आवाज एसपी तक पहुंचाएंगी और जब कोई कार्रवाई नहीं होगी तो वे मुख्यमंत्री से भी शिकायत करेंगी।

# गड्ढामुक्त हुआ नहीं और खर्च हो गए करोड़ों

● गड्ढामुक्ति के नाम पर मंडल में मची है, धन की लूट ● लगभग 20 करोड़ से करना 876 सड़कों को गडढ़ामुक्त ● आवंटन के सापेक्ष कागजों में हो गया 91 फीसद सड़क गडढ़ामुक्त ● कागजों में 9673 किमी. सड़क को कर दिया गडढ़ामुक्त

संवाददाता। बस्ती

**हर** साल की इससाल भी सड़कों के गडढ़ामुक्ति के नाम पर मंडल में करोड़ों रुपयो का खेल हुआ, और हो रहा है। कागजों में तो 91 फीसदी सड़कों को पीडब्लूडी ने गडढ़ामुक्त कर करोड़ो का बंदरबांट कर लिया। सरकार का इस बार भी लगभग 20 करोड़ गडढ़ामुक्त के नाम पर पानी में चला गया। इस धन का लाभ आमजन को तो बहुत ही कम मिलेगा, मगर विभाग के अधिकारी और ठेकेदार अवश्य मालामाल हो गए। चूंकि इसकी जांच न तो शासन और न प्रशासन कराता है, इस लिए हर साल अधिकारियों को करोड़ों का बोनस बिना कुछ किए मिल जाता है। बस्ती, सिद्धार्थनगर और बस्ती के मुख्यालय के आसपास की सड़कों को अगर छोड़ दिया जाए, तो दूरदराज का एक भी सड़क गडढ़ामुक्त नहीं हुआ। माननीयों का इस मामले में खामोश रहना उनकी भागीदारी का पता चलता है। सड़कों को लेकर बड़े-बड़े दावे करने वाले मंत्री से लेकर सांसद और विधायकों के पास इतनी फुर्सत ही नहीं कि वह इस ओर देख भी सके। कई ठेकेदारों का कहना हैं, कि जब अधिकतर माननीयों के चहेते काम करेंगे तो आवाज उठाएगा कौन? आमजनता पहले भी और अब भी कह रही है, कि सरकार को गडढ़ामुक्त योजना को ही बंद कर देना चाहिए, क्यों कि जब उन्हें गडढ़ायुक्त सड़कों पर ही सफर करना है, तो क्यों इसके नाम पर हर साल अरबों रुपया बहाया जा रहा है? यही धन अगर किसी अन्य विकास में लगा दिया जाए तो आमजन को लाभ भी मिल सकता है। कुछ लोगों का तो यहां तक कहना है, कि सरकार एक तरह विभाग और ठेकेदारों को हर साल अरबों रुपये का तोहफा देती आ रही है। पिछले पांच साल में देखा जाए तो मंडल में एक अरब से अधिक धन सिर्फ गडढ़ामुक्त के नाम पर खर्च हो चुका है। एक तरह से अधिकारी और ठेकेदार गडढ़ामुक्त का





इंतजार करते हैं। चारो तरफ इसकी व्यापक जांच कराने की मांग उठ रही है। गडढ़ामुक्त न होने का खामियाजा 2022 के चुनाव में सबसे अधिक भाजपा प्रत्याशियों को ही होने की संभावना जताई जा रही हैं। ऐसे में अगर कोई जनप्रतिनिधि हिम्मत करके आवाज उठाता है, तो उसका लाभ उसे चुनाव में अवश्य मिलेगा, हांलाकि इसकी संभावना कम नजर आ रही है। गडढ़ामुक्त का नोडल पीडब्लूडी को बनाया गया, जिस पर पहले ही सड़कों के निर्माण के नाम पर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगता रहा है। रिकार्ड के मुताबिक मंडल में कुल 9673 किमी. की 4440 सड़कों को गडढ़ामुक्त करने के लिए लगभग 29 करोड़ आवंटन हुआ। सबसे अधिक बस्ती के दोनों खंडों में 3840 किमी. की 2057 सड़कों को गडढ़ामुक्त करना था। सीएम की ओर से गडढ़ामुक्त करने की अंतिम तिथि 15 नवंबर 21 की दी गई। इसके लिए जिले को 9.39 करोड़ दिया गया, शासन को भेजी गई रिपोर्ट में लगभग 88 फीसद कार्य पूर्ण दिखाया गया। जनपद सिद्धार्थनगर की 1507 सड़कों के लिए 7.89 करोड़ जारी हुआ, कागजों में लगभग 93 फीसद सड़कों को गडढ़ामुक्त दिखाया गया। इसी तरह जनपद संतकबीरनगर में 876 सड़कों को गडढ़ामुक्त करने के लिए 5.20 करोड़ जारी हुआ, सबसे अधिक 95 फीसद गडढ़ामुक्त इसी जनपद में दिखाया गया। विभागीय आकड़ों के मुताबिक मात्र सात फीसद सड़क ही गडढ़ामुक्त होना रह गया है। अब आप खुद अंदाजा लगाइए कि झूठ कौन बोल रहा है, विभाग या फिर आप। झूठी रिपोर्ट के मामले में सबसे अधिक जिम्मेदार विभाग के अवर अभियंताओं को जिम्मेदार बताया जा रहा है, जिसकी रिपोर्ट पर भुगतान होता है।

## चार साल से गडढ़ायुक्त सड़कों से जा रहे राहगीर

**विक्रमजोत** के हाइवे से खतमसराय, मुनियांवत्र मल्हनी, धेनुगांवा सहित हैदराबाद-सिंकदरपुर जैसे प्रमुख सड़कों को जोड़ने वाली लगभग सात किमी. लंबी खतमसराय-हैदराबाद संपर्क मार्ग पिछले चार साल से गडढ़ों में तबदील हैं। इस सड़क पर प्रतिदिन हजारों राहगीर और छोटे बड़े वाहन बड़ी मुस्किल से यात्रा कर पाते हैं। बरसात के दिनों में जलजमाव के चलते राहगीर को सड़क तलाशनी पड़ती है। यह उय विधानसभा क्षेत्र की सड़कों का हाल है, जिसके विधायक सड़कों को लेकर बड़ी-बड़ी दावें करते नहीं थकते।

# यूपी को छत्तीसगढ़ जैसा प्रदेश बनाएंगे:भूपेश बघेल

● छत्तीसगढ़ के सीएम ने मोदी और योगी पर किया हमला

● बसंत चौधरी ने रुधौली विधानसभा क्षेत्र के विकास की बात कही



किसान सम्मेलन को संबोधित करते छत्तीसगढ़ के सीएम पायनियर

संवाददाता। बस्ती

**छत्तीसगढ़** के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक जनसभा के जरिए मोदी और योगी पर हमला बोला। कहा कि आज देश में खासतौर पर यूपी में किसान, नौजवान एवं सभी वर्ग के लोग परेशान है। बेरोजगारी और महंगाई निरंतर बढ़ रही है। कहा कि कोई भी चुनाव जातिवाद पर नहीं बल्कि विकास के मुददे पर लड़ना चाहिए। उन्होंने किसानों के आंदोलन पर बोलते हुए कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कांग्रेस प्रदेश में छत्तीसगढ़ के फार्मूले को आजमाएगी। कहा कि प्रदेश में सभी के जेबे कट रही है। किसान और मजदूर तक के जेबें काटी जा रही है। एक सवाल के जबाव में उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी ने प्रतिज्ञा ली है, कि उनकी सरकार आने के बाद प्रदेश के 20 लाख बेरोजगारों को रोजगार देंगे, आशाओं, किसानों के कर्जे माफहोगें, विधार्थियों को लैपटाप दिया जाएगा, महिलाओं का सम्मान होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज छत्तीसगढ़ के माडल की चर्चा पूरे हिंदुस्तान में हो रही है। इसी माडल को यूपी में लाना है, ताकि किसानों को उनके उपज का मूल्य मिल सके और नौजवानों को रोजगार। कांग्रेस नेता बसंत चौधरी ने कहा कि वह रुधौली विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए बहुत करना चाहते हैं, इसके लिए योजना भी बन गई। कहा कि क्षेत्र में 50 लाख लीटर दूध का डेयरी प्लांट लगाया जाएगा, ताकि क्षेत्र के पांच हजार किसानों और पशुपालकों को दूध की वाजिब कीमत मिल सके। पांच सौ टक वाला कोल्ड स्टोरेज की स्थापना की जाएगी। सभा को कांग्रेसी नेता अम्बिका सिंह, रामजियावन, अकुंर वर्मा, देवेंद्र श्रीवास्तव सहित अन्य ने भी संबोधित किया। एक तरह इस सभा के जरिए बंसत चौधरी को प्रोजेक्ट करने का प्रयास किया गया।

## बलात्कार-दहेज उत्पीड़न में सास ससुर, देवर, पति ननद फंसे

**बस्ती।** महिला थाना के खोराखार महिला ने दहेज, बलात्कार, मारनेपीटने, गर्भपात कराने और स्त्रीधन रखने के मामले में डफली टोला निवासी पति इम्तियाज, ससुर इश्तियाक, सास शहनाज बेगम, ननद शहजादी एवं सना, देवर रमजान खान उर्फ भकालू, रियाज अहमद, जमील अहमद, मो. मुसुफ परवेज और बखिरा निवासी कल्लू के खिलाफ कई धाराओं में मुकदमा दर्ज करासा है।

पीड़ित महिला का कहना है, कि उसके पति व ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताडित करते थे, दहेज के नाम पर दो लाख की मांग करते थे, मारते-पीटते थे, जबरिया उसका गर्भपात करा दिया। सबसे गंभीर आरोप अपने देवर रमजान खान उर्फभकालू पर लगाते हुए कहा कि वह जबरिया उसका बलात्कार करता था। विरोध करने पर ससुराल वाले अएक जुट होकर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। उसके जेवरात भी रख लिया।

# सशस्त्र झंडा दिवस पर डीएम को सैनिक टिकट भेंट किया

संवाददाता। बस्ती

**सशस्त्र** झण्डा दिवस के अवसर पर डीएम सौम्या अग्रवाल को जिला सैनिक कल्याण एंव पुनर्वास विभाग की ओर से सैनिक टिकट भेंट किया गया। डीएम ने इस अवसर पर अपना योगदान करते हुए सभी से अपील किया कि शहीद एवं सेनानिवृत्त सैनिक परिवारों के कल्याण के लिए अधिक से अधिक योगदान करें। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के बारे में बताते हुये कहा कि सन 1949 से शहीदों और सेना में सेवारत सैनिको को सम्मान देने के लिए 07 दिसम्बर को पूरे देश में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया जाता है, जो कि हमारी सीमाओं पर देश की अखण्डता की रक्षा के लिए बहादुरी से लड़ते है। उन्होने कहा कि देश के लिए अपने प्राणों की आहूति देने से बढकर कोई नेक कार्य नही हो सकता। देश की रक्षा करते हुए, जो सैनिक घायल हो गये है या शहीद हो गये है, उनके प्रति हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम उनकी बीरांगनाओं और बच्चों की



झंडा दिवस पर डीएम को सैनिक टिकट लगाते पायनियर

देखभाल करे। कहा कि देश द्वारा लड़े गये विभिन्न युद्धों में जीत हासिल करने के दौरान और चल रहे सीमा पार आतंकवाद और उग्रवाद का मुकाबला करने के दौरान हमारे सशस्त्र बल अपने बहुमूल्य जीवन का बलिदान करने के साथ-साथ विकलांग भी हो जाते है। परिवार के मुख्यिा की आकस्मिक मृत्यु से परिवार को जो आधात पहुँचता है, उसकी कल्पना करना कठिन है। हमारे विकलांग सैनिको की देखभाल और पुनर्वास की आवश्यकता होती है ताकि वे खुद को अपने परिवार पर बोझ न समझें और सम्मान का जीवन जी सकें। इसके अलावा ऐसे सेवानिवृत्त सैनिक है, जो कैंसर, ह्रदय रोग आदि जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित है, जिन्हें हमारी देखभाल और सहायता की आवश्यकता है।

उन्होने कहा कि इस दिन सेना, नौसेना और वायु सेना के जवानों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को याद किया जाता है। यह हमारे देश के प्रत्येक नागरिक का सामूहिक कर्तव्य है कि वह हमारे बहादुर शहीदों और विकलांग हुए सैनिको तथा उनके आश्रितो का पुनर्वास और कल्याण सुनिश्चित करें। झण्डा दिवस हमें इन दायित्वों को पूरा करने का अवसर देता है। इस दिन देश के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले थल सेना, नौसेना और वायु सेना के जवानों का सम्मान देने के लिए 07 दिसम्बर को सुबह 11.00 बजे दो मिनट का मौन रखकर याद किया जाता है। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एंव पुनर्वास अधिकारी कमाण्डर बृजेन्द्र कुमार ने आईजी राजेश मोदक डी राव, पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव, सीडीओ राजेश कुमार प्रजापति, एडीएम अभय कुमार मिश्र कार्यालय में जाकर झण्डा दिवस का टिकट लगाया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सूरज यादव, संचितमोहन तिवारी, सूर्यलाल, मुज्तवा, राधवेन्द्र पाण्डेय, रंजीत रंजन, रामकुमार पाल, शम्भू, राजकुमार मिश्रा, जगदीश चन्द्र एवं कलेक्टेव्ट के अन्य कर्मचारी को झण्डा दिवस का स्टीकर लगाया गया और सभी ने उचित योगदान दानपात्र में डाला।

## ओमीक्रोन को देखते हुए प्रशासन ने की बैठक

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ द्वारा संयुक्त रुप से वैश्विक महामारी कोविड-19 के नए वैरिएंट ओमीक्रोन के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत पुलिस/ प्रशासन/स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान बताया गया कि विगत कुछ दिनों से कोरोना संक्रमण बहुत तेजी से फैल रहा है, जिसके कारण प्रवासियों के आगमन होने से कोविड़-19 संक्रमण की दर बढ़ सकती है अत: एहतियातन उनको क्वारंटीन करने, बिना मास्क के घूम रहे लोगों का अधिक से अधिक मात्रा में चालान करने, तथा सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर आमजनमानस को जागरुक करने के उद्देश्य से पीए सिस्टम लगाने तथा आमजनमानस को शासन द्वारा जारी कोविड-19 के नियमों का पालन करने, दुकानों के सामने गोले बनवाने जिससे सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराया जा सके।

# ईवीएम व वीवीपैट मतदाता जागरूकता रथ को डीएम ने दिखाई हरी झंडी

संवाददाता। गोंडा




जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाते डीएम मार्कण्डेय शाही पायनियर

**कलेक्ट्रेट** परिसर से जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही ने मंगलवार को एलईडी मतदाता जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मतदाता जागरूकता वाहन जिले के 2915 मतदान केंद्र, तहसील मुख्यालय, ब्लाक मुख्यालयों, प्रमुख स्थलों, चौराहों व बाजारों में रोस्टरवार पहुंचेगा। एलईडी वैन द्वारा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया, ईवीएम व वीवीपैट से संबंधित जानकारी दी जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान भविष्य चुनने का अधिकार है। मतदान की प्रक्रिया के संबंध में सभी जानकारियां मतदाताओं के पास अवश्य होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से चार एलईडी जागरूकता वाहन निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद में भेजे गए हैं जिसके माध्यम से मतदाओं को जानकारी देने व जागरूक करने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह वाहन जिले की चारों तहसीलों गोण्डा सदर, करनैलगंज, मनकापुर तथा तरबगंज समेत सभी सातों विधान सभा क्षेत्रों में जागरूकता का कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि एलईडी जागरूकता वाहन के साथ मास्टर ट्रेनर भी रहेंगे, जो ईवीएम और वीवीपैट की जानकारी देने के साथ-साथ मतदान की प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ाने के लिए मतदाताओं को प्रोत्साहित करेंगे। उन्होंने बताया कि ट्रेनर द्वारा मतादाताओं को यह बताया जाएगा कि ईवीएम मशीन किसर तरह वीवीपैट ये कनेक्ट करने पर मतदाता अपने मताधिार का प्रयोग करने के बाद अपने मत की पुष्टि कर सकता हे कि जिस प्रत्याशी को उसके द्वारा मत दिया गया है, उसी को उसका वोट मिला है। एसडीएम करनैलगंज हीरालाल ने तहसील करनैलगंज में जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया तथा अपील की कि ज्यादा से ज्यादा लोग वाहन के माध्यम से मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी हासिल करें जिससे निष्पक्ष निर्वाचन सम्पन्न हो सके। इस दौरान प्रभारी अधिकारी कार्मिक/सीडीओ शशांक त्रिपाठी, उपजिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार सोनी, विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2022 के नोडल अधिकारी सीआरओ जयनाथ यादव, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, एसडीएम सदर विनोद कुमार सिंह, तहसीलदार करनैलगंज पुष्कर मिश्रा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जंगजीत वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# औवेसी व डॉ. अय्यूब से मुसलमान रहें सतर्क : अब्दुल कलाम

● मौजूदा सरकार से बुनकर व किसान परेशान

● महंगाई चरम सीमा पर, मोदी कर रहे है चुनावी रैली



**संतकबीरनगर।** मेंहदावल विधानसभा से लगातार तीन बार रहे पूर्व विधायक अब्दुल कलाम ने कहा कि ओवैसी व डॉ0 अय्यूब से मुसलमानो को सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मुसलमानो के रहनुमा बनने वाले ये दोनो नेता भाजपा के एजेन्ट है। श्री कलाम मंगलवार को मीडिया से वार्ता करते हुए उक्त बातें कही। उन्होने कहा कि प्रदेश में किसान व बुनकर परेशान है भूखमरी के कगार पर पहुँच गये है। महंगाई चरम सीमा पर है। बुनकर अपने पावरलूम बेचने को मजबूर है और देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुखिया चुनावी रैली कर रहे है। उन्होंने कहा कि 5 वर्ष बीत गया विकास के नाम पर कोई कार्य नही हुआ है। अब जब विधानसभा चुनाव आया है तो शिलान्यास व लोकार्पण का कार्य भाजपा कर रही है। उन्होने कहा कि किसानो का पुरसाहाल नही है झूठ के बल पर सरकार चल रही है। किसान खाद के लिए लाईन लगाया हुआ है। प्रदेश में कानून व्यवस्था फेल है जनता सुरक्षित नही हैं पूर्व विधायक अब्दुल कलाम ने कहा कि समाजवादी पार्टी से मौजूदा सरकार डरी हुई है और दहशत में है। उन्होंने बसपा पर निशाना साधते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव बाद मायावती अपना समर्थन भाजपा को दे देगी। उन्होने कहा कि जनपद में सड़को के हालात जर्जर हो चुके है आये दिन मार्ग दुर्घटनाओं में लोगो के जीवन समाप्त हो रहे है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में मोदी की रैली प्रशासन के बल पर हो रही है यात्री परेशान है और सरकारी बसे रैली में भीड़ दिखाने के लिए किराये की भीड़ सरकारी बसों से जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग चालान करके सरकार का खजाना भर रही है। शिक्षा व स्वास्थ्य के लिए प्रदेश सरकार सुविधा देने में हर मोर्चे पर विफल है।

# एवरेज से अधिक प्राप्त फार्मों को विशेष रूप से जांचा जाये: आयुक्त

संवाददाता। फतेहपुर

**विधानसभा** निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण एवं दावे आपत्तियो के निस्तारण की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में रोल प्रेक्षक/आयुक्त, प्रयागराज मण्डल प्रयागराज संजय गोयल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशो का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। पुनरीक्षण के समय जिन बूथों में 05 से कम फार्म प्राप्त हुए है।

उन बूथों के बूथ लेवल अधिकारियो के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करते हुए आख्या से अवगत कराये। जो फार्म प्राप्त हुए है, उनका गहनता से जाँच कर निस्तारण करे और जिन बूथों में एवरेज से अधिक फार्म प्राप्त हुए उनका विशेष रूप से जांच किया जाय ताकि सही फार्म डिलीट न होने पाये अथवा कोई गलत मतदाता निर्वाचन कार्ड न बनने पाये। जिन फार्मो का निस्तारण हो चुका है। उनके फाइनल मतदाता कार्ड की रिपोर्ट से अवगत कराएं, जनपद में 2235 बूथ बनाये गये उन पर मूलभूत सुविधाओं की जाच करें। जैसे दिव्यांग के लिए रैम्प, शुद्ध, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था नही है तो उसका चिन्हित करते हुए व्यवस्था पूरी करायी जाय। उन्होंने एआरओ को निर्देश दिए कि फॉर्म 6, 7 एवं 8 ऑनलाइन फार्म मतदाता/बीएलओ द्वारा भराये जाते है। उनमें जन्मतिथि, फोटोग्राफ्स का सत्यापन कर ले ताकि गलत कार्ड जारी न हो सके। इस मौके पर जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे, मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) विनय कुमार पाठक, अपर जिलाधिकारी न्यायिक उपजिलाधिकारी सदर, बिन्दकी, अपर उप जिलाधिकारी, खागा, समस्त तहसीलदार, जिला विद्यालय निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

## आयुक्त ने किया सहकारी समिति का निरीक्षण

**फतेहपुर।** आयुक्त प्रयागराज मंडल प्रयागराज संजय गोयल ने सीतापुर साधन सहकारी समिति विकास खंड हसवा एवं राजकीय धान क्रय केन्द्र (प्रथम, द्वितीय) थरियांव का औचक निरीक्षण किया। सीतापुर धान क्रय केन्द्र में बोरो की तौल की गयी। जिसमे 41.430, 41.440 किलो लगभग 800 ग्राम बोरे में अधिक पाये जाने पर सम्बन्धित को निर्देश दिए की जिला प्रबंधक पीसीएफ से स्पष्टीकरण लें। सीतापुर धान क्रय केन्द्र पर कृषक बाबू सिंह व सत्य प्रकाश के मोबाइल पर बात कराकर जानकारी ली। जिसमे पाया गया कि एक कृषक का टोकन खो गया है और दूसरे का सत्यापन नही हुआ है। उन्होंने केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिए कि किसानों से बात करके केन्द्र पर बुलाकर धान की तत्काल तौल कराये।

## युवक को ग्रामीणों ने किया पुलिस के हवाल

**करनैलगंज (गोंडा)।** एक आठ वर्षीय बालिका के साथ छेड़खानी करने का विरोध करने पर बालिका की हत्या का प्रयास कर रहे युवक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मामला कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम कुम्हरौरा के पास का है। एक आठ वर्षीय बालिका अपनी छोटी बहन के साथ अपने पिता को भोजन देने जा रही थी। दोनों बालिकाएं गाँव के समीप नहर की पटरी पर पहुंची थी। उसी बीच एक युवक वहां पहुंचा और बालिका का मुंह साधकर उसके साथ छेड़खानी करने लगा। जब बालिका ने विरोध किया तो जान से मार डालने का प्रयास करने लगा। छोटी बच्ची के हल्ला गुहार पर लोग दौड़े, ग्रामीणों को आता देखकर युवक बालिका को कांटो की झाड़ी में फेंककर भागने का प्रयास करने लगा। ग्रामीणों ने युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों की माने तो युवक ने यह दूसरी घटना कारित करने का प्रयास किया है। इससे पूर्व वह ग्राम करुआ के मजरा जबदा बगिया के समीप भी एक बालिका को मौत की नींद सुलाने का प्रयास कर चुका है।

# सरयू नहर परियोजना से साढ़े 14 लाख हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित: डॉ. महेन्द्र सिंह

● 11 दिसंबर को प्रधानमंत्री करेंगे परियोजना का लोकार्पण

संवाददाता। गोंडा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित दौरे के बावत अफसरों के साथ बैठक करते जल शक्ति विभाग के मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों के दृष्टिगत मंत्री, जल शक्ति विभाग डॉ0 महेन्द्र सिंह ने सर्किट हाउस के सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होने कहा कि आजाद भारत की अब तक की सबसे बड़ी नहर परियोजना सरयू नहर परियोजना को प्रधानमंत्री द्वारा 11 दिसंबर को जनपद बलरामपुर के हसुआ डोल से राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा। बैठक में मंत्री श्री सिंह ने बताया कि यह नहर परियोजना क्रमश: 9 जिलों (बहराइच, गोण्डा, श्रावस्ती, बलरामपुर, बस्ती, सिद्धार्थ नगर, संतकबीर नगर, गोरखपुर व महाराजगंज) से होकर गुजरने वाली 318 किलोमीटर लंबाई की 9802 करोड़ की लागत से निर्मित आजाद भारत की अब तक की सबसे बड़ी परियोजना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आजाद भारत की सबसे बड़ी परियोजना का कार्य पूरा किया गया। सरयू नहर परियोजना के लिए घाघरा, राप्ती, बाणगंगा, सरयू व रोहिणी नदी, को आपस में जोड़ा गया है। उन्होंने लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को कार्यक्रम स्थल पर ले जाने लाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिया है। कहा कि प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए जनपद में विशेष स्वच्छता अभियान समस्त नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत में चलाया जाए। कार्यक्रम स्थल पर लाभर्थियों को ले जाने व वापस उनको घर तक छोड़ने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर अधिकारियो की नियुक्त किए जाने, मास्क व सैनीटाइजर की व्यवस्था करते हुए कोविड प्रोटोकाल का पालन सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि एंबुलेंस के संचालन में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न आए। बैठक में जिलाधिकारी मार्कंडेय शाही ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर जिले के लाभार्थियों को कार्यक्रम स्थल पर लाने एवं ले जाने के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है। नोडल अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया है कि लाभार्थियों को कार्यक्रम स्थल पर जाने और अपने घर वापस आने तक उन्हें कोई दिक्कत न होने पावे। गांवों में तैनात सचिव, रोजगार सेवक एवं लेखपालों को भी लाभार्थियों से सम्पर्क कर सूची भी तैयार कर ली गई है। इस अवसर पर सांसद कैसरगंज प्रतिनिधि संजीव सिंह, जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी शशांक त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव, उप जिलाधिकारीगण, प्रभागीय वनाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अभियंता बाढ़ खण्ड सहित अन्य जनपद स्तरीय संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हिसाब चुकता करने उतरेगा इंग्लैंड

## एशेज सीरीज का पहला टेस्ट आज से, ऑस्ट्रेलिया ने भी कमर कसी

**●अंग्रेजों को अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन की कमी खलेगी**

**भाषा** । ब्रिसबेन



**तेज** गेंदबाज पैट कमिन्स की अगुवाई में आस्ट्रेलिया बुधवार से यहां शुरू होने वाली एशेज श्रृंखला में अपने नए क्रिकेट युग की शुरुआत करने उतरेगा तो इंग्लैंड की निगाह 11 साल पुराने प्रदर्शन को दोहराने पर होगी जब उसने आखिरी बार आस्ट्रेलियाई धरती पर श्रृंखला जीती थी। दोनों टीम के लिए ऐतिहासिक एशेज श्रृंखला की शुरुआत अनुकूल नहीं रही। इंग्लैंड की टीम नस्लीय टिप्पणियों के आरोपों के साए में यहां पहुंची है जबकि आस्ट्रेलिया के कप्तान टिम पेन को अपनी सहयोगी को अश्लील संदेश भेजने के कारण न सिर्फ अपना पद छोड़ना पड़ा बल्कि वह अनिश्चितकाल के लिए अवकाश पर चले गए। यही नहीं खराब मौसम के कारण दोनों टीम को पर्याप्त अभ्यास का मौका भी नहीं मिला।

अब दोनों टीम इन बातों को पीछे छोड़कर एशेज की दशकों पुरानी परंपरा और प्रतिद्वंद्विता में नए अध्याय जोड़ने के लिए मैदान पर उतरेंगी। आस्ट्रेलिया ने पेन के हटने के बाद कमिन्स को कप्तानी सौंपी है और यह 1956 के बाद पहला अवसर होगा जबकि कोई तेज गेंदबाज उसकी कमान संभालेगा।

पेन के अनिश्चितकाल के अवकाश पर चले जाने से विकेटकीपर एलेक्स कैरी को टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिला है। कैरी पर्याप्त अनुभवी हैं। उन्होंने 45 वनडे और 38 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और सीमित ओवरों में आस्ट्रेलिया की अगुवाई भी कर चुके हैं।

आस्ट्रेलिया के आक्रमण में हालांकि वे चारों गेंदबाज शामिल हैं जिन्होंने चार साल पहले टीम की 4-0 से जीत में अहम भूमिका निभाई थी। मिशेल स्टार्क को झाय रिचर्डसन पर प्राथमिकता मिलने से यह तय है कि वह जोश हेजलवुड के साथ नई गेंद संभालेंगे। कमिन्स और ऑफ स्पिनर नाथन लियोन आस्ट्रेलियाई आक्रमण के अन्य प्रमुख स्तंभ है। कैमरन ग्रीन आलराउंडर की भूमिका निभाएंगे। आस्ट्रेलिया ने अपना आखिरी टेस्ट मैच 11 महीने पहले खेला था और लियोन तब से 400 टेस्ट विकेट के क्लब में शामिल होने के लिए इंतजार कर रहे हैं। इसके लिए उन्हें केवल एक विकेट की जरूरत है।

आस्ट्रेलिया से अब तक शेन वार्न और ग्लेन मैकग्रा ही इस मुकाम पर पहुंचे हैं। आस्ट्रेलिया ने रविवार को ही अपनी अंतिम एकादश घोषित कर दी थी। उसने पारी का आगाज करने के लिए डेविड वार्नर के साथ मार्कस हैरिस को रखा है। वार्नर पिछले 23 महीनों में केवल दो टेस्ट मैच खेल पाए हैं लेकिन टी-20 विश्व कप की शानदार फॉर्म से उनका आत्मविश्वास बढ़ा होगा। मार्नस लाबुशेन और अनुभवी स्टीव स्मिथ मध्यक्रम की जिम्मेदारी संभालेंगे जिसमें ट्रैविस हेड उनका साथ देंगे। हेड को उस्मान ख्वाजा पर प्राथमिकता दी गई है। वह शैफील्ड शील्ड की अपनी शानदार फॉर्म को बरकरार रखने की कोशिश करेंगे।इंग्लैंड ने आस्ट्रेलिया में आखिरी श्रृंखला 2010-11 में 3-1 से जीती थी। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड उस

श्रृंखला का भी हिस्सा थे और फिर से इंग्लैंड के आक्रमण की कमान इन दोनों के हाथों में होगी।

इंग्लैंड ने हालांकि छह सप्ताह के अंदर पांच टेस्ट मैचों के आयोजन को देखते हुए कार्यभार प्रबंधन नीति के तहत एंडरसन को पहले टेस्ट मैच में विश्राम देने का फैसला किया है ताकि वह एडीलेड में होने वाले दूसरे दिन रात्रि टेस्ट के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें। ऐसे में इंग्लैंड का आक्रमण ब्रॉड, मार्क वुड, क्रिस वोक्स और ओली रॉबिन्सन संभालेंगे। बेन स्टोक्स की वापसी से इंग्लैंड की टीम में संतुलन स्थापित हुआ है लेकिन उन्होंने लंबे समय से प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला है।

इंग्लैंड को अगर श्रृंखला जीतनी है तो रोरी बर्न्स को शीर्ष क्रम में जबकि कप्तान रूट को मध्यक्रम में अहम भूमिका निभानी होगी। रूट अभी अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं और अगर वह उसे बरकरार रखते हैं तो आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के लिए सरदर्द बन सकते हैं।

**टीमें**- आस्ट्रेलिया : डेविड वार्नर, मार्कस हैरिस, मार्नस लाबुशेन, स्टीवन स्मिथ, ट्रैविस हेड, कैमरून ग्रीन, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिन्स (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, जोश हेजलवुड।

इंग्लैंड : रोरी बर्न्स, हसीब हमीद, जॉक क्राउली, डाविड मालन, जो रूट (कप्तान), बेन स्टोक्स, ओली पोप, जॉनी बेयरस्टॉ, जोस बटलर (विकेटकीपर), डॉम बेस, क्रिस वोक्स, ओली रॉबिन्सन, मार्क वुड, स्टुअर्ट ब्रॉड, जैक लीच में से।

### वॉर्नर, साउदी और आबिद महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामांकित



**दुबई**। ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर, पाकिस्तान के बल्लेबाज आबिद अली और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी को मंगलवार को नवंबर माह के लिए आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामंकित किया गया। महिला वर्ग में इस सूची में वेस्टइंडीज की हरफनमौला हेली मैथ्यूज के साथ पाकिस्तान की बाएं हाथ की स्पिनर अनम अमीन और बांग्लादेश की नाहिदा अख्तर शामिल है। नवंबर के महीने का नामांकन संयुक्त अरब अमीरात एवं ओमान में हुए आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के मैचों सहित सभी प्रारूपों में प्रदर्शन के आधार पर है। आईसीसी की एक स्वतंत्र मतदान अकादमी और दुनिया भर के प्रशंसक विजेताओं का फैसला करने के लिए मतदान कर सकते हैं, जिसकी घोषणा अगले सप्ताह की जाएगी। प्रशंसकों को रविवार तक मत डालने के लिए आमंत्रित किया गया है। वार्नर टी-20 विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट थे। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में 49 और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 53 रनों की शानदार पारी खेली थी। इस दौरान टी-20 अंतरराष्ट्रीय की चार पारियों में उन्होंने 69.66 के औसत और 151.44 के स्ट्राइक रेट से 209 रन बनाए। उनके यह प्रदर्शन आस्ट्रेलिया को विश्व चैम्पियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज आबिद अली को चटगांव में बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) श्रृंखला के पहले मैच में 133 और 91 रन की पारी खेली। वह इस मैच के मैन ऑफ द मैच भी रहे। साउदी ने सबसे छोटे प्रारूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के तुरंत बाद कानपुर में भारत के खिलाफ डब्ल्यूटीसी श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में आठ विकेट चटकाए। यह मैच ड्रॉ पर छूटा। उन्होंने टी-20 विश्व कप के दौरान नवंबर में खेले गए मैचों में सात विकेट विकेट लिए और अपनी टीम को फाइनल में पहुंचने में अहम भूमिका निभाई। महिलाओं के वर्ग में बांग्लादेश की नाहिदा ने इस दौरान चार एकदिवसीय में 13 विकेट झटके और महज 2.22 रन प्रति ओवर खर्च किए।

# अनफिट हार्दिक पंड्या विजय हजारे ट्रॉफी में नहीं खेलेंगे

**●एनसीए में कड़ी रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं**

**भाषा** । नई दिल्ली



**भारतीय** टीम से बाहर चल रहे आलराउंडर हार्दिक पंड्या ने बुधवार से शुरू हो रही विजय हजारे ट्रॉफी (राष्ट्रीय एकदिवसीय टूर्नामेंट) में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है क्योंकि वह गेंदबाजी फिटनेस हासिल करने के लिए कड़ी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। बीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बड़ौदा क्रिकेट संघ (बीसीए) ने विजय हजारे ट्रॉफी के लिए उपलब्धता के बारे में पूछते हुए हार्दिक को ईमेल भेजा था। पिछले तीन साल में वह बमुश्किल ही बड़ौदा की ओर से खेला है। हालांकि उसने एक पंक्ति में जवाब दिया है कि वह अभी मुंबई में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहा है।

हार्दिक की चोट के बारे में पूछने पर अधिकारी ने कहा कि बीसीए को भी इसकी जानकारी नहीं है। समझा जा रहा है कि वह अपनी कमर को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है जो 2019 में सर्जरी के बाद से काफी अच्छी स्थिति में नहीं है। अगर हार्दिक घरेलू टूर्नामेंट में नहीं खेलते हैं तो भारत की सीमित ओवरों की टीम में उनकी वापसी पर विचार नहीं किया जाएगा। सूत्र ने कहा कि मौजूदा राष्ट्रीय चयन समिति ने उन सभी खिलाड़ियों को जो भारतीय टीम का हिस्सा नहीं है, कह दिया है कि वे घरेलू क्रिकेट- हजारे और रणजी ट्रॉफी में खेलें।

माना जा रहा है कि अपने करियर को लंबा खींचने के लिए हार्दिक अब टेस्ट क्रिकेट में खेलने के इच्छुक नहीं हैं और मुख्य रूप से टी-20 और एकदिवसीय क्रिकेट पर ध्यान देंगे लेकिन इसके लिए उन्हें नियमित रूप से गेंदबाजी शुरू करने की जरूरत है। मुंबई में रिहैबिलिटेशन के बावजूद हार्दिक को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में वहां के कोच के समक्ष फिटनेस साबित करनी होगी और इसके बाद ही राष्ट्रीय टीम में चयन के लिए उनके नाम पर विचार किया जाएगा।

ऐसा समय था जब भारतीय खिलाड़ियों को एनसीए से फिटनेस प्रमात्र पत्र लेना होता था लेकिन तत्कालीन क्रिकेट निदेशक राहुल द्रविड़ के प्रभार संभालने के बाद यह प्रक्रिया बदल गई।

द्रविड़ ने प्रत्येक खिलाड़ी के लिए एनसीए में आकर कोच, ट्रेनर और फिजियो के समक्ष जरूरी फिटनेस परीक्षण के लिए पेश होना अनिवार्य कर दिया और इसके बाद ही उन्हें मैचों में खेलने की स्वीकृति दी जाती है। श्रेयस अय्यर को भी एनसीए में एक हफ्ता बिताने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने की स्वीकृति दी गई थी।

## न्यूजीलैंड के लिए लंबी पारी खेलना चाहता हूं: ऐजाज पटेल

**भाषा** । मुंबई

**भारत** में जन्मे न्यूजीलैंड के क्रिकेटर ऐजाज पटेल को यह नहीं पता है कि टेस्ट मैच की एक पारी में 10 विकेट झटकने के बाद उनकी जिंदगी में क्या बदलाव आएगा लेकिन इस प्रदर्शन के बाद उन्हें अपने देश के लिए 80-90 टेस्ट खेलने की उम्मीद है।

मुंबई में जन्मे 33 साल के इस बाएं हाथ के गेंदबाज ने पिछले सप्ताह इतिहास की किताबों में अपना नाम दर्ज कराया। उन्होंने भारत की पहली पारी में सभी 10 विकेट लिए। वह जिम लेकर और अनिल कुंबले के बाद ऐसा करने वाले सिर्फ तीसरे क्रिकेटर बने। ऐजाज के परिवार के कई सदस्य अब भी मुंबई में रहते हैं।

भारतीय टीम से टेस्ट श्रृंखला को 0-1 से गंवाने के बाद यहां से न्यूजीलैंड लौटने से पहले उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि के बाद वह पैसे की बारिश की उम्मीद नहीं कर रहे हैं लेकिन उनकी कोशिश एशियाई मूल के बच्चों को न्यूजीलैंड में खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित करने की होगी।

## इंडिया ए को हराकर इंडिया डी फाइनल में

**भाषा** । विजयवाड़ा

**हरफनमौला** पूजा वस्त्राकर की 96 रन की रनों की पारी की मदद से इंडिया डी ने महिला चैलेंजर ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट में मंगलवार को यहां इंडिया ए को 22 रन से हराकर अजेय रहते हुए फाइनल में जगह पक्की की। चार टीमों के फाइनल में इंडिया डी का गुरुवार को एक बार फिर इंडिया ए से सामना होगा। इंडिया डी ने लीग चरण के सभी मैच जीते है जबकि इंडिया ए ने बेहतर नेट रन रेट के आधार पर फाइनल का टिकट कटाया। इंडिया ए, इंडिया बी और इंडिया सी के नाम एक-एक जीत है।

## कोहनी में चोट के चलते दो महीने क्रिकेट से दूर रहेंगे कप्तान केन विलियमसन

**भाषा** । वेलिंगटन



**न्यूजीलैंड** के कोच गैरी स्टीड ने बताया कि कप्तान केन विलियमसन कोहनी की में चोट के कारण कम से कम दो महीने के लिए खेल से दूर हो सकते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक विलियमसन के अगले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ क्राइस्टचर्च में 17 फरवरी से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए वापसी की संभावना है।

विलियमसन भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन की सुबह इस चोट के कारण टीम से बाहर हो गए थे। स्टीड ने मंगलवार को पुष्टि की कि उन्हें पूरी तरह से ठीक होने में कम से कम आठ या नौ सप्ताह का समय लगेगा। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि उन्हें सर्जरी की जरूरत ना पड़े। स्टीड ने कप्तान के चोट के बारे में कहा, केन जल्दी स्वस्थ हो जाएंगे। पिछली बार वह विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के बाद और इंडियन प्रीमियर लीग से पहले उन्हें इस तरह की चोट से उबरने में आठ से नौ सप्ताह का समय लगा था। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि इस बार फिर से उतना ही समय लगेगा। हम इस समय कोई समय सीमा तय करने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। न्यूजीलैंड एक जनवरी से अपनी सरजमीं पर शुरू होने वाले दो मैचों की टेस्ट मैच की श्रृंखला में बांग्लादेश का सामना करेगा। टीम इसके बाद तीन एकदिवसीय और एक टी-20 अंतरराष्ट्रीय के लिए 30 जनवरी से आठ फरवरी तक आस्ट्रेलिया का सामना करेगी। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला शुरू होगा। स्टीड ने कहा, मुझे लगता है कि सर्जरी की जरूरत नहीं होगी। कोच ने कहा, केन के लिए यह मुश्किल समय है, उसे न्यूजीलैंड के लिए खेलना पसंद है। सिर्फ टेस्ट ही नहीं उसे हर प्रारूप में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व करना पसंद है।

### सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल में मणिपुर पेनल्टी शूटआउट में जीता

**भाषा** । कोझिकोड

**गत** चैंपियन मणिपुर ने सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में ओडिशा को पेनल्टी शूट आउट में हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना रेलवे से होगा। मणिपुर और ओडिशा की टीम 90 मिनट के नियमित खेल और 30 मिनट के अतिरिक्त खेल के बावजूद 1-1 से बराबर थी जिसके बाद मैच के नतीजे के लिए पेनल्टी शूट आउट का सहारा लिया गया। पेनल्टी शूट आउट में मणिपुर की तीन खिलाड़ियों ने गोल दागे जबकि ओडिशा की कोई खिलाड़ी गोल नहीं कर सकी।एक अन्य सेमीफाइनल में रेलवे ने भी पेनल्टी शूट आउट में मिजोरम को 6-5 से हराया। नियमित और अतिरिक्त समय के बाद दोनों टीमें 1-1 से बराबर थी।

## एल्गर होंगे कप्तान, तेज गेंदबाज ओलिवर की वापसी

**●भारत दौरे के लिए दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम घोषित**

**भाषा** । जोहानिसबर्ग



**दक्षिण** अफ्रीका ने 26 दिसंबर से भारत के खिलाफ शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए मंगलवार को 21 सदस्यीय टीम घोषित की जिसमें तेज गेंदबाज सिसांडा मगाला और विकेटकीपर बल्लेबाज रेयान रिकेलटन के रूप में दो नए चेहरे शामिल हैं।

डीन एल्गर की अगुवाई वाली टीम में तेज गेंदबाज डुआने ओलिवर को भी जगह मिली है जिन्होंने अपना आखिरी टेस्ट मैच 2019 में खेला था। अनुभवी तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा और एनरिक नोर्किया की टीम में वापसी हुई है। उन्हें नीदरलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए विश्राम दिया गया था। ग्लेनटन स्टुरमैन और प्रेनलान सुब्राएन की भी टीम में वापसी हुई है। दक्षिण अफ्रीका में कोविड-19 का नया स्वरूप पाए जाने के बाद अब पहला टेस्ट मैच एक सप्ताह बाद 26 दिसंबर से शुरू होगा। कोविड-19 का नया स्वरूप मिलने के कारण एक समय श्रृंखला पर ही खतरा मंडरा रहा था लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) दोनों ने कहा कि श्रृंखला कार्यक्रम में कुछ बदलावों के साथ खेली जाएगी।

सीएसए की चयनसमिति के समन्वयक विक्टर एमपिटसैंग ने कहा, सीएसए के लिए यह प्रारूप बेहद महत्वपूर्ण है तथा इसे प्रासंगिक बनाए रखना संगठन की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि हम डीन एल्गर और उनके साथियों की मैदान पर वापसी का वास्तव में बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

हमने पिछली बार उन्हें वेस्टइंडीज पर दबदबा बनाते हुए देखा था और तब से काफी समय बीत गया है। एमपिटसैंग ने कहा कि हमें उस टीम पर भरोसा है जिसे हमने चुना है और हमने पिछले दो सत्रों में जिस प्रतिभा को तराशा है उसका पूरा समर्थन करते हैं।

तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा होगी। भारत दक्षिण अफ्रीका में अपनी पहली श्रृंखला जीतने की भी कोशिश करेगा। पहला टेस्ट मैच सेंचुरियन में बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) से खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट तीन जनवरी से जोहानिसबर्ग और तीसरा मैच 11 जनवरी से केपटाउन में खेला जाएगा। इसके बाद तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला होगी तथा मूल कार्यक्रम का हिस्सा रहे चार टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों का आयोजन बाद में किया जाएगा।

सीएसए ने सोमवार को संशोधित कार्यक्रम जारी किया था। **टीम:** डीन एल्गर (कप्तान), तेम्बा बावुमा (उप-कप्तान), क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), कैगिसो रबाडा, सारेल इरवी, बेउरन हेंड्रिक्स, जॉर्ज लिंडे, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, एडेन मार्कराम, वियान मुल्डर, एनरिक नोर्किया, कीगन पीटरसन, रासी वान डर डुसेन, काइल वेरेन, मार्को जेन्सन, ग्लेनटन स्टुरमैन, प्रेनेलान सुब्रायन, सिसांडा मगाला, रेयान रिकेलटन, डुआने ओलिवर।

## बांग्लादेश ने 76 रन पर सात विकेट गंवाए

**●ऑफ स्पिनर साजिद ने छह विकेट चटकाए**

**भाषा** । ढाका




**ऑफ** स्पिनर साजिद खान (35 रन पर छह विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन मंगलवार को बांग्लादेश की पहली पारी में 26 ओवर में 76 रन पर सात विकेट चटकाकर जीत की उम्मीदें कायम कर ली है। मैच का शुरूआती तीन दिनों का खेल का अधिकांश हिस्सा बारिश और खराब रोशनी की भेंट चढ़ गया। इस दौरान महज 63.2 ओवर का खेल संभव हो सका। पाकिस्तान ने चौथे दिन के दूसरे सत्र में चार विकेट पर 300 बनाकर पारी घोषित कर दी।

उस समय लग रहा था कि यह मैच ड्रा होगा लेकिन साजिद के छह विकेट के कारण बांग्लादेश पर फॉलोऑन का खतरा मंडराने लगा है। खराब रोशनी के कारण चौथे दिन का खेल में एक घंटे पहले खत्म करना पड़ा। अभी एक दिन का खेल बचा है और बांग्लादेश को फॉलोऑन बचाने के लिए और 25 रन की जरूरत है जबकि टीम पाकिस्तान से पहली पारी के आधार पर 224 रन पीछे है और उसके तीन विकेट बचे हुए है। स्टंप्स के समय अनुभवी शाकिब अल हसन 23 रन बनाकर खेल रहे थे। उनके साथ तैजुल इस्लाम खाता खोले बगैर क्रीज पर मौजूद थे। इससे पहले पाकिस्तान ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 188 रन से की।

बाबर आजम और अजहर अली ने तीसरे विकेट के लिए 123 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। इबादत हुसैन (79 रन पर एक विकेट) ने अजहर को आउट कर उनकी 56 रन की पारी को खत्म किया। इसके दो ओवर बाद तेज गेंदबाज खालिद अहमद (40 रन पर एक विकेट) ने बाबर को पगबाधा कर अपने टेस्ट करियर का पहला विकेट चटकाया। बाबर ने 126 गेंद की पारी में नौ चौके और एक छक्का लगाया। फवाद आलम (नाबाद 50) मोहम्मद रिजवान (नाबाद 53) ने इसके बाद बांग्लादेश को वापसी करने का कोई और मौका नहीं दिया। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 103 रन की अटूट साझेदारी की। बांग्लादेश के लिए तैजुल सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 73 रन देकर दो विकेट लिए। पारी घोषित करने के बाद पाकिस्तान के स्पिनरों ने बांग्लादेश पर शिकंजा कस दिया। साजिद और नौमान अली की फिरकी के आगे मेजबान टीम के बल्लेबाज असहज नजर आए।

नौमान का हालांकि किस्मत ने साथ नहीं दिया लेकिन उनकी कसी हुई गेंदबाजी का फायदा साजिद को हुआ, जिन्होंने अपने छोर से विकेट चटकाना जारी रखा।

### आईलीग 26 दिसंबर से कोलकाता और अन्य चार स्थलों पर होगा आयोजन

**भाषा** । नई दिल्ली

**आईलीग** के आगामी सत्र की शुरुआत 26 दिसंबर को मणिपुर की ट्राउ एफसी और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की डेवलपमेंट टीम इंडियन एरोज के बीच मुकाबले के साथ होगी। मैचों का आयोजन तीन स्थलों- कोलकाता के मोहन बागान मैदान, कल्याणी स्टेडियम और नैहाटी स्टेडियम में होगा।

आंध्र प्रदेश की श्रीनिदी डेक्कन एफसी, राजस्थान यूनाईटेड एफसी और कोल्हापुर की केंकरे एफसी के रूप में इस सत्र में तीन नई टीम हिस्सा लेंगी जिससे कुल टीम की संख्या बढ़कर 13 हो गई है।

सभी खिलाड़ियों, रैफरी, अधिकारियों और वालंटियर को कोलकाता के चार अलग-अलग होटल में जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में रखा गया है।

## हरभजन सिंह आईपीएल फ्रेंचाइजी के सहयोगी स्टाफ से जुड़ने की तैयारी में

**भाषा** । नई दिल्ली




**भारत** के पूर्व आफ स्पिनर हरभजन सिंह अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की एक बड़ी फ्रेंचाइजी के सहयोगी स्टाफ के अहम सदस्य के रूप में नजर आएंगे। पिछले आईपीएल के पहले चरण में 41 साल के हरभजन ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की ओर से कुछ मुकाबले खेले थे लेकिन लीग के यूएई चरण में एक भी मैच नहीं खेले।

उम्मीद है कि हरभजन अगले हफ्ते प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से आधिकारिक रूप से संन्यास की घोषणा करेंगे और इसके बाद उनके कुछ फ्रेंचाइजी के सहयोगी स्टाफ से जुड़ने की पेशकश में से किसी एक को स्वीकार करने की उम्मीद है। आईपीएल के एक सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया कि यह भूमिका सलाहकार, मार्गदर्शक या सलाहकार समूह का हिस्सा बनने की हो सकती है लेकिन वह जिस फ्रेंचाइजी से बात कर रहा है वह उसके अनुभव का इस्तेमाल करना चाहती है। वह नीलामी में खिलाड़ियों को चुनने में भी फ्रेंचाइजी की मदद करने में सक्रिय भूमिका निभाएगा।

हरभजन ने हमेशा खिलाड़ियों को निखारने में रुचि दिखाई है और एक दशक तक मुंबई इंडियन्स से जुड़े रहने के दौरान बाद के वर्षों में टीम के साथ उनकी यही भूमिका थी। पिछले साल केकेआर के साथ जुड़े रहने के दौरान हरभजन ने वरुण चक्रवर्ती का मार्गदर्शन करने में काफी समय बिताया। आईपीएल के पिछले सत्र की खोज रहे वेंकटेश अय्यर ने इससे पहले खुलासा किया था कि हरभजन ने केकेआर की ओर से उनके एक भी मैच नहीं खेलने से पहले कुछ नेट सत्र के बाद कहा था कि वह लीग में सफल रहेंगे। यहां तक कि पिछले सत्र में केकेआर के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान इयोन मोर्गन ने भी टीम चयन के मामलों में हरभजन की सलाह मानी थी। सूत्र ने कहा कि हरभजन सत्र खत्म होने के बाद संन्यास की औपचारिक घोषणा करना चाहता है। एक फ्रेंचाइजी के साथ उसने विस्तृत बात की है जिसने काफी रुचि दिखाई है लेकिन करार की औपचारिकता पूरी होने के बाद ही वह इस बारे में बात करना पसंद करेगा।



# क्षमा और शांति

## संत राजिंदर सिंह का कहना है कि क्षमा आंतरिक शांति की ओर ले जाती है। दूसरी ओर आंतरिक शांति बाहरी शांति के रूप में फूटती है और प्रत्येक दिल को समृद्ध करती है

अगर हम चाहते हैं कि पिछली सदी में हमने जो देखा है, उससे बेहतर दुनिया हो, तो हमें शांति और प्रेम को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए तैयार रहना चाहिए। हमें हर प्रकार की नफरत और पूर्वाग्रहों को खत्म करना चाहिए जिन्होंने हमारे दिल और आत्मा को दागदार बनाया है। अगर हम चाहते हैं कि दूसरे शांतिपूर्ण रहें, तो हमें खुद उसकी मिसाल या शांत बनना चाहिए।

**पहला कदम**

किसी ने नहीं कहा कि शांति पाना आसान है। शांति का जो पहला सबसे कठिन कदम है, वो है क्षमा। हमें अतीत को भूलकर अपने शत्रुओं को क्षमा करना सीखना चाहिए। हमें उन लोगों के लिए करुणा विकसित करनी चाहिए जिन्होंने हमें अतीत में चोट पहुंचाई है। हमें यह महसूस करना चाहिए कि हम सभी अपने पूर्वजों की घृणा और कलह के शिकार हुए हैं। इसे रोकने का समय आ गया है। प्रतिशोध को क्षमा व करुणा द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए।

हम वह पहला कदम कैसे उठा सकते हैं? हम अपने आप को क्रोध और घृणा से कैसे मुक्त कर सकते हैं और उन्हें प्रेम व क्षमा में बदल सकते हैं? अध्यात्म के जरिए करुणा, क्षमा और शांति हममें आ सकती है।

**अध्यात्म क्या है?**

अध्यात्म की यह मान्यता है कि हमारा सच्चा स्व ही हमारी आत्मा है। यह इस बात को पहचानना है कि हमारी आत्मा ईश्वर के साथ एकाकार है। यह महसूस करना है कि हम केवल हमारा शरीर और मन नहीं हैं, बल्कि एक आत्मा हैं जो शरीर में निवास करती है। हम खुद को एक नामधारी काया के रूप में सोच सकते हैं, कि हम भारत या कोलंबिया या फ्रांस के नागरिक हैं, या कि हम एक निश्चित जाति या धर्म से हैं। लेकिन आध्यात्मिकता यह पहचानना रही है कि इन बाहरी नामों और बाहरी लेबलों के पीछे हम सभी आत्माएं हैं, एक निर्माता का हिस्सा हैं। हम सभी अपनी आत्मा के स्तर पर जुड़े हुए हैं क्योंकि हम एक ही सृष्टा की संतान हैं।

**शांतिपूर्ण भविष्य के निर्माण के लिए इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं**

जब हम इस दृष्टिकोण को विकसित करते हैं, तो हम पूर्वाग्रह और भेदभाव की आंखों से नहीं देखते हैं। हम उन बाधाओं को तोड़ना शुरू करते हैं जो एक इंसान को दूसरे इंसान से अलग करती हैं। हमें ऐसा लगने लगता है कि हम सब आत्मा के स्तर पर जुड़े हुए हैं। जब हम अपनी एकता और जुड़ाव का अनुभव करते हैं, तो हम एक-दूसरे की परवाह करने लगते हैं। हम एक दूसरे की मदद और सेवा करना चाहते हैं। हमारे पड़ोसी के बच्चों के भूखे रोने से हमें उतना ही दर्द होगा जितना हमारे अपने बच्चों के रोने से। हम बेघर व्यक्ति को सड़क पर ऐसे देखेंगे, जैसे वे हमारे खुद के दादा हों,, और हम उसकी मदद करने के लिए प्रेरित होंगे। हमारी दृष्टि व्यापक होगी और हम सभी मनुष्यों की पीड़ा के लिए दयालु होंगे और पूरे दिल से उनकी मदद करना चाहेंगे।

> ध्यान में हम एक दिव्य शक्ति के संपर्क में आते हैं। यह शक्ति स्वयं को एक प्रेमपूर्ण प्रकाश के रूप में प्रकट करती है।

**हम इस नेक दृष्टि को कैसे विकसित कर सकते हैं?**

ऐसा हम आध्यात्मिक रूप से जागरुक होकर कर सकते हैं। यह विधि हमारी आध्यात्मिक दृष्टि जगा सकती है ताकि हम घृणा को मिटा सकें और इसे प्रेम और शांति में बदल सकें। वह विधि ध्यान की एक सरल तकनीक है, कुछ देर शांत बैठ कर हम अपनी आत्मा के संपर्क में आ सकते हैं। हम पाएंगे कि हम इस बाहरी शरीर और मन से कहीं अधिक हैं। हम अपने आध्यात्मिक सार की खोज करेंगे जो प्रेम, शांति और आनंद से भरा है। जब हम अपनी आत्मा के साथ तादात्म्य स्थापित करते हैं, तो हमें ईश्वर के साथ अपनी एकता का एहसास होता है।

हममें से कितने लोगों ने ईश्वर के दिव्य दर्शन की लालसा की है? कई लोगों के लिए, ईश्वर को पाना एक ऐसा सपना है जो शायद ही संभव लगता है, लेकिन कई लोगों ने सदियों से ईश्वर को देखा है। वे भगवान में विलीन हो गए हैं। उन्होंने यह कैसे किया? वे सभी एक ही तकनीक का इस्तेमाल करते थे। हम उस तकनीक को अंतर्ध्यान, एकाग्रता या ध्यान कह सकते हैं। वे स्थिरभाव में बैठते थे, उन्होंने अपना ध्यान अपने भीतर निर्देशित किया, और अंततः अपनी आत्मा और ईश्वर की खोज की। जब हम ऐसा करते हैं, तो हम सभी महान संतों और धर्म-संस्थापकों द्वारा प्राप्त अवस्था को प्राप्त करते हैं। हम प्यार करने वाले, दयालु, शांतिपूर्ण और देने वाले इंसान बनते हैं।

ध्यान में हम एक दिव्य शक्ति के संपर्क में आते हैं। यह शक्ति स्वयं को एक प्रेमपूर्ण प्रकाश के रूप में प्रकट करती है। जब हम अपने भीतर इस प्रकाश से संपर्क करते हैं, तो हम इस दुनिया में किसी भी तरह की गहन शांति, आनंद, खुशी का अनुभव नहीं करते हैं। ध्यान का सौंदर्य यह है कि यह नशा हमारे दैनिक कार्यों की पुनः शुरुआत करने के बाद भी हमारे साथ रहता है।

जब हम अपनी भौतिक काया से ऊपर उठते हैं और दिव्य प्रकाश का अनुभव करते हैं, तो हम यह भी देखते हैं कि अन्य सभी प्राणी भी आत्मा हैं। हम देखते हैं कि वही प्रकाश हमारे भीतर है, जो बाकी सबके भीतर है। हमें यह एहसास होने लगता है कि हम सभी आत्माएं हैं, सभी ईश्वर के अंश हैं। इस प्रकार हम सभी जीवित चीजों की परवाह करना शुरू कर देते हैं। इस तरह, शांति और खुशी की हमारी व्यक्तिगत प्राप्ति पृथ्वी पर शांति व खुशी के स्वर्ण युग की स्थापना में योगदान देगी।

**आंतरिक शांति बाहरी शांति की ओर ले जाती है**

हम अपने आध्यात्मिक पक्ष का विकास कर सकते हैं। ध्यान सीखकर हम प्रत्येक दिन अपने भीतर ईश्वर के संपर्क में होने का कुछ समय बिता सकते हैं। जैसे ही ईश्वर हमें प्रेम और आनंद से नहलाते हैं, हम उन वर्षों की आदतों से मुक्त हो जाते हैं जिनके कारण हमें घृणा और पूर्वाग्रहों का सामना करना पड़ा। शांति और प्रेम की इस स्थिति में, हम उन लोगों के प्रति क्षमा और करुणा के गुणों को विकसित करने में सक्षम होते हैं जिन्होंने हमें चोट पहुंचाई है। ईश्वर ने हमें प्रेम, क्षमा और करुणा के गुण दिए हैं। जब हम मेल-मिलाप और शांति की ओर अपना पहला कदम बढ़ाते हैं तो प्रभु हमारे हाथ पकड़ते हैं। जैसे-जैसे हम स्वयं अधिक शांत होते जाते हैं, हम उन सभी को शांति देना शुरू करते हैं जिनके हम संपर्क में आते हैं। शांति हमारे साथ शुरू होती है। खुद को बदलकर हम दूसरों को बदल सकते हैं, जिसमें हमारा परिवार, समुदाय, समाज और अंततः पूरी दुनिया शामिल है। इस तरह, हम अपने बच्चों, भावी पीढ़ी और स्वयं के लिए एक शांतिपूर्ण, सुरक्षित विश्व का निर्माण करेंगे। यह सब जिस पहले कदम से शुरू होता है, वह है क्षमा। क्षमा आंतरिक शांति की ओर ले जाएगी, और यह आंतरिक शांति दुनिया में बाहरी शांति में खिलेगी, हर दिल को समृद्ध करेगी और इस दुनिया को रहने के लिए एक बेहतर और शांतिपूर्ण जगह बनाएगी।

**-लेखक एक आध्यात्मिक नेता हैं**



# आधुनिक समय की नैतिकता



**प्रमोद पाठक**

हम अजीब समय में हैं। परस्पर विरोधी चीजें एक साथ आगे बढ़ रही हैं। यह भोंड़े उपभोक्तावाद का समय है। ये बेशर्म व्यावसायीकरण का दौर है। ये अबाधित उपभोग का दौर हैं। अहंकार बढ़ रहा है। लेकिन एक और चलन जोर पकड़ रहा है। एक प्रवृत्ति जो कि जो कुछ भी समझ में आता है, उसके अनुरूप नहीं है। अनुकम्पा और दया के अनारक्षित प्रदर्शन की प्रवृत्ति। इसलिए हम पाते हैं कि दया और करुणा के सजग कृत्यों को संस्थागत और उसका विपणन किया जा रहा है। बाजार को खास दिन सदियों पुराने मूल्य लगते हैं। अतीत में जिन मूल्यों का पालन किया जाता था, वे एक फैशन बन रहे हैं। इसलिए हम विश्व दया दिवस और ऐसे कई दिवस मनाते हैं। यहां तक कि अहंकार द्वारा संचालित अनावश्यक निजी उपभोग अनियंत्रित जारी है, हम पाते हैं कि करुणा व दया का प्रदर्शन भी बहुत जोरशोर के साथ होता है, और अहंकार से भी प्रेरित होता है। कभी सार्वजनिक उपभोग के लिए तो कभी प्रचार के लिए। जबकि प्राचीन भारतीय विचार 'गुप्त दान' या विनम्रता और शांति के साथ दान करने का उल्लेख करते हैं, जबकि वर्तमान दिनों में, धूमधाम और दिखावा है। मकसद दान के उन कृत्यों को नीचा दिखाने या करुणा के पीछे के मकसद पर सवाल उठाने का नहीं है। लेकिन निश्चित रूप से एक सौम्य चेतावनी है कि अहंकार से प्रेरित दान भावुक करुणा के रूप में प्रभावशाली नहीं होता है। फिजूलखर्ची वास्तविक करुणा के विपरीत है। एक उदाहरण भोजन की बर्बादी का मामला है जो कुलीन रेस्तरां में होता है, जो करीब से देखने पर पुराने रोमन राजाओं की याद दिलाता है, जिन्होंने खाया, पिया और जितना वे चबा सकते थे उससे अधिक बार-बार उसका मजाक उड़ाते थे। पार्टी में भोजन की बर्बादी एक ऐसी चीज है जिसे अपराधी के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है क्योंकि अनुशासित खाने से भी जरूरतमंदों के लिए बहुत कुछ उपलब्ध जा सकता है। विडंबना यह है कि यह वही वर्ग है जो कुलीन भोजनालयों में भोजन बर्बाद करता है जो करुणा के उन कृत्यों को भी जोरशोर से करता है। इन दिनों राजनीतिक शुद्धता और सामाजिक स्वीकृति की अत्यधिक मांग की जाती है और यह मानव क्रिया को चलाने वाली प्रमुख प्रेरक शक्तियां बन गई हैं। यह अच्छा है या बुरा, इस पर बहस किए बिना, आइए हम नैतिकता के सार के बारे में सोचें जो इन दिनों लोकप्रिय चर्चा का विषय बन गया है। गोस्वामी तुलसीदास ने बहुत सफलतापूर्वक बताया था कि करुणा धर्म का सार है जबकि अभिमान पाप का स्रोत है। लेकिन आजकल हम देखते हैं कि करुणा भी गर्व का उपोत्पाद है। इसलिए करुणा के कार्य भी अभिमान को खुराक देते हैं, हालांकि वे परस्पर अनन्य हैं। कर्तव्यनिष्ठ उपभोग और भावुक करुणा को स्वयं पर लगाई गई आचार संहिता होने की आवश्यकता है। दुनिया में अभी भी हर किसी की जरूरत के लिए पर्याप्त है। लेकिन समस्या लालच की है। एक आदमी का लालच भी सेब की गाड़ी को खराब कर सकता है। हम कहां गलत हो जाते हैं? जवाब बहुत आसान है। बस आत्ममंथन करने का प्रयास करें, कि जो कुछ ऍभी हम चाहते हैं वह वास्तव में आवश्यक है ? अगली बार जब आप किसी रेस्तरां में खाना खाने जाते हैं, जो आपको किसी प्रदत्त मूल्य के लिए जो कुछ भी आप खा सकते हैं, उसकी पेशकश करता है, तो पहले अपनी जरूरत का आकलन करें। आप कितना खा सकते हैं? लोगों को अपने द्वारा भुगतान किए गए भुगतान का पूर्ण मूल्य प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त ऑर्डर करते हुए देखना आम बात है। थोड़ा समझदार बनें और उन लोगों के बारे में सोचें जो अभी भी एक दिन में एक बार का भोजन पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। शायद आप बहुत सारे भोजन की बर्बादी को बचा लेंगे। गरीबी कम करने की संख्या से सरकारों पर फर्क पड़ता है, शासितों पर नहीं। जीडीपी वृद्धि और बढ़ती अर्थव्यवस्था के बारे में उन सभी आंकड़ों के बावजूद गरीबी अभी भी एक ऐसी समस्या है जिससे दुनिया को जूझने की जरूरत है।

**- लेखक प्रबंधन-प्रोफेसर और एक प्रशंसित सार्वजनिक वक्ता हैं।**

# स्वच्छ हवा के लिए एयर प्यूरीफायर

**रवि कौशिक** एक आवश्यक मार्गदर्शिका साझा कर रहे हैं जिससे आपको यह समझने में मदद मिलेगी कि आपको वायु शोधक की आवश्यकता कब और क्यों है :



यह कई लोगों के लिए आश्चर्य की बात हो सकती है लेकिन घर के अंदर अक्सर बाहर की तुलना में अधिक प्रदूषित होते हैं। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के अनुसार, घर के अंदर वायु प्रदूषण का स्तर बाहर की तुलना में दो-पांच गुना अधिक है, जिसका अर्थ है कि आवासीय घरों में रहने वाले या कार्यालयों में काम करने वाले लोग इसे महसूस किए बिना भी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रस्त हैं।

घर के अंदर कुछ खतरनाक प्रदूषकों का स्तर बाहर की तुलना में 100 गुना अधिक हो सकता है। यहीं से एयर प्यूरीफायर का महत्व सामने आता है। ये उत्पाद घर के अंदर स्वच्छ हवा में मदद करते हैं, जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, कणों, धूल और पराग के कारण प्रदूषित हो सकता है। इसके अलावा, ये प्यूरिफायर पालतू जानवरों की रूसी, मोल्ड स्पोर्स और रैगवीड जैसी समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकते हैं।

स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से, यह ध्यान रखना आवश्यक है कि दुनिया में सूचीबद्ध 25 सबसे प्रदूषित स्थानों में 12 भारतीय शहर शामिल हैं। इसलिए, नियंत्रणीय प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए, वायु शोधक की भूमिका नकारा नहीं जा सकता है।

**● आपको वायु शोधक की आवश्यकता कब होती है?**

इस प्रश्न का एक विशिष्ट उत्तर है। आपको अभी एक एयर प्यूरीफायर की जरूरत है क्योंकि अभी-अभी चर्चा की गई डरावने विवरणों की वजह से आपको एयर प्यूरीफायर की जरूरत है। दुनिया के लगभग सभी हिस्सों में बिगड़ती वायु गुणवत्ता के अलावा, इनडोर क्षेत्र भी लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा पैदा करते हैं। एक व्यक्ति को घर के अंदर प्रदूषकों का स्तर नहीं मिल सकता है, लेकिन वे वहां बहुत अधिक हैं और सांस लेने की समस्याओं और दीर्घकालिक बीमारियों को बढ़ा सकते हैं। इसलिए, वायु शोधक प्राप्त करने का समय अब यह सुनिश्चित करने के लिए है कि आप स्वस्थ रूप से रहते हैं और एक अच्छी तरह से काम करने वाली प्रतिरक्षा प्रणाली है।

**● आपको एयर प्यूरीफायर की आवश्यकता क्यों है?**

इस प्रश्न के विभिन्न उत्तर हो सकते हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप स्वस्थ हैं और किसी भी प्रदूषक से मुक्त हैं, आपको एक वायु शोधक की आवश्यकता है। भले ही स्वस्थ और एलर्जी मुक्त रहना एक वायु शोधक प्राप्त करने के लिए पर्याप्त कारण होना चाहिए, यहां अन्य कारणों की एक सूची है जो आपको यह खरीदारी निर्णय लेने में और प्रेरित करेगी :

**घर के अंदर बाहर की तुलना में अधिक प्रदूषित हैं:** इस पर कुछ उदाहरणों में चर्चा की गई है, और इस तथ्य को किसी व्यक्ति को यह खरीदारी करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

**घर में बच्चे या बुजुर्ग होना :** बच्चों और बुजुर्गों को एलर्जी और बीमारियों का खतरा अधिक होता है, खासकर प्रदूषकों से होने वाली बीमारियों से। इसलिए, यदि किसी घर में बच्चे और बुजुर्ग हैं, तो एक वायु शोधक आवश्यक हो जाता है।

**घर में एक गर्भवती महिला है :** इनडोर प्रदूषक भ्रूण के स्वास्थ्य को उतना ही प्रभावित कर सकते हैं जितना कि इसे ले जाने वाली महिला। इसलिए, यदि कोई परिवार में बच्चे के जन्म की उम्मीद कर रहा है, तो एक वायु शोधक आवश्यक है।

**व्यस्त सड़क या औद्योगिक सुविधा के पास रहना:** घर या कार्यालय किसी औद्योगिक सुविधा या व्यस्त राजमार्ग के पास होने पर घर के अंदर प्रदूषित होने की संभावना बहुत अधिक होती है।

**घर पर पालतू जानवर रखना:** पालतू जानवर हवा में उड़ने वाले पालतू बालों, रूसी और गंध के स्रोत हो सकते हैं, इन सभी को आपके निपटान में एक वायु शोधक द्वारा संबोधित किया जा सकता है।

**होम ऑफिस सेटअप :** होम ऑफिस उपकरण जैसे कंप्यूटर, लैपटॉप, राउटर, प्रिंटर, फैक्स, प्रोजेक्टर और मोबाइल फोन न्यूनतम रसायनों के स्रोत हैं जिन्हें एयर प्यूरीफायर का उपयोग करके संबोधित किया जा सकता है।

कैंसर, एचआईवी, हृदय की समस्याओं और अधिक जैसी बीमारियों से पीड़ित- जो लोग कैंसर, एड्स, हृदय संबंधी समस्याओं और फुफ्फुसीय संबंधी विकारों से पीड़ित हैं, वे प्रदूषण से गंभीर रूप से प्रभावित होने वाले प्राथमिक हैं। इसलिए, अपने परिवेश को कीटाणुरहित करने वाले वायु-शोधक का उपयोग करने से वे वायु प्रदूषकों के खिलाफ लड़ाई हारे बिना स्वतंत्र रूप से सांस लेने और अपने संबंधित स्वास्थ्य मुद्दों से निपटने की अनुमति देंगे।

**अन्य कारक :** एक आधुनिक, सुविधाजनक घर या कार्यालय जिसमें ड्राई क्लीनिंग, प्लास्टिक, फ्लेम रिटार्डेंट, नॉन-स्टिक सतह, दाग-प्रतिरोधी कपड़े, कीटनाशक, रासायनिक सफाई उत्पाद, व्यक्तिगत स्वच्छता उत्पाद और उपकरण शामिल हैं, जीवन को अधिक प्रबंधनीय बनाता है। हालांकि, ये महत्वपूर्ण इनडोर प्रदूषकों के स्रोत हैं, जिन्हें अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। इसके अलावा, भवन में कोई भी नागरिक समस्या या वेंटिलेशन की समस्या भी घर के अंदर प्रदूषकों के संचय का कारण बन सकती है। मुद्दे (जैसे सफाई की कमी) भी समग्र प्रदूषक स्तर को बढ़ा सकते हैं। ऐसी सभी परिस्थितियों में, वायु शोधक होने से ऐसे प्रदूषकों को कम करने में मदद मिल सकती है और यह सुनिश्चित हो सकता है कि ऐसे कारकों से उत्पन्न होने वाले दीर्घकालिक स्वास्थ्य मुद्दों को भी संबोधित किया जा सकता है।

संक्षेप में, एयर प्यूरीफायर अब मेट्रो शहरों में स्थित कुछ घरों या कार्यालयों के लिए एक लक्जरी वस्तु नहीं है। देश में बढ़ता प्रदूषण हर किसी के लिए अपने घर के अंदर/काम के माहौल को इससे बचाना जरूरी बनाता है। भले ही इस लेख में दिए गए कारणों की सूची अनन्य नहीं है, अगर कोई किसी भी कारक से पहचान कर सकता है, तो वायु शोधक खरीदने का निर्णय प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए।

**(लेखक दुनिया के पहले एंटीमाइक्रोबियल एयर प्यूरीफायर ब्रांड एआईआरटीएच के संस्थापक हैं।)**